2. बजट अनुमान की कुल प्राप्तियों की अलग अलग मदों का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल राजस्व प्राप्तियों में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना करने पर 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर राजस्व प्राप्तियों में 11 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई अर्थात् राजस्व प्राप्तियों में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी हुई है।
3. बजट अनुमान में पूंजीगत प्राप्तियों में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना करने पर केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर पूंजीगत प्राप्तियों में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है अर्थात पूंजीगत प्राप्तियों में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर में वृद्धि हुई है।
4. बजट अनुमान में कुल व्यय में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 में 2014–15 की तुलना करने पर 27 प्रतिशत वृद्धि हुई थी, जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर कुल व्यय का केवल 12 प्रतिशत ही वृद्धि हुई अर्थात कुल व्यय में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी हुई है।
5. बजट अनुमान की कुल व्यय की अलग अलग मदों का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल राजस्व व्यय में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना करने पर 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर राजस्व व्यय में 10 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई अर्थात राजस्व व्यय में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी हुई है।
6. बजट अनुमान में पूंजीगत परिव्यय में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना करने पर केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई ,जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर पूंजीगत परिव्यय में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात् पूंजीगत परिव्यय में 21 प्रतिशत वृद्धि दर में वृद्धि हुई।
7. बजट अनुमान में विनियोग की राशि में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना करने पर 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर 10 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई अर्थात् विनियोग की राशि में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी हुई है।
8. बजट अनुमान में राजस्व आधिक्य में 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी हुई थी, जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना करने पर 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात् कुल 39 प्रतिशत वृद्धि दर में वृद्धि हुई है।

म.प्र. सरकार के बजट में कुल प्राप्तियों में राजस्व प्राप्तियों एवं पूंजीगत प्राप्तियों की स्थिति तालिका क्रं. 02 से स्पष्ट है –

तालिका क्रं. 02 व वृत्त चित्र (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रं. 02 के अध्ययन के निष्कर्ष इस प्रकार है –

1. म.प्र. सरकार के बजट अनुमान में कुल प्राप्तियों में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़ी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में 12 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई इस प्रकार वृद्धि दर में 15 प्रतिशत की कमी आई।
2. कुल प्राप्तियाँ की अलग अलग मदों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि राज्य कर में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई इस प्रकार 6 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई।
3. केंद्रीय करों में हिस्से में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में 10 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई इस प्रकार 7 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई।
4. कर भिन्न राजस्व में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 11 प्रतिशत की कमी आई थी जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई इस प्रकार कुल वृद्धि दर में 61 प्रतिष की रिकार्ड वृद्धि हुई।
5. केंद्र से सहायता अनुदान में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 101 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में केवल 01 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई इस प्रकार 100 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई है।
6. उधार एवं अग्रिम की वसूली में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार कमी हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 3 प्रतिशत की कमी आई है जबकि वर्ष 2014–15 से 2015–16 से तुलना मे 75 प्रतिशत वृद्धि में कमी आई है इस प्रकार कुल 78 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई है।
7. शुद्ध लोक ऋण में वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 9 प्रतिशत की कमी आई है जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है इस प्रकार कुल 35 प्रतिशत वृद्धि दर में वृद्धि हुई है।
8. लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियों में वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में अभूतपूर्व वृद्धि 387 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में केवल 25 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई इस प्रकार 362 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी आई है।

म.प्र. सरकार के बजट में कुल व्यय में आयोजनेतर व्यय एवं कुल आयोजना व्यय का मदवार अध्ययन निम्न तालिका क्रं. 03 से स्पष्ट है।

तालिका क्रं. 03 व रेखाचित्र (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रं. 03 के अध्ययन के निष्कर्ष इस प्रकार है –

1. म.प्र. सरकार के बजट अनुमान में कुल व्यय में 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है परंतु 2013–14 से 2014–15 की तुलना में कुल व्यय में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि 2014–15 से 2015–16की तुलना में 12 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई इस प्रकार कुल व्यय की वृद्धि दर में 15 प्रतिशत की कमी आई है।
2. कुल व्यय की अलग अलग मदों का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि कुल आयोजनेत्तर व्यय में 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 से 2014–15 की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में वृद्धि दर 13 प्रतिशत ही हुई इस प्रकार 02 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई है।
3. कुल आयोजना व्यय में 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में लगातार वृद्धि हुई है। 2013–14 से 2014–15 की तुलना में कुल आयोजना व्यय में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि 2014–15 से 2015–16 की तुलना में केवल 11 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। इस प्रकार कुल 33 प्रतिशत वृद्धि में कमी आई है।

शोध निष्कर्ष एवं परिणाम –

1. म.प्र. सरकार के बजट अनुमान में तालिका क्रं. 01 के अनुसार कुल प्राप्तियों में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी चिंताजनक है क्योंकि इससे विकास प्रभावित होगा।
2. कुल प्राप्तियों की अलग–अलग मदों के अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ है कि राजस्व प्राप्ति की वृद्धि दर में 19 प्रतिशत की कमी विशेषकर चिंता का कारण है जो सरकार की आय का प्रमुख स्त्रोत है।
3. पूंजीगत प्राप्तियों वृद्धि दर में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो शुभ संकेत है।
4. कुल व्यय की वृद्धि दर में 15 प्रतिशत में कमी आई है परंतु इसे अच्छा नहीं माना जा सकता है क्योंकि प्रदेश के तीव्र विकास में आय की वृद्धि दर बढ़ाने के साथ साथ व्यय की वृद्धि दर भी बढ़ना चाहिये।
5. राजस्व व्यय में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी शुभ संकेत है क्योंकि राजस्व व्ययों में कमी लाना अति आवश्यक है।
6. पूंजीगत परिव्यय में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर भी शुभ संकेत है क्योंकि आधारभूत संरचना में किया गया व्यय विकास की नींव है।
7. विनियोग की राशि में वृद्धि दर में 16 प्रतिशत की कमी अच्छी नहीं है क्योंकि विनियोग लगातार बढ़ने से प्रदेश का विकास तेजी से होगा।
8. राजस्व आधिक्य में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर शुभ संकेत है।
9. म.प्र. सरकार के बजट अनुमान में तालिका क्रं. 02 के अनुसार कुल प्राप्तियों का मदवार अलग अलग अध्ययन करने से निष्कर्ष प्राप्त हुआ है कि राज्य करों के योगदान में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी विशेष चिंता का कारण हैं
10. केंद्रीय करों में हिस्सा के योगदान में भी 7 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी भी विशेष चिंता का कारण है।
11. कर विभिन्न राजस्व में 61 प्रतिशत की वृद्धि दर शुभ संकेत है।
12. केंद्र से सहायता अनुदान में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर में कमी विशेष चिंता का कारण हैं
13. उधार एवं अग्रिम ऋण की वसूली लगातार घट रही है और उसमें 78 प्रतिशतम वृद्धि दर में कमी भी विशेष चिंता का कारण है।
14. लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियों की वृद्धि दर में 362 प्रतिशत की कमी भी विशेष चिंता का कारण है।
15. म.प्र. सरकार के बजट अनुमान में तालिका क्रं. 03 के अनुसार कुल व्यय की अलग अलग मदों का अध्ययन करने पर निष्कर्ष प्राप्त हुआ है कि कुल आयोजनेतर व्यय की वृद्धि दर में 15 प्रतिशत की कमी हुई है जो शुभ संकेत है।
16. कुल आयोजना व्यय में 33 प्रतिशत वृद्धि दर में कमी आई है। इसे भी शुभ संकेत कहा जा सकता है।

सुझाव –

1. म.प्र. सरकार के राजस्व में कुल प्राप्तियों में तेजी से वृद्धि हो इस हेतु विशेष प्रयास किये जाने चाहिये क्योंकि राजस्व प्राप्तियों की वृद्धि दर में गिरावट से यह ज्ञात हो रहा है कि लक्ष्य के निर्धारण वं लक्ष्य प्राप्ति में कहीं न कहीं लापरवाही हो रही है। अत: इस मद पर विशेष जोर दिया जाना चाहिये।
2. सामान्यत: प्रदेश सरकार राजस्व प्राप्ति में वृद्धि करके एवं व्ययों पर नियंत्रण करके बजट घाटे को कम करने का प्रयास करती है परंतु व्ययों को भी विकास का प्रतीक माना गया है। अत: राजस्व प्राप्तियों में लगातार एवं उत्तरोत्तर वृद्धि से व्ययों में भी वृद्धि करना संभव होगा और म.प्र. का तेजी से विकास होगा।
3. विनियोग की राशि में भी और वृद्धि हो जो प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे इस हेतु विशेष प्रयास किये जाने चाहिये।
4. राज्य करों की वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये क्योंकि कर अपवंचन लक्ष्य प्राप्ति में सबसे बड़ा बाधक है। अत: कर अपवंचन रोकने हेतु विशेष नीति की आवश्यकता है।
5. केन्द्रीय करो में हिस्सा लगातार बढ़ना चाहिये परंतु इसमें कमी इस बात की ओर संकेत कर रही है कि कर अपवंचन दोनों क्षेत्रों में है। प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों के करो में अपंवचन हो रहा है जिसे सख्ती से रोका जाना चाहिये। कर प्रोत्साहन हेतु केंद्र सरकार की भांति जन जागरण किया जाना चाहिये।
6. प्रदेश व देश में एक ही पार्टी की सरकारे होने के बावजूद भी केंद्र से सहायता अनुदान में कमी विशेष चिंता का कारण है। अत: इसकी समीक्षा होना चाहिये इसके कारणों को ज्ञात करके इसमें आने वाली समस्याओं को दूर किया जाना चाहिये ताकि केंद्र से अधिक से अधिक सहायता अनुदान प्राप्त हो एवं प्रदेश का विकास तेजी से हो।
7. उधार एवं अग्रिम की वसूली में लगातार गिरावट आ रही है जबकि कुल प्राप्तियों में वृद्धि में इस घटक की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। अत: इस मद में वृद्धि पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये।
8. म.प्र. सरकार द्धारा ऐसी विशेष नीति बनाई जानी चाहिये जिससे अधिक से अधिक शुद्ध लोक ऋण की प्राप्ति हो।
9. प्रदेश सरकार को देश के अन्य प्रान्तों की सरकारे के राजस्व में राजस्व प्राप्तियों के विभिन्न घटकों के अध्ययन हेतु एक विशेष दल का गठन करना चाहिये और यह ज्ञात करना चाहिये कि कौन–कौन मदों से सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सकती है अर्थात् नये राजस्व की खोज की जाना अति आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लोकवित्त सिद्धांत एवं व्यवहार – डॉ. डी. एन. गुर्टू।
2. अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र एवं राजस्व – डॉ. वी.सी. सिन्हा।
3. उच्च आर्थिक विश्लेषण – डॉ. पी.डी. माहेश्वरी, डॉ. शीलचंद गुप्ता।

4. आर्थिक विकास के सिद्धांत – डॉ. विमल कुमार जैन, डॉ. नैनी, आर.के. जैन।
5. शोध प्रणाली तथा सांख्यिकीय तकनीके – शर्मा, जैन, पारीख।
6. बजट अनुमान 2013–14, 2014–15 एवं 2016–17
7. नवीन शोध संसार (अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका) ISSN 2320–8767
8. दिव्य शोध समीक्षा (अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका) ISSN 2394–3807
9. Research in Finance – A. Rahman & A. Bhojwani
10. Financial Crisis and Stability in Global Economy – M.A. Patel
11. www.finance.mp.gov.in

म.प्र. सरकार के राजस्व का तुलनात्मक अध्ययन

तालिका क्रं. 01 **(रू. करोड़ में)**

क्रं.	मद	बजट अनुमान 2013–14	बजट अनुमान 2014–15	बजट अनुमान 2015–16	वृद्धि (प्रतिशत में)	
					2013–14 से 2014–15	2014–15 से 2015–16
1	कुल प्राप्तियाँ	92019.1	116582.5	130815.3	27	12
2	राजस्व प्राप्तियाँ	79603.5	103493.2	114422.9	30	11
3	पूंजीगत प्राप्तियाँ	12415.6	13089.3	16392.4	5	25
4	कुल व्यय	91946.9	117041.0	131199.1	27	12
5	राजस्व व्यय	74388.6	99013.8	108834.9	33	10
6	पूंजीगत परिव्यय	17558.2	18027.2	22364.1	03	24
7	विनियोग की राशि	102461.8	129001.0	142094.3	26	10
8	राजस्व आधिक्य	5214.8	4479.4	5588.0	(–) 14	25

स्त्रोत – बजट प्रस्ताव 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16

तालिका क्र.01 में म.प्र. सरकार के राजस्व में कुल प्राप्तियाँ एवं कुल व्यय का ग्राफ द्वारा प्रदर्शन



म.प्र. सरकार के राजस्व में कुल प्राप्तियों का तुलनात्मक अध्ययन

तालिका क्रं. 02 **(रू करोड़ में)**

क्रं.	मद	बजट अनुमान 2013-14	बजट अनुमान 2014-15	बजट अनुमान 2015-16	वृद्धि (प्रतिशत में)	
					2013-14 से 2014-15	2014-15 से 2015-16
1	कुल प्राप्तियाँ	92019	116582	130815	27	12
2	राज्य कर	33382	38990	43448	17	11
3	केंद्रीय करों में हिस्सा	23694	27681	30450	17	10
4	कर विभिन्न राजस्व	7583	6759	10124	-11	50
5	केंद्र से सहायता अनुदान	14945	30063	30401	101	01
6	आधार एवं अग्रिम की वसूली	125	122	31	-03	-75
7	शुद्ध लोक ऋण	11841	10776	13628	-09	26
8	लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियाँ	450	2191	2734	387	25

स्त्रोत - बजट प्रस्ताव 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16

तालिका क्रं.2 की कुल प्राप्तियों का वृत्त चित्र द्वारा प्रदर्शन







म.प्र. सरकार के राजस्व में कुल व्ययों का तुलनात्मक अध्ययन

तालिका क्रं. 03 **(रू. करोड़ में)**

क्रं.	मद	बजट अनुमान 2013-14	बजट अनुमान 2014-15	बजट अनुमान 2015-16	वृद्धि (प्रतिशत में)	
					2013-14 से 2014-15	2014-15 से 2015-16
1	कुल व्यय	91947	117041	131199	27	12
2	कुल आयोजनेत्तर व्यय	54339	62751	70850	15	13
3	कुल आयोजना व्यय	37608	54290	60349	44	11

स्त्रोत - बजट प्रस्ताव 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16



****

होशंगाबाद जिले के कृषि विकास में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के योगदान का अध्ययन

जागेश्वर प्रसाद चौरे *

शोध सारांश – देश से लेकर जिले तक की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है। कृषि के विकास के लिए वित्त की आवश्यकता होती है। कृषि क्षेत्र को अल्पकालीन वित्त के रूप में किसान क्रेडिट कार्ड योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना 1998–99 से लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे–बडे कृषकों को बैंकों से जोड़कर उन्हें सस्ती ब्याज दरों पर व आसानी से फसल ऋण के रूप में वित्त प्रदान करके सेठ, साहूकारों, महाजनों की ऊँची ब्याज दरों के कारण कृषकों के शोषण से मुक्ति दिलाना है। इस योजना के द्वारा होशंगाबाद जिले के कृषकों को अल्पकालीन ऋण के रूप में वित्त उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के परिणामस्वरूप जिले का कृषि क्षेत्रफल व उत्पादन में वृद्धि हो रही है। प्रस्तुत शोध पत्र में होशंगाबाद जिले के कृषि विकास में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के योगदान का अध्ययन किया गया है।

कुंजी शब्द– अर्थव्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड, वित्त, बैंक, वित्तीय समावेशन।

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। देश की अधिकांश जनसंख्या गांवों में निवास करती है। देश में कुल जनसंख्या का लगभग 69 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या है। इनका मुख्य कार्य कृषि है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश की स्थिति है। राज्य की 72 प्रतिशत जनसंख्या गॉवों में रहती है। जिले की जनसंख्या का 69 प्रतिशत भाग गॉवों में रहती है। जो मुख्य रूप से कृषि कार्य करते है। इसलिए कृषि क्षेत्र के विकास के लिए हर स्तर पर प्रयास की आवश्यकता है। अन्य व्यवसायों की भॉति कृषि के लिए भी वित्त आवश्यक है। कृषि के विकास में वित्त एक महत्वपूर्ण कारक है।

परिकल्पना–जिले में कृषि के विकास में अल्पकालीन वित्त के रूप में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र–प्रस्तुत शोध अध्ययन में द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है, जिसमें जिला सांख्यिकी कार्यालय, भू–अभिलेख कार्यालय, वार्षिक साख योजना (अग्रणी बैंक) उपसंचालक कृषि एवं कृषि विभाग, जनगणना 2011, म.प्र. का कृषि आर्थिक सर्वेक्षण 2015 से आंकड़ों का संकलन व विश्लेषण कर सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग द्वारा परिणाम ज्ञात किये गये है। समंकों का संकलन वर्ष 2010–11 से लेकर 2014–15 तक के किये गये है। अध्ययन का क्षेत्र होशंगाबाद जिला है।

होशंगाबाद जिले का परिचय–होशंगाबाद एक कृषि प्रधान जिला है। यहाँ का कुल क्षेत्रफल 668.69 हजार हेक्टेयर है। इसमें से कृषि क्षेत्र 568.42 हजार हेक्टेयर है। जिले में कृषि भू–जोतो की संख्या 133288 है। इनमें से लघु व सीमांत कृषकों की संख्या 82012 है जिनके पास कुल कृषि भूमि का सिर्फ 28 प्रतिशत हिस्सा है। जिले की कुल जनसंख्या 1240975 है। इसमें से 851126 ग्रामीण जनसंख्या है। जिले की मुख्य फसले गेहूँ, चना, सोयावीन, धान, अरहर है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना– किसान क्रेडिट कार्ड योजना अल्पकालीन ऋण व्यवस्था व वित्तीय समावेशन का एक सशक्त माध्यम है। यह योजना कृषि क्षेत्र में कृषकों को वित्त उपलब्ध कराने के लिए वरदान साबित हुई है। इसके द्वारा सभी छोटे–बडे कृषकों को अपनी फसलीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वित्त प्राप्त हो जाता है। बैंकों द्वारा कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से वित्त उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना ने कृषकों को साहूकारों, महाजनों की ऊँची ब्याज दरों के चंगुल से बचाया है। इसके लिए सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व नाबार्ड बैंक के सहयोग से 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना लागू की गई है। इसे सभी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंक इसे कार्यान्वित कर रहे है। इसके माध्यम से कृषकों को दिये गये ऋण का सामान्य बीमा योजना द्वारा बीमा भी किया जाता है। कार्डधारक की मृत्यु हो जाने पर 50000 रू. एवं अस्थाई अशक्तता की स्थिति में 25000 रू. व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत प्रदान किये जाते है। यह योजना जिले के कृषकों में लोकप्रिय बन गयी है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के उद्देश्य –

1. नकद के रूप में अल्पकालीन वित्त उपलब्ध कराना है।
2. फसल उत्पादन में होने वाले व्ययों की समय पर पूर्ति हो सकें।
3. सेठ, साहूकारो, महाजनों की ऊँची ब्याज दरों के ऋणो के शोषण से मुक्ति दिलाना है।
4. छोटे–छोटे कृषकों की बैंक तक पहुँच बनाना है।
5. कम ब्याज दर पर कृषकों को अल्पकालीन वित्त उपलब्ध कराना है।
6. फसलीय ऋण सुविधा सम्पूर्ण वर्ष के लिए प्रदान करना है।
7. कृषि संबद्ध क्रिया कलापों को बढ़ावा देकर ग्रामीण आर्थिक विकास करना है।
8. ऋण सीमा बनाकर चालू खाते की तरह इस्तेमाल की सुविधा प्रदान करना।
9. कृषक बीमा व फसल बीमा का लाभ पहुंचाना है।
10. इसके द्वारा बार–बार की बैंक ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया से बचाना है।
11. इसके तहत ऋण सीमा तक कितने ही बार रूपये निकाला व जमा किया जा सकता है। लेकिन वर्ष में एक बार इसे लौटाना अवश्य रहता है इसके बाद तुरंत ही पुन: ऋण प्राप्त किया जा सकता है।
12. संक्षेप में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के द्वारा कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है।

इस प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड योजना के रूप में कृषकों के कृषि वित्त के लिए एक अभिनव विकल्प का उद्भव हुआ है। इसे किसानों की खुशहाली के लिए

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी (म.प्र.) भारत

प्रभावी चक्रीय साख के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

अवलोकन एवं व्याख्या – होशंगाबाद जिले में कृषि वित्त व्यवस्था के लिए विभिन्न बैंक क्रियाशील हैं। जिले में कुल 18 राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी 68 शाखाओं के द्वारा यह कार्य कर रही हैं। भारतीय स्टेट बैंक अपनी 25 शाखाओं के द्वारा कृषि वित्त व्यवस्था कर रही हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की 32 शाखाएं है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की कुल 16 शाखाएं स्थापित है। जिले में भूमि विकास बैंक की कुल 05 शाखाएं कार्यरत हैं। जिले में प्रायवेट (निजी) बैंक की संख्या 10 है। इनकी कुल 29 शाखाएं जिले में क्रियाशील हैं। इस प्रकार सभी बैंकों की कुल 175 शाखाएं कार्यरत है जो अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि वित्त उपलब्ध करा रही हैं। इनमें से किसान केडिट कार्ड योजना महत्वपूर्ण है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सभी बैंकों ने वर्ष 2010–11 से लेकर वर्ष 2014–15 तक जारी किये गये कार्ड व इनमें वितरित की गयी ऋण राशि को तालिका 1.1 में दर्शाया गया है–

तालिका क्रमांक 1

जिले की सभी बैंकों द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्ड एवं वितरित ऋण राशि

क्र.	वर्ष	जारी कार्ड संख्या	वितरित ऋण राशि (लाख रूपयों में)
1	2010–11	114806	139897
2	2011–12	145767	132069
3	2012–13	138274	122702
4	2013–14	147803	166582
5	2014–15	152567	188522

स्रोत– वार्षिक साख योजना, प्रगति प्रतिवेदन (अग्रणी बैंक) होशंगाबाद– विभिन्न वर्ष।

उपरोक्त तालिका के आंकड़ों में बैंकों द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्डो की संख्या से स्पष्ट होता है कि बैंकों ने वर्ष 2010–11 में कुल 114806 कार्ड जारी किये गये थे जो बढ़कर वर्ष 2011–12 में 145767 हो गये। इनमें पिछले वर्ष 2010–11 की तुलना में 30961 कार्ड अधिक जारी किये गये। इस वृद्धि का प्रतिशत 27: रहा है। वर्ष 2012–13 में पिछले वर्ष 2011–12 की तुलना में कुछ कमी रही है। लेकिन वर्ष 2013–14 में अपने पिछले वर्ष की तुलना में 9529 कार्ड अधिक वितरित किये गये। यह वृद्धि 6.89 प्रतिशत की रही। वर्ष 2014–15 में भी वृद्धि रही है जो वर्ष 2013–14 की तुलना में 4764 कार्ड की रही हैं जिसका वृद्धि का प्रतिशत 3.22 रहा है।

इस प्रकार बैंकों द्वारा इस ऋण योजना के तहत जारी कार्ड संख्या में सिर्फ 2012–13 में पिछले वर्ष की तुलना में कमी देखी गई है। शेष वर्षो में वृद्धि स्पष्ट हुई है। इन कार्डो की संख्या में अधिक वृद्धि न होने का कारण यह कार्ड एक बार बन जाता है तो वह 03 वर्षों तक निरंतर चलते रहता है। प्रारंभ के वर्षो में बैंकों द्वारा अधिक कार्ड जारी किये गये है जिसके कारण आगामी वर्षो में कार्डो की संख्या में अधिक वृद्धि नहीं हुई है।

बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वितरित की गई ऋण राशि में प्रत्येक वर्ष वृद्धि स्पष्ट हुई है सिर्फ वर्ष 2012–13 में कुछ कमी रही है। वर्ष 2010–11 में बैंकों ने 139897 लाख रूपयों का ऋण वितरण इस ऋण योजना के माध्यम से किया गया था जो बढ़ते हुए वर्ष 2014–15 में 188522 लाख रूपये हो गये। इस दौरान ऋण राशि में 48625 लाख रूपयों की वृद्धि बैंकों ने की है। इस वृद्धि का प्रतिशत लगभग 38: रहा है।

जिले में बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से बढचढ़ कर कृषि ऋण वितरण किया है। इस अल्पकालीन कृषि ऋण योजना को सफल बनाने का कार्य बैंकों द्वारा किया जा रहा है।

सुझाव– किसान क्रेडिट कार्ड योजना वास्तव में कृषकों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें बैंकों द्वारा ऋण वितरण करके प्रसंशनीय कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसे और अधिक सफल बनाने के लिए निम्न सुझाव है–

1. इस योजना के तहत सभी कार्ड धारी कृषकों को ए.टी.एम. कार्ड व चैक बुक सुविधा दिया जाना चाहिए।
2. इस योजना में ब्याज दर और कम किया जाना चाहिए।
3. फसल क्षति होने के कारण ऋण राशि वर्ष में न लौटाने पर भी ऋण प्रदान किया जाना चाहिए।
4. फसल बीमा व व्यक्तिगत बीमा की जानकारी कृषकों को प्रदान किया जाना चाहिए। इसका लाभ कृषकों तक पहुंचाया जाना चाहिए।
5. इस ऋण योजना को और अधिक सरल बनाया जाना चाहिए।
6. कृषकों का एक बार कार्ड बन जाने पर 03 वर्ष बाद पुन: नवीनीकरण बिना कागजी कार्यवाही के किया जाना चाहिए तथा स्वत: ही फसलमान के आधार पर ऋण सीमा में वृद्धि की जानी चाहिए।

परिकल्पना का सत्यापन– बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के द्वारा आसान, सुगम व कम ब्याज दरों पर निरंतर ऋण सुविधा प्रदान करने के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र व कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। जिले में इस योजना से कृषि विकास हो रहा है। अत: इससे शोध परिकल्पना का सत्यापन होता है।

निष्कर्ष–होशंगाबाद जिले में किसान क्रेडिट कार्ड योजना एक सफल अल्पकालीन ऋण योजना साबित हुई है। यह योजना अपने उद्देश्य को सफल बना रही है। इसके माध्यम से कृषि का विकास संभव हो रहा है। जिले में इस ऋण योजना का कृषि उत्पादन वृद्धि पर सीधा प्रभाव हुआ है।

जिले का फसल उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिले का फसल उत्पादन वर्ष 2010–11 में 68190 हजार मेट्रिक टन था जो प्रत्येक वर्ष वृद्धि करते हुए वर्ष 2014–15 में 179538 हजार मेट्रिक टन हो गया है। इसी प्रकार जिले के कृषि क्षेत्रफल में भी वृद्धि हो रही है। यह योजना कृषि के अल्पकालीन वित्त उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन व कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना का विशेष लाभ लघु–सीमान्त कृषकों को हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दत्त, गौरव, महाजन अश्विनी (2012), 49 वा संस्करण भारतीय अर्थव्यवस्था, एस चन्द एण्ड कम्पनी लि. नई दिल्ली : पृष्ठ क्र. 615
2. माहेश्वरी, पी.डी., गुप्ता, शीलचन्द्र (2014), भारतीय आर्थिक नीति, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल पृष्ठ क्र . 293
3. कुरूक्षेत्र (दिसम्बर 2013), सूचना एवं प्रसारण विभाग–ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली पृष्ठ क्र. 5–18
4. कुरूक्षेत्र (दिसम्बर 2015), सूचना एवं प्रसारण विभाग–ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली पृष्ठ क्र . 29–34
5. योजना (अप्रैल 2014), प्रकाशन विभाग–योजना भवन संसद मार्ग नई दिल्ली पृष्ठ क्र. 7–9
6. वार्षिक साख योजना, प्रगति प्रतिवेदन (अग्रणी बैंक) होशंगाबाद वर्ष 2010–11 से 2014–15
7. जिला सांख्यिकी कार्यालय, हस्त पुस्तिका–2014
8. भू–अभिलेख कार्यालय, होशंगाबाद 2013
9. म.प्र. का कृषि आर्थिक सर्वेक्षण 2015
10. बेवसाइट जनगणना 2011

निवेश, वृद्धि और विकास के लिए सुधार

डॉ. राजू रैदास *

प्रस्तावना – आम चुनाव 2014 के पहले भारतीय उद्योग जगत, निवेशक और आम जनता में उच्च मुद्रास्फीति, लचर आर्थिक वृद्धि, निवेशकों के अल्प आत्मविश्वास और कई क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से व्याप्त नीति–रूग्णता को लेकर जो निराशा थी, उसने भारतीय उद्योग जगत, निवेशक और आम लोगों के मन में नई सरकार के प्रति काफी अपेक्षा पैदा कर दी। अपनी पीड़ा से मुक्ति पाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हर कोई नई सरकार की ओर देखने लगे। मौजूदा सरकार ने घरेलू निवेश को पुनर्जीवन देने, कारोबार को सुगम बनाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए गई कदम उठाए हैं ताकि मेक इन इंडिया की पहल को सफल बनाया जा सके और विनिर्माण आधारित रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि प्राप्त हो सके। निस्संदेह, बीते एक साल में सुशासन देखने को मिला। जो वृद्धि और विकास हुए हैं वे महत्वपूर्ण हैं। हालांकि अभी भी सौ करोड़ लोगों के सपने पूरे होने बाकी हैं। बीते एक साल में सरकार द्वारा हासिल की गई उपलब्धियाँ और नीतिगत ध्यान के बारे में आगे बताया जा रहा है।

कारोबार में सुगमता – सरकार ने देश में व्यवसाय को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश की बागडोर संभालते ही सरकार ने 16 लाख करोड़ रूपये मूल्य की निवेश प्रक्रिया शुरू की। पिछले वर्षों से जारी नीति रूग्णता और पिछली तारीखों से प्रभावी कर नीतियों ने निवेशकों को दूर कर दिया था। मौजूदा सरकार ने नए कानून बनाकर और पुराने कानूनों में बदलाव कर इनमें से कई खामियों को दूर किया है। ऐसा दावा नहीं किया जा सकता कि निवेश गतिविधियों में कोई नाटकीय बदलाव आया है, हालांकि सरकार आकलन के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2014–15 में पूंजी निर्माण 4.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। कारोबार को आसान बनाने की जो विशिष्ट नीतियां देखने को मिली हैं उनमें वोडाफोन इंडिया के साथ चल रहे कर विवाद पर आग्रह न करने का फैसला शामिल है। इसके अलावा 2014 के अंतरिम बजट में भूतगामी कर प्रणाली को समाप्त करने की घोषणा भी विशिष्ट नीतियों में शामिल है।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक 2014 के अनुसार, भारत में कारोबार करना आसान नहीं है। भारत 160 देशों की इस सूची में 144वें स्थान पर है। 2015–16 के बजट में कारोबार को भारत में आसान बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इनमें से कुछ प्रमुख उपाय हैं – मल्टीपल प्रायर परमिसंस के समाधान के लिए एक्सपर्ट कमेटी का गठन, गुड्स और सेवा कर (जीएसटी) को लेकर प्रतिबद्धता, वेल्थ टैक्स का खात्मा, कॉरपोरेट टैक्स दर को अगले चार वर्षों में मौजूदा 30 प्रतिशत से 25 प्रतिशत पर लाना, 14 नियामक अनुमतियों को विलय कर और एक जगह लाकर ई–बिजनेस पोर्टल की स्थापना, निवेशकों को बाहर जाने देने के लिए नए दिवालियापन कानून बनाने का प्रस्ताव, विवादों के समाधान के लिए पब्लिक कंट्रैक्ट विधेयक लाने का प्रस्ताव, जनरल एंटी–अव्यॉडेंस रूल को और दो वर्षों के लिए टालना, वाणिज्यिक विवादों के जल्द निपटारे के लिए अदालतों में इसके लिए समर्पित शाखा के खोलना। ये सभी उपाय देश में व्यापारिक माहौल की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में हैं। 1 अप्रैल 2016 से जीएसटी को लागू करने की प्रतिबद्धता, कॉरपोरेट को कर मुक्ति और कर छूट देने जो कि अनगिनत कर–विवाद पैदा करते हैं, को हटाना, ये सब प्रावधान इस बात के लिए हैं ताकि पारदर्शी और सुसंगत कर ढांचा बन सके। इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बीच के अंतर का समाधान और बाजार नियमन के लिए फारवर्ड मार्केट कमीशन का सिक्योरिटी ऐंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया का विलयन प्रशासनिक बहुलता, नियमन की समस्याओं को कम करेंगे। इससे कारोबार सुगम होंगे।

विनिर्माण, सामानों और सेवा की बिक्री और उपभोग के लिए एक समान और सर्वग्राही कर लागू करना जीएसटी विधेयक के उद्देश्य हैं। जीएसटी वर्तमान में केन्द्र और राज्य स्तरों पर लागू विभिन्न करों को एक साथ कर देगा। इनमें उत्पाद कर, सेवा कर, बिक्री कर, वैट, प्रवेश शुल्क, लक्जरी और मनोरंजन कर और उत्पाद व सेवा से संबंधित सेस के अलावा सरचार्ज शामिल हैं। जीएसटी बेहतर कर प्रणाली को लागू करने में मददगार होगा और कर के आधार क्षेत्र में फैलाव भी लाएगा। यह मौजूदा कर प्रणाली की खामियों को दूर करने में मदद करेगा जो कि विविध करों के कारण पैदा होती है और अवांछित मुकदमों का कारण बनती है। सरकार का आकलन है कि जीएसटी के लागू होने से जीडीपी में 1 से 2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अभी वे प्रावधानों के मुताबिक इस संशोधन में राज्यों को पांच साल तक क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसके अलावा अंतर्राज्यीय परिवहन पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगेगा और शराब को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा जबकि पेट्रोलियम उत्पादों पर जीएसटी फिलहाल टाल दिया गया है।

भारतीय व्यापार के आड़े आने वाली बहुत सी प्रक्रियागत और प्रशासनिक बाधायें निपटाई जा चुकी हैं या निपटाए जाने की स्थिति में है। इनमें से कई कागजी कार्रवाइयों की जटिलता और विविधता से संबंधित है, जो भारत में प्रशासनिक अड़चनों की मुख्य वजह है। ई–बिज पोर्टल की स्थापना प्रौद्योगिकी आधारित ई–गवर्नेंस का एक प्रयास है। ई–बिज पोर्टल सिंगल विंडो व्यवस्था है। इसके जरिए कंपनियां दस्तावेजों से संबंधित औपचारिकताएं पूरी कर भारत में अपने कारोबार को प्रबंधित कर सकती हैं। फिलहाल जी2बी, ईबिज पोर्टल पर 11 तरह की सेवायें 24 गुना 7 ली जा सकती हैं। सरकार नौ विभागों में फैली केन्द्र सरकार की 26 सेवाओं को एक जगह लाना चाहती है।

वस्तुओं के आयात निर्यात के लिए जरूरी दस्तावेजों की संख्या 10 से घटाकर तीन करने से लेनदेन खर्च में महत्वपूर्ण बचत होगी, जो भारत में व्यापार करने की राह की बड़ी अड़चनों में एक है। विदेशी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एफआईपीबी) के प्रस्ताव को 30 दिनों के दरम्यान सुरक्षा मंजूरी मिल

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया(म.प्र.) भारत

जाएगी जो कि पहले 90 दिन थे। इस मामले में राज्य भी कदमताल कर रहे हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र को लिया जा सकता है। पहले वहां बिजली कनेक्शन के लिए न्यूनतम समय सीमा 67 दिन थी जिसे घटाकर 21 दिन की गई है और इसके लिए प्रक्रियाओं की संख्या को मौजूदा 7 दिन से घटाकर 3 किया गया है। वृहतर गवर्नेंस की संरचना बनाने के मद्देनजर सरकार ने नियामक व्यवस्था को कारगर बनाने के लिए लागू करने वाली प्राधिकार एजेंसी के विलय की इच्छा प्रकट की है। फारवर्ड मार्केट कमीशन (एफएमसी) और सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एसईबीआई) के विलय, विविध और परस्पर मिलते कानून (उदाहरणस्वरूप श्रम कानून से संबंधित 44 पुराने कानूनों की जगह प्रस्तावित पांच धारदार श्रमिक कोड) को जोड़ने की पहल इसके उदाहरण हैं। इससे जहां बेहतर अनुपालन सुनिश्चित होंगे वहीं देश में उद्यम के काम आसान बनेंगे।

भारत के श्रम बाजार से व्याधि को हटाने के लिए हाल में तीन कानूनों के जरिए नई पहल की गई है जो कि व्यापक तौर पर देश के श्रम बाजार को प्रशासित करती है। ये हैं–फैक्ट्रीज लॉ (1998), लेबर लॉ एक्ट (1988) और द अप्रेन्टिसशिप एक्ट (1961)। इन सभी कानूनों में मौजूद कुछ कड़े प्रतिबंधक प्रावधानों में संशोधन को मंत्रिमंडल ने पास कर दिया और यह संसद में रखने के लिए तैयार है। प्रबंधकों और नियोक्ता को लचीलापन देने के लिए फैक्ट्रीज एक्ट में जो संशोधन किए गए हैं उनमें ओवरटाइम काम को एक तिमाही में 50 घंटे से बढ़ाकर 100 घंटे करना और अन्य मामलों में जहां जनहित निहित हैं वहां इसे 75 घंटे से बढ़ाकर 125 घंटे करना शामिल है।

यह देखने में श्रमिक विरोधी लगता है और प्रतीत होता है कि यह श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित किए बगैर काम के ज्यादा घंटे थोप रहा है। हालांकि मजदूरों के शोषण को रोकने के लिए कानून के उल्लंघन करने पर दंड बढ़ा दिया गया है। काम के घंटे बढ़ाने से भारत में व्याप्त कम कामगार उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि उत्पादकता के मामले को बेहतर एफडीआई के जरिए इसे टुकड़ों में हल किया जाना चाहिए। मजदूरों के शोषण को रोकने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि अधिकतम काम–घंटे के प्रावधानों को कड़ाई से लागू किया जाए। अन्य रियायतों में कुछ खास औद्योगिक प्रक्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी के प्रावधानों को हल्का किया गया है। (यह भारतीय संदर्भ में मददगार है।) महत्वपूर्ण बात यह कि मजदूरों को कई तरह के लाभ मसलन मजदूरी राशि के साथ छुट्टी पाने की योग्यता अर्जित करने के प्रावधानों को आसान किया गया है। पहले 240 दिन काम करने वाले मजदूर ये लाभ ले सकते थे जिसे घटाकर 90 दिन कर दिया गया है। यह श्रमिकों के हित में उठाया गया कदम है।

श्रमिक विधि 1998 में जो संशोधन किए गए है वे कंपनियों को भारी–भरकम श्रम कानून को पूरा किए बगैर कामगार नियुक्त करने की अनुमति देते हैं। जैसा कि प्रस्तावित है कंपनी श्रम कानून के विविध पहलू के रिटर्न फाइल करने से मुक्त होकर 10 से 40 कामगारों को रख सकते हैं। यह काफी महत्वपूर्ण कदम है। इससे अनावश्यक प्रक्रियागत देरी दूर होगी। यह भारत में व्यापार करने की दृष्टि से एक असाधारण पहलू है।

आधरभूत संरचना, विनिर्माण और निवेश – विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। हर महीने करीब 10 लाख कामगार रोजगार के लिए आते हैं। सन् 2013 में बेरोजगारी 3.7 प्रतिशत बढ़ चुकी थी लेकिन शिक्षा का स्तर और सामान्य कौशल का अभाव है। यही कारण है कि कम कौशल वाले विनिर्माण के काम में बेरोजगारी से निपटने की संभावना है। हालांकि वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 15 प्रतिशत के आसपास शिथिल है। सरकार ने समस्या की सही पहचान की है और विनिर्माण क्षेत्र को मिशन की तरह चलाने पर ध्यान केंद्रित किया है। सरकार की 'मेक इन इंडिया' स्कीम मूल रूप से यह घोषणा करती है कि निवेश के लिए भारत अब पहले से बेहतर जगह है। सरकार कानूनों को सरल बना रही हैं, प्रक्रिया को आसान बना रही हैं जबकि भौतिक आधारभूत संरचना में निवेश कर रही है। भारत को दुनिया की विनिर्माण कंपनियों के लिए उत्पादन हब बनाने के लिए सरकार स्कीमों को देश के अंदर और बाहर गहन रूप से चला रही है। ध्यान के मुख्य क्षेत्र हैं – खनन, टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल, बायोटेक्नोलॉजी, कैमिकल्स, निर्माण, रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, लेदर, फार्मास्यूटिकल्स और रेलवे। फरवरी तक सरकार ने 21 हजार करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्राप्त किए थे जिनमें 6000 करोड़ रूपये की परियोजना को मंजूरी भी दी जा चुकी है।

इसके अलावा सरकार ने व्यापार के लिए भौतिक आधारभूत संरचना के विकास पर ज्यादा ध्यान दिया है। कार्य भार संभालने के बाद सरकार ने आधारभूत संरचना पर खर्च के लिए व्यापक योजना बनाई है जो कि खास तौर पर कनेक्टिविटी केंद्रित है। इसी के मद्देनजर सरकार ने परियोजना को पर्यावरण अनुमति को समयबद्ध बनाने का निश्चय किया है।

वैचारिक बदलाव के लिए सरकार पीपीपी मॉडल पर ज्यादा जिम्मेदारी देने का विचार कर रही है क्योंकि कुछ पीपीपी परियोजना फंसी जा रही थी और जल्द ही गैर निष्पादित परिसंपत्तियों में तब्दील हो रही थी। ऐसा इसलिए कि निजी क्षेत्र कार्यान्वयन के विविध जोखिम का प्रबंधन नहीं करते। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक दिसंबर 2014 तक ठप परियोजनाओं का आकार 8.8 ट्रिलियन रूपये तक पहुंच गया है जोकि जीडीपी का 7 प्रतिशत है।

सरकार ने आधारभूत संरचना की परियोजना के लिए धन प्रबंधन हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के अलावा एक नेशनल इनवेस्टमेंट ऐंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बनाने की घोषणा की है। नीतिगत और आवंटन दोनों स्तरों पर आधारभूत संरचना के विकास की बात बजट में है जो कि नोट करने योग्य कदम है। संपूर्णता में कहें तो इन सब उपायों और प्रावधानों का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और निवेश को आकर्षित करना है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के इंटरप्राइज (एमएसएमई) भारत के विनिर्माण प्रक्षेत्र की रीढ़ है। ये इंटरप्राइज देश के विनिर्माण उत्पाद में 40 प्रतिशत योगदान देते हैं और कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी भी 40 फीसदी है। इसी कारण रोजगार प्रदान करने में भी इसकी हिस्सेदारी काफी है। आकलनों के मुबाबिक महज 10 प्रतिशत एमएसएमई को ही संस्थागत वित मिल पाते हैं। इस प्रकार मार्केट इंस्ट्रयूमेंट के जरिए क्रेडिट डिलेवरी पर जोर का अपना अर्थ है क्योंकि बैंकिंग सेक्टर अब तक अपने लक्ष्य के अनुरूप नहीं रहा है। माइक्रोक्रेडिट को पुनर्वित्त प्रदान करने के लिए माइक्रोफायनेंस यूनिट डेवलपमेंट रीफायनेंस (एमयूडीआरए) बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव साख को वहन करने योग्य बनाएगा जबकि माइक्रोफायनेंस उद्योग को वित्तीय तौर पर बल प्रदान करेगा। 20 हजार करोड़ रूपये के प्रारंभिक कोष और 3000 करोड़ रूपये के गारंटी कोष से बनने वाला एमयूडीआरए बैंक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को प्राथमिकता देगा।

वित्तीय विकेंद्रीकरण और सहकारी संघवाद – चौदहवें वित्त आयोग (एफसी) की सिफारिशें तब सामने आई हैं जब नई सरकार सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघीयता के लिए प्रतिबद्ध है। मौजूदा सरकार ने चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और वित्तीय संघीयता की दिशा में देश में एक नए युग की शरूआत की है। डिविजिवल पूल की हिस्सेदारी–कर राजस्व जो कि संघ और राज्यों के बीच आवंटित है–वह

राज्यों को बिना किसी जटिलता के मिलेगा और यह 32 प्रतिशत से 42 प्रतिशत होगा। स्थानीय निकाय को मिलने वाले अनुदान, राजस्व घाटे वाले 11 राज्यों को मिलने वाले अनुदान और कोयला नीलामी की हिस्सेदारी आदि से स्पष्ट है राज्यों के वित में भारी इजाफा होगा। यह सब केंद्र की वित्तीय क्षमता कम करेगी। राज्यों के मामले में केंद्र के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करेंगे। एकीकृत संसाधनों में भारी बढ़ोतरी राज्यों को अपनी विशिष्टता के अनुरूप विकासोन्मुख कार्यक्रम और स्कीम बनाने में मददगार होगी। हालांकि राज्यों द्वारा धन के उपयोग को लेकर कुछ शंकाएं भी हैं क्योंकि गुणवत्ता और क्षमता के स्तर पर राज्यों के बीच भिन्नताएं हैं। इसलिए बढ़ी हुआ एकीकृत वित के हस्तांतरण और संयुक्त विकास योजनाओं में कमी पैसे के दुरूपयोग को बढ़ावा दे सकती है।

सन् 2014-15 वास्तव में राज्यों को परिव्यय की संरचना में बदलाव के द्वारा बेहतर वित्तीय स्वायत्ता की शुरूआत भी है। वित्तीय वर्ष 2013-14 में राज्यों को योजना मद के 4,75,532 करोड़ रूपये में से 1,19,039 करोड़ रूपये मिले थे। राज्यों को 2014-15 में 3,38,408 करोड़ रूपये आवंटित किए गए जबकि कुल योजना मद का आकार 5,75,000 रूपये का था जो कि अतिरिक्त संसाधनों के बराबर और जीडीपी के लगभग 1.6 प्रतिशत है और केन्द्र से राज्यों को आया है। प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता इस तथ्य से भी पता चलती है कि उसने श्रम व भूमि कानून समेत कई महत्वपूर्ण कानूनों के अमलीकरण को राज्य विशेष पर छोड़ दिया है। बेहतर शासन और संस्थान वाले राज्य अब वित्त निकासी के बल पर आर्थिक सशक्ति प्राप्त कर सकेंगे।

संपूर्णता में देखें, तो सरकार के पहले साल के कार्यकाल में आर्थिक नीतियां सुधार, आधारभूत ढांचा, कारोबार को आसान बनाने पर केंद्रित है ताकि विनिर्माण के प्रक्षेत्र पुनर्जीवित हो सके और तद्नुसार रोजगार सृजन हो और लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो। यद्यपि इन नीतियों का मूल्यांकन अभी जल्दबाजी होगा, लेकिन निश्चित तौर पर भारत का आर्थिक-भविष्य चमकदार दिखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'इंडियाज 2015-16 बजट : टारगेट रिफार्मस टू प्रोमोट इनवेस्टमेंट', नेशनल ब्यूरो 'ऑफ एशियन रिसर्च, वाशिंगटन डी.सी., अप्रैल।
2. 'मेकिंग इंडिया एन अटरैक्टिव इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन : एनाइजिंग एफडीआई पॉलिसी ऐंड चेंज्स।' नेशनल ब्यूरो ऑफ एशियन रिसर्च, वाशिंगटन डी.सी. दिसंबर 204
3. 'इज द रिजीम ऑरवर ?' डेक्कन हेराल्ड, ओपीईडी, दिसंबर 2, 2014।
4. 'फाइनली, अ पुश फार लेबर रिफार्मस' द हिंदू-बिजनेस लाइन, 23 अक्टूबर 2014
5. 'रोडमैप टू फायनेनसियल इनक्लूजन : प्रधानमंत्री जन धन योजना', योजना, वॉल्यूम 38, अक्टूबर 2014, पीपी 30-36

****

उद्यमिता एवं कौशल विकास में चुनौतियाँ

डॉ. डी. एस. आकरे *

प्रस्तावना – सफलता जादू से नहीं मिलती है। सफल होने के लिए जरूरी प्रयास के साथ कौशल में वृद्धि करने से ही सफलता पाना संभव हो पाता है। सरकार के हाल के प्रयासों के कारण कौशल विकास के कार्यक्रम 'आंदोलन' का रूप धर लिया है। निकट भविष्य में 'कुशल भारत' देश को प्रसन्न, स्वस्थ एवं संपन्न अर्थात् 'कौशल भारत' होने की दिशा में ले जायेगा और इस तरह कुशल भारत, 'कौशल भारत' का नारा चरितार्थ हो जायेगा।

कौशल विकास को खास ध्यान में रखते हुए मौजूदा सरकार ने स्किल इण्डिया मिशन की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट 'स्किल इण्डिया' का मकसद 2022 तक तकरीबन 40 करोड़ लोगों से भी ज्यादा को हुनरमंद बनाने का है। कौशल विकास संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की शुरूआत की गई है। साथ ही, 15 जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास और उद्यमिता नीति 2015 भी बनाई गई है। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर 15 जुलाई 2015 को पहली बार दुनिया भर में युवा कौशल दिवस का आयोजन हुआ।

भारत में उद्यमिता की दशा एवं दिशा – 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ है। इसमें कार्यशील जनसंख्या 15 से 59 वर्ष के बीच के व्यक्ति 67.2 करोड़ है। इनमें से लगभग 25 करोड़ व्यक्ति 15 से 24 वर्ष की आयु के हैं जो 2011 की कुल जनसंख्या का 21 प्रतिशत है। यदि हम इस युवा शक्ति की ऊर्जा का सदुपयोग करते हैं तो यह भारत की विशिष्ट मानव संपदा के रूप में देश के आर्थिक विकास में मददगार होगी। साथ ही अन्य देशों में कुशल श्रम की कमी, बढ़ती आउटसोर्सिंग की प्रवृत्ति के कारण विदेश में भी भारतीय के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। योजना आयोग के 12वीं पंचवर्षीय योजना के मसौदे के अनुसार अगले 20 वर्षों में भारत की श्रम शक्ति में 32 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है जबकि अन्य औद्योगिक देशों में इसमें 4 प्रतिशत की कमी एवं चीन में 5 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। इसीलिए भारत की अर्थव्यवस्था में वृद्धि की संभावनाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कौशल विकास में उच्च स्तर प्राप्त करना और आजीविका के गुणवत्तापूर्ण साधन उपलब्ध कराना जरूरी है।

भारत में उद्यमिता नवाचार – भारत में उद्यमिता के क्षेत्र में नये प्रयोग हो रहे हैं और नये विचारों द्वारा उद्यम स्थापित हो रहे हैं। आई.आई.एम. एवं आई.आई.टी. जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में युवा अच्छे वेतन वाली नौकरियों को नकार कर उद्यमिता के क्षेत्र में हाथ आजमा रहे हैं और सफलता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे भारतीय उद्यमियों की एक लंबी फेहरिस्त है जिन्होंने नवाचार द्वारा अपने उत्पादों, सेवाओं, प्रक्रियाओं, अभिकल्पों एवं तकनीक में बदलाव कर आशातीत सफलता अर्जित की है। उदाहरण के लिए रेल्वे स्टेशनों पर गुणवत्ता युक्त गर्म भोजन की ऑनलाइन सुविधा, बिजली समस्या के समाधान के लिए सोलर पैनल की सुविधा, महानगरों में चिकित्सकों की सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध करवाना, मोबाइल एप्स के उपयोग द्वारा चंद मिनटों में टैक्सी की उपलब्धता होना, बसों का घर बैठे रिजर्वेशन करवाने की सुविधा, प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर विभिन्न उत्पादों की घर तक पहुंच सेवा आदि सभी तकनीकी ज्ञान के समावेश एवं नवाचार आधारित उद्यमों के उदाहरण हैं जो भारत में सफल हुए हैं। कौशल विकास कार्यक्रम में इतने बड़े स्तर पर व्यक्तियों को रोजगार सुलभ कराने के लिए नवाचार आधारित उद्यमों को स्थापित कराना, स्वरोजगार को प्रेरित करना भारत की आवश्यकता है जिससे कि सीमित संगठित क्षेत्र की कमी को दूर किया जा सके। यदि भारत में भी कौशल विकास कार्यक्रमको सफल बनाना है तो उद्यमिता एवं स्वरोजगार से बेहतर अन्य कोई विकल्प सामने नहीं है।

कौशल विकास योजना – भारत सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना नामक महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की है। विश्व युवा कौशल दिवस पर 15 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री ने इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना की सफलता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार और युवाओं को प्रेरित करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रमेव जयते की अभिनव पहल की शुरूआत की। राष्ट्र निर्माण में श्रमेव जयते अहम है। समझने की बात यह है कि औद्योगिक विकास और श्रमिकों का उत्थान दोनों को संभव बनाना आवश्यक है।

यह योजना भारत सरकार की परिणाम आधारित फ्लैगशिप कौशल विकास स्कीम है जो राष्ट्रीय कौशल विकास संस्थान द्वारा जारी की गई है। इस कौशल प्रमाणन एवं प्रोत्साहन स्कीम का लक्ष्य अधिकाधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षणों के लिए योग्य बनाना एवं उत्साहित करना है।

कौशल विकास की वैश्विक स्थिति – कौशल विकास के क्षेत्र में भारत में हुए अब तक के प्रयासों की दूसरे देशों से तुलना करें तो पायेंगे कि भारत में अभी इस क्षेत्र में गंभीर काम नहीं हो पाया है। वहीं चीन, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने अपने यहां हजारों, लाखों की संख्या में कौशल विकास संस्थान स्थापित किए हैं। चीन में पांच लाख, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में एक-एक लाख एस.डी.आई. है। भारत में सिर्फ 15 हजार कौशल विकास संस्थान है। चीन में तीन हजार से अधिक तरह के कौशलों के बारे में ट्रेनिंग दी जाती है। चीन अपने सफल घरेलू उत्पाद का करीब 2.5 फीसदी व्यवसायिक शिक्षा पर खर्च करता है जबकि भारत सिर्फ 0.1 फीसदी।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 15 से 29 साल की उम्र के बीच के युवाओं में से सिर्फ 2 फीसदी को ही संस्थागत व्यवसायिक प्रशिक्षण और 8 फीसदी लोगों को गैर संस्थानिक व्यवसायिक प्रशिक्षण हासिल हुआ है। जबकि कोरिया में ये आंकड़ा 96 फीसदी, जापान में 80 फीसदी, जर्मनी में 75 फीसदी और यूनाइटेड किंगडम में 68 फीसदी है।

कौशल विकास में चुनौतियाँ – भारत एक युवा देश है। प्रधानमंत्री के अनुसार यदि इस युवा शक्ति को वांछित कौशलों द्वारा प्रशिक्षित नहीं किया गया तो यही युवा शक्ति देश के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है और बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप ले सकती है। इसीलिए भारत के कौशल विकास कार्यक्रम के समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं, जिनका समाधान करके ही इस

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है।

1. **कौशल प्रशिक्षण का बड़ा लक्ष्य –** भारत की राष्ट्रीय कौशल विकास नीति में वर्ष 2022 तक लगभग 50 करोड़ लोगों को कौशल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया। संभवत: यह किसी भी देश द्वारा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में अब तक निर्धारित लक्ष्यों में सबसे बड़ा लक्ष्य है। इतने बड़े लक्ष्य की प्राप्ति केवल सरकार के प्रयासों से नहीं हो सकती। अकादमिक जगत, उद्योग जगत, सरकार, निजी संस्थाऐं, समाज नीति निर्धारक, रोजगार प्रदाताओं, प्रशिक्षकों, युवाओं, अभिभावकों सभी को इसके लिए मिलकर कार्य करना होगा।

2. **प्रशिक्षण में गुणवत्ता का अभाव –** वर्तमान में 31 लाख लोगों को प्रतिवर्ष व्यवसायिक प्रशिक्षण सुलभ है। देश में हर साल कार्यरत जनसंख्या में नए जुड़ने वाले युवाओं के करीब 20 प्रतिशत व्यक्तियों को ही प्रशिक्षण दिया जा सकता है। शेष 80 प्रतिशत तक तो पहुंच ही नहीं है। प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जाता है वह भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। एक तरफ प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या अपर्याप्त है वहीं इनमें प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अभाव है।

3. **कुशल प्रशिक्षकों की कमी –** कौशल विकास नीति के बड़े लक्ष्य को मात्रात्मक के साथ गुणात्मक रूप से भी प्राप्त करना आवश्यक है। इसके लिए कुशल प्रशिक्षकों की बड़े स्तर पर आवश्यकता है। वर्ष 2022 तक देश में लगभग 7 लाख प्रशिक्षकों की आवश्यकता होगी।

4. **आधारभूत संरचना संतोषप्रद नहीं –** भारत में व्यवसायिक शिक्षा तथा तकनीकी प्रशिक्षण के संसाधन भी पर्याप्त नहीं है। व्यवसायिक शिक्षण एवं तकनीकी प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थानों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाये जाये और आधारभूत संरचना का विकास एवं विस्तार किया जावे।

5. **असंगठित क्षेत्र का आकार एवं समस्याऐं –** असंगठित क्षेत्र की कुल कार्यरत जनसंख्या में 90 प्रतिशत व्यक्ति एवं कुल राष्ट्रीय उत्पाद में 50 प्रतिशत उत्पाद की भागीदारी है। असंगठित क्षेत्र में आंशिक या मौसमी बेरोजगारी, अपर्याप्त बंधुआ मजदूरी, ऋणग्रस्तता, शोषण का शिकार खराब कार्य परिस्थितियां, अनिश्चित कार्यस्थल आदि अनेक समस्याऐं हैं। असंगठित क्षेत्र की समस्यायें हल करने के भरपूर प्रयास किए जायें और आवश्यक ज्ञान, कौशल, संसाधन, बेरोजगारी भत्ता आदि द्वारा असंगठित श्रमिकों की समस्याओं को कम किया जा सकता है।

6. **कौशल का अभाव एवं प्रभाव –** एस्पायरिंग माइंडस द्वारा देशभर के स्नातक छात्रों पर कराए गए एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ कि भारत में हर साल 50 लाख स्नातक तैयार होते हैं। हम उन्हें रोजगार प्राप्त करने लायक कौशल प्रदान करने में नाकाम रहे हैं। नौकरियां संभावित कार्यबल की रफ्तार से नहीं बढ़ रही है, जिससे असंतोष पनप रहा है। हमें तेजी से कारगर ढंग से इस समस्या को हल करना होगा।

7. **शिक्षा संबंधी चुनौतियां –** उच्च शिक्षा में गैर तकनीकी क्षेत्रों यथा कला, वाणिज्य एवं विज्ञानकी ओर अधिक ध्यान दिया गया है। अधिकांश युवा उत्पादन एवं क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने हेतु वांछित कौशल, ज्ञान आदि अर्जित नहीं कर पाते हैं। अकादमिक जगत द्वारा प्रदत्त ज्ञान एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के मध्य बढ़ती खाई के कारण भारत में बेरोजगारी बढ़ रही है और व्यवसायिक कौशल विकास की नितांत आवश्यकता है।

8. **अभिवृत्तिकारक –** अभिभावक अपने बच्चों को या तो कला, विज्ञान, वाणिज्य जैसे परंपरागत क्षेत्रों में अध्ययन कराते हैं या विधि, आयुर्विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में भेजते हैं। समाज में ब्लूकॉलर नौकरियों की तुलना में व्हाइट कॉलर नौकरियों को अधिक महत्व दिया जाता है। इस अभिवृत्ति में बदलाव कर कौशल विकास कार्यक्रमों में समाज की भागीदारी बढ़ाना अत्यावष्यक है।

9. **कौशल विकास मार्ग की अन्य अड़चनें –** गुणवत्तापूर्ण व्यवसायिक कौशलों का अभाव, भारतीय अभिभावकों की मानसिकता और छात्रों का रोजगार पाने लायक कौशल प्राप्त किए बिना सिर्फ डिग्री प्राप्त करना, ये सभी गंभीर अड़चनें हैं। सेवाक्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर आवश्यकता से अधिक निर्भरता और निरंतर वृद्धि बरकरार रखने में प्राथमिक एवं माध्यमिक रोजगार क्षेत्रों की अयोग्यता ने इन समस्याओं को और अधिक बढ़ा दिया है।

निष्कर्ष – भारत में कौशल विकास कार्यक्रम की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि उपलब्ध प्रशिक्षण विकल्पों से संबंधित समस्त जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार हो। गुणवत्तापूर्ण कौशल द्वारा रोजगार प्राप्ति बढ़ाने वाले प्रशिक्षकों, संस्थाओं को भी आर्थिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए। प्रशिक्षण प्रदान करने से पूर्व प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन होना एवं प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात् सीखे गए कौशल का मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। कौशल विकास कार्यक्रमों में प्रदान किए जाने वाले कौशलों का निर्धारण वर्तमान आवश्यकताओं के साथ साथ भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

कौशल विकास कार्यक्रम में बड़े स्तर पर व्यक्तियों को रोजगार सुलभ कराने के लिए नवाचार आधारित उद्यमों को स्थापित कराना, स्वरोजगार को प्रेरित करना भारत की नितांत आवश्यकता है। कौशल विकास कार्यक्रम की पूरी प्रक्रिया में नई नौकरियों के सृजन और कौशल संबंधी नई पहलों की अपार संभावनायें हैं। कौशल विकास से सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत ही नहीं होगी, बल्कि स्थानीय क्षमताओं और आत्मनिर्भरता पर नया भरोसा कायम होगा और उसके बाद हम गतिशील रह सकेंगे, विश्व की एकता और कल्याण के लिए संघर्ष कर सकेंगे तथा विश्व के समक्ष आत्मनिर्भर, पुनरूत्थित और सर्वशक्तिमान राष्ट्र के रूप में खड़े हो सकेंगे।

कौशल विकास मिशन की आशातीत सफलता के लिए स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाना, स्कूलों का बुनियादी ढांचा सुधारना, शिक्षा प्रशिक्षण को कामकाजी दुनिया से जोड़ना, पुरानी शिक्षा को मान्यता देना, लक्षित योजनाओं द्वारा दुर्गम क्षेत्रों पर ध्यान देना और सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता है।

भारत एक युवा देश है। युवा वर्ग वांछित कौशल प्राप्त कर देश के विकास में महती भूमिका निभा सकता है। सरकार द्वारा कौशल विकास पर जोर देना इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है लेकिन इसके साथ ही कौशल विकास कार्यक्रम के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों की पड़ताल और उनका समाधान भी आवश्यक है। यह भी ध्यान रखना होगा कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को केवल संगठित क्षेत्र में समाहित नहीं किया जा सकता। इसके लिए स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में संभावनाओं को तलाशना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जनगणना 2011 के आंकड़े : महापंजीयक सह जनगणना आयुक्त का कार्यालय
2. योजना आयोग : ट्वेल्थ फाइव इयर प्लान एम्प्लाएबिलिटी एण्ड स्किल डेवेलप्मेन्ट
3. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रक्रिया पुस्तिका, खंड 1 एवं 2
4. योजना आयोग की वेबसाइट
5. रोजगार एवं बेरोजगारी सर्वेक्षण 2011–12
6. स्किल्स फॉर इंप्लॉयबिलिटी, पॉलिसी ब्रीफ आई.एल.ओ.

****

रंगीन कपास का व्यवसायिक उत्पादन एवं शासकीय नीति - एक अध्ययन

डॉ. दिपेश आर. उपाध्याय *

प्रस्तावना - प्राकृतिक रंगीन कपास के सफल उत्पादन एवं विपणन के विविध लाभ जानने के पश्चात् सम्पूर्ण भारत में रंगीन कपास के बीजो की मांग अचानक बढने लगी यहा तक की मध्यप्रदेश के कुछ इलाको में रंगीन कपास का उत्पादन का प्रारंभ भी हुआ। मध्यप्रदेश के पूर्व निमाड़ में वर्ष 1995-96 के सफल उत्पादन के पश्चात् मध्यप्रदेश का हर कृषक जो कपास की खेती करता था अब वह अपने खेत में रंगीन कपास ही लगाना चाहता था खासकर पूर्व निमाड़ जिला खण्डवा के कृषक रंगीन कपास बोने के लिए काफी आतुर थे; परन्तु यह समय था इस बात पर विचार करने का कि रंगीन कपास का उत्पादन प्रारंभ कर दिया जाए तो यह परम्परागत सफेद कपास को किस प्रकार प्रभावित करेगा ? अर्थात रंगीन कपास का सफेद कपास पर क्या प्रभाव पढ़ता है? तथा व्यवसायिक उत्पादन के सम्बन्ध में शासन का क्या रूख है।

परिकल्पना- प्रस्तुत शोध पत्र में अनुसंधान कार्य हेतु निम्न परिकल्पनाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

1. रंगीन कपास का सफेद कपास की फसल पर प्रतिकुल प्रभाव पढ़ता।
2. रंगीन कपास तथा सफेद कपास की सममिश्रण की समस्या का समाधान शासकीय नीति बनाकर किया जा सकता हैं।

कपास संबंधी शासकीय निति- रंगीन कपास के व्यवसायिक उत्पादन में सामान्य सफेद कपास के उत्पादन पर होने वाले प्रभाव का यदि गहराई से अध्ययन किया जाये तो ज्ञात होता है, कि रंगीन कपास की मॉग को देखते हुए यदि रंगीन कपास का व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ हो गया तो धीरे - धीरे सफेद कपास के उत्पादन में कमी आ जाएगी और हो सकता है इसके उपयोगकर्ता तथा व्यापारियों की संख्या नाम मात्र रह जाए। रंगीन कपास का सफेद कपास की फसल पर भी प्रभाव पड़ता है। अगर रंगीन कपास और सफेद कपास को पास पास लगा दिया जाए तो वे एक दूसरे से प्रभावित होकर रंगीन कपास सफेद कपास को दूषित (Contaminated) कर देता है, परिणाम स्वरूप सफेद कपास की गुणवत्ता में कमी आ जाती है, सफेद कपास का बीज दूषित हो जाता है। कपास का यह Contamination (दूषित करना) खेतों में तो होता ही हैं परन्तु फसल पकने के पश्चात् चुनाई करते समय भी होता है तथा कपास की चुनाई के पश्चात् अन्य प्रक्रियाओं में जैसे भण्डारण करने में ट्रान्सपोर्टेशन करने में जीनिंग प्रक्रिया में भी संभवत: Contamination पाया गया। शायद यही कारण है की शासन इस संबंध में व्यवसायिक उत्पादन हेतु कोई ठोस नीति निर्धारित नहीं कर सका है। रंगीन कपास तथा सफेद कपास के मध्य पाई गई इस कन्टेमीनेशन कि समस्या के मद्दे नजर रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन के लिये सबसे पहले Contamination को रोकने के प्रयास करना चाहिये तथा रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन को लेकर भारत सरकार द्वारा किसी नीति का निर्धारण करना चाहिये जिसके तहत रंगीन कपास का सफल व्यावसायिक उत्पादन हो सके।

रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन तथा सफेद कपास के साथ Contamination के संबंध में शासन के द्वारा कुछ प्रस्ताव जरूर पारित किये हैं इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जो एक्ट पहले कपास के (Admixture) मिश्रीकरण को रोकने के लिए पारित किए थे तथा जो नीति बनाई थी वही नीति रंगीन कपास के संबंध में उपयुक्त हो सकती है।

Cotton Transport Act भारत सरकार द्वारा 1923 में पारित किया गया था जिसके तहत् न्यून किस्म के बीजों की आवक को रोका जाना, तथा कपास उत्पादित हर क्षेत्र तक उच्च किस्म का कपास बीज पहुँचाया जाना था। कपास की मिली-जुली किस्म को रोकने के लिए भारत सरकार ने इसी क्रम में 1925 में Cotton Ginning & Pressing Act-1925 में पारित किया। यह अधिनियम फैक्ट्री के मालिकों के लिए था जो जीनिंग व प्रेसिंग का कार्य करते थे। इस अधिनियम के अन्तर्गत जीनिंग एंव प्रेसिंग किए गए कपास का सम्पूर्ण विवरण लिखित रूप में प्रस्तुत करने को कहा गया। इसके पश्चात् राज्य सरकारों ने केन्द्रीय अधिनियम संशोधित कर दिया गया जिसमें जिनिंग व प्रेसिंग फैक्ट्री के लिए लायसेंस बनाना आवश्यक था। कपास के मिश्रण (Contamination) को रोकने के लिए कई राज्य सरकारों ने Cotton Contral Act बनाया जो कि खेतों में कपास के मिश्रण को रोकने के लिए बनाया गया था। इस एक्ट में कपास की अन्य प्रक्रिया में होने वाले मिश्रण को रोकने संबंधी नियम भी थे। इस अधिनियम के अन्तर्गत एक किस्म कि कपास को किसी अन्य किस्म की कपास के साथ मिलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया गया था यहॉ तक कि इस प्रकार मिली-जुली कपास के व्यापार को भी निषिद्ध माना जाता था। इसके अतिरिक्त Essential Commodities Act भी पारित किया गया जो कपास के बीजों की बिक्री के संबंध में हैं। उपरोक्त सभी अधिनियम जो संशोधित नहीं किये गये हैं या लागू नहीं हैं। उन अधिनियमों का पुन: निरीक्षण प्राकृतिक रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन के लिए आवश्य किया जाना चाहियें। रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियमों में आंशिक परिवर्तन कर रंगीन कपास हेतु नया अधिनियम तैयार किया जा सकता है

कपास उत्पादन एवं विपणन संबंधी विभिन्न अधिनियम

* प्राचार्य, किशोरीलाल वर्मा मेमोरियल कॉलेज, पंधाना, जिला - खण्डवा (म.प्र.) भारत

वर्ष 1996-97 में मध्यप्रदेश में कपास अनुसंधान केन्द्र पूर्व निमाड़ खण्डवा के कृषि वैज्ञानिकों के सफल प्रयासों के चलते लगभग 200 हेक्टेयर में रंगीन कपास लगाया गया था जिसका सम्पूर्ण उत्पादन राज्य सरकार के नियंत्रण में था जिसमें किसानों का पंजीकरण, बीज वितरण, उत्पादन की देखरेख और कपास चुनाई के बाद की प्रक्रिया तथा विपणन प्रक्रिया भी राज्य सरकार के नियंत्रण में थी। इस प्रकार पूर्व निमाड़ में रंगीन कपास का प्रथम व्यावसायिक उत्पादन सफल एवं लाभदायक रहा। इस सफलता के बाद राज्य सरकार द्वारा रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन के संबंध में कुछ शासकीय नियम, रंगीन कपास तथा सफेद कपास के सम्मिश्रण (Contamination) की समस्या को ध्यान में रखते हुए बनाए गए जो कुछ इस प्रकार थे-

- रंगीन कपास की खेती वही कृषक कर सकता है, जो राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत होगा।
- शासकीय नियमों के अंतर्गत अगर रंगीन कपास की खेती अपंजीकृत कृषक द्वारा व्यावसायिक स्तर पर की गई तो यह अपराध माना जावेगा।
- Essential Commodities Act के अन्तर्गत Ginned किये बीज बिक्री या आगे खेती के लिये और खुल्ले बेचने के लिए अनुमति नहीं होगी।
- रंगीन कपास तथा परम्परागत सफेद कपास की फसलों के बीच 50 से 100 मीटर की दूरी रखनी होगी ताकि सम्मिश्रण ना होने पाए।
- रंगीन कपास का भण्डारण, संकलन, परिवहन एवं जिनिंग, प्रेसिंग सफेद कपास से पूर्ण पृथक हो।
- रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन के लिए आवश्यक कानूनी मापदण्ड निर्धारित किये जाएगें।

उपरोक्त सभी नियम राज्य सरकार द्वारा रंगीन कपास के व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ करने के लिए बनाए गये थे - परन्तु इन नियमों को ना तो लागु किया गया और ना ही किसी नई नीति का निर्माण रंगीन कपास के हक में किया गया।

रंगीन कपास के प्रमाणीकरण के संबंध में किए गए अध्ययन के अन्तर्गत Colour Cotton की तुलना में Organic Cotton से की गई तो पता चला कि रंगीन कपास को प्रमाणित करने के लिये कपास की आवश्यकताएँ बिल्कुल वैसी ही है जैसी आर्गेनिक कॉटन की अगर रंगीन कपास को आर्गेनिक कॉटन के रूप में उगाया जाता है तो संभवत: यह अधिक लाभदायक होगा क्योंकि वर्तमान समय में रंगीन कपास का अभाव हैं एवं इसकी मॉग अधिक है, और रंगीन कपास नवीन आस्तित्व का भी है। रंगीन कपास तथा आर्गेनिक कॉटन के प्रमाणीकरण के लिए पाई गयी समान आवश्यकताएँ निम्न है-

रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन का उत्पादन प्रमाणित एजेंसी द्वारा पंजीकृत होना चाहिये।

- रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन बोने वाले किसानों को अपने द्वारा लगाई गई फसल के क्षेत्र का पूर्णरूप से हिसाब रखना होगा।
- रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन के खेतों में किस प्रकार के खाद, उर्वरक एवं कीटनाशकों का उपयोग करने की अनुमति है तथा किसका उपयोग निषिद्ध है, यह प्रमाणित एजेंसी पर निर्भर होगा।
- फसल एवं उत्पादन का निरीक्षण समय समय पर प्रमाणित एजेंसी द्वारा किया जावेगा।
- रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन के बीजों के साथ किसी भी प्रकार का बीजोपचार नहीं किया जा सकेगा।
- अन्य कपास के साथ सम्मिश्रण को रोकने के लिए रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन और सामान्य सफेद कपास के मध्य पर्याप्त दूरी रखनी होगी।
- रंगीन कपास के खरीदार द्वारा उत्पादन को प्रमाणित करने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता और वस्तुनिष्ठता की जाच की जा सकेगी।
- इस प्रकार प्रमाणित रंगीन कपास की विक्रय उपरान्त प्रक्रिया जैसे जिनिंग और प्रेसिंग कार्य भी प्रमाणित जिन तथा प्रमाणित प्रेसिंग फैक्ट्री में ही किया जा सकेगा।
- खेत की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए खेतों में खाद उर्वरक देकर खेत की मिट्टी को उपजाऊ रखना होगा और समय समय पर मिट्टी परीक्षण कराना होगा।
- जिस खेत में रंगीन कपास/आर्गेनिक कॉटन लगाया जाना है उस खेत के फसल चक्रण पर भी ध्यान देना होगा।

उपरोक्त सभी नियम Organic Cotton के प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक है तथा यही नियम Color Cotton को प्रमाणित करने में भी सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

विदेशों में किये गये प्रयास-रंगीन कपास से संबंधित नीति निर्माण के अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि चाइना कि एक कम्पनी Henan Tangyin Textile co. Ltd. द्वारा रंगीन कपास के उत्पादन एवं विपणन हेतु एक परियोजना तैयार कर प्रारंभ की है, इस परियोजना प्रतिवेदन का प्रकाशन एक अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी Invest in Henan द्वारा अपनी वेबसाइट www.fdihngov.com [a Opportunities – Investment Project data bas के रूप में Agriculture Projects के नाम से प्रकाशित किया गया हैं इस Project का Title है-

Natural color cotton seeds breeding Industrialization तथा इस परियोजना का प्रकार अर्थात् Project type- New Encouraged है। इस Project के अन्तर्गत रंगीन कपास के उत्पादन तकनीक तथा विपणन उपरांत प्रक्रिया आदि सभी बातों को ध्यान में रखकर कार्य किया जावेगा। प्रकाशित प्रोजेक्ट के अनुसार यह परियोजना सफल रहती है तो रंगीन कपास की मांग को देखते हुए संपूर्ण विश्व के पूर्ण कपास उत्पादन का 1 प्रतिशत उत्पादन 2000 टन तक हो सकता है।

Natural color cotton seeds breeding Industrialization Project के संबंध में अन्य विवरण (Description of the proposed project) अग्रअनुसार है-

Description of the proposed project

Project Title	Natural color cotton seeds breeding Industrialization.
Project type	New Encouraged
Industries	Agriculture Project
Intended made of cooperation	Joint venture
Intended Duration of cooperation	10 year
Total Investment (in 10,000rs Daller)	1600
Payback period	3 years
Project site	Tangyin county, Anyone city, Henan province

Co. Name	Henan Tangyin Textile co. Ltd. Guangming
Address	Road ,Tragyin post code 456150 county
General Manager	Shen Dongfeng
Project manager	Shen Dongfeng
Ownership	Private owned
Number of employees	1500
Annual Sales	120 Million
Profit after tax	6million

उत्पादन की शर्तो के रूप में प्रस्तुत परियोजना के अनुसार रंगीन कपास का उत्पादन कर मुख्य उत्पाद के रूप में fine comb yarn, Chemical fiber yarn & blending yarn का उत्पादन कर उसका विपणन किया जाएगा अर्थात् कपास का उत्पादन कर उसे कच्चे माल के रूप में प्रयोग लिया जायेगा एवं धागे बनाकर उसका विक्रय किया जायेगा।

अत: जिस प्रकार चीन में रंगीन कपास के उत्पादन एवं विपणन हेतु कार्य किया जा रहा है उसी प्रकार हम भारत के परिवेश में भी नई परियोजना प्रारंभ कर सकते है। अगर सरकार द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाया जाए तो मध्यप्रदेश का निमाड़ क्षेत्र इस प्रकार की परियोजना को अमल में ला सकता है और में रंगीन कपास के विपणन कि संभावनाओं को वास्तविकता में बदल सकता है।

रंगीन कपास संबंधी शासकीय नीति के संबंध में किये गये अध्ययन एवं उपरोक्त परियोजना का अवलोकन करने के पश्चात् कहा जा सकता है की रंगीन कपास के व्यवसायिक उत्पादन के लिये नीति का निर्धारण किया जाना है वह लगभग तैयार है अध्ययन पश्चात् पायी गयी समस्याओं के मद्देनजर कुछ सुझावों को इसमें सम्मिलित किया गया है अत: शासकीय नीति का संभावित स्वरूप निम्नानुसार हो सकता है:-

संभावित शासकीय नीति सुझाव के रूप में –रंगीन कपास के व्यवसायिक उत्पादन हेतु पूर्व निमाड़ का एक क्षेत्र निर्धारित कर दिया जाए, जहॉ पर मात्र रंगीन कपास का ही उत्पादन हो और सफेद कपास उस क्षेत्र में प्रतिबंधित कर दिया जाए।

- रंगीन कपास की खेती करने वाले कृषक का राज्य सरकार द्वारा पंजीकरण कराया जाए, एवं अपंजीकृत कृषक द्वारा रंगीन कपास का व्यवसायिक उत्पादन को कानुन अपराध माना जाए।
- रंगीन कपास के उत्पादकों द्वारा उत्पादित सम्पूर्ण उत्पादन एवं कृषि क्षेत्र का सम्पूर्ण ब्यौरा लिखित में रखना होगा।
- फसल एवं उत्पादन का निरीक्षण समय समय पर राज्य सरकार द्वारा प्रमाणित एजेंसी द्वारा किया जायेगा।
- रंगीन कपास के बीजों के साथ किसी भी प्रकार का बीजोपचार नहीं किया जाए तथा बीजों की पूर्ति प्रमाणित एजेंसी द्वारा किया जायेगी।
- खेत की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए रंगीन कपास के खेत में खाद उर्वरक देकर खेत की मिट्टी को उपजाऊ रखना होगा और समय समय पर मिट्टी परीक्षण कराना होगा।
- रंगीन कपास का भण्डारण ,संकलन, परिवहन एवं विपणन पूर्ण रूप से पृथक् होगा ताकि Contimation ना हो सकें।
- प्रमाणित रंगीन कपास का विक्रय पूर्ण रूप से राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित होगा तथा सम्पूर्ण उत्पादन का वितरण विश्वसनीयता और वस्तुनिष्ठता के आधार पर होगा।
- रंगीन कपास की विक्रय उपरान्त प्रक्रिया जैसे जिनिंग और प्रेसिंग का कार्य भी प्रमाणित जिन तथा प्रमाणित प्रेसिंग फैक्ट्री में ही किया जा सकेगा।
- Essential Commodities Act के अन्तर्गत Ginned किये बीज बिक्री या आगे खेती के लिए खुल्ले बाजार में विक्रय की अनुमति नहीं होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कॉटन इण्डस्ट्री एट ए ग्लांस - 2008 पेज नं - 02,14,17,24
2. इण्डिया टुडे 14 नवम्बर 2001 , पेज नं - 48
3. J.India Soc. Cotton, Improve –Sept. 1996- P.No. 188
4. के जे एजुकेशन सोसायटी भोपाल द्वारा प्रकाशित - कपास-पेज न
5. कृषि भास्कर, जनवरी 2008
6. विपणन प्रबंध, 7 कपास समाचार 2005

****

म.प्र. में कृषि आधारित उद्योगों का आर्थिक विकास में महत्व

डॉ. पी. सी. काशिव *

प्रस्तावना –संपूर्ण देश की भांति म.प्र. भी कृषि प्रधान प्रदेश है। यहॉ की 78 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यो में संलग्न है। म.प्र. में कृषि कर्म के लिए अनुकूल वातावरण है। म.प्र. में उत्पन्न होने वाली फसलो में खाद्यान्न फसलें – इसमें खरीफ एवं रबी की फसलें आती है जिनमें प्रमुख है – गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो, कुटकी, चना, अरहर, मूंग एवं उड़द आदि। नकद फसलें– कपास, तिलहन, गन्ना आदि।

कृषि फसलो का उत्पादन प्रदेश में उपभोग व उद्योग दोनों क्षेत्रों में उपयोगी है। जहॉ खाद्यान्न फसले राज्य में उपभोग आवश्यकता की पूर्ति करती है वही नकदी फसलें दलहन, तिलहन आदि राज्य में औद्योगिक इकाइयो के लिए कच्चा माल और आधारभूत सामग्री की आवश्यकताऍ पूरी करती है। म.प्र. में कृषि पर आधारित उद्योगों की स्थापना, विकास, विस्तार के लिए पर्याप्त अनूकुल परिस्थितियॉ है। म.प्र. में कृषि आधारित उद्योगों से तात्पर्य वे उद्योग है जिनमें कृषि जन्य वस्तुऍ कच्चे माल के रूप में प्रयोग की जाती है और प्राथमिक कृषि उत्पादन औद्योगिक उत्पादन के लिए आधार प्रदान करता है।

उद्योगों एवं कृषि आधारित उद्योगों का अर्थ विज्ञान एवं तकनीकी की सहायता से नवीन उपयोगिताओं या मूल्य के निर्धारण से लगाया जाता है एवं कृषि आधारित उद्योग लघु, कुटीर एवं वृहत उद्योग होते है जिन्हें कच्चा माल कृषि द्वारा प्राप्त होता है। कृषि आधारित उद्योग, कृषि उत्पादन पर आधारित है। कृषि उत्पादनो में नवीनता की कमी या वृद्धि होती है तो निश्चित ही कृषि आधारित उद्योगों पर भी इसका प्रभाव होने लगता है। ये उद्योग प्रदेश की जलवायु पर निर्भर करते है। यही कारण है कि म.प्र. में सोयाबीन का उत्पादन अत्यधिक होने से सोयाबीन प्लांट भी अधिक है। अन्य उद्योगों के समान कृषि आधारित उद्योग भी उपभोगताओं की मॉग पर निर्भर करते है।

मानव श्रम सरल एवं सुलभ है यही कारण है इन उद्योगों में मानव श्रम का अधिक प्रयोग किया जाता है। कृषि आधारित उद्योगों में तकनीकी का अभाव पाया जाता है। इस क्षेत्र मे नये अविष्कार नहीं होने के कारण इकाइयों में परम्परागत तकनीक का ही उपयोग होता है। पूँजी में कमी के कारण कृषि आधारित उद्योगों का पर्याप्त विकास नहीं हुआ है। इन उद्योगों में वर्ष के सभी महीनों में कार्य नहीं मिलता है। कुछ महीने जिनमें फसले पक कर आती है। उन महीनों में ही कार्य की अधिकता रहती है। शेष समय बेरोजगारी रहती है। जब चना, मूंग, उड़द, अरहर की फसल पक कर आती है तब दाल मीलो में रोजगार के अवसरो में वृद्धि होती है।

कृषि आधारित उद्योग पूर्णत: प्रकृति पर निर्भर है जिस वर्ष प्रकृति अनूकुल रहती है उस वर्ष कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है तथा प्रतिकूल होने पर उस वर्ष कृषि उत्पादन में कमी होती हैं। अनुकूल तथा प्रतिकूल से कृषि उत्पादन प्रभावित होता है।

कृषि आधारित उद्योगों का क्षेत्र – म.प्र. में कृषि कला निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है इसीलिए कृषि उत्पादनों में भी नवीनता आ रही है। नवीन फसलो के उत्पादन से नवीन उद्योगों की संभावनाऍ बढ़ जाती है और कृषि आधारित उद्योगों का क्षेत्र भी बढ़ जाता है। सभ्यता एवं संस्कृति के विकास से साथ–साथ मानव को कुछ नया करने की चाह के कारण उसकी अन्वेषणी बुद्धि विकास के नये द्वार खोलती है। कृषि पर आधारित उद्योगों का क्षेत्र स्वतंत्रता से लेकर आजतक द्रुत गति से बढ़ा है। बाजार का विस्तार जनसंख्या में वृद्धि तथा उन्नत जीवन स्तर से मॉग में वृद्धि होती है तब इसकी पूर्ति के लिए नये–नये उत्पादन किए जाते है। जिससे इन उत्पादनो को निर्मित करने वाली इकाइयों के प्रकार, क्षमता एवं संख्या में वृद्धि होती है। म.प्र. में भी कृषि आधारित उद्योगों का क्षेत्र विकसित होता जा रहा है।

उद्योगों को प्रमुख क्षेत्र में निम्न प्रकार से बॉटा जा सकता है।

क्र.	फसले	फसलो पर आधारित उद्योग
1.	गेहूँ	आटा मिल, मैदा मिल, बिस्कीट उद्योग, बेकरी उद्योग आदि।
2.	चावल	पोहा मिल, मुरमुरा उद्योग, पापड़ उद्योग
3.	दलहन	दाल मिले–मूंग, उड़द, मसूर, अरहर, चना दाल आदि।
4.	कपास	सूती वस्त्र उद्योग
5.	जूट	जूट एवं पटसन उद्योग।
6.	सोयाबीन	सोया प्लांट
7.	मूंगफली	तेल मिल, दाना खली उद्योग
8.	सरसो	मध्यम व बड़ी तेल मिले
9.	फल एवं सब्जी	जैम, जैली, अचार, मुरब्बे, चिप्स आदि।
10.	मसाला	हल्दी, धनिया, मिर्च, मसाला उद्योग।

उपरोक्त आधार पर कह सकते है कि फसलो की संख्या में वृद्धि सिंचाई साधनो का विस्तार तथा उन्नत किस्म के बीज प्रयोग होने से वृद्धि हो रही है आज कृषक एक ही भू–खंड पर दो एवं तीन फसले लेता है परिणाम स्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि और कृषि आधारित उद्योगों को कच्चा माल अधिक मिल रहा है। इस कारण कृषि उद्योगो के क्षेत्र मे निरंतर प्रगति हो रही है।

कृषि आधारित उद्योगों का आर्थिक विकास में महत्व –कृषि उद्योग म.प्र. में अपना विशेष स्थान रखते है क्योकि म.प्र. का लगभग 70 से 80 प्रतिशत क्षेत्र ग्रामीण है और कृषि उद्योगों की प्रचुरता जैसे – सोयाबीन, दलहन, गन्ना, कपास, चावल आदि तो है ही साथ में कृषि कर्म से संबंधित उपकरण खाद–बीज, कीटनाशक औषधियों की पूर्ति के लिए उद्योगों की स्थापना के अनुरूप अवसर विद्यमान है।

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय लाल बहादुर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरोंज, जिला – विदिशा (म.प्र.) भारत

1. **राष्ट्रीय आय का स्त्रोत–** राष्ट्रीय आय के समस्त स्त्रोतो में सबसे अधिक आय कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों से प्राप्त हो सकती है। बशर्ते हम कृषि पर आधारित उद्योगो की अधिकाधिक स्थापना करें।
2. **बेरोजगारी की समस्या का हल –** अधिकांश समस्याओं की जड़ बेरोजगारी है 'खाली दिमाग शैतान का घर होता है' जब कार्य क्षमता का सही उपयोग नहीं होता है, सही उपयोग के अवसर नहीं मिलते तब कार्य क्षमता का दुरूपयोग होने लगता है। अत: बेरोजगारी की समस्या का हल कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना।
3. **आर्थिक समानता एवं सामाजिक न्याय –**कृषि पर आधारित औद्योगिक इकाइयॉ तीन प्रकार की होती है–लघु, कुटीर एवं बृहत । लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना से समाज के सभी वर्गो का कल्याण होता है। निम्न वर्ग की आय में वृद्धि होती है तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलता है।
4. **औद्योगिक विकेन्द्रीकरण –**कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से उद्योगो के केन्द्रीकरण पर प्रतिबंध लग सकता है इससे संर्पूण प्रदेश का संतुलित विकास संभव है।
5. **विकास से अवसर –**अर्थव्यवस्था के विकास के अवसर नवीन उद्योगों की स्थापना से ही बढ़ते है। कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना के द्वारा अर्थव्यवस्था का विकास होता है। प्रति व्यक्ति आय तथा राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने से जीवन स्तर ऊॅचा उठने लगता है परिणाम स्वरूप देश के औद्योगिक विकास में वृद्धि होती है।
6. **कच्चे माल की सुलभता –**बहुसंख्यक लोगों की आजीविका का साधन कृषि है कृषि उत्पादन एक तरह से कच्चा माल है। इस कच्चे माल का सही प्रयोग कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से ही संभव है कम लागत पर वस्तुओं का निर्माण होगा, कृषि उपज में निरंतर वृद्धि से कृषि आधारित उद्योगों को कच्चा माल निरंतर प्राप्त होगा।
7. **आर्थिक सुदृढ़ता –**कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से देश की आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। जर्जर अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कृषि उद्योगो की स्थापना की जाए।
8. **मुद्रा प्रसार पर नियंत्रण –**जब उपभोक्ता की मॉग में वृद्धि होती है और पूर्ति में वृद्धि न होने से मुद्रा का मूल्य घटता है एवं वस्तुओं का मूल्य घटता है। तब कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से मांग एवं पूर्ति में संतुलन स्थापित किया जा सकता है।
9. **निर्यात में वृद्धि –**वर्तमान में हमारा देश कृषि उत्पादनो के निर्यात से अधिकाधिक आय अर्जित कर रहा है। कृषि उद्योगों द्वारा निर्मित माल निर्यात किया जाने लगा है। कृषि उत्पादनो में दाले, शक्कर, सोया पदार्थ के उत्पादनो में और अधिक मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सकती है।
10. **आन्तरिक व्यापार में महत्व –**कृषि पर आधारित उद्योगों द्वारा निर्मित माल का आन्तरिक व्यापार निरंतर तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है इससे बाजार का विस्तार होता है लोगों को आसानी से उपभोगता वस्तुएँ सस्ती दरो पर प्राप्त हो सकती है।
11. **मानव श्रम का सृजनात्मक उपयोग** –जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मानव श्रम प्रचुर मात्रा में है इस श्रम का प्रयोग हम कृषि आधारित उद्योगों में कर सकते है। इससे एक ओर तो उत्पादन बढ़ेगा तथा दूसरी ओर मानव श्रम का सद्उपयोग भी होगा।

निष्कर्ष – म.प्र. में कृषि भूमि की पर्याप्तता और उपभोगता तथा व्यावसायिक महत्व की विभिन्न फसलो की उपलब्धता को देखते हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में कृषि उपज पर आधारित परम्परागत उद्योगों के अलावा कुछ नये उद्योगो की स्थापना की जा सकती है। म.प्र. में कृषि आधारित उद्योगों के विकास की प्रचुर संभावना है जिनके आधार पर राज्य अपना आर्थिक विकास तीव्र गति से किया जा सकता है। बशर्ते कि इन उद्योगों के विकास के मार्ग में बाधक घटकों/तत्वों पर विचार हो। अत: सरकारी अथवा गैरसरकारी स्तर पर ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए जो कृषि आधारित उद्योगों को स्थापित करने के इच्छुक युवक–युवतियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आवश्यकता अनुसार संसाधनो के जुटाव में सहायता कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. म.प्र. में कृषि पर आधारित प्रमुख उद्योगों की आर्थिक विवेचना।
2. उद्यमिता समाचार पत्र
3. योजना
4. उन्नत कृषि
5. कृषक जगत भोपाल

****

मध्यप्रदेश बजट 2015–16 का अध्ययन

प्रो. जयराम बघेल * डॉ. जयराम सोलंकी **

प्रस्तावना –वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु मध्यप्रदेश सरकार का बजट प्रदेश के वित मंत्री जयंत मलैया ने 25 फरवरी,2015 को विधान सभा में प्रस्तुत किया। प्रदेश सरकार का उनके द्वारा प्रस्तुत जहॉ यह दूसरा बजट था, उनकी सरकार का यह 12वॉ बजट था। कर दरों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए गैस चूल्हे,ट्रेक्टर एसेसरीज,इलेक्ट्रानिक खिलौने,बैंकिंग पॉउडर, स्कूल बैग्स, ताले व चाबियों आदि अनेक उत्पादों पर वैट में भारी कटौती इस बजट में जहॉ की गई है,वही पान मसाले व गुटखे पर कर बढ़ाया गया है। प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की सम्भावनाऍं,बढ़ाने तथा निर्माण क्षमता में वृद्धि करके "Make in Madhya Pradesh" को साकार करने के उद्देश्य से प्रेरित इस बजट में 2015–16 के दौरान राज्य सरकार का कुल व्यय 1,31,199.1 करोड़ रू अनुमानित की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक हैं। राजस्व व्यय 1,08,834.9 करोड़ रू प्रस्तावित है। 1,31,199.1 करोड़ रू के कुल व्यय में योजनागत व्यय 60,348 करोड़ रू निर्धारित किया गया है जो कुल परिव्यय का 45.99 प्रतिशत है। आयोजनेतर व्यय का अनुमान 70,850 करोड़ रू का है।

बजट 2014–15 व 2015–16 एक दृष्टि में **(देखे अगले पृष्ठ पर)**

समेकित निधि की प्राप्तियों 1,30,815.3 करोड़ रू पर कुल व्यय 1,31,199.1 करोड़ रू के आधिक्य को देखते हुए 2015–16 में घाटा 383.3 करोड़ रू बजट में दर्शाया गया है। लोक लेखे से प्राप्तियों व प्रारम्भिक शेष के समायोजन के पश्चात् अन्तिम शेष ऋणात्मक 513 करोड़ रू अनुमानित है। कुल राजस्व प्राप्तियों 1,14,442.9 करोड़ रू व राजस्व व्यय 1,08,834.9 करोड़ रू के परिप्रेक्ष्य में 2015–16 में राजस्व आधिक्य 5,558 करोड़ रू अनुमानित है,जबकि राजकोषीय घाटा 16,745 करोड़ रू रहने का अनुमान बजट में लगाया गया है। यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 2.99 प्रतिशत है,जो कि मध्यप्रदेश राजकोषीय उतरादायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम,2005 द्वारा निर्धारित सीमा में है। उल्लेखनीय है कि 2014–15 व 2015–16 में विभिन्न करों से प्राप्तियों के अनुमान लगाया गया है।

राज्य के मुख्य कर राजस्व **(देखे अगले पृष्ठ पर)**

1. लोक निर्माण विभाग के सड़क एवं भवन कार्यो के लिए 2015–16 में 5,911 करोड़ रू का प्रावधान जो 2014–15 के बजट प्रशासन से 1,644 करोड़ रू अधिक है।
2. ऊर्जा विभाग हेतु वर्ष 2015–16 में 9,704.08 करोड़ रू का प्रावधान,जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 1,718.67 करोड़ रू अधिक है।
3. वर्ष 2015–16 के लिए बजट में सिंचाई कार्यो के लिए 7,463 करोड़ रू का प्रावधान,जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 1,748 करोड़ रू अधिक है।
4. प्राथमिक,माध्यमिक,एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा हेतु वर्ष 2015–16 में 15,749 करोड़ रू का प्रावधान,जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 896 करोड़ रू अधिक है।
5. उज्जैन में सम्पन्न होने जा रहे सिंहस्थ के आयोजन हेतु 300 करोड़ रू का प्रावधान प्रस्तावित है।
6. तकनीकी शिक्षा एवं कौषल विकास हेतु वर्ष 2015–16 में 800 करोड़ रू का प्रावधान,जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 110 करोड़ रू अधिक है।
7. चिकित्सा शिक्षा हेतु हेतु वर्ष 2015–16 में 649 करोड़ रू का प्रावधान,जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 67 करोड़ रू अधिक है।
8. लाडली लक्ष्मी योजना में अब तक लगभग 19 लाख बेटियों को लाभान्वित किया जा चुका हैं। इस योजना के लिए वर्ष 2015–16 में 1,398 करोड़ रू का प्रावधान है।
9. ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2015–16 से तेजस्विनी महिला सशक्तिकरण योजना का द्वितीय चरण प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वर्ष 2015–16 में 65 करोड़ रू का प्रावधान है।
10. वर्ष 2015–16 में महिला एवं बाल विकास विभाग हेतु 4,483 करोड़ रू का प्रावधान, जो वर्ष 2014–15 के बजट प्रावधान से 427 करोड़ रू अधिक है।

इस प्रकार कहॉ जा सकता है कि बजट की अधिकांश कमियां संसाधनों के अभाव एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन से सम्बधित है। यद्यपि सरकार ने विकास कि दिशा में प्रभावशाली प्रयास किया है और उनका प्रभाव भी अर्थव्यवस्था में स्पष्ट रूप से झलकता है,परंतु अभी समन्वित एवं ठोस उपायों कि अति आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. जय प्रकाश मिश्र एवं डॉ.के. एल.गुप्ता –सार्वजनिक वित एवं अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र ।
2. डॉ.अनुपम गोयल – सार्वजनिक वित एवं अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र ।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बड़वानी (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान, शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बड़वानी (म.प्र.) भारत

बजट 2014–15 व 2015–16 एक दृष्टि में

(करोड़ रू में)

मद	बजट अनुमान (2014–15)	बजट अनुमान (2015–16)	वृद्धि/प्रतिशत
कुल प्राप्तियॉ	1,16,582.5	1,30,815.3	12
राजस्व प्राप्तियॉ	1,03,493.3	1,14,422.9	11
पूंजीगत प्राप्तियॉ	13,089.3	16,392.4	25
कुल व्यय	1,17,041.0	1,31,199.1	12
राजस्व व्यय	99,013.8	1,08,834.9	10
पूंजीगत परिव्यय	18,027.2	22,354.1	24
विनियोग की राशि	1,29,001.0	1,42,094.3	10
राजस्व आधिक्य	4,479,.4	5,588.0	25

राज्य के मुख्य कर राजस्व

(करोड़ रू में)

मद	बजट अनुमान (2014–15)	बजट अनुमान (2015–16)	वृद्धि/प्रतिशत
बिक्री,व्यापार आदि पर	19,500	21,300	09
राज्य उत्पाद शुल्क	6,730	7,800	16
माल तथा यात्रियों पर कर	2,900	3,200	10
स्टाम्प तथा पंजीकरण	4,000	4,700	18
वाहन कर	2,000	2,300	15
आय तथा व्यय पर अन्य	280	500	79
भू–राजस्व	700	500	–29
विधुत कर तथा शुल्क	2,050	2,200	07
अन्य	830	948	14
कुल योग (अन्य सहित)	38,990	43,448	11

****

मेक इन इंडिया–भारत को विनिर्माण हब बनाने की सबसे बड़ी कवायद

डॉ. भावना बर्मन * प्रो. अंचल रामटेके **

शोध सारांश – विनिर्माण अर्थव्यवस्था के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयुक्त बहुमुखी शब्दावली है,जो प्राथमिक क्षेत्र में निर्मित उत्पादों को विनिर्मित करने की एक प्रक्रिया है। यह उत्पाद प्रक्रिया की वह अवस्था है, जिसमें कोई उत्पाद पूर्णत: निर्मित होकर बाजार में विक्रय के लिये अंतिम रूप से तैयार होता है और इस प्रक्रिया को उन्नत, नवप्रवर्तन, प्रोत्साहित व सवंर्धित करके ही हम महाशक्ति बनने का स्वप्न साकार कर सकते हैं।

स्वदेशी संस्कृति और परम्परा ही रोजगार के सृजन और विनिर्माण में मदद कर सकती है। कला और शिल्प की विविधता पर आधारभूत जानकारियों का समय वृद्ध सुरक्षा, प्रोत्साहन तथा उन्हें बढावा देने एवं बेहतर विपणन रणनीतियों के साथ उन्हें सुलभ कराने की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक तथा घरेलू स्तर पर उपभोक्ताओं के बीच पहुँच बनाई जा सकें। गुणवत्ता पर नियंत्रण रखकर और उत्पादों को बेचने की सुविधाजनक व्यवस्था देकर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में घरो के आसपास आय के स्त्रोत पैदा कर सकती है।

प्रस्तावना – भारत में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 25 सितम्बर 2014 को मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना है। इसमें स्किल डेवलपमेंट के साथ विनिर्माण को एक विशिष्ट ऊँचाई प्रदान की जानी है। इसके साथ वेबसाईट "www.makeinindia.com" लांच की गई।

लोगो (प्रतीक चिन्ह)–मेक इन इंडिया का logo शेर का चित्र है, जिसे कलपुर्जों के सहारे तैयार किया गया है। प्रधानमंत्रीजी ने इसे शेर का पहला कदम बताया है। इस 'लोगों' को विनिर्माण, शक्ति तथा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक माना जा रहा है।

क्षेत्र जिनसे जोड़ा गया है मैक इन इंडिया को – मैक इन इंडिया अभियान के तहत 26 क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जिसमें नवाचार के साथ निवेश के माध्यम से गतिशील विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा सकें। इसमें शामिल क्षेत्रों में अंतरिक्ष, ताप, विद्युत, रेल्वे, सड़क–परिवहन, वस्त्र, नवीनकरणीय ऊर्जा, औषधि, ऑटोमाबाईल, विमानन इत्यादि प्रमुख है।

कैसे होगा संचालन– मैक इन इंडिया अभियान का संचालन सार्वजनिक–निजी भागीदारी (PPP) के तहत सम्पन्न होगा। इसके लिये डी.एम.आई. सी. डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग, इन्वेस्ट इंडिया तथा फिक्की को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। आठ सदस्यों की एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई है जिसका कार्य निवेश, नवाचार, वैदिक संपदा तथा विनिर्माण से संबंधित बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का सुझाव देने का है।(MII) के तहत इन्वेस्टर्स फेसिलिटेशन सेल (निवेशक सुविधा प्रकोष्ट) बनाया गया है। जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

नीतियाँ एवं प्रक्रियाएँ – मैक इन इंडिया के तहत की जाने वाली प्रक्रियाओं में नीतिगत प्रवत्तियों को शामिल किया गया है। लाइसेंस और असहज तथा बाधक उपबन्धों को समाप्त करते हुए पारदर्शिता और निर्णय की तीव्रता को महत्व दिया जाना है, इसके लिये एक ई–ब्रिज पोर्टल की स्थापना की गई है। जहाँ औद्योगिक उद्यमियों तथा निवेशकों को भारत में उद्योग निर्माण तथा निवेश के लिये 'आनलॉइन' सुविधाएँ प्रदान की जायेगी। सभी सरकारी विभागों को आपस में जोड़ा जायेगा।

वर्तमान में सरकार ने मैक इन इंडिया को प्रभावी बनाने के लिये आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने की योजना बनायी है। औद्योगिक गलियारों को बंदरगाहों, हवाई अड्डों तथा विपणन स्थलों से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। औद्योगिक गलियारों के साथ स्मार्टसिटी के निर्माण पर ध्यान दिया गया है। दिल्ली–मुंबई औद्योगिक गलियारें में पांच स्मार्ट सिटी बनायी जा रही है। चेन्नई–बंगलुरू औद्योगिक गलियारे तथा अमृतसर–कोलकाता औद्योगिक गलियारे को भी विकसित किया जा रहा है।

भारत में विनिर्माण क्षेत्र में बाधाएँ– इसमें कोई राय नहीं है कि विनिर्माण क्षेत्र में भारत की स्थिति काफी खराब है। चीन विनिर्माण की बदौलत ही महाशक्ति बना है, परन्तु भारत में व्यवसायिक माहौल है ही नहीं। ऐसा केवल विदेशी निवेशकों का ही कहना नहीं है, वरन् भारतीय निवेशक भी भारत में निवेश करने से कतरा रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण विश्व बैंक की "easy of doing business report 2014" है, जिसमें 189 देशों की सूची में भारत की रैंकिंग 134 है जो काफी निराशाजनक माहौल को दर्शाता है। इसके अलावा और अनेक बाधाएँ हैं जैसे–

- भारत में कारोबारी माहौल की स्थिति अच्छी नहीं है।
- भारत में निर्माण अनुमति एवं ठेके की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं अपारदर्शी है।
- भारत की व्यावसायिक संस्कृति अभी भी कुपोषित है।
- भारत में कारोबार संबंधी नीतियों एवं कर नियमों में जटिलता विद्यमान है।
- भारत में छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा प्रत्याभूतित नहीं है।

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, नैनपुर, जिला – मण्डला (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, नैनपुर, जिला – मण्डला (म.प्र.) भारत

- आर्थिक एवं औद्योगिक प्रगति हेतु आवश्यक विद्युत की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है।
- वित्तीय सहायता हेतु ऋण की उपलब्धता आसान नहीं है।
- कम्पनी की रूग्णता एवं दिवालियेपन से उबरने हेतु कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं है।
- ऑटोमोबाईल आयातित सामग्री के कारण ऊँची निर्माण लागते।
- टैक्सटाइल आयातित मशीनरी पर कुछ ज्यादा ही निर्भरता।
- मोबाईल फोन और कम्प्युटर भारत में माइक्रोप्रोसेसर चिप्स जैसे उपकरणों के लिये कोई प्रोत्साहन नीति नहीं।

भारत को विनिर्माण को बढ़ाने के लिये प्रयास– देश को विनिर्माण हब बनाने का सपना महज घोषणा से हो नहीं सकता, इसके लिये क्रियान्वयन हेतु कई उपायो की घोषणा की गई है जिनमे प्रमुख निम्नलिखित हैं–

- रक्षा क्षेत्र के कई उत्पादों हेतु लाइसेंस की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है।
- निवेश हेतु एक सरकारी पोर्टल सक्रिय किया गया है।
- एक निवेशक सुविधाकेन्द्र के रूप में इन्वेस्ट इण्डिया स्थापित किया गया है। जो निवेशकों के मार्गदर्शन हेतु पहला केन्द्र है।
- इस केन्द्र की सहयतार्थ समस्त सेवाएँ ई–ब्रिज एकल खिड़की के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के साथ समन्वित की जा रही है।
- देश में विनिर्माण हब हेतु 25 क्षेत्रों को चयनित किया गया है, जो विनिर्माण की दिशा में भारत को विश्व में अग्रणी स्थान दिलाने में सहायक हो सकता है।
- निवेश प्रस्तावों की सुरक्षा अनुमति 3 माह के अन्दर प्रदान करने हेतु गृह मंत्रालय को एवं स्वप्रमाणीकरण हेतु राज्यों को निर्देशित किया गया है।
- घरेलू कम्पनियों की पहचान कर उन्हें वैश्विक कम्पनी में परिवर्तित करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।
- घरेलू कम्पनियों की पहचान कर उन्हें वैश्विक कम्पनी में परिवर्तित करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।
- व्यावसायिक इकाइयों के संदेहों एवं सवालों के समाधान हेतु एक पोर्टल www.makeinindia.com सृजित किया गया है।

मैक इन इंडिया के लाभ– यदि यह सब कुछ संभव होता है तो इसके कई लाभ होते दिखेंगे जैसे कि–

- देश के भीतर ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
- विनिर्माण उत्पादों के आयात की मात्रा में बड़े पैमाने पर कमी आयेगी।
- दीर्घकाल में भारत के निर्यात संघटकों की विविधता बढ़ेगी और उसमें विनिर्माण उत्पादों की बहुलता शामिल होगी।
- देश में विश्व की नवीनतम प्रौद्योगिकियाँ आयेंगी और कुछ देशों के साथ जिससे हमारा व्यापारिक टकराव है, उसे घरेलू विनिर्माण कंपनियाँ कम करने में मदद करेगी।
- मेक इन इंडिया को मोदी जी ने भारत के नागरिकों के लिये फर्स्ट डेवलप इंडिया के रूप में परिभाषित किया है। इस अवसर पर भारत के पास उपलब्ध थ्री–डी शक्ति (डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी एवं डिमांड)का उल्लेख उन्होंने किया। इसके साथ ही देश की लुक ईस्ट नीति के साथ लुक वेस्ट का मंत्र भी उन्होंने दिया और कहा कि इन दोनों को जोड़कर ग्लोबल विजन के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिये विनिर्माण क्षेत्र महत्वपूर्ण होता है। भारत जैसे विकासशील देश अपने विकास और रोजगार कि लिये अधिकांशत: विनिर्माण पर ही आश्रित हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था जो पारंपरिक रूप से कृषि आधारित रही है। अब विनिर्माण की तरफ लंबी छलांग लगा रही है, जो अर्थव्यवस्था में 16 फीसदी का योगदान करता है लेकिन रोजगार और विकास में इसका योगदान इसकी वास्तविक क्षमता से कहीं कम है।

विनिर्माण क्षेत्र के योगदान की GDP(सकल घरेलू उत्पाद) में 25 फीसदी करना राष्ट्रीय विनिर्माण नीति का लक्ष्य है। यह लक्ष्य एक दशक में हासिल करने का उद्देश्य है। जिससे 10 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार द्वारा प्रस्तुत ताजा बजट ने घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उद्योगों के लिये अनुकूल माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है और प्रक्रियाओं के सरलीकरण, तार्किकीकरण और डिजिटलाईजेशन पर जोर दिया जा रहा है।

निष्कर्ष– मैक इन इंडिया स्किल इंडिया और मुद्रा जैसी सरकार की पहल देश की उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देकर भारत को दुनिया का विनिर्माण केन्द्र बनाने की दिशा में एक गंभीर प्रयास है। इस बजट में एक शानदार बुनियादी ढाचे का प्रबंध, ऊर्जा आपूर्ति में बाधायें, तकनीक और नवाचार आदि पर भी उचित ध्यान दिया गया है। आखिर में यही कहा जा सकता है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वह उपयुक्त क्षमता है कि वो भारत को दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सरकार और उद्योग जगत की तरफ से उपयुक्त प्रतिबद्धता इस सपने को निश्चय ही साकार कर सकती है। तथा कुशल व अनुशासित मैन पावर का प्रभावी उपयोग किया जा सकता है आशा है नई सरकार की यह बड़ी कवायद कागजी बाद्य (लोगो) तक ही सीमित न रहे और कार्यक्रम में लोगों में दिख रहे कलपुर्जे जमीन पर विनिर्माण इकाई के रूप में भी तब्दील होते दिखे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अरिहंत समसमायिकी महासागर, वार्षिकी 2015
2. अरिहंत समसमायिकी महासागर मासिक पत्रिका, नवम्बर 2014
3. प्रतियोगिता दर्पण, नवम्बर 2014
4. प्रतियोगिता दर्पण, मार्च 2015
5. प्रतियोगिता दर्पण, वार्षिकी 2015
6. प्रतियोगिता दर्पण, भारतीय अर्थव्यवस्था अतिरिक्तांक 2015
7. क्रॉनिकल,नवम्बर 2014
8. योजना पत्रिका, अप्रैल 2015
9. दैनिक भास्कर,26 सितम्बर 2014
10. घटनाचक्र, जून 2015

****

जलवायु परिवर्तन आर्थिक विकास में चुनौति

डॉ. रमेश कुमार रावत *

प्रस्तावना – किसी प्रक्रिया की सफलता उस समय घटित हो रही परिस्थितियों पर निर्भर करती हैं अनुकूल परिस्थिति सफलता के प्रतिशत को बढ़ाती हैं। जलवायु का सीधा संबंध आर्थिक विकास से हैं पिछले कुछ वर्षो में जलवायु परिवर्तन में हुए भारी बदलाव से आर्थिक ढांचा भी प्रभावित हुआ हैं। कृषि सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला क्षेत्र हैं बेमौसम बरसात, अतिवृष्टि, ओला वृष्टि और सूखे के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ हैं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव पड़ा हैं। किसान कर्ज के तले दबता गया और आत्म हत्या जैसे मामलों से हमे जनहानि का भी नुकसान उठाना पड़ा। कृषि भारतीय अर्थ व्यवस्था की रीढ़ हैं और जब नीव पर ही आघात हो तो अर्थव्यवस्था का कमजोर होना स्वाभाविक हैं।

लघु एवं कुटीर उद्योगो पर प्रभाव – चूँकि विकासशील अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगो की महती आवश्यकता होती हैं ये उद्योग धंधे कृषि से सीधे तौर से जुड़े होते हैं अत: इनके लिए कच्चे माल की पूर्ति न हो पाता। लघु एवं कुटीर उद्योगो को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लघु उद्योगो के अभाव में विकसीत अर्थव्यवस्था की कल्पना करना संभव न होगा।

जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम – पिछले दो दशको से प्रकृति ने अपने बिगड़ते हालातो से हमें सचेत करना शुरू कर दिया हैं शीतोष्ण परिस्थितियों वाले पश्चिमी देशों में इसका असर सबसे पहले देखने में आया हैं ।इंग्लैण्ड और यूरोप के देशों में पंखे और एसी इसी के संकेत थे। ग्लेशियरो के पिघलने की जो रिपार्ट आई हैं वह भी हमे भयभीत करने वाली हैं हमारे देश में जून 2013 में उत्तराखण्ड में आने वाली बाढ़ से हुई त्रासदी तमिलनाडु की बाढ़ व वर्तमान में चैन्नई में भारी बारिश, जलवायु परिवर्तन के ही परिणामों की ओर इशारा करते हैं। युनिसेफ की रिपोर्ट हमे बताती हैं कि दुनिया में 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन से सीधे प्रभावित हैं और 53 करोड़ बच्चों को भीषण बाढ़ व तूफान से जूझना पड़ रहा हैं।

सन् 1850 से अब तक पृथ्वी का औसत तापमान में 02 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई वहीं औद्योगिक क्रांति आरंभ होने के बाद कार्बन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई हैं। स्पष्ट हैं कि दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएँ और विकसित देश दोनो ही इसके लिए जिम्मेदार है, विकसित देशों ने पिछले दशकों में अंधाधुंध कार्बन उत्सर्जन किया हैं इसलिए वे पर्यावरण प्रदूषण में ज्यादा जिम्मदार माने जाते हैं।

जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु प्रयास व सुझाव – पिछले दो दशकों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 20 जलवायु सम्मेलन हुए हैं और अभी हाल ही में जलवायु परिवर्तन पर पेरिस में शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ हैं जिसमें लगभग 150 देशों के नेता/प्रतिनिधि ने भाग लिया हैं और इन सभी का कहना हैं कि जलवायु परिवर्तन को रोकना अत्यंत आवश्यक हैं पिछली विएना संधि में विकसित देशों को कार्बन उत्सर्जन पर पाबंदी लगाने की सहमति बनी थी लेकिन अमेरिका ने यह कहकर इसका पालन करने से इन्कार कर दिया कि चीन और भारत जैसे विकासशील देशों को इस संधि से दूर रखकर जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में कारगार कदम नहीं उठाए जा सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन पर विकसीत व विकासशील देशों को एक मत न हो पाना इस प्रयास में सबसे बड़ा रोड़ा हैं पेरिस शिखर सम्मेलन में नई नीति की आशा कि जा रही हैं। भारत ने शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने से पूर्ण जलवायु परिवर्तन पर जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उनमें ग्रीन हाऊस गैसो में कटौती, वन क्षेत्रो का विस्तार कर 2.5 से 3 टन तक कार्बनडाई–आक्साइट सोखना और 2030 तक देश की 40 प्रतिशत ऊर्जा की जरूरते सौर व पवन ऊर्जा से पूरी करना हैं अमेरिका सहित अन्य सभी देश भी सौर ऊर्जा को महत्ता दे रहे हैं परन्तु कलकारखानो और वाहनों का प्रदुषण नियंत्रित करना चुनौती हैं, कार्बन उत्सर्जन में एशिया महाद्वीप में चीन 6.1 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कर प्रथम स्थान पर हैं तथा भारत 1.5 बिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर हैं यह आँकड़ा 2020 तक चार गुना बढ़ने की संभावना हैं ऐसी स्थिति में विकसित और विकासशील देशो को ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता हैं जहां प्रगति बाधित न हो और जलवायु परिवर्तन को भी नियंत्रित किया जा सके। धरती का जलवायु संतुलन ठीक करने के लिए प्रदूषण कम करना होगा जिसमें बड़ा हिस्सा धुएं का होता हैं। धुएँ का मुख्य स्त्रोत ऊर्जा सयंत्र होते हैं। यदि धुएं को कम करना हैं तो इन ऊर्जा सयंत्रो को बंद कर ऐसे विकल्प खोजना होगे जिससे हमे ऊर्जा तो मिली लेकिन प्रदूषण फैलाने वाले धुएं से मुक्ति मिल सके। इसके लिए कुछ इनोवेशन किए गये हैं जिनमें मुख्य रूप से निम्न हैं –

फ्लोटिंग विड टर्बाइन – स्कॉटलैंड की सरकार द्वारा समुद्र में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग विड फार्म स्थापित कर रही हैं। इस टर्बाइन से 6 मेगावॉट क्षमता वाले 5 विंड टर्बाइन केबल से इंटर कनेक्ट किए जाएंगे। उनसे 20 हजार घरो को पर्याप्त ऊर्जा मिलेगी इसकी विशेषता यह हैं कि यह कोल आधारित या परमाणु ऊर्जा सयंत्र की तुलना में स्थापित करने की लागत कम आती हैं तथा रखरखाव का खर्च भी कम आता हैं।

जपानी कटिंग वाली सोलर पैनल – ऊर्जा के लिए सोलर पैनल की वर्तमान प्रणाली महंगी हैं। साथ ही अधिकतम रोशनी हेतु संघर्ष भी करना पड़ता हैं। इस कमी को दूर करते हुए मिशिगन यूनिवर्सिटी के मैक्स स्टेन व जापान के गैटशिलियाँ ने शोलर पैनल की नई डिजाइन तैयार की हैं। ये आर्थिक रूप से सस्ती भी हैं और सूर्य के अनुसार एक दूसरे की दिशा बदल लेती हैं। यह पैनल इंस्टाल करना आसान व सस्ता हैं।

प्रिंटेबल सोलर पैनल – सिलिकॉन सेल्स से बनने वाले सोलर पैनल की बजाय ए–3 आकार वाले प्लास्टिक के रोल पर सोलर इंक पेंट की जा सकती हैं। इसे कई तरीको से अप्लाय किया जा सकता हैं, जिसमें स्प्रे कोटिंग और स्क्रीन प्रिंटिग भी शामिल हैं।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, धामनोद, जिला - धार (म.प्र.) भारत

स्ट्रीट लाईट – मलेशिया के खोजकर्ता ने ऐसी स्ट्रीट लाईट बनाई हैं जो न केवल अक्षय ऊर्जा से जुड़ी हैं बल्कि मच्छरों को भी खत्म करती हैं इसकी मदद से मच्छर संबंधी बीमारियां काफी हद तक खत्म की जा सकती हैं मच्छर लेम्प पर इसलिए बैंठते हैं क्योंकि उसमें से कार्बन डाईआक्साइट निकलती हैं यही गैस उन्हे मनुष्य से मिलती। नई स्ट्रीट लाईट में ऐसा फैन लगा हैं जो मच्छरों को उड़ने नही देता हैं।

निष्कर्ष – पर्यावरण विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश, बाढ़ या सूखे की असामान्य एवं चरम परिस्थितियों का हमे सामना करना होगा। सारी दुनिया यह तो मानती हैं कि जो कुछ भी बिगड़ रहा हैं वह सब आज की विकास शैली का ही परिणाम हैं लेकिन अपनी सुविधाओं पर अंकुश लगाने को कोई भी तैयार नही हैं वे चाहते हैं कि उनकी जीवन शैली में तो बदलाव न हो पर शेष दुनिया ज्यादा महत्वकांक्षी न हो ताकि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभा सके। आज पूरे विश्व को एक जुट एक राय बनाकर जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करना होगा ताकि हम विकास के नाम विनाश की ओर न बढ़े।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दैनिक भास्कर, नई दुनिया, स्वदेश समाचार पत्र।
2. योजना पत्रिका।
3. पर्यावरण अध्ययन।
4. रोजगार निर्माण।
5. भारतीय अर्थव्यवस्था।

****

पर्यटन विकास की असीम संभावनाओं वाला जिला - छिन्दवाड़ा

डॉ. डी. एस. आकरे *

प्रस्तावना - संपूर्ण ब्रह्माण्ड में सर्वत्र गति ही व्याप्त है। भारतीय ग्रंथों में कहा गया है, चरैवेति, चरैवेति' अर्थात् चलते रहो-चलते रहो। सदैव चलने को ही हमारे यहाँ जीवन माना गया है। यहाँ चलने का अर्थ भ्रमण या यात्रा से है। ऐसा भ्रमण या ऐसी यात्रा जो हमें किसी मंजिल की ओर ले जाती है। जब भ्रमण आत्मिक शांति, जिज्ञासा शांत करने, प्राकृतिक सौंदर्य निहारने, सैर सपाटा व मनोविनोद करने आदि से जुड़ जाता है, तो यही भ्रमण कालांतर में पर्यटन बन जाता है।

वर्तमान में वैश्विक स्तर पर पर्यटन को एक उद्योग का दर्जा प्रदान किया जा चुका है। पर्यटन उद्योग विश्व के सबसे बड़े निर्यात उद्योग के रूप में स्थापित हो चुका है। भारतीय योजना आयोग ने वर्ष 2020 तक रोजगार के जो चार क्षेत्र चिन्हित किये है, उनमें पर्यटन का स्थान सर्वोपरि है। पर्यटन के लिहाज से भारत पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। पर्यटन उद्योग के लिए जितना कच्चा माल और जितने आकर्षण स्त्रोत भारत में विद्यमान हैं, उतने शायद दुनिया के किसी भी देश में उपलब्ध नहीं हैं। न्यूयार्क टाइम्स ने अप्रैल 2005 के अपने लेख में लिखा कि 'भारत अत्यंत प्राचीन, सुंदर और विविध रंगो से भरा देश है।'

भारत का हृदय प्रदेश, मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है। मध्यप्रदेश के संदर्भ में कहा जाता है कि, 'बाकी राज्यों में कुछ-कुछ मध्य प्रदेश में सभी कुछ।' देश की हृदय स्थली के रूप में ख्याति उपलब्ध इस प्रदेश में देशी-विदेशी सैलानियों की चाहत की तकरीबन हर चीज मौजूद है। प्रदेश में पर्यटन के विभिन्न रंग यहां वहां बिखरे पड़े हैं। मध्य प्रदेश की सतपुड़ा पर्वत श्रेणियाँ एक ऐसा क्षेत्र है जहां अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य बेमिसाल ऐतिहासिक व पुरातात्विक धरोहर, बेजोड़ धार्मिक व सांस्कृतिक विरासतें, मनमोहक वन एवं वन्य प्राणी सम्पदाऐं विद्यमान है। उचित संरक्षण एवं समुचित विकास न किये जाने के कारण इनका दिन-प्रतिदिन क्षय होता जा रहा है। ये अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं और पर्यावरण भी विकृत हो रहा है। इनके पुनरूद्धार का एकमात्र विकल्प पर्यटन ही है।

जिले में पर्यटन विकास की संभावनाएँ- प्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा के दोनों किनारों पर दो लंबी पर्वत श्रेणी पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ती हुई अरब सागर तक जा पहुँची है। उत्तर की पर्वत श्रेणी विंध्याचल एवं दक्षिण की पर्वत श्रेणी सतपुड़ा के नाम से जानी जाती है। छिंदवाड़ा जिला सतपुड़ा पर्वत श्रेणी के प्राय: मध्य भाग में नर्मदा कछार के दक्षिण की ओर स्थित है। हर भोला हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजती चौरागढ़ की पहाड़ियाँ, चंडीदेवी का आशीर्वाद लेकर एक-दूसरे पर पत्थर बरसाते लोगों का गोटमार मेला और भरपूर प्राकृतिक सम्पदाऐं, यह पहचान है, छिंदवाड़ा जिले की। यहाँ के संतरे और चिरोंजी की विदेशों में अपनी अलग पहचान है। पेंच राष्ट्रीय उद्यान, अमोनी-समोनी में गर्म पानी का कुंड, तामिया और पातालकोट की मुख्य सुरम्य वादिया छिंदवाड़ा जिले को विशेष पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं की सुरम्य वादियों में बसे छिंदवाड़ा जिले को प्रकृति ने अपने मुक्त हाथों से अनमोल मोती (दर्शनीय स्थल) उपहार स्वरूप प्रदान किये हैं। भरपूर नैसर्गिक सम्पदा, अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों की मौजूदगी के बावजूद भी छिंदवाड़ा जिला पर्यटन नक्शे पर अपना स्थान नहीं बना पाया। जिले में पर्यटन विकास की अपार सम्भावनाऐं है, जिले में कई स्थल ऐसे हैं, जो काफी खूबसूरत और दर्शनीय हैं। यदि प्रशासन इन स्थलों के विकास पर ध्यान दे और उचित साधन उपलब्ध करवायें तो साधारण दिखने वाले स्थल भी पर्यटन स्थल बनाए जा सकते हैं।

प्रकृति ने तामिया-पातालकोट जैसे अद्वितीय नैसर्गिक स्थल प्रदान किये हैं, पेंच-कन्हान जैसी सदानीरा नदियों की भेंट दी है, कुकड़ीखापा, घोघरा, लिलाही जैसे मनमोहक झरने तथा प्रपात उपहार में दिये हैं, अमोनी-समोनी जैसा गर्म जल कुंड, सतधारा, एवं पंचधारा जैसी जलधाराएं वरदान में दिये हैं, वहीं जिले में पहली पायरी जुन्नारदेव, चौरागढ़-महादेव, अर्द्ध ज्योतिर्लिंग, कोसमी हनुमान, जामसावली हनुमान, हिंगलाज देवी मंदिर, बड़कुही, दारा दरबार आँचलकुंड, राधादेवी गुफा-बिछुआ जैसे असीम धार्मिक आस्था एवं विश्वास के केन्द्र बिंदु मौजूद हैं। देवगढ़ किला, आदिवासी संग्रहालय, भतदिव जैसे अनेक स्थल विद्यमान हैं। छिंदवाड़ा जिला पेंच राष्ट्रीय उद्यान और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से घिरा हुआ है। इसके अलावा पचमढ़ी जैसा पर्यटन स्थल जिले की सीमा से लगा हुआ है। तामिया पातालकोट जैसे अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य स्थल मौजूद है, जिले का अधिकांश भू-भाग वनों से अच्छादित एवं पहाड़ियों से सुशोभित है। जिले में आदिवासी संस्कृति की अपूर्व छटा मन मोहती है। जिले में नैसर्गिक बाहुल्य से इको पर्यटन, धार्मिक स्थलों से धार्मिक पर्यटन, ऐतिहासिक स्थलों से ऐतिहासिक पर्यटन और जिले की अद्वितीय आदिवासी संस्कृति से सांस्कृतिक पर्यटन की प्रबल संभावनाऐं है।

उपसंहार - जिले में पर्यटन खूबियों एवं विशिष्टताओं वाले स्थानों को पहचान कर व उनका उचित चयन करके यदि इन्हें पर्यटन केंद्रो के रूप में विकसित किया जाता है, तो इससे न सिर्फ स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा अपितु पर्यटन से जुड़े व्यवसाय बढ़ेंगे, लोगों की आय में वृद्धि होगी और जिले का पिछड़ापन भी दूर होगा। इतना ही नहीं यहाँ की प्राचीन धरोहरों और अमूल्य सम्पदाओं का पुनरूद्धार होगा, पर्यटन को संरक्षण प्राप्त होगा और अंतत: अंचल के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विकास अभियान में पर्यटन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि पर्यटन उद्योग असीम संभावनाओं से जुड़ा हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओक्टे मारूति राव, छिन्दवाड़ा क्षितिज, हिंदी प्रचारिणी समिति, छिन्दवाड़ा, 1993।
2. तिवारी कतिलदेव, छिन्दवाड़ा दर्पण, अरूणोदय प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009।
3. दीक्षित ध्रुव कुमार, पाताल कोट घाटी का भारिया जनजीवन, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2010।
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला छिन्दवाड़ा, 2010।
5. डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, छिन्दवाड़ा (भोपाल) 1995।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत प्रवासी महिला श्रमिकों के जीवन स्तर एवं कार्यदशाओं का एक अध्ययन (बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील के संदर्भ में)

डॉ. प्रकाशचंद रांका * हीरालाल खर्ते **

शोध सारांश – भारत की प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली स्त्रियों एवं पुरूषों को समान जीवन जीने व उन्नति के समान अवसरों की अपेक्षा करती हैं। भारतीय संविधान महिलाओं एवं पुरूषों को कार्य करने का समान अवसर प्रदान करता हैं। संविधान के अनुच्छेद 39 (द) के अनुसार महिलाओं एवं पुरूषों को समान कार्य एवं समान परिश्रम के लिये समान वेतन या मजदूरी दी जाना चाहिए। अत: यह स्पष्ट है कि संविधान भी महिलाओं के कार्य को मान्यता प्रदान करता हैं तथा देश की समृद्धि दोनों महिला एवं पुरूषों की समान आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति पर निर्भर करती हैं। कई बड़ी समस्यायें इन महिलाओं के जीवन को प्रभावित करती हैं। इनकी पहुंच सुरक्षात्मक श्रम अधिनियमों एवं श्रम संगठनों से काफी दूर हैं। उनके कार्य की प्रकृति असंगठित व अदृश्य होने के कारण महिला श्रमिकों के पास उनकी समस्याओं के लिये कोई उपाय नहीं होता हैं।

प्रस्तावना – महिला प्रवास को सामान्यत: महिला के सशक्तिकरण से जोड़कर अर्थात् श्रमशक्ति में बढ़ती भागीदारी, आर्थिक आत्मनिर्भरता व उच्च आत्मसम्मान के रूप में लिया जाता रहा है। परंतु यह हर दृष्टि से सत्य नहीं है। गाँव से शहर की ओर प्रवास के पश्चात महिलायें अधिकतर असंगठित क्षेत्र में ही कार्यरत है। इनके साथ अनवरत रूप से मजदूरी में लिंगभेद, श्रम बाजार में उनके लिये हमेशा से किये जाने वाले अकुशलतापूर्ण व एक ही प्रकार के कार्य आरक्षित है तथा न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी पर अधिक घंटे कार्य, अस्वास्थ्यप्रद व खतरनाक कार्य दशाओं के मध्य मनोवैज्ञानिक व शारीरिक रूप से पीड़िता की तरह जीवन जीने हेतु मजबूर है। परंतु यह बहुत ही दयनीय स्थिति है कि वृहत् स्तरीय राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी इस सच को कैद करने में असमर्थ रहे है। इसके परिणामस्वरूप महिलाओं को द्वितीयक उपार्जक के रूप में ही माना जाता है। सरकारी आकड़ों में भी अदृश्य रूप से आश्रित महिलाओं की आय का रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।

भारतीय पारंपरिक समाज में महिलाओं का कार्य सामाजिक प्रस्थिति से संबंधित है। परिवार का आर्थिक पिछड़ापन महिलाओं को भी उनके पति के साथ उनके मूल निवास स्थान से काम की तलाश में प्रवास हेतु प्रेरित करता है। जहां एक ओर उनके साथ कमजोर आर्थिक स्थिति व निम्न पारिवारिक स्थिति होती है, वहीं दूसरी ओर कठिन कार्य व कई अन्य कठिनाईयां साथ होती है। आर्थिक अभावग्रस्तता महिला श्रमिकों के लिये एक मुख्य समस्या है। इनके पास आय के निजी साधन उपलब्ध नहीं होते। ये शहरों में मुख्य रूप से आकस्मिक श्रमिक के रूप में निर्माण कार्य में, घरेलू कार्य में, सब्जी बेचने व अन्य निम्न आय के व्यवसाय में कार्यरत है। श्रमिक महिलाएं पुरूषों के समान या उससे भी अधिक श्रम करते हुए भी निरन्तर उपेक्षा और व्यक्तिहीनता की शिकार बनी हुई है।

असंगठित श्रम का अर्थ – असंगठित श्रम को कामगारों के ऐसे रूप में परिभाषित किया गया है। जो रोजगार की अनियमित प्रकृति, अज्ञानता तथा निरक्षरता, लघु कठिनाइयों के कारण अपने साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये स्वयं को संगठित करने में सक्षम नहीं है।

संबंधित साहित्य समीक्षा –

1. हेगड़े (1998) ने अपने अध्ययन 'इंटरनेशनल लेबर स्टैंडर्ड ऑफ इंडिया – द केश ऑफ वुमन लेबर' में लिखा है कि 1997 में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के द्वारा कार्य स्थल पर महिला श्रमिकों के लैंगिक शोषण के विषय में अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत लैंगिक शोषण को परिभाषित किया गया। असंगठित क्षेत्र कार्यरत महिला श्रमिक सामान्य रूप से लैंगिक शोषण का शिकार होती है।

2. रोजर्स (2001) ने अपने अध्ययन 'डिसेंटवर्क एज ए डेवलपमेंट ऑब्जेक्टिव' में उल्लेख किया है कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आकलन के अनुसार विश्व के मात्र 10 प्रतिशत महिला श्रमिकों को ही पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होती है।

असंगठित क्षेत्र की विशेषताएँ – वर्तमान में अधिकांश जनशक्ति द्वारा असंगठित क्षेत्र का अर्थ यह समझा जाता है कि वे कार्य जिनके लिये प्रशिक्षण या शिक्षा की आवश्यकता नहीं होती हैं। असंगठित क्षेत्र में शामिल किये जाते है। असंगठित क्षेत्र की परिभाषा जानने से पहले उसकी कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डालना आवश्यक है। श्रम मंत्रालय (1994) ने असंगठित क्षेत्र की निम्न विशेषताएँ बताई है–

1. नियमित रोजगार की अपर्याप्तता (नियमित एवं पर्याप्त रोजगार प्राप्त न होने से श्रमिक एक से अधिक नियोजकों के साथ रोजगार की उपलब्धता के आधार पर कार्य करते हैं।)
2. कार्य स्थलों की बिखरी प्रकृति, (श्रमिक एक ही प्रकार के कार्य हेतु विभिन्न स्थलों पर जाते हैं परन्तु यह आवश्यक नहीं कि वे उसी भौगोलिक क्षेत्र में निवास भी करते है।
3. उपरोक्त सभी कारणों से श्रमिकों की आपसी तालमेल की कमी से सामूहिक समझौते की शक्ति कमजोर होती है।
4. संघात्मकता का अभाव (श्रम संघो के निर्माण में अपर्याप्त रोजगार प्राप्त एवं बिखरे हुये श्रमिक तथा घरेलू कार्य में कार्यरत श्रमिकों को एकत्रित करना एक कठिन समस्या है।

* विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

अध्ययन के उद्देश्य–

1. महिला श्रमिकों की प्रवास क प्रकृति का अध्ययन करना।
2. प्रवासीय महिला श्रमिकों के पारिवारिक सामाजिक जीवन स्तर का अध्ययन करना।
3. महिला श्रमिकों की कार्यदशाओं एवं समस्याओं का अध्ययन करना।
4. महिला श्रमिकों की श्रम समस्या के समाधान हेतु उचित सुझाव प्रस्तुत करना।

अध्ययन विधि – किसी भी सामाजिक शोध को वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान करने लिए वैज्ञानिक विधि का उपयोग करना आवश्यक होता है। अत: अध्ययन को सुव्यवस्थित रूप से पुरा करने के लिए यह आवश्यक है कि अध्ययन के पूर्व क्रमबद्ध रूप रेखा तैयार कर लेना चाहिए। प्रस्तुत शोध पत्र के लिए प्राथमिक समंकों का उपयोग किया गया है, जिसमें प्रश्नावली के माध्यम से शोध क्षेत्र सेंधवा तहसील की 100 महिला श्रमिकों का चयन किया गया है। चयनित 100 महिला श्रमिकों का प्रत्येक्ष रूप से साक्षात्कार लेकर समंकों का संकलन किया गया है।

संकालित संमकों का सारणीकरण एवं विश्लेषण

साररणी क्रं.–1

प्रवास पश्चात् निवास स्थान के अनुसार वर्गीकरण

क्र.	प्रवास प्रश्चात् निवास स्थल	श्रमिकों की संख्या
1.	अभीनव कॉलोनी सेंधवा	18
2.	डावलबेड़ी सेंधवा	13
3.	वरला	15
4.	रामबाग सेंधवा	21
5.	बलवाड़ी	11
6.	धनोरा	7
7.	देवझिरी सेंधवा	15
	योग	100

स्त्रोत –सर्वेक्षित आंकडे।

उपरोक्त तालिका क्रमांक 1 में प्रवास के निवास स्थान के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। जिसमें सेंधवा तहसील को अलग–अलग क्षेत्र के अनुसार विभाजित किया गया है, जिसमें अभिनव कॉलोनी सेंधवा, डावलबेड़ी सेंधवा, रामबाग सेंधवा, वरला, बलवाड़ी, बड़ग़ाँव एवं देवझिरी में महिला प्रवास हुआ है। जिसमें सबसे अधिक श्रमिक 21 वरला एवं सबसे कम श्रमिक 7 बड़गाँव में है।

सारणी क्रं.–2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक–2 में प्रवास से संबंधित चरों के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। जिसमें प्रवास पश्चात् महिला श्रमिकों की उत्पन्न समस्याओं के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि 21 श्रमिकों ने बच्चों की पढ़ाई छूट जाना, 19 श्रमिकों ने शहरी वातावरण में न ढल पाना, 18 श्रमिकों ने सांस्कृतिक रीति–रिवाजो का हनन होना, 16 श्रमिकों ने आस पड़ोस के लोगों का असहयोगपूर्ण व्यवहार करना 15 श्रमिकों ने आवास की समस्या और 11 श्रमिकों ने परिवार का टूटना को मुख्य समस्याओं के रूप में बताया।

इसी प्रकार प्रवास से 34 श्रमिक खुश है और 66 श्रमिकों ने प्रवास से नाखुशी व्यक्त की हैं। इस प्रकार सारणी से स्पष्ट है कि प्रवास के दौरान एवं पश्चात् महिला श्रमिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सारणी क्रं.–3

प्रवास करने के कारणों के अनुसार वर्गीकरण

क्रं.	प्रवास का कारण	श्रमिकों की संख्या
1.	बेरोजगारी के कारण	34
2.	अधिक पैसा कमाने के लिये	14
3.	कर्ज के कारण	28
4.	पारिवारिक कल	11
5.	शहरी जीवन के प्रति आकर्षण	13
	योग	100

स्त्रोत– सर्वेक्षित आंकडे।

उपरोक्त तालिका क्र. 3 में प्रवास करने के कारणों के अनुसार संकलित समंको का विश्लेषण किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि 34 श्रमिक बेरोजगारी के कारण, 14 श्रमिक अधिक पैसा कमाने के लिये, 28 श्रमिक कर्ज के कारण, 11 श्रमिक पारिवारिक कलह के कारण एवं 13 श्रमिक शहरी जीवन के प्रति आकर्षण के कारण प्रवास करते है। सर्वाधिक मुख्य कारण बेरोजगारी ही पाया गया है।

सारणी क्रं.–4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

विंध्य क्षेत्र अनेक शैलमालाओं से विभक्त है। विंध्य की कैमूर, पन्ना, विजावर और भाण्डेर मालाओं के कारण बाह्य आक्रमणों के लिये यह प्रदेश दुर्भेद्य रहा है। इसीलिये बहुत समय तक वह विदेशी आक्रांताओं से बचा रहा। उत्तर की ओर यह क्षेत्र अर्न्तेदी के उपजाऊ मैदान के अत्यंत निकट है। अन्तर्वेदी पर बहुसंख्यक आक्रामकों की दृष्टि रही है अत: हमारे देश के उत्तरी भाग उनसे अछूता नहीं रहा। कुरूवंशी राजा वसु ने चेदि प्रदेश पर आक्रमण किया और यहॉ के यादव नरेश को परास्त कर स्वयं यहॉ का अधिपति बन गया। महाभारत में उसे देवराज इन्द्र का कृपापात्र बताया गया है। केन घाटी के शक्तिमतीपुर में अपना शक्ति केन्द्र स्थापित कर उसने चेदि राज्य का विस्तार किया। वसु ने चेदि, करूष, कौशाम्बी, मगध और मत्स्यप्रदेश तक विस्तृत अपने विशाल साम्राज्य को पॉच पुत्रों में बॉट दिया। चेदि और मगध ने महाभारत युद्ध के समय अपनी शक्ति में अभूतपूर्व वृद्धि की। कुरूओं के इस शक्ति विस्तार के लिये मूलरूप से गंगा घाटी उत्तरदायी है। इतिहास साक्षी है कि इस घाटी पर नियंत्रण करने वालो ने प्राय: सम्पूर्ण उत्तरभारत में अप्रतिहत सत्ता का उपभोग किया है। कौशाम्बी में आर्यावर्त नरेशों को पराजित कर ही समुद्रगुप्त गुप्त साम्राज्य को सुदृढ़ आधार प्रदान कर सका। हर्षवर्द्धन ने अपने वंश की परम्परागत राजधानी थानेश्वर को छोड़कर कन्नौज को अपना राजनीतिक केन्द्र बनाया। इसका मुख्य कारण गंगा घाटी का उपजाऊपन है। कान्यकुब्ज प्रदेश में अपनी सैन्य शक्ति संगठित कर हर्ष ने अपना आधिपत्य शेष उत्तर भारत पर स्थापित किया। किन्तु दक्षिण अभियान में उसे सफलता नहीं मिली। मध्यकाल में गंगा यमुना दोआब का महत्व अलाउद्दीन खिलजी ने समझा। दिल्ली सुल्तान बनने की प्रारम्भिक तैयारियॉ उसने बड़ा मानिकपुर (जिला इलाहाबाद) के सूबेदार की हैसियत से ही की थी उसने एक बार कहा था कि दोआब पर अधिकार किये बिना भारत में स्थायी मुस्लिम शक्ति की नींव नहीं रखी जा सकती। मैकाइण्डर, विश्व राजनीति की धुरी मध्य एशिया को जानते है। उसी प्रकार गंगा यमुना दोआब या अन्तर्वेदी क्षेत्र को भारतीय राजनीतिक इतिहास की धुरी माना जा सकता है।

राजा वसु के समय से विंध्य क्षेत्र का आर्यीकरण प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात कई शताब्दियों तक जब पश्चिमोत्तर भारत पर ईरानियों, यूनानियों, शक पहलवों तथा कुषाणों के आक्रमण हो रहे थे तब इस प्रदेश पर बाह्य आक्रमण नहीं हुये। पश्चिमी क्षेत्र के शक क्षत्रपों को कुछ समय के लिये ही सागर जिले के एरन क्षेत्र पर अधिकार स्थापित करने में सफलता मिली। एरन (प्राचीन ऐरिकण) में शको, गुप्तो और हूणों के अभिलेख प्राप्त हुये है।

उत्तरी बुन्देलखण्ड का राजनीतिक केन्द्र कालान्तर में शुक्तिमतीपुर से स्थानान्तरित होकर कालिंजर पहुॅच गया। यहॉ पर महाराज उदयन का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। बघेलखण्ड (प्राचीन करूक्ष) में मध राजाओं की राजधानी बॉधवगढ़ में रही। गुप्त युग में गंज (पन्ना) और उचेहरा (सतना) में क्रमश: व्याघ्रराज, उच्चकल्प और परिवब्राजक राजाओं के शक्ति केन्द्र स्थापित हुये। यह कहना असंगत न होगा कि गुप्त सम्राटों के अधीन होने के कारण इनकी राजनीतिक शक्ति सीमित थी। विंध्य क्षेत्र पर आधिपत्य स्थापित करने के लिये किसी भी बाह्य शक्ति को एरन तथा कालिंजर पर अपनी प्रभुसत्ता स्थापित करना अनिवार्य था। शकों तथा हूणों ने ऐसा ही किया दोनों केन्द्रों के इस राजनीतिक महत्व का एक कारण इनका उर्वर क्षेत्र में स्थित होना है। कालिंजर क्षेत्र यमुना घाटी से लगा होने के कारण उपजाऊ है। एरन का क्षेत्र पूर्वी मालवा में है जहॉ की भूमि अत्यंत उर्वर है। बघेलखण्ड क्षेत्र और बुन्देलखण्ड में पन्ना से दतिया तक का प्रदेश कृषि की दृष्टि से अच्छा

* प्राचार्य, इन्द्रा स्मृति महाविद्यालय, न्यूरामनगर, जिला – सतना (म.प्र.) भारत

नहीं है। प्राचीन भारतीय आर्थिक व्यवस्था कृषि प्रधान थी। शक्ति विस्तार में इस तथ्य की उपेक्षा संभव न थी। पूर्व मध्यकाल में बुन्देलखण्ड में चंदेलो और बघेलखण्ड में कलचुरियों का शासन हुआ। चंदेल शक्ति का प्रमुख शक्ति केन्द्र कालिंजर में और कलचुरियों का त्रिपुरी (जबलपुर) में स्थापित हुआ। चंदेलो ने लगातार आक्रमणों द्वारा उपजाऊ क्षेत्रों में अधिकार करने के प्रयास किये। उन्होंने अपने वैभवकाल में गंगा यमुना घाटी तक अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। उत्तर भारत की इस सर्वाधिक उपजाऊ घाटी पर उनका नियंत्रण हुआ। उनके निजी विंध्य क्षेत्र की दुर्गमता के कारण बाह्य शक्तियों का वहॉ प्रवेश न था। इन दोनों कारणों ने चंदेलों को उत्तर भारत की प्रमुख शक्ति बनने में सहायता दी। अपनी इस प्रभुता को वे कई शताब्दियों तक बनाये रखने में सफल रहे। उन्होंने अनके बार प्रतिहारों और शाही शासकों जयपाल और आनन्दपाल को सैनिक सहायता दी। चंदेल शक्ति से लोहा लेने के लिये महमूद गजनबी ने उन पर दो असफल सैनिक अभियान किये। डॉ0 रमेशचंद्र मजुमदार का यह कथन युक्तिसंगत है कि चंदेल क्षेत्र में और अधिक अन्दर घुसने में भयभीत मुस्लिम सुल्तान को हर बार बिना किसी उपलब्धि के लौटना पड़ा। विन्ध्य क्षेत्र की असहनीय गर्मी और जलाभाव के कारण गजनबी सुल्तान को चप्पे चप्पे भूमि पर लोहे के चने चबाने पड़े होंगे।

भौगोलिक स्थिति के कारण चंदेल साम्राज्य को बाह्य आक्रमणों से सुरक्षा मिली। इसके साथ साम्राज्य के अन्दर निवास करने वाली वन्य जातियों से लगातार संकट उत्पन्न होता रहा। भोजवर्मा के अजयगढ़ प्रस्तर अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसके शासनकाल में शबर, पुलिंद और भीलों ने सिर उठाया। उनकी शक्ति को कुचल दिया गया। इसी प्रकार कीर्तिवर्मा के देवगढ़ प्रस्तर अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसके मुख्यमंत्री वत्सराज ने देवगढ़ और उसके सम सीमावर्ती जिलों में शत्रुओं का नाश किया। अभिलेख में शत्रुओं का स्पष्ट उल्लेख न होने से अनुमान होता है कि वे कोई वनवासी तत्व थे। चंदेलों की सुरक्षा के मुख्य साधन उनके दुर्ग थे। एक बार सीमावर्ती दुर्गो पर अधिकार होने का तात्पर्य था शत्रुओं के लिये साम्राज्य का प्रवेश द्वार खुल जाना कलचुरि शासक गांगेयदेव और लक्ष्मीकर्ण तथा महमूद गजनबी, पृथ्वीराज चौहान और कुतुबुद्दीन ऐबक के आक्रमणों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है। विंध्य क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के कारण कोई भी बाह्य शक्ति चाहे वह शकों या हूणों की रही हो या चौहानों अथवा मुसलमानों की अधिक समय तक विवेच्य क्षेत्र पर अपना अधिकार नहीं रख सकी।

यद्यपि नदियों ने विंध्य क्षेत्र की राजनीति को विशेष प्रभावित नहीं किया तथापि लोकजीवन पर उनका प्रभाव असंदिग्ध है। जल ही जीवन है की यथार्थता अनुभव करने वाले मानव ने प्राचीनतम समय से ही अपनी सभ्यता का विकास नदियों के किनारे किया। नदियों ने सिंचाई के लिये जल उपलब्ध कराकर भूमि को उर्वरा और शस्य श्यामला बनाया।[3] उन्होंने मानव को नवजीवन दिया आवागमन के जलमार्ग प्रदान किये और शत्रुओं से रक्षा हेतु अवरोध का कार्य किया।

नदियों की दृष्टि से हमारा क्षेत्र सौभाग्यशाली रहा है। साहित्य और अभिलेखों में उल्लिखित इस क्षेत्र की अनेक नदियों का वर्णन हम चौथे अध्याय में कर चुके है। यहॉ यह कहना उपयुक्त होगा कि इस प्रदेश की अधिकांश नदियॉ सदानीरा नहीं है। इनमें से अनके ग्रीष्मकाल में बिल्कुल सूख जाती है। इस जल संकट के कारण ही बुन्देलखण्ड में चंदेलों और बघेलखण्ड में कलचुरियों द्वारा अनेक सरोवरों का निर्माण कराया गया। यहॉ पर यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि चंदेलो के तीन प्रसिद्ध नगर कालिंजर, अजयगढ़ और खर्जराओं किसी नदी तट पर स्थित नहीं है। वे जलपूर्ति के लिये स्वयं पर निर्भर थे। कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा कालिंजर दुर्ग की जलपूर्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर देने के कारण ही परमर्दि को आक्रान्ता के सामने घुटने टेक देना पड़ा।[4]

विवेच्य क्षेत्र के स्थान नामों का अध्ययन करते समय हमने इस प्रदेश के उन सभी स्थानों को सम्मिलित करने का प्रयास किया है, जिनका उल्लेख साहित्य और अभिलेखों में मिलता है। यहॉ के कुछ नगरों ने विवेच्यकाल में बड़ी ख्याति अर्जित की थी। इस ख्याति का समुचित अभिज्ञान करने के लिये स्थान नामों को यहॉ चार भागों राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक में विभाजित किया गया है। इनके आधार पर स्थान नामों का विवेचन इस प्रकार है–

राजनीतिक प्रभाव – प्रदेश के कुछ नगर प्राचीन युगों से राजनीति के विख्यात केन्द्र रहे हैं। इन केन्द्रो में से ऐरन और कालिंजर उल्लेखनीय है। ये नगर राजनीतिक गतिविधियों के अतिरिक्त सांस्कृतिक आयोजनो के भी महान केन्द्रो के रूप में पर्याप्त समय तक विख्यात रहे। अन्य केन्द्रों में गुप्तकालीन उचेहरा तथा पूर्व मध्यकालीन देवगढ़, सैन्य शिविर परेई, सिंहडौणी, बिलासपुर, टेहरी, रेवापत्तला आदि उल्लेखनीय है। इन स्थानों पर समय समय पर दौरा करते हुये शासक और राजपुरूष रूकते थे। वे यहॉ स्थानीय प्रजा की कठिनाइयों का अध्ययन और निराकरण करते होंगे। ऐसा हमें इसलिये भी संभव प्रतीत होता है कि इस क्षेत्र के प्राय: सभी दानपत्र राजधानी से जारी नहीं किये गये। वे शासन की प्रमुख इकाइयों यथा विषय, पत्तला आदि से भी उद्घोषित नहीं हुये। उनकी घोषणा हुई है उन शिविरों से जहॉ शासक कुछ समय के लिये रूकते थे और नागरिकों तथा राजपुरूषों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिये पुरस्कृत करते थे। इन शिविरों में से कुछ का उल्लेख सैन्य शिविरों के रूप में किया गया है। ऐसा ही एक शिविर सिंहडौणी था, जिसका उल्लेख त्रैलोक्यवर्मा के टेहरी ताम्रपत्र और हरिराज के भारतकला भवन ताम्रपत्र में हुआ है। अनुमान होता है कि रक्षा के लिये केवल राजधानी या दुर्गों में ही सेना न रखकर इस प्रकार के शिविरों में भी उसे रखा जाता था। चंदेल साम्राज्य पर मुस्लिम और वाहमान आक्रमणों का उत्तर की ओर से सतत् भय था, अत: ललितपुर जिला (उ.प्र.) के अंतर्गत स्थित इस चौकी का महत्व अपने आप स्पष्ट हो जाता है। विवेच्य क्षेत्र दक्षिण–पूर्वी भाग बघेलखण्ड से प्राप्त किसी भी अभिलेख से इस प्रकार के शिविरों का ज्ञान नही होता। यह भी संभव है कि त्रैलोक्यवर्मा के शासनकाल में बघेलखण्ड के अधिकांश कलचुरि क्षेत्र पर चंदेलों का अधिकार हो गया था। अत: इस ओर से उन्हें किसी प्रकार के राजनीतिक संकट उत्पन्न होने की न तो आशंक ही थी और न इस प्रकार संकट उत्पन्न हो जाने पर उसे रोकने की सामर्थ्य।

सांस्कृतिक प्रभाव – विंध्य क्षेत्र की संस्कृति देश की सांस्कृतिक परम्परा से पृथक नहीं है। भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा के सागर में एक सरिता की तरह वह निरन्तर प्रवहमान होते हुये भी उसी में विलीन हो जाती है। अपनी भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक इकाई के कारण सांस्कृतिक इकाई का पृथकत्व किया जा सकता है। इस दृष्टि से अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि विन्ध्यक्षेत्र की संस्कृति के दो रूप हमें प्राप्त होते है–

1. **सामंतवादी सांस्कृतिक परम्परा**
2. **जनवादी सांस्कृतिक परम्परा**

विन्ध्यक्षेत्र की अधिकांश सामंतवादी सांस्कृतिक परम्परा अवसरवादी रही है। धर्म तथा साहित्य के क्षेत्र में अपार अभिरूचि होते हुये भी सत्ता के साथ मिलजुलकर चलने के कारण इसे स्वतंत्र व्यक्तित्व नही मिल सका है। जनवादी सांस्कृतिक परम्परा में पृथक व्यक्तित्व आरोपित किया जा सकता है। सामाजिक दृष्टि से पिछड़े इस अॅचल में तमाम रूढ़िवादी परम्परायें अजगर

की तरह आसन मारे बैठी हुई है, इससे सामाजिक सांस्कृतिक जीवन का उद्देश्य केवल उत्तराधिकार को आगे बढ़ाना और तीर्थ यात्रा करके पुण्य कमाना ही अधिक रहा है। वैवाहिक जीवन का उद्देश्य संतानोत्पत्ति ही समझा गया। संतान न होने पर सूर्य पूजा का विधान है। सूर्य और देवी पूजा ही यहॉ की संस्कृति के मूल तत्व में है। जादू, टोने टोटके और तंत्र मंत्र का प्रभाव भी यहॉ बहुत है। बीमार को झाड़-फूँककर अच्छा करने का प्रयत्न करके लोग प्रयत्न करके लोग प्रसन्न होते है। कहना चाहिये कि यहॉ की जनवादी संस्कृति में आदिम संस्कृति के तत्व पर्याप्त मात्रा में मिलते है। लोक कला और लोक संगीत में शास्त्रीय तत्व अधिक है। यहॉ के लोगों में क्लासिकल है और कला भी है।

सब मिलाकर विन्ध्यक्षेत्र अपने आप में पूर्ण इकाई है, उसका अपना साहित्य है और अपनी कला और संस्कृति है पर प्रकाशन, प्रचार और प्रसार की कमी के कारण देश के साहित्य और संस्कृति के इतिहास में उसका स्थान नगण्य है।

धार्मिक प्रभाव – सभ्यता के प्राचीनकाल से विवेच्यक्षेत्र में धार्मिकता का प्रसार रहा है। रामायण में राम-वनवास के भूगोल का वर्णन करते समय बुन्देलखण्ड के अनेक स्थानों का उल्लेख मिला है। महाभारत मे वर्णित चेदि नरेश वसु का चरित्र भी कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वह इन्द्र का मित्र था। वह पहला व्यक्ति था जिसने इन्द्रध्वज की स्थापना कर इन्द्र की पूजा प्रचलित की। उक्त ग्रंथ के नारायणिकाखण्ड में वैष्णव धर्म से संबंधित उठे विवाद में उसे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये चित्रित किया गया है। वैदिक पौराणिक धर्मो के अतिरिक्त बौद्ध और जैन धर्मों का भी यहॉ प्रसार हुआ।

क्षेत्र के धार्मिक स्थानों में कालिंजर, चित्रकूट, विराधकुण्ड, सरभंग आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, अत्रि आश्रम, कालप्रिय (कालपी), देवगढ़, गोलकीमठ, चंद्रेह, खर्जुरवाहक (खजुराहो) आदि प्रमुख है। उपर्युक्त स्थानों में से कालिंजर और चित्रकूट की धार्मिक परम्परा अक्षुण्य रही है।[5]

आर्थिक प्रभाव – विन्ध्यक्षेत्र के स्थान-नामों से यहॉ की आर्थिक गतिविधियों पर महत्वपूर्ण प्रकाश पड़ा है। इन स्थान-नामों से विदित होता है कि जिस प्रकार आज के भारत के अनेक नगर अपने उत्पादन के लिये विख्यात है, उसी प्रकार प्राचीन भारत में भी हमारे प्रदेश के कुछ नगरों ने विश्वव्यापी कीर्ति अर्जित की थी। ऐसा ही एक केन्द्र वैश्यनगर था। जैसा कि इसके नाम से प्रतीत होता है कि इसकी अधिकांश आबादी वैश्यों की थी, जो प्राचीन भारत का प्रमुख व्यवसायी वर्ग था। वैश्यनगर का समानवाची कल्चुरि अभिलेखों का वर्णियापाटक है। ये नगर विवेच्यक्षेत्र में स्थित न थे तथापि इनसे व्यापारिक स्थिति पर प्रकाश पड़ता है। वैश्यनगर निस्संदेह बौद्धयुगीन भारत का एक प्रमुख व्यवसायिक नगर था। इसी प्रकार चेदि जनपद बालकलोपकारगाम और बघेलखण्ड का लवणनगर उल्लेखनीय है। बालकलोपकारगाम नमक बनाने के लिये विख्यात था। लवणनगर में या तो नमक बनाया जाता रहा होगा या फिर यहॉ नमक की बड़ी मण्डी रही होगी। इसी प्रकार बौद्ध साहित्य और बाराह ताम्रपत्र का उदुम्बरपुर या विषय और चंदेल अभिलेखों का खर्जुरवाहक भी उल्लेखनीय है। उदुम्बर गूलर वृक्ष है। खर्जुरवाहक में खजूर वृक्षों का आधिक्य रहा होगा। एक कल्चुरि अभिलेख में हस्तिग्राम का नाम आया है। यहॉ हाथी पालने और बेचने वालों का निवास होने के कारण उसका नाम हस्तिग्राम पड़ा होगा। आमीरपल्ली शब्द से अहीरों की बस्ती का बोध होता है।

निष्कर्ष – जिस क्षेत्र में जितने अधिक आवागमन के मार्ग होंगे वह उतना ही उन्नत होगा। यातायात के मार्गो से प्रदेश का एक भाग दूसरे से सम्बद्ध होता है। प्रशासनिक दृष्टि से यातायात के मार्गों की बड़ी उपयोगिता है। ये यात्रा मार्ग किसी भी क्षेत्र की धार्मिक एकता के साथ साथ राजनीतिक एकता बनाने में योगदान देते रहे है। प्राचीन समय से ही कालिंजर, चित्रकूट तथा पूर्व मध्ययुग में देवगढ़, खजुराहो, अहार, पपोरा, गोलकीमठ, चंद्रेह आदि पौराणिक तथा इतर धर्मो के केन्द्र रहे हैं। ऐसा केवल आवागमन के मार्गो की सुविधा के कारण ही संभव हो सका।

उपरोक्त शोध पत्र के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भूगोल ही मुख्य रूप से इतिहास का निर्माण करता है उसकी स्थिति, विस्तार एवं धार्मिक, आर्थिक सभ दृष्टिकोणों यदि भौगोलिक स्थिति अच्छी होगी तो वहॉ का सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, धार्मिक वातावरण उपयुक्त होगा और उस राज्य एवं वहॉ निवास करने वाले व्यक्तियों का चहुमुँखी विकास होगा इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि इतिहास और भूगोल एक दूसरे के पूरक है एवं विकास के पर्याय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. जनरल ऑफ रायल एशियाटिक सोसायटी पृष्ठ 241,242
2. डॉ0 लाहा – ज्योग्राफी ऑफ अर्ली बुद्धिज्म पृष्ठ 45 एवं 85 में इस वन का नाम मक्करष्ठ वन दिया है। जिसे वर्तनी की अशुद्धि ही मानना चाहिये। हिस्टारिक ज्योग्राफी ऑफ एन्शियन्ट इण्डिया पृष्ठ 320 में उन्होने ठीक कर दिया।
3. Dr. Ramakant Sharma - Impact of forming on rural economy in rewa plateau
4. HORE, Land W.H. 1920 "India at the death of Akabar" P. 22 Landoy.
5. रीवा दर्पण : श्री गुरू रामप्यारे अग्निहोत्री।

****

अवध का नवाब सआदत खां बुर्हानुल्मुल्क व्यक्तित्व एवं कृतित्व

डॉ. आकाश ताहिर *

प्रस्तावना – किसी समकालीन इतिहासकार या अपरकालीन ने मीर मुहम्मद अमीन की निश्चित जन्म–तिथि या उसके प्रारम्भिक जीवन की किसी घटना को दिनांकगत लेखबद्ध करने की चिन्ता न की। परन्तु हम जानते हैं कि अपनी मृत्यु के समय, जो 9 जिल्हिज 1151 हि. तदनुसार 19 मार्च 1749 ई. को हुई, वह लगभग 60 चान्द्र वर्ष की आयु का था। वृद्धतर सामन्त खां दौरा 69 चान्द्र वर्ष का था। सआदत खां, जो उन दोनों से छोटा था और खां दौरा के देहान्त पर जिसकी मनोकामना मीर बख्शी के पद को प्राप्त करने की थी, 60 वर्ष से बहुत अधिक आयु का नहीं हो सकता है–यदि इतना हुआ भी। अत: अज्ञात समकालीन का कथन केवल इस बात पर बल नहीं देता है कि सआदत खां का मृत्यु–पर्यन्त असाधारण रूप से अच्छा स्वास्थ्य रहा, परन्तु उसकी मृत्यु के समय उसकी अनुमानित आयु का पता भी देता है जो अक्षरश: शुद्ध नहीं हो सकता है।[1]

यदि सआदत खां के चित्रों में, जो लखनऊ में सुरक्षित हैं, अपने जीवित मूल के प्रति कुछ भी सत्यता है, तो वह अवश्य लम्बा, और वर्ण, चौड़े मस्तिष्क, चमकीली आंखों और लम्बी, उठी हुई नाक का सुन्दर मनुष्य रहा होगा। शास्त्रविहिन मुस्लिम प्रथा के अनुसार बीच से कटी हुई लम्बी मुछें और छोटी ईरानी दाढ़ी वह रखता था। वृद्धावस्था में उसके लम्बी तरल, सफेद दाढ़ी थी जिससे उसका शरीर और भी प्रभावशाली दीखता था। उसके अंग सुडौल थे, शरीर रचना पुष्ट, और मृत्युपर्यन्त उसका स्वास्थ्य असाधारण रूप से अच्छा रहा।

सआदत खाँ अपने स्वभाव और वेश भूषा में सरल और आडम्बर रहित था, समासनों से स्पष्ट और स्वतन्त्र, अपने मित्रों और आश्रितों के प्रति विचारशील और कृपालु। परन्तु अपने से बड़े व्यक्तियों से उसकी नहीं बनती थी और जब वह शक्तिसम्पन्न हो गया वह उच्च सामन्तों और बादशाहों की संगत की अपेक्षा दीन, एकान्तवासियों का साथ अधिक पसन्द करता था। उसका चरित्र धृष्ट था और जैसा कि सर बुलन्द खां न ठीक ही कहा था वह सदैव हफ्तहजारी के गर्व और शान से चलता था।[2] तब भी व्यवहार में सआदत खां कर्कश और असभ्य नहीं था। वह सुन्दर आचरण, संस्कृत प्रकृति और उत्कृष्ट रूचियों का व्यक्ति था। इन गुणों को कासिल लाहौरी एक उपयुक्त फारसी वाक्य खण्ड–हुस्ने अखलाक(सुशीलता) द्वारा व्यक्त करता है। वह विनीत, समाज–प्रिय, उदार और प्रसन्नचित्ता था। विलियम होये के 'दिल्ली के संस्मर्ण' में एक अज्ञात समकालीन कहता है–वह इतना प्रसन्नचित्त और हँसमुख था, इतना स्वतन्त्र और सरल कि 60 वर्ष की आयु पर भी, जब उसकी दाड़ी प्राय: सफेद हो गई थी, उसके मस्तिष्क पर एक भी झुरी न थी। प्राय: सब ही ईरानियों की तरह उसके हृदय में भी कवित्व का संचार था और वह कभी–कभी 'अमीन' के उपनाम से कविता लिखता था। अलीकुली खां दागस्तानी द्वारा संकलित 'रियाजु स्शोवरा' में उसकी कुछ कवितायें संग्रहीत हैं। सुन्दर उपवनों का उसे प्रेम था, परन्तु सुन्दर स्थापत्य के प्रति उसमें कोई उत्सुकता न थी। उसके सारे भवन साधारण आवश्यक थे जो समय और ऋतु के विनाश का सामना न कर सके और शीघ्र ही शीर्ण हो गये। फैजाबाद में उसके अनभिमानी महलों का यही भाग्य हुआ।[3]

सआदत खाँ मुख्यतया वीरोचित गुण सम्पन्न योद्धा था, बड़े सैनिक के लगभग सब ही गुण उसमें थे–असाधारण शारीरिक क्षमता, अदम्य साहस, नि:शंक उत्साही प्रकृति, सतर्कता, अथक्य सामर्थ्य और परिश्रम सहनशीलता। परन्तु उसके प्रमुख गुण, जिनके कारण वह अपने शत्रुओं के विरूद्ध सफलता प्राप्त कर सका, उसकी व्यक्तिगत शौर्यता और उसका लोह संकल्प थे। अपनी टाँग में घाव से तीन मास तक पीड़ित होने पर भी, जो बिगड़ कर नासूर हो गया था, सआदत खाँ फैजाबाद से 450 मील दूर करनाल पहुँचने के लिये एक मास तक सतत् कूच करता रहा और बिना एक दिन विश्राम किये ईरानियों से अपने आगमन के दूसरे ही दिन उसने युद्ध किया।[4] सब युद्धों में जो वह लड़ा उसने विशेष भाग लिया। वह प्रथम पंक्ति में अपने को नि:शंक झोंक देता था। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि महान युद्ध संचालक के कुछ गुण उसमें न थे। उसके किसी युद्ध में भी हमको कोई नियमित योजना या चतुर संयोग नहीं मिलता है। भिन्न–भिन्न स्थितियों के अनुकूल वह अपनी सैनिक चालों को बदल नहीं सकता था–अत: आगरा के जाटों के विरूद्ध उसको हेय असफलता उठानी पड़ी। शत्रु से रण होने के पूर्व अधीरता और अविचार की प्रवृत्ति उसके सारे अस्तित्व में व्याप्त हो जाती थी। परन्तु स्वयं रण में वह शान्त और गम्भीर रहता था।[5]

जब वह अवध का राज्यपाल था, सआदत खाँ 50 हजार की नियमानुसार सेना रखता था जो आवश्यकता पड़ने पर बढ़कर बहुत बड़ी संख्या को पहुँच जाती थी। तोपखाना भी उसके पास बहुत था। उन दिनों निस्सन्देह सैनिक परेड और अनुशासन न थे। परन्तु स्वयं सआदत खाँ के नेतृत्व में रणस्थल में सतत् सेवा और कठिन श्रम में व्यस्त रखता था कि यह कार्य उसकी सेना के लिये सुसाध्य हो गया कि एक दिन में 40 कोस के वेग से कूच कर लें।[6]

सआदत खाँ की सेना में प्रत्येक सैनिक को 30) प्रति मासिक से वेतन मिलता था। परन्तु वह अपने सैनिकों का मित्र था और वह उनकी नियमानुसार मासिक वेतन देने के अतिरिक्त ऋण और उदार पुरस्कारों से भी सहायता देता था। उसकी मृत्यु पर यह पता चला कि उसकी सेना दो करोड़ और कई लाख रूपयों का ऋण उसको चाहती थी।[7]

दक्षिण में आसफजाह निजामुल्मुल्क की तरह सआदत खाँ ने इसको अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य बना लिया था कि वह अवध में अपने को

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

वास्तविक रूप से स्वतन्त्र कर ले और उसको अपने वंश के परम्परागत अधिकार में कर ले। इस उद्देश्य को बिना बहुत कठिनता व परिश्रम के उसने सिद्ध कर लिया। बिना तकल्लुफ उसने राजाज्ञाओं का अवलंघन किया जो उसने अवध छीनने के विचार से उसको दिये जाते थे। मुहम्मदशाह के राजत्व काल के 9वें वर्ष में उसका आगरा को स्थानान्तर हुआ।[8] जब यह नयी आज्ञा उसको प्राप्त हुई, अपने कार्यभार पर जाने का बहाना करके वह दिल्ली से चल दिया। परन्तु जैसे ही वह आगरा पहुँचा वह बाई ओर मुड़ गया, यमुना को पार किया और जल्दी ही अवध पहुँच गया।[9]

जब उसने अपने को अवध का एक अधिपति मान लिया, सआदत खाँ ने उसके साथ अपना ऐक्य स्थापित कर लिया, और अपना प्राय: सारा समय उसकी सीमाओं के अन्दर ही बिताता था। उसने अपव्यवस्था का दमन किया और प्रान्त में स्थायी सरकार स्थापित की। वह सब बड़े जमीनदारों को निस्सन्देह निर्मूल न कर सका, परन्तु उनको अपने वश में रखने में वह पूर्णतया सफल हुआ और अपनी विवेकपूर्ण और सहनशील नीति से उसने अपने शासन के प्रति उनका विरोध दूर कर दिया।[10] छोटे जमीनदारों और कृषकों ने उसके शासन का स्वागत किया क्योंकि शक्तिशाली सरदारों के भ्रष्टाचार से और लूटमार और अराजकता से उनकी रक्षा हुई जो राज्यपाल के जल्द जल्द परिवर्तन पर होते थे और सआदत खाँ ने प्रजा को उसका बदला भी अच्छा दिया।[11]

सआदत खाँ केवल सफल सैनिक से बड़ा ही था। उसको नागरिक शासन का कुछ ध्यान था। समकालीन इतिहासकार इस बात की साक्षी देते हैं कि 17वीं शती के अन्तिम चरण से किसी राज्यपाल के शासन की अपेक्षा उसका अवध का शासन बहुत अच्छा था और प्रजा सन्तुष्ट और समृद्ध थी।[12] कृषकों से अधिक से अधिक लगान लिये बिना उसने राजस्व को बहुत बढ़ा दिया और अपने अर्थ विभाग को संभाल लिया।[13] यदि गुलामअली का विश्वास किया जाये सआदत खाँ 9 करोड़ नकद रूपये छोड़ कर मरा। यदि दो करोड़ रूपये जो उसके उत्ताराधिकारी अबुल्मन्सूर खां ने नादिरशाह को दिये, जो अवध की सूबेदारी पर मुक्तिदण्ड के रूप में लगाये गये थे, और दो करोड़ और कई लाख रूपये जिसका ऋण उसके सैनिक उससे लिये हुए पाये गये।[14] गुलामअली के अनुमान में जोड़ जाए तो कोई कारण नहीं कि यह संख्या अविश्वास्य मालूम हो। अपनी विषाल स्थायी सेना पर उसके व्यय पर और अपने नातेदारों, आश्रितों, ईरानी पुरूषार्थियों और राजदूतों के प्रति उसकी उदारता पर विचार करते हुए यह भारी धन संचय सआदत खाँ के अर्थ चातुर्य को गौरव देता है।[15]

सामान्य स्थिति में अपने आश्रयदाताओं और नियोजकों के प्रति सआदत खाँ स्वामिभक्त और कृतज्ञ था। कई अवसरों पर अपने भूतपूर्व स्वामी सर बुलन्दखाँ के प्रति उसके कृतज्ञ आचरण की साक्षी मुर्तजा हुसैन खां देता है। वह उन थोड़े से सामन्तों में था जो साम्राज्य के गौरव के प्रति सतर्क और सचेष्ट थे। 19 वीं शती के चतुर्थ दशक में उत्तर भारत में मराठों के प्रवेश के प्रति मुगल प्रतिकार की वह आत्मा था और अपने स्वामी के पक्ष से ईरानी आक्रान्ता का सामना करने में वह सर्वप्रथम था। परन्तु यह सब उसी समय तक जब तक ये उसकी अपनी उन्नति और उत्कर्ष की उपसित योजनाओं में बाधक न बन जायें, जिनको अग्रसर करने में वह एक समान कृतज्ञता, स्वामिभक्ति और देश भक्ति के प्रति कोई ध्यान न देता था।[16]

अपने महान आश्रयदाता सैयद हुसैन अली खां की हत्या में उसने सक्रिय भाग लिया क्योंकि वह जानता था कि राज्यपरिवर्तन की आकुलता से उसको अधिक लाभ पहुँचेगा। अपने सम्राट और स्वामी मुहम्मद शाह का उसने विश्वासघात किया क्योंकि वह समझा कि उसकी नादिरशाह से अच्छी बनेगी। सआदत खाँ के केवल एक पुत्र था जिसका देहान्त युवा अवस्था को प्राप्त करने के पूर्व अपने पिता के जीवनकाल ही में हो चुका था। उसने पाँच पुत्रियों छोड़ी जिनमें से सबसे बड़ी अबुल्मन्सूर खां को ब्याही थी जो अवध के राज्यपाल के स्थान पर अपने ससूर का उत्तराधिकारी हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इमादुस्सआदत 5 और 30 ; सवानेहात 1 बा.
2. इमादुस्सआदत 30
3. कासिम 213; हादिक 395
4. मैल्कम का फारस का इतिहास–जिल्द 1, पृष्ठ 400
5. लेटर मुगल्स 1, 130, 130–136
6. सियारूल्मुताखरीन 2, 468
7. दिल्ली समाचार का परिशिष्ठ पृ. 1
8. दिल्ली समाचार का परिशिष्ठ पृ. 2
9. इस्मादुस्सआदत 30
10. फैजाबाद के संस्मरण पृ. 3
11. सियारूल्मुताखरीन 2, 475
12. हादिक 384; पेश्वा दफ्तर संग्रह, जिल्द 15, पृ. 20
13. हादिक 385; इलियट 8 पृ. 343 पर सआदते–जावेद।
14. इलियट 8 पृ. 46 पर रूस्तम अली।
15. दिल्ली संस्मरण का परिशिष्ट, पृ. 1
16. सरकार, लेटर मुगल्स 2 पृ. 313

****

आतंकवाद के कारण और उसके विशिष्ट क्षेत्र

नीलेश शर्मा *

प्रस्तावना – आज दुनिया भर में आतंकवाद एक प्रमुख समस्या बन गई है। आतंकवाद के विभिन्न क्षेत्र है लेकिन कारण सिर्फ और सिर्फ एक है, विभिन्न देशों की खुफिया ऐजेन्सियों द्वारा खड़े किये गये संगठन। अपने हितों की पूर्ति के लिए चाहे वो अमरीका की सी.आई.ए. द्वारा सोवियत रूस के खिलाफ अफगान मुजाहिद्दीनों का संगठन हो, या आई.एस.आई. द्वारा लश्करे–ए–तोएबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन तथा बब्बर खालसा या भारतीय रॉ द्वारा एल.टी.टी.ई. और मुक्तिवाहिनी तथा बलुचिस्तान लिबरेशन आर्मी।

जब एक देश में आतंकवादी घटना होती है तो तुरंत उसके दुश्मन देश के लिए वो स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई हो जाती है। कश्मीर का आतंकवाद पाकिस्तान के हिसाब से स्वतंत्रता संग्राम है। पाकिस्तान की बलुचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा आतंकवादी घटना हमारे हिसाब से वहां का स्वतंत्रता संग्राम है इसी तरह मुक्तिवाहिनी ने बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाई लेकिन पाकिस्तान की नजरों में वो एक आतंकवादी संगठन था। हमास फिलिस्तीनियों के लिए स्वतंत्रता संग्राम के लिए लड़ने वाला संगठन है लेकिन इजराइल के लिए वो एक आतंकवादी समूह है।

अगर हम आतंकवाद की जड़ में देखें तो हमे विभिन्न देशों की खुफिया ऐजेंसिया दिखेगी। पंजाब के आतंवाद में पाकिस्तान की आई.एस.आई. का हाथ। आज हम सोचते है कि पंजाब पुलिस कमिश्नर ने खालिस्तान मूवमेंट खत्म करवाया। लेकिन इस विषय पर गहन शोध करने पर हमें यह परिरणाम मिलता है कि पंजाब का आतंकवाद रॉ द्वारा समाप्त हुआ।

खालिस्तानी आतंकवादी को पूरा समर्थन, पैसा, और हथियार पाकिस्तान की आई.एस.आई. मुहैया करा रही थी। भारतीय रॉ के पूर्व केबिनेट सेकेटरी बी.रमन ने अपनी पुस्तक द काउबॉयस ऑफ रॉ (the Cowboys of Raw)में बताया है कि आई.एस.आई. ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खालिस्तानी आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैंप लगाकर उन्हें भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए प्रशिक्षित किया था। इसकी जानकारी भारत को उस वक्त अफगान खुफिया ऐजेन्सी खाद द्वारा मिली थी अत: 1980 के मध्य रॉ ने अपने संगठन के अंदर दो टास्क फोर्स बनाई टीम एक्स – (सी.टी.आई. –एक्स) और टीम – जे – (सी.टी.आई. –जे) यह टास्क फोर्स आई.एस.आई. के आतंकवाद के प्रतिक्रिया स्वरूप बनाई गई थी। टीम –एक्स का कार्य साधारण रूप से पाकिस्तान को निशाना बनाना था एवं टीम जे का कार्य सीधे–सीधे पाकिस्तान में चल रहे खालिस्तानी ट्रेनिंग कैम्प को निशाना बनाना था। पाकिस्तानी मिलेट्री एक्सपर्ट आयसा सिद्दकी के अनुसार इन टाक्सफोर्सों ने पाकिस्तान में कई आतंकवादी घटनाऐं की।

भारतीय पत्रकार और फ्रंटलाइन मेंगजीन के सम्पादक श्री प्रवीण स्वामी ने लिखा है कि पाकिस्तान के कई मुख्य शहरों विशेषकर करांची और लाहौर में सिलसिलेवार बम धमाके हुए जिसने आई.एस.आई. प्रमुख को भारतीय रॉ से समझौता करने पर मजबूर कर दिया। यह समझौता तत्कालीन जॉर्डन के राजकुमार श्री हसन बिन जलाल जिनकी पत्नी पाकिस्तान मूल की थी द्वारा कराया गया। इसके अनुसार आई.एस.आई. प्रमुख ने ये कबूल किया कि वे भारत में किसी भी प्रकार की खालिस्तानी आतंकी घटना को तब तक रोक देंगे, जब तक रॉ पाकिस्तान में किसी भी प्रकार की आतंकी घटना को नहीं करता। लेकिन 1997 में श्री आई.के. गुजराल के प्रधानमंत्री बनने पर उन्होने रॉ के ये दोनो प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही वाले समूह समाप्त करवा दिये।[1] 1965 के युद्ध में श्रीलंका ने पाक लड़ाकू विमानों को ईधन में मदद प्रदान की थी। अत: श्रीलंका की हरकतों पर काबू करने रॉ ने एल.टी.टी.ई. जो श्रीलंका के तमिलों का अलगाववादी समूह था को खड़ा करना शुरू कर दिया, रॉ ने एल.टी.टी.ई. को हथियार प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। लेकिन 1980 तक जब एल.टी.टी.ई. की आतंकी घटनाऐं बढ़ गयी और उसने भारत के तमिलनाडु के तमिलों को अलगाव के लिए उकसाना शुरू कर दिया तो रॉ ने एल.टी.टी.ई से अपने हाथ पीछे खींच लिए और 1987 में भारत श्रीलंका सरकार के साथ एक पेक्ट बनाया और भारतीय शांति सेना से एल.टी.टी.ई ने भारत सरकार की इस कार्यवाही का बदला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या कर लिया।[2]

श्री प्रवीण स्वामी के लेख अनुसार प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही के रूप में अमरीकी एजेन्सी सी.आइ.ए ने 1962 के भारत –चीन युद्ध के बाद भारत के तिब्बतीय शरणार्थीयों को प्रशिक्षित कर 'स्टेबलिसमेंट 22' नामक संगठन बनाया जिसका कार्यचीन में आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था।[3]

अफगान में रूसी शासन को खत्म करने अमरीका सी.आइ.ए ने लादेन को खड़ा किया जो बाद में उन्हीं के लिए सरदर्द बना। वही लादेन जो पहले अमरीका के लिए स्वतंत्रता सेनानी था। अब एक आतंकी था।[4]

जिस तरह पाकिस्तान कश्मीर में हिजबुल मुजाहिद्दीन को समर्थन दे रहा है उसी तरह भारत ने 1970 में मुक्तिवाहिनी को प्रशिक्षण और समर्थन दिया था।[5]

आज पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आजादी की लड़ाई चल रही है। 2011 में बी.बी.सी. को दिए इन्टरव्यू में परवेश मुसर्रफ ने कहा कि रॉ बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को अफगानिस्तान के रास्ते हथियार पहुँचा रहा है बलुचिस्तान लिबरेशन आर्मी का नाम पाकिस्तान में एक आतंकवादी संगठन के रूप में शुमार है। जिसमें मुम्बई हमले की तर्ज पर अप्रैल 2012 में लायारी करांची में आतंकी हमला किया। जिसमें कई पुलिस वाले मारे गये बलुचिस्तान की कई गैस पाइपलाइन व पाक आर्मी के कानवे उड़ाने की जिम्मेदारी इस संगठन ने ली है ।The express tribune April 29 (2012).(6,ao 7).

आज आतंकवाद का स्वरूप बहुत हद तक बदल गया है। आज के इस हाईटेक दौर में आतंकवाद भी हाईटेक हो गया है। असम में हुई घटना इसी का एक परिणाम थी। आई.बी. के अनुसार पाकिस्तान ने एक साजिश के

*शोधार्थी (इतिहास) रा.दु.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.) भारत

तहत्, असम में गैर कानूनी बंगलादेशी प्रवास के कारण स्थानीय बोडो लोगों और प्रवासी बंगलादेशियों में उत्पन्न समस्या को फेस बुक के जरिये चिंगारी दी गयी फेस बुक में सुनामी में मरे लोगों की तस्वीर लगाकर पाकिस्तानी मेसेज पर यह कहा गया कि असम की घटना है जहां मुस्लिमों पर जुल्म हो रहा है यह तस्वीर भारत के सारे राज्यों मे फेस बुक के जरिये फैलाने की कोशिश की गयी। मुम्बई के आजाद मैदान में जो उपद्रव असम की घटना को लेकर हुआ। आई.बी. के द्वारा पाक से उस दिन आने वाले फोन कॉल्स की रिकार्डिंग के अनुसार ये एक सुनियोजित पाकिस्तानी चाल थी ताकि भारत में धार्मिक दंगे हों। इसी प्रकार बैंगलोर और हैदराबाद में रह रहे, असमी छात्रों को पाक से अफवाह फैलाने वालों के द्वारा एस.एम.एस. भेजे गये। जिनके अनुसार उन पर कभी भी एक विशेष धर्म के लोगों द्वारा हमला होने की चेतावनी थी, जिसमें कई असमी छात्र आसाम लौटने को मजबूर हुए फिर भारत सरकार द्वारा जाँच के बाद जब घटना की वहज समझ आई तब भारत सरकार ने दो दिनों में 222 पाकिस्तानी साईट्स और पेजेस को भारत में बंद करवा दिया।[8]

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बी. रमन, द काउबॉय ऑफ (The cowboys of RAW) पृ.सं. –83 एवं 138 लेंसरप्रकाशन, नई दिल्ली, 2007
2. वही, पृ.सं. – 235
3. www.ctr.org./india/RAWप
4. बी. रमन, पूर्वोक्त, पृ.सं. – 81 एवं 82.
5. वही, पृ.सं. – 260 एवं 53.
6. बी.बी.सी. साक्षात्कार – 2011
7. द एक्सप्रेस (The Express Tribune) प्रकाशन 29 अप्रैल 2012
8. सौजन्य – आज तक।

****

Role Of Communication In Development Of Rural Society

Vasudha Jahagirdar *

Abstract - The present age has been rightly termed as an 'information age'. Information plays an immense value in our society. Information has become an integral part of our daily life. Now people want adequate and authentic information as early as possible. The mass media namely newspaper, radio and television are catering to this important need of people. For the rapid and overall development of a country it is must that the citizen of that country are well versed with the happenings around them. Communication is the core activity of human association in general and progress, as well as development in particular. A man can survive only in society and the survival in society is possible with communication. Communication is a vital part of personal life in the society. It is equally important in business, education, civilization, administration and other situations where people encounter with each other to satisfy their needs and wishes. Various forms of communication like print media (Newspapers, Magazines, Journals etc), electronic media (TV, Radio, Cinema, Computer, Mobile/Telephones, Internet etc) and folk and traditional media (Folk theatre, Dances, Puppet shows, Poetry etc.) maintains and animates the life. It leads people from instinct to inspiration through process and system of enquiry, command and control. It creates common pool of ideas, strengthens the feeling of togetherness through the exchange of messages and translates into action.

Introduction - India is a classical land of villages. Villages constitute the backbone of the country. Villages continue to contribute 40%of our national income. Villages, therefore, play a vital role in the life of the nation. If villages develop, the country shall automatically develop.

Development is primarily the activation of human and material resources in order to increase the production of goods and services, thereby leading to general progress and welfare of its people. Rural development has traditionally centred on the exploitation of land-intensive natural resources such as agriculture and forestry. However, changes in global production networks and increased urbanization have changed the character of rural areas.

The present age has been rightly termed as an 'information age'. Information plays an immense value in our society. Information has become an integral part of our daily life. Now people want adequate and authentic information as early as possible. The mass media namely newspaper, radio and television are catering to this important need of people. For the rapid and overall development of a country it is must that the citizens of that country are well versed with the happenings around them.

Various forms of communication like print media (Newspapers, Magazines, Journals etc), electronic media (TV, Radio, Cinema, Computer, Mobile/Telephones, Internet etc) and folk and traditional media (Folk theatre, Dances, Puppet shows, Poetry etc.) maintains and animates the life. It leads people from instinct to inspiration through process and system of enquiry, command and control. It creates common pool of ideas, strengthens the feeling of togetherness through the exchange of messages and translates into action. Electronisation and mechanisation in communication systems have provided opportunity to access the information rapidly, accurately and repeatedly. Role of communication in socio-economic and cultural development of rural areas has been recognised over the past two decades. The role of communication technologies in development of rural society can be understood from the following points.

Role of communication in Rural Development -

1) Mass Rural Education - Mass rural education means essentially informing, educating &communicating to the rural people using various communication technologies. Mass rural education is widely recognised as a support activity for various development programmes. With the help of the TV, radio, newspapers, films, mobile, internet etc, rural people are being informed about various development activities &events that are taking place in other corners of the world & they are motivated to do the work on same lines for the development of their village. Information and communication technologies such as video conferencing, email connecting system, audio and video conferencing, radio, television and other methods can provide a lot of information from different regions of the world. These communication technologies also improve the quality of education in rural areas

2) Healthcare and Nutrition - Lack of knowledge of nutrition leads to high maternal mortality and infant mortality rates. It is found that rural people have a low level of nutritional education. Low nutrition education explains the poor intake of vitamin-rich food, especially green vegetables, even though they are available in plenty in the village. Now, women, men

* Research Scholar, School of Social Sciences, D.A.V.V., Indore (M.P.) INDIA

and youth in rural areas are getting detail information about nutrition, various health problems and their prevention, vaccines and medicines available, importance of breast feeding during lactation period, importance of small family etc through TV, radio, internet and mobiles.

3) Natural Resource Conservation - Communication of the importance of natural resources and their conservation can be done by the way of interpersonal communication. But now a days, the means of communication like TV, radio, mobile, internet etc are also playing a vital role in sustainable use and conservation of natural resources. Community radio also can play a very important role in this task.

4) Empowerment of Rural Women - Women play a pivotal role in the development of any country. Women's status is the best indicator of progress of any society. Status and development of women influence the development of country. Right information given at the right time empowers the rural women and protects them from various problems. Various means of communication like TV, radio, mobile phone and internet are being used now, for empowering the rural women via awareness, education and information. Through these means of mass media women are given information regarding various govt. Schemes available for them (Ex. Maternity benefit schemes) importance of cleanliness and nutritious food, nearby health care centres, family planning programmes, information regarding rearing of children etc and are also helped in starting new small scale business at home or starting SHG's (self help groups) to make them self dependent.

5) Agriculture - Agriculture is the main stream of the Indian economy. It directly regulates the growth of economy. The main occupation of rural people is agriculture. As the scope for bringing more area under cultivation is limited, the only possible way to increase the yield is the adoption of new and improved agricultural practices and techniques, so as to meet out the long term food grain requirement of the country. Communication in agriculture is not only to inform and create awareness among the farmers but also to implement new ideas that change the mode of farming. For this purpose the massive programmes of cyber extension, digital interactive distance learning, online networks, computer- aided multimedia; internet and free online telephones etc. have been launched for the farmers. Some of the major extension technology systems and approaches are being used presently like Kisan call centre (1551), Cyber Extension, computer-internet connectivity etc. Modern communication technologies are helping farmers in agricultural innovations, market prices, pest infestations, weather alerts, bargain for fair prices, subsidised prices of fertilisers, new variety of seeds etc.

6) Planning and Programme Formulation - The effective planning must make a deliberate effort to determine what people want to do, can do and can continue to do in a sustainable way. Meaningful discussion, generated by people trained in interpersonal communication skills, and audiovisual tools, such as video or radio, can help the community to identify its true problems and priorities and where its capabilities and needs lie. This self-analysis can help a community to generate realistic proposals for new development initiatives and stimulates tremendous interest to have these initiatives succeed.

7) People's Participation & Community Mobilisation - The dynamic strategy behind people's participation and community mobilisation is to release the energy of rural people by building their confidence to make decisions and carry them out as a community in a self-reliant way and to see that they benefit from such efforts. Dialogue can be initiated and guided by field staff who have good interpersonal communication skills. Discussion tools such as flipcharts, audio-cassettes, slides and even video, can be used to help people visualize and reflect upon their own reality. Rural radio too can be a popular forum where local people do most of the talking about technical and cultural topics. These activities can lead to a serious diagnosis of problems and a search for solutions. Communication skills and media help people to visualize and cross that bridge more swiftly.

8) Changing Life-styles - Rural populations, find it increasingly difficult to cope with rapidly changing social conditions, which often lead to the development of unsettling life-styles. For instance, rural youth, often from fatherless homes, increasingly rebels against parental poverty. Pressed by peers, teenagers often drop out of school, fall for drugs, or end up in the gangs of city slums. Communication can focus on the long and sensitive process of changing behaviour and life-styles. Communication approaches can respond in a combination of ways. Mass media like TV, newspaper, radio can raise awareness and public understanding of the social implications of problems such as adolescent fertility, AIDS or drug abuse. Other communication activities can bring about informed processes of change among the audiences they intend to reach. Traditional communication activities based, for example, on street and village theatre, and using truly participatory methodologies, can pioneer attitudinal changes at the community level and stimulate nonthreatening environments in which teenagers wish to learn about life.

9) Protecting Rural Traditions, Culture and Arts - Development does not mean, leaving our own culture and accepting the western culture. Rural development and protection of rural traditions, culture and arts goes hand in hand with the help of modern communication technologies like TV, radio, cinema, internet etc. A new concept which is becoming popular in our country, which has a high potential for being used for furthering the cause of development is Community radio. This is a system of radio broadcasting which is for the people, by the people and of the people'. This is a very ideal tool for communication. Because they enjoy the scope of broadcasting programmes in their local languages, comprehensive and easily-understandable programme contents for the local masses, and concerning itself with only those aspects which have a direct and indirect relevance for the community etc. This medium has been

proving to be the most potential and emerging media tool for protecting rural culture and arts.

Conclusion - Various means of communication technologies are grouping day by day in developing countries and most of the countries are getting benefit from these technologies in different sectors of development like education, healthcare, mass mobilisation, planning process, preservation of traditional culture and arts, agriculture, women empowerment etc. But still there is lack of infrastructure and facilities in rural areas. Communication technologies can spread in rural areas by establishing computers centres and computer lab where the trained teachers can transfer their knowledge and skills for the development of rural population. Simply providing facilities and infrastructure is of no use. Rural men, women and youth should also take initiative to learn and use these technologies.

References :-

1. Communication techniques for mass rural education technology- Information forecasting and assessment council, Department of science and technology, Govt of India.
2. Grims, S. (1992). Exploiting information and communication technologies for rural development, Journal of Rural Studies.
3. Hawkridge,D and Jawoski.J and Mc Mohan, H. (1990) , Computers in the third word schools: example, exercise and issue.
4. Khodamoradi, S. and Abedi, M. (2011). The role of information and communication technologies (ICT) in rural development. Life science journal
5. Razaue Abdul, (2013). ICT(information and communication technology) Journal of agriculture and rural development of American science.
6. Sharma A, Role of information communication technology empowering rural women, Department of agricultural communication of G.B Pant University, Pant Nagar.

****

बिखरते रिश्ते समाजशास्त्रीय अध्ययन विशेष सन्दर्भ – रीवा शहर

डॉ. गौहर हुजैफा खान *

प्रस्तावना – पिछले कुछ दशकों में भारत के शहरी एवं महानगरों में व्यक्तियों के अतंवैक्तिक संबंधों में आमूल – चूल परिवर्तन आया है। भौतिकवादी प्रवृत्ति व्यक्तिवादी विचारधारा प्रतिस्पर्द्धा के युग में व्यक्तियों के पास माता – पिता पत्नी बच्चों के लिए वक्त नहीं रह गया है आपसी समझ और संवेदनशीलता धीरे – धीरे स्वभाव से गायब हो रही है। जीवन मूल्यों के संक्रमण काल में जो संबंध सबसे अधिक प्रभावित हुआ है वह है पति – पत्नी के रिश्ते।

भारत में परिवार पर कई अनुसंधान हुए है। के.एम. कपाड़िया 'मैरिज एण्ड फैमिली इन इण्डिया' में नवसारी जिले (गुजरात) के कुछ परिवारों का सर्वेक्षण भी किया। देसाई ने 'सम आस्पेकट्स आयु फैमिली इन महुवा', एम.एस. गोरे 'अर्बनाइजेशन एण्ड फेमिली चेन्ज' भारतीय परिवारों का महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य है। एक अन्य अध्ययन एम. इंदिरा देवी 1985 ने 'कामकाजी और गैर कामकाजी पत्नियों के शिक्षित दम्पत्तियों पर एक शोध अध्ययन किया। आराम और सुविधा में संबंधित निर्णयों में कार्यकारी और गैर कार्यकारी पत्नियों में उच्च विरोधाभास पाया गया महिलाओं की शिक्षा व रोजगार के कारण पतियों के प्रभुत्व को उदासीन करने में सहायता मिली। वर्मा एवं सिन्हा 1991 ने शोध अध्ययन में ज्ञात किया कि कृषक परिवारों में गृहप्रबंध से संबंधित निर्णयों से 52 प्रतिशत निर्णय पत्नी द्वारा, संतान संबंधी निर्णय 57 प्रतिशत संयुक्त रूप से लिए जाते है धन संबंधी निर्णय 60 प्रतिशत पति द्वारा लिये जाते है। सामाजिक धार्मिक परम्पराओं से संबंधित निर्णय 78 प्रतिशत पति द्वारा लिये जाते है।

सामाजिक सांस्कृतिक तकनीकी, आर्थिक एंव राजनैतिक परिवर्तनों ने परिवार की व्यवस्था को बहुत अधिक प्रभावित किया रिश्तों में भी बहुत अधिक प्रभावित किया रिश्तों में भी विखराव आया है।

परिवार जीवन की प्रथम पाठशाला है व्यक्ति का पारिवारिक जीवन बहुत ही शांत होना चाहिए यदि व्यक्ति का पारिवारिक जीवन अंशात व कलह युक्त है वो परिवार का मुखिया और अन्य सभी सदस्य तनावग्रस्त रहेगे। पारिवारिक परिवेश में महिलाओं की भूमिका के सन्दर्भ में परिवर्तन आने का कारण महिलाओं की शिक्षा, कार्य संलग्न, और समानता के आधार पर महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए है। परिवार में पति – पत्नी दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है यदि कोई भी एक पक्ष अपनी भूमिका का निर्वाह सही ढंग से नहीं करता तो परिवार को विघटित होने से नही रोका जा सकता। भारतीय समाज में जहा महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की गई वही महिलाओं में वैयक्तिक एवं सामाजिक चेतना जाग्रत किया। बुजुर्ग पीढ़ी आज भी इन्हें हर शिक्षा योग्यता और बाह्य कार्यो के कौशल रखने के बावजूद भी घर की मालकिन बहू और गृहपत्नी के रूप में भी ज्यादा देखने की कोशिश में रहती है।

पश्चिमी विद्धानों में प्रो. आर. के मर्टन लिण्टन, ह्यजूजे ने भूमिका – पुंज की विवेचन प्रस्तुत करते हुए भूमिका दंड की संज्ञा दी है।

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य बिखरते रिश्तों का कारण एवं प्रभाव रीवा शहर के सन्दर्भ में अध्ययन करना है तथा इस अध्ययन के गौण उद्देश्य निम्नलिखित है।

1. न्यादर्शो की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि को ज्ञात करना।
2. परिवार परामर्श केन्द्र की भूमिका को ज्ञात करना।
3. आर्थिक स्वंतत्रता का परिवार पर सकारात्मक प्रभाव।
4. धूमपान, मदिरापान का परिवार पर नकारात्मक प्रभाव
5. अध्ययन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

परिकल्पनाएँ–प्रस्तुत शोध पक्ष में परीक्षाणार्थ निम्नलिखित परिकल्पानाऐं निर्मित की गई है।

1. दोहरे मापदण्ड बिखरते रिश्तों के लिए उत्तरदायी है।
2. विवाह की संस्कारित प्रकृति का ह्रास हुआ है।
3. नातेदारी संबंधो में शिथिलता आई है।
4. पति – पत्नी की मनोवृत्ति में बदलाव आया है।
5. पारिवारिक नियन्त्रण में कमी आई है
6. विवाह विच्छेद की प्रवृत्ति बढ़ी है।
7. व्यक्तिगत स्वार्थ एवं अहम् का महत्वपूर्ण होना।
8. आपसी प्रतिद्वन्द्विता टकराव–तनाव – बिखराव के लिए उत्तरदायी है।

विधितन्त्र– प्रस्तुत अध्ययन को सम्पादित करने के लिए म.प्र. के रीवा शहर की 50 महिला , 50 पुरूष सूचनादाताओं को चयन सौ उद्देश्य निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है ताकि तार्किक निष्कर्षो की स्थापना की जा सके। प्राथमिक आँकड़ों के संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची पद्धति का प्रयोग करते हुए प्रत्येक अवलोकन प्रविधि को अपनाया गया है तथा वर्णनात्मक शोध सरचना को प्रयोग किया गया है।

तथ्य संकलन एंव विश्लेषण

तालिका नं. 1

वर्ष	कुल मामले	समझौता	अलगाव/अन्य
2013	314	138	176
2014	193	68	125

उपरोक्त तालिका न.1 के प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है वर्ष 2013 में 43 प्रतिशत मामलों में समझौता हुआ अलगाव 57 हुआ वर्ष 2014 में 35 प्रतिशत जोड़ो में समझौता एवं 65 प्रतिशत मामलों में अलगाव हुआ।

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

तालिका न.2 (देखे)

तालिका नं. 3 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका नं. 3 के प्राथमिक आंकड़ो के विश्लेषण से स्पष्ट है कि धूमपान मदिरापान का पारिवारिक सदस्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

परिवार के सदस्यों का यह दायित्व है कि वे धूम्रपान मदिरापान और नशीली दवाओं का सेवन न करे धूम्रपान पारिवारिक कलह को जन्म देता है साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

तालिका नं. 4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका नं. में प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पारिवारिक विखराव के लिए घर का प्रबन्ध ठीक न होना कम आय, बीमारी , तलाक, बेरोजगारी, आकस्मिक दुर्घटना अन्य कारण परिवार के लिए समस्या बनते है और रिश्तों में विखराव आता है।

परिकल्पना नं.1– दोहरे मापदण्ड विखरते रिश्तों के लिए उत्तरदायी है। सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई है। (दृष्टव्य तालिका न. 1)

परिकल्पना नं.2– विवाह की संस्कारित प्रवृत्ति का तरह हुआ है सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई है। (दृष्टव्य तालिका न. 2)

परिकल्पना नं.3– नातेदारी संबंधों में शिथिलता आई है सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई है। (दृष्टव्य तालिका न. 3)

परिकल्पना नं.5–पारिवारिक नियन्त्रण में कमी आई है सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई हैं।

परिकल्पना नं.6– विवाह विच्छेद की प्रवृत्ति वढ़ी है। सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई है। (दृष्टव्य तालिका न. 6)

निष्कर्ष एवं सुझाव – महिलाओं को पारिवारिक व्यवस्था की धुरी माना जाता है क्योंकि इनके बिना परिवार सम्बन्धी अवधारणा एक कल्पना मात्र है। वर्तमान समय मे आपसी सांमजस्य के अभाव में अधिकांश महिलाएँ आवेदन लेकर पुलिस या परिवार परामर्श केन्द्र पहुँचती है। परिवार परामर्श केन्द्र में कांउसलिंग के लिए आए आवेदन पत्र में मुख्य कारण शक था। विवाह के कुछ समय पश्चात् ही पति – पत्नी एक दूसरे पर शक करने लगे , आर्थिक तंगी, मोबाइल वाट्सअप फेसबुक का अत्यधिक प्रयोग किया जाना शराब , घरेलू हिंसा उत्तारदायी है। परिवार में व्यक्ति का अपना अलग व्यक्तित्व नही होता उसका परिवार में विलय हो जाता है और वह परिवार के कर्ता के आज्ञाओं का अनुसरण करता था किन्तु सयुंक्त परिवार टूटने , व्यक्तिवादिता के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जैन , शोभिता, 'भारत के परिवार, विवाह और नातेदारी', रावत पब्लिकेशन जयपुर 1996
2. Kapadia K.M., " Marriage and family in India. Oxford " University press Bombay.
3. जोशी, गोपी 'भारत में स्त्री असमानता' हिन्दी माध्यम कार्य निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय।
4. आप्टे प्रभा 'भारतीय समाज में नारी', क्लासिक पब्लिशिंग हाउस दिल्ली 1994.
5. Desai Neera , "Women and Society in India ", Sponsored by UNESCO, Regional office, Bangkok 1986.
6. स्टार समाचार पत्र 12 दिसम्बर 2014 पृ0 2

तालिका न.2
आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

क्र.	प्रभाव	न्यादर्शो के अभिमत				योग
		हाँ	नहीं	उदासीन	अनुत्तरित	
1.	पति- पत्नी दोनों का कामकाजी होना तनाव उत्पन्न करता है।	38 (38.00)	50 (50.00)	10 (10.00)	02 (02.00)	100 (100.00)
2.	मनोवृत्ति में सकारात्मक बदलाव	80 (80.00)	15 (15.00)	01 (01.00)	04 (04.00)	100 (100.00)
3.	आपसी विमर्श पश्चात् निर्णय	81 (81.00)	12 (12.00)	03 (03.00)	04 (04.00)	100 (100.00)
4.	प्रस्थिति एवं भूमिका में बदलाव	71 (71.00)	20 (20.00)	04 (04.00)	05 (05.00)	100 (100.00)
5.	परिवारिक स्थिति में सुधार	92 (92.00)	05 (05.00)	02 (02.00)	01 (01.00)	100 (100.00)

तालिका नं. 3
धूम्रपान/मदिरापान का संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव

क्र.	प्रभाव	न्यादर्शो के अभिमत				योग
		हाँ	नहीं	उदासीन	अनुत्तरित	
1	तनावग्रस्त संबंध	94 (94.00)	03 (03.00)	02 (02.00)	01 (01.00)	100 (100.00)
2	अवसाद की स्थिति	65 (65.00)	15 (15.00)	15 (15.00)	05 (05.00)	100 (100.00)
3	आपसी विमर्श पश्चात् निर्णय	48 (48.00)	51 (51.00)	00 (00.00)	04 (04.00)	100 (100.00)

तालिका न. 4
पारिवारिक विखराव – निर्देशित उत्तरदाताओं के अनुसार अभिमत

क्रं	पड़ने वाला प्रभाव	न्यादर्शो के अभिमत				योग
		हाँ	नहीं	उदासीन	अनुत्तरित	
1.	विवाह की सांस्कारिक प्रवृत्ति में ह्रास	80 (80.00)	10 (10.00)	03 (03.00)	07 (07.00)	100 (100.00)
2.	पारिवारिक नियन्त्रण में कमी	70 (70.00)	28 (28.00)	02 (02.00)	00 (00.00)	100 (100.00)
3.	नातेदारी सम्बन्धों में शिथिलता	60 (60.00)	25 (25.00)	10 (10.00)	05 (05.00)	100 (100.00)
4.	चारित्रिक पतन	30 (30.00)	58 (58.00)	12 (12.00)	–	100 (100.00)
5.	परस्पर प्रतिद्वंद्विता की भावना का प्रकार	60 (60.00)	38 (38.00)	02 (02.00)	–	100 (100.00)
6.	घरेलू हिंसा	59 (59.00)	27 (27.00)	10 (10.00)	04 (04.00)	100 (100.00)
7.	आर्थिक तंगी	62 (62.00)	25 (25.00)	10 (10.00))	03 (03.00)	100 (100.00)

****

डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय एवं जातिविहीन समतामूलक समाज

डॉ. मनोज वानखेड़े *

शोध सारांश – डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर 20वीं शताब्दी के एक श्रेष्ठ चिंतक , दूरदर्शी, यजस्वी वक्ता ओजस्वी लेखक तथा भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे। उन्होंने अस्पृश्यता के विरूद्ध एक पराक्रमी योद्धा की भांति संग्राम कर दीन–हीनों दलितों की सामाजिक व्यवस्था सुधारने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आप भारत के उच्चतम विद्धानों में से एक थे। 'मानव मानव में असमानता और सामाजिक आर्थिक विषमताओं ने आपके मन में कड़वाहट भर दी थी।' आप चाहते थे कि जो वर्ग सदियों से पीसता चला आ रहा है वह ऊपर उठे और इसके लिए उन्हें पर्याप्त अवसर प्राप्त हो। दलित वर्ग को आप देश के अन्य नागरिको के समक्ष लाना चाहते थे और यह भी चाहते थे कि जो लोग इस वर्ग के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार है उनमें सद्बुद्धि आए। डॉ. अम्बेडकर ने दलितोत्थान के लिये अपना जीवन समर्पित किया था। इसलिए आपको '**दलितों का मसीहा', भारत का लिकंन और मार्टिन लूथर, बीसवीं सदी का बोधिसत्व** कहा जाता है।

शब्द कुंजी – समाज में दीन–हीनों तथा दलितों के सामाजिक व्यवस्था सुधारने एवं शिक्षा के द्धार परिवर्तन लाना।

प्रस्तावना – डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन परिचय (सन् 1891–1956)बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्म इंदौर के पास महू छावनी में एक महार परिवार में 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था। सन् 1900 में आप सतारा (महाराष्ट्र) के सरकारी हाईस्कुल में प्रथम कक्षा में भर्ती हुए।

भीमराव जी का जन्म एक ऐसे समाज में हुआ था जहॉ अस्पृश्यता का रोग गहरी जड़े जमाये हुए था, जिसके भुक्तभोगी वे स्वयं थे और पूरा हरिजन समाज था।सन् 1904 में भीमराव जी ने बंबई के एलिफिस्टन हाईस्कुल में प्रवेश लिया। 1907 में हाईस्कुल की परीक्षा उत्तीर्ण की जो अपने आप में एक अद्भुत घटना थी। सन् 1912 में अपने अंग्रेजी और फारसी विषय से बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की।

बी.ए. के पश्चात आपने बड़ौदा सरकार में नौकरी कर ली, पर हरिजन होने के कारण अपमान ने इनका पीछा यहाँ भी नहीं छोड़ा। भीमराव जी पहले छात्र थे जो किसी विदेशी विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने गये थे। जून 1915 में आपको प्राचीन भारतीय व्यापार थीसिस पर एम.ए. की डिग्री प्राप्त हुई। सन् 1916में आपने पी–एच.डी. के लिये थीसिस प्रस्तुत की जिसका शीर्षक था '**नेशनल डिविडेण्ड फार इंडिया' – ए हिस्टोरिक फाइनेन्स इन ब्रिटिश इण्डिया'**। जुलाई 1917 में बड़ौदा महाराज द्धारा छात्रवृति देना बंद करने से आप भारत लौट आये।1918 में आपकी नियुक्ति बंबई के सीडेनहम कालेज में राजनैतिक अर्थव्यवस्था के प्राध्यापक के पद पर हुई। 11 नवबंर 1918 से 11 मार्च 1920 तक कॉलेज में काम करने के बाद आप पुन:कानून और अर्थशास्त्र के अध्ययन हेतु लंदन चले गये। सन् 1923 में आपने डी.एस–सी. अर्थशास्त्र के लिये– 'द प्रोब्लम ऑफ द रूपी, इटस ओरिजन एण्ड इटस सोल्यूशन' थीसिस प्रस्तुत की।

सन् 1923 में आपने वकालात आरम्भ की और साथ ही दलितोंद्धार का कार्य भी प्रारंभ किया। स्वंतत्र भारत में आपको संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। 3 अगस्त 1949 को भारत सरकार के विधि मंत्री बने और हिन्दू कोड बिल बनाया। 14 अक्टूबंर 1956 को आपने 5 लाख दलितों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण कर धर्म परिवर्तन किया और 6 दिसंबर 1956 को आपका निधन हो गया।

आपकी महत्वपूर्ण रचनाए –

1. The Untouchable - Who are they.
2. Who are shudra.
3. What Congress and Gandhi have done for the untouchables.
4. Antifilation of caste.
5. State and Minorities.
6. Emancipation of the untouchables.
7. Thoughts of Linguistic State.
8. Pakistan or partition of india.
9. Gospel of Buddha.

दलित समस्या एवं उसके निराकरण के संबध में डॉ. आम्बेडकर का निम्न चार स्थापनाएँ थी।

1. एक सामाजिक यथार्थ के रूप में दलित समस्या के अस्तित्व की स्वीकारोक्ति बाबा साहेब आम्बेडकर की पहली स्थापना थी।
2. आम्बेडकर की दूसरी स्थापना थी कि दलितों की निर्योग्यता एवं उनकी हीन स्थिति कोई आकस्मिक या ईश्वरीय घटना नहीं है।यह सामाजिक ऐतिहासिक कारणों की देन है। यह ब्राहाणों की सोची–समझी साजिश का परिणाम है। (आम्बेडकर, 1948)
3. आम्बेडकर की तीसरी स्थापना थी कि अस्पृशयता सहित दलितों की विभिन्न निर्योग्यताओं का उन्मूलन संभव है।

हालांकि जातिभेद और छुआछूत को समाप्त करने का प्रयास प्राय: सभी युगों में हुआ किन्तु सफलता नहीं मिली। आम्बेडकर ने इसके दो मुख्य कारण बताये: एक तो लोगों का शास्त्रों में विश्वास और दूसरा समाज का श्रेणीबद्ध असमानता के सिद्धांत पर गठन। हिन्दू समाज में श्रेणीबद्ध असमानता के नियम के तहत सबसे निम्न जाति को छोड़कर प्रत्येक जाति किसी न किसी जाति से अपने को उच्च मानती है। इसके चलते प्रत्येक जाति अपने से ऊपर की जातियों के साथ समानता की बात तो करती है किन्तु जब अपने से नीचे की जातियों को समानता देने की बात आती है तो मुकर जाती

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

है। इसीलिये जब तक हिन्दू समाज में जाति भेद बना हुआ है। छुआछूत का उन्मूलन अथवा दलित समस्या का निराकरण संभव नहीं है।

4. चौथी समस्या के रूप में आम्बेडकर ने दलित समस्या के उन्मूलन के उपाय बताये।

दलित समस्या के निराकरण के लिये डॉ. आम्बेडकर द्वारा दलितों को जो उपाय सुझाये गये उनमें मुख्य निम्न है।

1. शहरी क्षेत्रों में बसना।
2. लौकिक व्यवसाय अपनाना
3. एक राजनैतिक इकाई के रूप में एकजुट होना।
4. राजनैतिक शक्ति प्राप्त करना।
5. सवैंधानिक ढाँचे के अंतर्गत राजनैतिक पहल करना।
6. स्वावलंबी बनना एवं अपनी उन्नति के लिये स्वयं प्रयास करना।
7. संघर्ष, समझौता एवं सौदेबाजी की रणनीति अपनाना।
8. दीक्षा लेना।

राजनीति में भागीदारी –डॉ. आम्बेडकर का दृढ विश्वास था कि सामाजिक और आर्थिक अधिकार तब तक प्रभावकारी नहीं हो सकते जब तक कि दलितों को शासन में भागीदारी प्राप्त नही होती। दलितों एवं श्रमिकों को राजनैतिक शक्ति के रूप में संगठित करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुये आम्बेडकर ने य इण्डिपेण्डेन्ट लेबर पार्टी (1936) का गठन किया आगे चलकर उनके निर्देशो पर दलितो विशेष रूप से आम्बेडकरवादियों ने य भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के झण्डे तले अपना राजनैतिक मोर्चा संभाला। डॉ. आम्बेडकर की मृत्यु के पश्चात नेतृत्व की लड़ाई तथा आपसी फूट के कारण यह दल कुछ ही वर्षो में बिखर गया। (सिहं1986:83)

राष्ट्रीय आंदोलन में दलितों की बढ़ती हुई शक्ति – शनै: शनै डॉ. आम्बेडकर की हिन्दुओं से सामाजिक एवं राजनैतिक दूरी बढ़ती गई। अखिल भारतीय दलित वर्ग के नागपुर अधिवेशन को संबोधित करते हुये डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि एक समय था जबकि हिन्दू समाज के अभिन्न अंग के रूप में समानता की प्राप्ति के लिये हमने प्रयास किया, किन्तु अब हमारे आंदोलन का लक्ष्य मूलत: बदल गया है। अब हम राष्ट्रीय जीवन में पृथक तत्व के रूप में हिन्दुओं के समक्ष बराबर के स्तर पर खडे है। (आम्बेडकर , 1979 स: 138)

संविधान की प्रारूप समिति एवं कानून मंत्री के रूप में कार्य – आगे चलकर राष्ट्रीय आंदोलन की बढ़ती हुई शक्ति तथा अंग्रेजों द्वारा सत्ता के हस्तांतरण की संभावनाओं को देखते हुये डॉ. आम्बेडकर ने दलितो के लिये पृथक निर्वाचन संबधी अपनी मॉग पर आगे संघर्ष करने के बजाय दलितों के लिये आरक्षण एवं कतिपय विशेष रियायतें प्रदान किये जाने संबधी गाँधी की पेशकश को स्वीकार करते हुये संयुक्त निर्वाचन व्यवस्था को मान लिया। गाँधी और आम्बेडकर के बीच हुये इस ऐतिहासिक समझौते को पूना पैक्ट (1932) के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं गॉधी, नेहरू, पटेल, एवं कांग्रेसी नेताओं से लम्बे समय तक विरोध के बावजूद स्वाधीनतोपरांत डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा, संविधान की प्रारूप समिति तथा कानून मंत्री के रूप में उनके साथ कार्य करना स्वीकार किया।

डॉ. आम्बेडकर को अंग्रेजों से अतंत: बहुत निराशा हुई। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हिन्दू , मुस्लिम और सिक्ख इन्हीं तीन जातियों को राजनैतिक सत्ता सौंपने का निश्चय किया। दलितों को अधबीच में छोड़ दिया। उन्हें कहीं का नहीं रखा। अंग्रेजों से मिली निराशा के बावजूद डॉ. आम्बेडकर ने साहस नहीं छोड़ा। उन्होंने राजनैतिक परिवेश एवं सत्ता समीकरण में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुये अपनी रणनीति को बदलना उचित समझा। उनका कहना था कि हमारे लोगों में एकता नहीं है। अत: सत्ता एवं राजनीति में परिवर्तन के साथ दलितों को अपनी रणनीति में भी परिवर्तन करना चाहिये।।

डॉ. आम्बेडकर (1980:81) का कहना था कि –'यह समय कांग्रेस के साथ सघंर्ष करने का नहीं है' हम जितना चाहते थे उतना भले न मिला हो किन्तु कांग्रेस के साथ सहयोग करने से हमें काफी कुछ प्राप्त हो गया है। मुझे जब यह प्रतीत होगा कि सरकार में रहने से कोई लाभ नहीं है तो मैं निकल आउँगा। कांग्रेस को सदस्य न मै कभी बना और न बनना चाहता हूँ । मै कांग्रेस टिकट पर चुना नही गया। कांग्रेस से निमंत्रण मिलने पर में बिना शर्त मंत्रिमंडल में सम्मिलित हुआ।

डॉ. आम्बेडकर (संद. कीर, 1981) ने दलितों को सलाह दी कि वे कांग्रेस के निकट नहीं आये। अपना पृथक अस्तित्व एवं संगठन रखे अन्यथा कीचड़ की भॉति उन्हे कांग्रेस रूपी सागर समा लेगा। जहॉ तक उनका स्वयं का प्रश्न है उनका कहना था कि – 'मैं एक पत्थर हूँ। मुझे पचाना कांग्रेस के लिए संभव नहीं है ।' डॉ. आम्बेडकर ने दलितों को सावधान किया कि बालिग मताधिकार ने सत्ता जनता के हाथों में सौप दी है। यदि दलित और पिछडे वर्ग के लोग एक हो जाये तो राजनैतिक शक्ति पर कब्जा कर सकते है।(आम्बेडकर 1980:82)

आम्बेडकर अच्छी तरह जानते थे कि उल्लेखनीय संख्या में होने के बावजूद भी दलितों की संघर्ष शक्ति कमजोर है। एक तो बिखरे हुये है। दूसरे, अशिक्षित अंधविश्वास एवं गरीब है, किन्तु लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत दलित यदि सही रणनीति अपनाते है तो अपनी संख्यात्मक शक्ति के सहारे वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये अधिक नहीं तो कम से कम दबाव समूह के रूप में प्रभावकारी संघर्ष अवश्य कर सकते है। इसीलिये उन्होंने दलितों के लक्ष्यों की पूर्ति के लिये लोकतांत्रिक प्रणाली और संवैधानिक मार्ग का चुनाव किया तथा संघर्ष एवं समझौता की रणनीति अपनाई।

अस्पृश्यता का अंत कर दिया गया। व्यक्ति को, न कि जाति, वंश या धर्म को राज्य की ईकाई माना गया। दलितों का सामाजिक निर्योग्यताओं को ध्यान में रखते हुये उन्हें संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण व सुविधाये प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया। संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत संवैधानिक आधार प्रदान करके संविधान ने दलितों को सामाजिक–आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के बावजूद राजनैतिक आधार पर अपने हितों को सुरक्षित रखने में पूर्णत: सक्षम बना दिया।(सिहं 1986 : 85–86)

समान नागरिक अधिकारों की स्थापना, संवैधानिक सरंक्षण तथा आरक्षण एवं विशेष सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो चुकने के उपरान्त डॉ. आम्बेडकर के सम्मुख सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य जो शेष रह गया था वह था दलितों को मानसिक एवं आध्यात्मिक मुक्ति प्रदान किये जाने का। उनका सोचना था कि जब तक मानसिक दासता से दलितों को मुक्ति नहीं मिलती तब तक भौतिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है। भौतिक लक्ष्य साधन है। यद्यपि वे जीवन में निरापद भी है तथापि मानसिक एवं आध्यात्मिक दासता से मुक्ति के अभाव में भौतिक प्रगति कभी स्थायी नहीं हो सकती।

धर्म परिवर्तन – हिन्दू धर्म छोड़ने का निर्णय डॉ. आम्बेडकर ने बहुत पहले कर लिया था। 13 अक्टूम्बर 1935 को येवला में दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा था कि 'दुर्भाग्य से में हिन्दू पैदा हुआ यह मेरे बस की बात नहीं थी, किन्तु हिन्दू धर्म की अपमानजनक एवं शर्मनाक स्थिति में रहने से इंकार करना मेरी शक्ति सीमा में है। मै आपको विश्वास

दिलाता हूँ कि मैं हिन्दू के रूप में नहीं मरूँगा। (आम्बेडकर, 1981:8)

धर्म परिवर्तन संबधी येवला की महार कांग्रेस की सिफारिश पर आम दलित समाज में कटु प्रतिक्रिया हुई। इस युग के अधिकांश दलित नेता गाँधी के साथ थे। उन्हें गाँधी के समाज सुधार और हरिजनोद्धार कार्यक्रम पर पूरा भरोसा था। उनका मानना था कि थोड़े ही समय में दलितों को आज इतनी स्वतंत्रता हासिल हो गई है कि वे स्वेच्छा से सवर्ण हिन्दुओं के रीति-रिवाज, संस्कार, पूजा-पाठ, रहन-सहन तथा नाम-उपनाम अपना सकते है। जहॉ उन्हें सवर्ण मंदिरों में प्रवेश मिलने लगा है वहीं उन्होंने अपने मंदिर भी निर्मित किये है जिनमें वे स्वतंत्रता पूर्वक पूजा-पाठ करते है।

धर्म परिवर्तन संबधी डॉ. आम्बेडकर के उपर्युक्त व्याख्यान पर तत्कालीन दलित नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उनका कहना था कि येवला की एक सभा में एक जिले के थोड़े से महारों की उपस्थिति में दलितों के प्रवक्ता के रूप में डॉ. आम्बेडकर को दलितों के लिये धर्म परिवर्तन की सिफारिश करने का कोई अधिकार नहीं है। जब डॉ. आम्बेडकर ने हिन्दु समाज में सुधार लाने के लिये स्वयं कोई उल्लेखनीय प्रयत्य नहीं किया तो उन्हें यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि हिन्दू समाज सुधार से परे है। वास्तव में किसी की आलोचना करना और आंदोलन करना एक बात है और सामाजिक सुधार के लिये रचनात्मक प्रयास करना दूसरी बात है। पहला आसान है। दूसरा कठिन है। (सिहं, 1986-102)

गाँधी ने डॉ. आम्बेडकर के धर्म परिवर्तन संबधी निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण निरूपित किया विशेष रूप से तब जबकि अस्पृश्यता मृत प्राय: है। गॉधी (संद कीर, 1981:254) का कहना था कि धर्म का संबध व्यक्ति की आत्मा से न कि शरीर से। धर्म कोई मकान या घड़ी नहीं है। जिसे मनचाहे बदला जा सकता है।

डॉ. आम्बेडकर का धर्म परिवर्तन संबधी निर्णय कोई जल्दबाजी में उठाया गया राजनैतिक कदम या सौदेबाजी पर आधारित कोई राजनैतिक कथन नही था। यह एक सोचा-समझा सामाजिक निश्चय था। डॉ. आम्बेडकर अपनी धुन और निश्चय के पक्के थे। विगत दो दशकों में उन्होंने दलितो की आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग ढूँढं लिया था। मृत्यु के थोड़े दिन पूर्व 14 अक्टूम्बर 1956 को डॉ. आम्बेडकर ने नागपुर में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। उनका दृढ़ विश्वास था कि विश्व में बौद्ध धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो मानव को सामाजिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक दासता से मुक्ति प्रदान करता है

निष्कर्ष – डॉ. अम्बेडकर कठिन परिश्रम और कठोर संघर्ष के बल पर धीरे-धीरे प्रगति की ओर अग्रसर हुए थे परन्तु वे इस कटु सत्य से अवगत थे कि जब तक वे अछूत समझे जाते रहेंगे, समाज में उन्हें उचित स्थान नहीं मिलेगा। उन्होंने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास का गहन अध्ययन किया किया और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि हिन्दु धर्म के चतुवर्ण से उपजी अस्पृश्यता ही तथाकथित दलित वर्ग के पिछड़ेपन का मूल कारण है। देश से जब तक इस अस्पृश्यता को मिटाया नहीं जाता है, सामाजिक समानता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। समाज में व्यक्ति-व्यक्ति के मध्य भेदभाव से सामाजिक न्याय की अवधारणा अधूरी रहती है। डॉ. अम्बेडकर ने अपने सम्पूर्ण जीवन में दलित वर्ग को सशक्त बनाने का प्रयास किया। इसके लिये आपने असपृश्यता का विरोध करने के साथ ही साथ दलित वर्ग के लोगों में अपने अधिकरों के प्रति जागृति लाने का प्रयास भी किया। गॉधी जी ने उनके बारे में कहा था- 'भविष्य में डॉ. अम्बेडकर के नाम के साथ चाहे किसी भी विशेषण का प्रयोग हो, ने एक ऐसे व्यक्ति है जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता।'

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. चंचरीक कन्हैयालाल : भारत में दलित आंदोलन एक मूल्याकंन : सृष्टि बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स नई दिल्ली 2006 पृष्ठ क्र.115
2. चंचरीक के.एल. एवं : भारतीय दलित जाति कोष : यूनिवर्सिटी पब्किेशन्स नई दिल्ली,पृष्ठ क्र.154प्रसाद सरोज
3. दीक्षित ध्रुव समाजशास्त्र शिवलाल अग्रवाल एण्ड कंपनी, इन्दौर, पृष्ठ क्र.189,190
4. दत्त, डॉ. महेश्वर : गॉधी अम्बेडकर और दलित : राधा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली 2005

****

बालश्रम – एक सामाजिक समस्या (मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के विशेष संदर्भ में एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)

सुमन सिंह *

प्रस्तावना – देश के प्रत्येक बच्चे की आँखों में आने वाले भारत के उज्जवल भविष्य का सपना देखता हूँ।

पं. जवाहरलाल नेहरू

कृति – डिस्कवरी ऑफ इंडिया

बच्चे किसी भी देश का भावी संसाधन व उसका भविष्य होते हैं। 'यूनीसेफ' भी अपनी रिपोर्टों में बच्चों को महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में स्वीकार कर इस बात पर बल देता रहा है, कि मानवीय संसाधनों में निवेश या मानव संसाधन निर्माण की प्रत्येक दीर्घकालीन योजना बच्चों से ही प्रारंभ की जानी चाहिए। क्योंकि आज के बच्चे ही कल का भविष्य है। भारत के 01 से 14 वर्ष के बच्चे देश की कुल जनसंख्या का एक तिहाई हिस्सा है। प्रत्येक बच्चे को अपने विकास के लिए जो अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए वह अधिकांश भारतीय बच्चों के पास मौजूद नहीं है। मुख्यत: अधिकांश बच्चों को परिवार के सदस्यों का पेट पालने के लिए कच्ची उम्र में ही जोखिमपूर्ण व कमरतोड़ कामों में झोंक दिया जाता है। जहाँ पर इन बच्चों का जमकर शारीरिक व मानसिक शोषण किया जाता है।

प्रो. वेनहेगन ने लिखा है, कि वह कार्य जो पैसे कमाने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा किया जाता है, बाल श्रम कहलाता है। मजदूरी मुद्रा के रूप में वह भुगतान है जो समझौते के अनुसार एक स्वामी अपने सेवक को उसकी सेवाओं के बदले देता है परन्तु यही मजदूरी किसी बच्चे या बालक अथवा बालिका को मुद्रा के रूप में भुगतान की जाती है जो उसके द्वारा किये गये कार्य के अनुसार होता है। साधारण बोलचाल की भाषा में श्रम का अभिप्राय चेष्टा से होता है जो कि किसी कार्य को करने हेतु की जाती है। यह चेष्टा चाहे पैसा कमाने की हो या स्वास्थ्य वर्धन या स्नेह के कारण इसे श्रम ही कहेंगे। यह श्रम का व्यापक अर्थ है। बाल श्रम (बाल मजदूरी) निषेध अधिनियम–1986 के अनुसार बच्चे की परिभाषा – वह जो 14 साल से कम उम्र का हो, किसी उद्योग, कारखाने या खान आदि में मानसिक या शारीरिक श्रम करता हो। यह 14 वर्ष से कम आयु के श्रमिक, बाल श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। संक्षिप्त में यही कहा जा सकता है कि वह बालक/बालिका जो अपने या परिवार के भरण पोषण में लगा हो को बालश्रमिक कहलाता है।

बालश्रम समस्या का स्वरूप – श्री वी.वी. गिरी ने ठीक लिखा है कि बाल श्रमिक शब्द की व्याख्या सामान्यत: दो प्रकार से की जा सकती है।

1. आर्थिक व्यवसाय के रूप में, 2. सामाजिक अभिशाप के रूप में।

प्रथम संदर्भ में बाल श्रमिक आर्थिक क्षेत्र में रोजगार को दर्शाता है। इससे परिवार की आय बढ़ती है। दूसरे संदर्भ में बाल श्रमिक उन बुराइयों तथा शोषणों की अभिव्यक्ति है जो बालकों को रोजगार में लगाने के कारण पनपते हैं। आधुनिक समय में बाल श्रम शब्द सामाजिक बुराइयों को ही बताता है। बाल श्रम का उपयोग सामान्यत: बुरा नहीं है। परन्तु जिन परिस्थितियों एवं नि:शर्तों पर उन्हें काम पर लगाया जाता है वह बुरा है। इस आशय की एक कहावत है कि 'बचपन' में काम करना बुराई व राष्ट्रीय अपव्यय भी है। सामाजिक अच्छाई अथवा बुराई से हमारा आशय यह है कि जब तक किसी वस्तु का न्यायोचित उपयोग होता है तब तक वह सामाजिक अच्छाई कहलाती है किन्तु जब उसका दुरूपयोग होने लगता है तब वह सामाजिक बुराई का कारण बनती है। किन्तु जब व्यक्तिगत लाभ की दृष्टि से बेचारे नन्हे मुन्ने बच्चों का शोषण होने लगता है तो कोई भी उसे स्वीकार नहीं कर सकता। बच्चों का श्रम उनके स्वास्थ्य से प्रत्यक्ष संबंध रखता है जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास रूक जाता है।

बाल श्रमिक कौन – बाल श्रमिकों के मानक पर विश्व में मतैव्य नहीं है। भारत के संविधान के अनुच्छेद–24 के अनुसार, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी फैक्ट्री, खनन कार्य या किसी जोखिम वाले काम में नहीं लगाया जा सकता है। बाल मजदूरी निषेध अधिनियम–1986 के अनुसार वह बालक या बालिका जो 14 वर्ष से कम का हो बच्चा कहलाएगा, जबकि भारतीय जनगणना आयोग के अनुसार काम का तात्पर्य है – किसी आर्थिक उत्पादन क्रिया में भागीदारी। अत: किसी उद्योग, कारखाने, होटल, ढाबा आदि में कार्यरत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे बाल श्रमिक कहलाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, 15 वर्ष तक के श्रमिक को बाल मजदूर माना जाता है। अमरीकी संविधान के अनुसार, 12 वर्ष तथा ब्रिटेन में 13 वर्ष तक के श्रमिकों को बाल श्रमिक माना जाता है।

भारत में बाल श्रमिकों की स्थिति – बालश्रम का व्यापक विस्तार, भारत के अनियमित क्षेत्रों की पहचान बन चुका है। भारत में काम करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार यहाँ कम से कम 9 करोड़ बाल श्रमिक हैं। हॉलाकि कुछ गैर सरकारी संगठन बाल श्रमिकों की संख्या इससे अधिक बता रहे हैं। भारत की वर्तमान जनसंख्या लगभग 1.22 बिलियन है। देश में 5–14 वर्ष की आयु वर्ग के श्रमिकों का भाग कुल जनसंख्या का 5% है। इस आयु वर्ग में मात्र 14.07% बच्चों को ही स्कूल जाने का मौका मिल पाता है। 5–14 वर्ष के श्रमिकों की अधिकतम संख्या 'मिजोरम' में है जो कुल जनसंख्या का 12.34% है तथा न्यूनतम संख्या 'लक्ष्यद्वीप' में है जो कि कुल आबादी का 0.19% है चौकाने वाली बात यह है कि भारत में कुल कार्यबल का 11% हिस्सा बच्चे हैं।

बालश्रम के प्रमुख कारण – बालश्रम का मुख्य कारण गरीबी, बेरोजगारी व अशिक्षा है। व्यापारियों को 'बाल श्रमिकों' से सहज और सस्ता साधन कहीं नहीं मिलता। उन्हें मजदूरी भी कम देनी पड़ती है व काम एक वयस्क मजदूर जितना मिल जाता है। बालश्रम का सबसे घिनौना रूप बाल वेश्यावृत्ति है। एक अध्ययन के अनुसार 15% वेशयाएँ 15 वर्ष से कम उम्र में ही वेश्यावृत्ति के पेशे में आ जाती हैं। बालश्रम एक सामाजिक, आर्थिक समस्या भी है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा के साथ–साथ जागरूकता का अभाव, जनसंख्या विस्फोट आदि बालश्रम के मुख्य कारण हैं। अशिक्षित अभिभावक

*शोधार्थी (समाजशास्त्र) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शिक्षा के महत्व को न समझकर उन्हें कम उम्र में ही काम पर लगा देते हैं।

बालश्रम के उन्मूलन के लिए कानूनों का प्रभावी रूप से लागू न हो पाना भी इस समस्या के लगातार विस्तार का एक प्रभावी कारण है। सरकारी व गैर सरकारी तौर पर किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि माचिस, पटाखा, फैक्ट्री, हानिकारक रासायनिक कारखाने, बीड़ी कारखाने, कालीन उद्योग, चूड़ी शीशा उद्योग आदि के फैक्ट्रियों में विस्फोट सामाग्री कानून तथा श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जाता है। कुछ सर्वे यह दर्शाते हैं कि प्रबन्धकों के पास 8 से 10 वर्ष तक के बालकों के आयु संबंधी फर्जी प्रमाण-पत्र उपलब्ध रहते हैं। जिनमें उन्हें 15 वर्ष से अधिक आयु का दिखाया गया होता है। इतना ही नहीं कानूनी नियमों से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के हथकण्डे अपनाए जाते हैं जिसमें घूस देना जैसे भ्रष्ट तरीके भी शामिल है। बाल श्रमिकों का होना ही अधिनियम व प्रावधानों में बरती जाने वाली लापरवाही स्वयं सिद्ध करता है। बालश्रम के लिए हमारा सामाजिक ढ़ाँचा भी जिम्मेदार है जिसमें निम्नवर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को मजदूरी विरासत में मिलती है। इसके अलावा पारिवारिक सदस्यों को नशाखोरी की आदत, रूढ़िवाली रीति-रिवाज, बुरी संगत व पारिवारिक तनाव भी बाल मजदूरी के प्रमुख कारण हैं।

विषय का चुनाव – विषय का चुनाव समस्या के साथ अध्ययनकर्ता का वह प्रथम स्पर्श है जिसके द्वारा समस्या अध्ययनकर्ता के सामने खुलकर आ जाती है। वैसे तो विभिन्न समाजशास्त्रियों ने विभिन्न शोधार्थियों ने भिन्न-भिन्न सामाजिक समस्याओं का भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से अध्ययन किया है लेकिन प्रस्तुत शोध कार्य इक्कीसवी सदी के द्वितीय दशक (2011-2020) के वर्तमान समय वर्ष 2016 में बहुत अधिक समसामायिक प्रासंगिक, चिंतनीय विषय पर आधारित है। वर्ष 2014 में मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के सामाजिक कार्यकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नोबल शांति पुरस्कार बालश्रम उन्मूलन की दिशा में किये जा रहे उनके अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के लिए मिला है।

प्रस्तुत शोध विषय में बाल श्रमिकों/लड़कों, लड़कियों के पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन पर पड़ रहे प्रभावों का तथा इस विषय से जुड़े अन्य व्यक्तियों, संस्थाओं तथा विभिन्न स्तरों पर हो रहे प्रयासों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषणात्मक अध्ययन करने का प्रयत्न किया है। बालश्रम को रोकने हेतु स्वयं जागरूक होने तथा समाजशास्त्र विषय की विधार्थी होने के नाते भी इस विषय का चुनाव अपने शोध विषय के रूप में किया है।

बालश्रम के विषय में समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, पुस्तकों, टी.वी. चैनलों एवं अन्य जनसंचार माध्यमों से वर्तमान में इतना प्रचार प्रसार किया जा रहा है कि अब लोग बालश्रम रोकने हेतु अपनी जागरूकता दिखाने लगे हैं। धीरे-धीरे बालश्रम के नकारात्मक परिणाम सामने आने से यह सामाजिक समस्या सर्वविदित होती जा रही है। वर्ष 1986 में अधिनियम बनाकर इसे रोकने हेतु प्रयास भी किये जा रहे है और कुछ हद तक शासकीय, अशासकीय, निजी संस्थानों के विभिन्न प्रयासों में कुछ में सफलता भी मिली है लेकिन वह नगण्य है। इस सामाजिक समस्या के उन्मूलन संबंधित विषय में अभी तक पूर्ण सफलता नहीं मिल सकी है। आम लोग यदि बालश्रम के प्रति अपनी समझ, मानसिकता, संवेदनशीलता एवं जन जागरूकता का हिस्सा बढ़ा सकें तो शायद इस रोग से हमेशा के लिए छुटकारा या निजात पाई जा सकती है।

संदर्भित साहित्य का पुनरावलोकन – संदर्भित साहित्य से तात्पर्य अनुसंधान की समस्या से संबंधित पुन सभी प्रकार की पुस्तकों, ज्ञान कोषों, पत्र-पत्रिकाओं, प्रकाशित तथा अप्रकाशित शोध प्रबंधों एवं अभिलेखों आदि से है जिनके अध्ययन से अनुसंधानकर्ता को अपनी समस्या के चयन परिकल्पनाओं के निर्माण तथा अध्ययन की रूपरेखा तैयार करने एवं शोध कार्य को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है।

समाजशास्त्री गुडबाय - स्कैट्स के अनुसार – एक कुशल चिकित्सक के लिये यह परम आवश्यक है कि वह अपने कार्य क्षेत्र में हो रही औषधि विज्ञान संबंधी आधुनिकता खोजों से लगातार परिचित होता रहे। ठीक उसी प्रकार शिक्षा के विज्ञान छात्र अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने वाले तथा अनुसंधानकर्ता के लिए भी उसी शोध सेवा से संबंधित पूर्व में हुए शोध संबंधित आवश्यक जानकारियाँ, शोध आँकड़े तथा वर्तमान समय वर्ष 2016 में प्राप्त हो रही नई सूचनाओं एवं तथ्यों से परिचित होना परम आवश्यक है।

समाजशास्त्रीय विद्धानों ने साहित्य सर्वेक्षण के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए लिखा है कि संदर्भित साहित्य का पुनरावलोकन शोध समस्या के समुचित समाधान एवं ठोस निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं। इससे समस्या के हल एवं अनुसंधान संबंधित सही विधि एवं सुझाव भी प्राप्त होते हैं। इससे अनुसंधानात्मक के ज्ञान कोष में वृद्धि होती है तथा शोध कार्य पुनरावृत्ति पर रोक भी लगती है।

संदर्भित प्रमुख साहित्य –

1. श्री मृदुल कुमार वर्मा (2011) ने अपने शोध के अन्तर्गत यह उल्लेख किया है, कि आर्थिक पिछड़ापन, गरीबी, बेरोजगारी एवं अशिक्षा के कारण बालश्रम समस्या जन्म लेती है।
2. विवेक भदौरिया तथा विकास गोरे, इलाहाबाद विश्वविद्यालय (2012) ने अपने शोध कार्य में बताया है, कि बाल श्रम का अभिप्राय बच्चों से कुटीर उद्योग या लघु उद्योग या ठेके पर कार्य कराकर उनसे काम के बदले उन्हें कुछ आर्थिक लाभ देकर उनका शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी तथा आर्थिक शोषण करना है।
3. राम आहूजा, सामाजिक समस्या (2013) में लिखा है कि पूरे विश्व में बाल श्रमिकों की संख्या लगभग 25 करोड़ से अधिक है। भारत में बाल श्रमिकों की संख्या लगभग 6 करोड़ से अधिक है। यह कृषि कार्य, काँच उद्योग, चूड़ी उद्योग, पैकिंग कार्य, मोटर गैरेज, ढ़ाबे, होटली, घरेलू नौकरों के रूप में लगे हैं।
4. श्री अतुल कर्णिक (एसोसिएशन) ऑफ वालेन्ट्री एजेन्सी फॉर प्लानिंग एण्ड डेवलपमेंट (अवाई) (2014) के अनुसार बाल श्रमिकों की समस्या पर इन्दौर शहर में सर्वेक्षण करने पर कई चौकानें वाले तथ्य सामने लाये हैं। इन बाल श्रमिकों की आयु 6-10 वर्ष तक है। अधिकतर निरक्षर हैं। स्कूल जाना बंद कर दिया है। कार्य अवधि भी 6-10 घंटे प्रतिदिन होती है। आय 500 रू. से 2000 रू. प्रतिमाह तक होती है। म.प्र. के अकेले इन्दौर शहर में कम से कम दस हजार बाल मजदूर कार्यरत हैं।
5. एस.के. चौधरी (2008) ने अपने शोध कार्य में बाल श्रमिकों की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के उपरांत निष्कर्ष के तौर पर बताया कि बाल श्रम रूपी सामाजिक समस्या का उन्मूलन मुख्य रूप से श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इस समस्या पर पूर्ण नियंत्रण पाया जा सकता है।
6. श्रीमती इन्दिरा वर्मन तथा नीलू पंवार ने अपने शोध 'बालश्रम भारतीय समाज में अभिशाप' रिसर्च जर्नल ऑफ आर्टस, सोशल साईंस में बताया है कि बाल श्रमिक की व्याख्या दो प्रकार से की जा सकती है - A) आर्थिक व्यवसाय के रूप में, B) सामाजिक अभिशाप के रूप में।
7. जे.सी. कुलश्रेष्ठ (1980) चाईल्ड लेबर इन मुरादाबाद मेटलवेयरर इण्डस्ट्रीज, नई दिल्ली ने अपने अध्ययन में लिखा है कि वैधानिक

संरक्षण प्राप्त होने के बाद भी इस प्रकार के शोषण को समाज स्वीकारता है। यह सर्वाधिक चिंतनीय तथ्य है।

8. प्रतिभा कल्याणी (फरवरी 2015) ने अपने सामाजिक लेख – 'बालश्रम–मानवता के नाम पर कलंक' प्रतियागिता दर्पण मासिक पत्रिका में अपने अध्ययन निष्कर्ष के आधार पर लिखा है कि, 'बालश्रम का सबसे घिनौना रूप बाल वेश्यावृत्ति' है। देश में 17.15% वेश्याएँ 15 वर्ष से कम उम्र में ही वेश्यावृत्ति के पेशे में आ गई हैं। बालश्रम बालिकाओं के लिए एक सामाजिक आर्थिक समस्या है।
9. देवेन्द्र पटले – औद्योगिक विकास के साथ बाल श्रम की समस्या, कुरुक्षेत्र मासिक पत्रिका, नवंबर 2000, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार बालश्रम का बढ़ता प्रतिशत – परिवार, समाज, प्रांत, राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर संकट बन रहा है।
10. डॉ. मुकेश कुमार वर्मा (2009) शोध – प्रबंध बाल मजदूरों का बदहाल बचपन, कुरूक्षेत्र पत्रिका के अनुसार जिन बच्चों पर देश के भविष्य की नींव टिकी है, उनकी नींव ही खुद कमजोर हो तो वे राष्ट्र की जटिल विकास प्रक्रिया का बोझ कैसे उठा पायेंगे ?
11. प्रोफेसर–समाजशास्त्र ए.के. जैन तथा निशा जैन (2010), 'बालश्रम एक गंभीर समस्या' रिसर्च जर्नल के अध्ययन अनुसार, पढ़ने, लिखने एवं खाने, खेलने, कूदने की उम्र में फूलों के समान सुकोमल प्यारे अवयस्क बच्चों को अर्थ उपार्जन हेतु माता–पिता द्वारा काम पर भेजने तथा सेवायोजकों द्वारा बालश्रम के सस्तेपन एवं सरल नियमों का लाभ और विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों से छूट के कारण बच्चों (बालकों, बालिकाओं) को विभिन्न शारीरिक कार्यों में जोड़ना, लगाना, कार्य करवाना ही बालश्रम कहलाता है।
12. ब्रह्म एवं गुप्ता (2009), 'औद्योगिकीकरण' के बढ़ते तीव्र वेग ने बालश्रमिकों की समस्या' को जन्म दिया है।

प्रस्तुत शोध विषय के उद्देश्य – बाल श्रम किसी क्षेत्र विशेष, जाति विशेष या स्थान विशेष की समस्या नहीं है। यह सार्वभौमिक समस्या है। इसका स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला, तहसील, ग्राम तक विस्तृत है। प्रभाव संबंधित प्रस्तुत शोध अध्ययन विषय 'बाल श्रमिकों की वर्तमान प्रस्थिति एवं परिवर्तन प्रतिमान' के समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

1. बाल श्रमिकों की पारिवारिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. बाल श्रमिकों की सामाजिक स्थिति का अध्ययन करना।
3. बालश्रम से उत्पन्न होने वाले विभिन्न दुष्परिणामों का अध्ययन करना।

शोध विषय की उपकल्पनाएँ – उपकल्पना दो शब्दों उप + कल्पना के योग से बना है जिसका तात्पर्य है पूर्व चिंतन। उपकल्पना इस बात का वर्णन करती है कि हम क्या देखना चाहते हैं? उपकल्पना भविष्य की ओर देखती है। यह एक तर्कपूर्ण वाक्य है जिसकी वैधता की परीक्षा भी की जा सकती है। उपकल्पना शोध समस्या संबंधित ऐसा विचार है जो अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और जिस विचार को केन्द्र बिन्दु मानकर अध्ययनकर्ता बार–बार उसी की ओर मुड़कर शोध तथ्य संकलन हेतु प्रेरणा प्राप्त करता है। प्रस्तुत शोध कार्य को पूर्णता प्रदान करने हेतु यह उपकल्पना बनाई कि–

1. बालश्रम का परिवार रूपी प्राथमिक संस्था पर बहुत अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।
2. बाल श्रम का मानव समाज पर बहुत अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।
3. बाल श्रमिक विभिन्न प्रकार के शोषणों का शिकार हो रहे हैं।

पद्धति शास्त्र (Methodology) – नई–नई जानकारियों एवं आँकड़ों को प्राप्त करने का एक व्यवस्थित तरीका है शोध। शोध कार्य को संपादित करने हेतु एक निश्चित पद्धति शास्त्र (मेथेडोलॉजी) का उपयोग किया जाता है। प्रस्तुत शोध कार्य में दैव निदर्शन (Random Sampling) विधि का उपयोग किया गया है। इसमें लाटरी पद्धति से चयन इकाईयों को चुना गया है। अध्ययन क्षेत्र – संपूर्ण जिला इन्दौर, इन्दौर जिले में निवासरत सभी बाल श्रमिक अध्ययन का समग्र है।

साक्षात्कार अनुसूची – शोध इकाईयो का चयन करने के उपरांत साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से आमने–सामने की स्थिति में बैठकर प्रत्यक्ष साक्षात्कार अनुसूची भरवाकर शोध कार्य पूर्ण किया गया है।

समंक (डॉटा) संकलन के स्त्रोत – प्रस्तुत शोध कार्य के लिए समंकों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों से किया गया है। **प्राथमिक तथ्य संकलन–** साक्षात्कार अनुसूची। **द्वितीयक तथ्य संकलन–** शोध संबंधित पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित विभिन्न सरकारी रिपोर्ट, गैर सरकारी संगठनो (NGO's) की अध्ययन व शोध सामग्री, शोध विषय सर्वेक्षणों की रिपोर्ट, पूर्व सम्पन्न अध्ययनों तथा कम्प्यूटर, इंटरनेट पर उपलब्ध विभिन्न वेबसाइटों का अध्ययन कर जानकारियाँ, प्रभाव तथा महत्वपूर्ण आँकड़े संग्रहित किये गये हैं। जिससे बालश्रम का परिवार एव समाज पर पड़ रहे प्रभावों से संबंधित विस्तृत विश्लेषणात्मक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन शोध कार्य पूर्ण किया गया है।

प्राप्त निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध कार्य को सम्पन्न करके प्राप्त निष्कर्ष निम्नानुसार है

1. अधिकतम बाल श्रमिक 6 से 14 वर्ष की आयु समूह के पाये गये हैं।
2. 80 प्रतिशत से अधिक बाल श्रमिक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पाये गये हैं।
3. लगभग 94.5 प्रतिशत बाल श्रमिक गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले हैं।
4. बाल श्रमिकों का शैक्षणिक स्तर – लगभग 35 प्रतिशत निरक्षर, 50 प्रतिशत पाँचवी पास पाये गये।
5. बाल श्रमिकों में कई बच्चे भिक्षावृत्ति कर पेट भरते हुए पाये गये इससे बाल श्रम निषेध कानून के साथ ही भिक्षावृत्ति निषेध कानून का उल्लंघन पाया गया।
6. माता – पिता का शैक्षणिक स्तर बहुत कम पाया गया।
7. बच्चों में शिक्षा के प्रति आकर्षण कम। जो इन बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक सिद्ध हो रहा है।
8. पारिवारिक आय 2000 से 4000 के मध्य है। बाल श्रमिकों के अधिकतर परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं।
9. बाल श्रमिकों के व्यवसाय के बारे में जानकारी प्राप्त हुई कि अधिकतर बाल श्रमिक होटलों, गैरेजों, घरों, फुटकर सामान बेचने का काम करते हैं।
10. लगभग 62 प्रतिशत बाल श्रमिकों के बड़े/छोटे भाई–बहन भी बाल श्रमिक काम कर रहे हैं।
11. प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक कार्य करते हैं, मजदूरी बहुत कम मिलती है।
12. अधिकतर बाल श्रमिक एक ही प्रकार के कार्य में पिछले 2–4 वर्षों से लगे हैं, इनका मालिक इन्हें आसानी से नहीं छोड़ता है।
13. अधिकतर बाल श्रमिकों को पाउच खाने, गुटका खाने, वाईटनर सूंघने, शराब पीने की आदत है, जो इनकी सेहत पर खराब असर डालती है।
14. इन बाल श्रमिकों में से 86 प्रतिशत को पारिवारिक विघटन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।
15. 92 प्रतिशत बाल श्रमिकों की सामाजिक स्थिति निम्न स्तरीय पाई गई है।
16. बाल श्रमिकों का सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक शोषण लगातार

हो रहा है।

प्रमुख सुझाव –

1. बाल श्रम निषेध अधिनियम–1986 का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित किया जाना सर्वाधिक प्रासंगिक होगा।
2. बाल श्रमिकों के लिये विशेष पाठशालाओं की व्यवस्था की जानी चाहिये।
3. शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों जो विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिये निर्मित की गई है उसका अधिकतम इन बाल श्रमिकों को मिलना चाहिये।
4. इन श्रमिकों के परिवारों के लिये गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये।
5. बाल श्रमिकों में भिक्षावृत्ति रोकने के लिये कड़े कदम उठाये जाना चाहिये।
6. बाल श्रमिकों के माता–पिता से सतत् सम्पर्क करके उन्हें बाल श्रम के हानिकारक, दुष्परिणामों से अवगत कराना चाहिये।
7. बाल श्रमिकों जिसमें विशेषतौर पर बालिकाओं को व्यवसायिक, शैक्षणिक, लघु कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जाना प्रासंगिक होगा।
8. बाल श्रमिकों को उचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है, अत: इनमें आपराधिक प्रवृत्ति भी पनप रही है। इसे रोकने हेतु इन्हें पर्याप्त मार्गदर्शन, उचित परामर्श प्रदान किया जाना उल्लेखनीय होगा।
9. संतुलित व सही भोजन न मिलने पर इन बाल श्रमिकों में कई बार कुपोषण की स्थिति भी निर्मित होती है जिससे इनका विकास अवरूद्ध होता है, अत: इस दिशा में भी सही कदम उठाना जरूरी है।
10. धुम्रपान एवं नशाखोरी रोकने के लिये इन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाना चाहिये।
11. प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य रूप से शिक्षा दी जानी चाहिये।
12. गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले इन बाल श्रमिकों को रोजगार प्राप्ति हेतु घरेलू स्तर पर, लघु कुटीर उद्योगों, व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार प्राप्ति की दिशा में सहायता प्रदान करना सर्वाधिक प्रासंगिक होगा।

प्रस्तुत शोध अध्ययन का महत्व – इस शोध विषय की सामाजिक प्रासंगिकता वर्तमान समय वर्ष–2016 में बहुत अधिक है। बाल श्रम वर्तमान समय की एक गंभीर सामाजिक समस्या बनता जा रहा है। यह समसामायिकी से भी जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। इस शोध कार्य में बाल श्रमिकों की पारिवारिक तथा सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। वर्तमान में जब हमारी सामाजिक सांस्कृतिक संरचना संक्रमण के एक नये दौर से गुजर रही है। बढ़ती हुई जनसंख्या वृद्धि, उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण, महंगाई, पिता का शराबी होना, नशा करना, शिक्षा से दूरी, बच्चों का स्कूल न जा पाना आदि का सम्मिलित परिणाम है– बालश्रम की समस्या का उत्पन्न होना। बालश्रम शोध विषय की सामाजिक, सांस्कृतिक प्रासंगिकता वर्तमान समय वर्ष 2016 में बहुत अधिक है। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के श्री कैलाश सत्यार्थी जी को नोबल शांति पुरस्कार वर्ष–2014 में बालश्रम उन्मूलन, बचपन बचाओ अभियान पर किये गये उल्लेखनीय एवं श्रेष्ठ कार्यों हेतु प्रदान किया गया है।

प्रस्तुत शोध विषय में अध्ययन का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। संदर्भित सभी साहित्य का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि इस विषय से संबंधित अधिकांश शोध कार्य केवल होटलों में, गैरेजों में कार्य करने वाले बाल श्रमिकों पर ही हुऐ हैं।

उपरोक्त इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर इन्दौर जिले में रहने वाले बाल श्रमिकों को केन्द्र बिन्दु मानकर वर्तमान शोध कार्य सम्पन्न किया गया है। साथ ही इस शोध कार्य में यह भी जानने का प्रयास किया गया कि यह बालश्रमिक अब क्या सोचते हैं ? यह लोग वर्तमान प्रयासों से कुछ ज्ञान अर्जित कर रहे हैं या नहीं। संबंधित तथ्यों के साथ शोधकर्ता स्वयं एक समाजशास्त्र विषय का विधार्थी है अत: उसके मन में भी शोध संबंधी जिज्ञासा है। इन्हीं विशेष तथ्यों को ध्यान में रखकर शोधकर्ता द्वारा वर्तमान शोधकार्य सम्पन्न किया गया है जिससे बाल श्रमिक बनने के प्रमुख कारणों, इसके पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का विस्तृत अध्ययन करके उसके निराकरण हेतु क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं? क्या प्रयत्न किये जा सकते हैं ? आदि ज्ञात किये गये हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए यह विश्लेषणात्मक समाजशास्त्रीय समग्र अध्ययन शोधकार्य सम्पन्न किया जा गया है। आज आवश्यकता है मिलजुलकर समन्वित प्रयास करने की जिससे इस बालश्रम रूपी सामाजिक समस्या का पूर्ण उन्मूलन करके मानवता व अमूल्य बाल माननीय जीवन को बचाया जा सके। यह शोध कार्य भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ – सामाजिक शोध व सांख्यिकीय, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण, 2009, पृ.क्र.–27
2. गुप्ता, प्रो. एम.एल., शर्मा, डॉ. डी.डी. – सामाजिक समस्याएँ, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, संस्करण, 2010, पृ.क्र.–729
3. पाण्डेय, एस.एस. – समाजशास्त्र, अनुसंधान पद्धतियाँ एवं विश्लेषण, टाटा मैक्ग्रहिल बुक्स कम्पनी, न्यूयार्क, 1952, पृ.क्र.–209
4. अग्रवाल, जी.के., पाण्डेय, एस.एस. – सामाजिक शोध एवं सांख्यिकीय, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, संस्करण, 2012, पृ.क्र.–12, 13
5. रस्तोगी, विनोद कुमार, लेख – भारत में बालश्रम नियति और नीति, बाल श्रम – पत्रिका–योजना विशेष अंक।
6. मिश्र, डॉ. लक्ष्मीधर – भारत में बाल मजदूर, नाजुक बचपन मुश्किल जिम्मेदारी, नईदुनिया समाचार पत्र।
7. आहूजा, राम – सामाजिक समस्याएँ, संस्करण 1997।
8. देवेन्द्र, के. पटले : औद्योगिक विकास के साथ बाल श्रम की समस्या, कुरूक्षेत्र, वर्ष–2000, माह नवम्बर, प्रकाशन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रमुख मासिक पत्रिका।
9. शर्मा, डॉ. मुकेश कुमार, 2005 – बाल मजदूरों का बदहाल बचपन, कुरूक्षेत्र पत्रिका, पृ.क्र.–4
10. कल्याणी, प्रतिभा – बालश्रम – मानवता के नाम पर कलंक, सामाजिक लेख – प्रतियोगिता दर्पण, फरवरी, 2015, पृ.क्र.–100, 101
11. कुलश्रेष्ठ, जे.सी. (1999) – चाइल्ड लेबर इन मुरादाबाद मेटल इंडस्ट्री, द इकोनोमिक टाइम्स, नई दिल्ली।
12. नईदुनिया, पत्रिका, रोजगार समाचार, द हिन्दू, जनसत्ता, समाचार पत्रों से प्राप्त शोध विषय संबंधित अति महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री।

****

सोशल मीड़िया का समाज पर प्रभाव (महाविद्यालयीन छात्राओं के अध्ययन पर आधारित)

डॉ. राजश्री शाह *

प्रस्तावना – भूमण्डलीकरण के इस युग में सोशल मीड़िया ने मानव जाति को अपने व्यापक प्रभाव में समेट लिया हैं। आज का एक क्षण भी सोशल मीड़िया और इन्टरनेट के बिना व्यतीत नहीं होता हैं। सोशल नेटवर्किंग दुनिया भर में इन्टरनेट पर होने वाली प्रमुख गतिविधी बनती जा रहीं हैं। यह संचार माध्यम का एक तरीका हैं। इसके माध्यम से समाज को परम्परागत प्रतीकों का अर्थ बदला हैं हमारी नई पीढ़ी इन प्रतीकों को वास्तविक रूप से ग्रहण कर रही हैं।

सोशल नेटवर्किंग साइट्स संचार व सूचना का सशक्त माध्यम हैं। इसके माध्यम से ज्ञान विज्ञान, साहित्य, संगीत, कला, ज्योतिषी, शिक्षा आदि से संबंधित अनेक जानकारियों का आदान प्रदान भी किया जा सकता हैं उनके विचार देश और दुनिया के हर कोने तक पहुँचते हैं। किसी भी 'चेट ग्रुप्स' के माध्यम से अपने विचारों पर वाद-विवाद करते हैं। खुलकर राय प्रकट करते हैं। वस्तुत: सोशल मीड़िया परस्पर संवाद का वेब आधारित एक ऐसा गतिशील मंच हैं। आज दुनिया भर में अपनी सुविधा अपनी परिस्थितियों के माध्यम से सोशल साइट्स का इस्तेमाल किया जा रहा हैं इस परिवर्तनशील युग में फेसबुक, टविट्र, हाइक, यू-ट्यूब, विकिपीड़िया, फोरम, रेडिट आदि सभी सूचनाओं की प्राप्ति के सशक्त माध्यम हैं। ब्लॉग पर की गई पोस्ट ट्विटर की ट्विट तथा फेसबुक पर पोस्ट अथवा स्टेटस के फोलोर्वस बढ़ते जा रहें हैं, निकट भविष्य में तो और इसके व्यापक विस्तार की संभावनाएँ हैं।

विभिन्न पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने हेतु 1994 में पहला सोशल मीड़िया जी ओ साइट के रूप में सामने आया। इसका मात्र उद्देश्य अपने विचारों का आदान-प्रदान करना था। आज फेसबुक, ट्विटर, लंकइन, पिंटरेस्ट, माय स्पेस, ओरकुट जैसी अनेक सोशल साइट्स ने समाज को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया हैं। विभीन्न धर्म और समुदाय के लोगों द्वारा अपने विचारों के आदान प्रदान हेतु सोशल साइट्स का निर्माण किया जा रहा हैं। सोशल मीड़िया से समाज में वैश्विक समाज में परिवर्तित हुआ हैं। यह वह मंच हैं जब हर व्यक्ति अपनी बात को अपने विचार को दुसरों के सामने रख सकता हैं और दुसरो से बाते भी कर सकता हैं।

1. **अध्ययन का उद्देश्य** -

(अ) सोशल मीड़िया की प्रगति एवं उसके महत्व को समझना।

(ब) सोशल मीड़िया का समाज पर प्रभाव पर जानना।

2. **अध्ययन क्षेत्र** - शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम की अध्ययनरत् 50 छात्राओं का चयन प्रतिदर्श हेतु किया गया।

3. **अध्ययन विधि –** प्रस्तुत विषय पर अध्ययन के लिए छात्राओं से साक्षात्कार द्वारा प्राथमिक आंकड़ो का संकलन किया छात्राओं से संचार माध्यम फेसबुक, गुगल, याहू, यू-ट्यूब ट्विटर आदि के उपयोग व विस्तार की जानकारी चाही गई।

द्वितीय संमक स्त्रोत पत्र-पत्रिकाओं, किताबे, इंटरनेट से जुड़ी वेबसाइट्स का अध्ययन किया गया।

महाविद्यालय में आज अधिंकाश छात्राएँ वाट्सएप, फेसबुक, इन्सटाग्राम, केन्डी केमरे से सेल्फी लेते हुए अपने दूरभाष यंत्र का उपयोग अपने खाली समय में करते हुए दिखाई देती हैं। इससे विदित होता हैं कि आज प्रत्येक व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हैं।

बच्चे पढ़ाई करते वक्त अपने अध्ययन से संबंधित साइट्स का प्रयोग करते है इससे सोशल साइट्स का प्रभाव को जानने की इच्छा जागृत हुई।

4. **उपकल्पना –**

(अ) महाविद्यालय छात्राओं के द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स का प्रयोग करना।

(ब) सोशल मीड़िया के बुरे प्रभाव से छात्राएँ प्रभावित हैं।

छात्राओं से साक्षात्कार के दौरान विदित हुआ हैं कि महाविद्यालय द्वारा छात्राएँ सोशल मीड़िया का उपयोग अपने तरीके से करती हैं तथा सोशल मीड़िया में फेसबुक, व्हाट्स एप, इंस्टाग्राम का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करती हैं। अधिकाशं छात्राएँ फेसबुक का उपयोग अपनी सूचनाओं का आदान प्रदान हेतु करती हैं। ट्विटर पर छात्राएँ अपने विचार कम रखती हैं।

ट्विटर, फेसबुक का प्रयोग उत्तरदाताओं द्वारा साहित्यिक और अकादमिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना होता हैं। पारिवारिक संबंधो एवं मित्रता में निरन्तरता बनी रहे इस हेतु भी सोशल साइट्स का उपयोग किया जाता हैं।

योग, नारी विमर्श, बाल विमर्श आदि सबकुछ सोशल मीड़िया में हैं। छात्राओं को इससे लाभ भी प्राप्त करती हैं। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतिर्स्पधाएँ जैसे वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता किसी महापुरूष की जयन्ति से संबंधित साहित्य नेट से प्राप्त कर लेते हैं।

निष्कर्ष – इस प्रकार से स्पष्ट हैं कि व्यक्ति अपने-अपने तरीकों से सोशल नेटवर्किंग का प्रयोग करते हैं। और विभिन्न घटनाओं पर डिबेट रखते हैं। वीड़ियो कान्फ्रेन्सींग की सहायता से छात्राओं को शिक्षा अकादमिक गतिविधि, साहित्य आदि की जानकारी प्राप्त होने के साथ पुराने मित्रों, रिश्तेदारों से संबंध बनाते हैं। आज इस भौतिकवादी युग में अपने मित्रों, परिजनों से मिलने के लिए किसी के पास समय नहीं हैं अत: ऐसी स्थिति में सोशल नेटवर्किंग ही रिश्तों की सदृढ़ता बनाये रखने में एक सशक्त माध्यम हैं। सोशलमीड़िया से जहाँ एक तरफ सहभागिता बढ़ी हैं, घर बैठे व्यक्तियों को विश्व की सुलभ जानकारी प्राप्त हुई हैं वही दूसरी ओर युवा वर्ग में आज इसके दुष्प्रभाव भी दिखाई दे रहा हैं। बच्चे घरों में, छात्राएँ आज कक्ष में उपस्थित न होकर मोबाईल का प्रयोग करते हुए देखी जाती हैं। कभी-कभी

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

गलत फ्रेंडशिप, गलत जानकारी, ब्लैकमेल एवं डिप्रेशन की समस्याएँ युवा वर्ग में देखी जाती हैं।

सुझाव – सोशल नेटवर्किंग साइट्स आज एक स्टेट्स बन चुका हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि हम मीड़िया से क्या अपेक्षा रखे। माता–पिता बच्चों के प्रति कितने जवाबदेही हैं बच्चा इसका प्रयोग किस हद तक कर रहा हैं कई गलत रास्ते तो उनके मार्ग में नहीं हैं। आदि सभी जानकारी हो और सोशल नेटवर्क का प्रयोग अपनी सीमा में हो तो यह बच्चों को सोशल भी बना सकती है और एकांकी भी।

तालिका क्रंमाक – 1

सोशल मीड़िया का प्रयोग

प्रयोग के कारण	संख्या	प्रतिशत
विषय अध्ययन एवं प्रतियोगी	40	80
मनोरंजन हेतु	8	16
अन्य कारक हेतु	02	04
	50	100

उपयुर्क्त तालिका से स्पष्ट हैं कि 80 प्रतिशत उत्तरदाता विषय अध्ययन प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु सोशल नेट का प्रयोग करते हैं। मात्र 16 प्रतिशत उत्तरदाता मनोरजंन हेतु एवं 4 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य कारक जैसे स्वास्थय, योग, घरेलू कार्य, कुकिं रेसेपी के लिये कार्य करती हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में उत्तरदाता से मिडिया से मिड़िया के दुष्प्रभाव को जानने का भी प्रयास किया गया हैं जो निम्न तालिका से स्पष्ट होता हैं।

तालिका क्रंमाक – 2

सोशल मीड़िया के दुष्प्रभाव से परिचित

स्थिति	संख्या	प्रतिशत
हाँ	50	100
नहीं	00	00

शत प्रतिशत उत्तरदाता सोशल मीड़िया के दुष्प्रभाव से परिचित हैं। इसलिए उत्तरदाता नियन्त्रण में रहकर ही नेट का प्रयोग करती है। उत्तरदाताओं के अनुसार नेट वाट्सएप एक आदतन प्रक्रिया बन सकती हैं यह एक प्रकार का नशा हैं यदि एक बार इसका प्रयोग किया तो घंटो इसी पर बैठे रहना अच्छा लगता हैं। इसलिए बहुत ही सोच समझकर इनका प्रयोग सीमा में किया जाता हैं।

इसी संदर्भ में उत्तरदाताओं के साक्षात्कार के दौरान विदित हुआ हैं कि मीड़िया व्यक्ति विकास के लिए उचित हैं इसका नियन्त्रण में उपयोग किया जाए तो।

तालिका क्रंमाक – 3

उत्तरदाताओं द्वारा सोशल मीड़िया का प्रयोग

मीड़िया का प्रयोग	संख्या	प्रतिशत
हाँ	30	60
नहीं	20	40
	50	100

उपयुर्क्त तालिका से स्पष्ट हैं कि 60 प्रतिशत छात्राएँ आजकल सोशल मीड़िया से जुड़ी हैं और 40 प्रतिशत इनका उपयोग नहीं करती हैं।

निष्कर्ष – इस प्रकार अध्ययन से स्पष्ट हैं कि आज के समय में बच्चे–बुढे सभी सोशल मीड़िया से जुडे हैं। इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों परिणाम सामने दिखाई देते हैं। कई बार प्रेरणात्मक सन्देश प्राप्त होते है इसमें कई मेसेज कहानी या फोटो के रूप में होते हैं। इसमें धर्म विशेष या किसी महापुरूषों की अच्छी बाते समाहित होती हैं सोशल नेटवर्क से सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती हैं किसी भी विषय के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाती हैं। सोशल मीड़िया का सबसे बड़ा फायदा गुमशुदा लोगों को खोजने में हुआ हैं।

नकारात्मक दृष्टिकोण से देखे तो इससे व्यक्तिगत एवं सामाजिक नुकसान होता हैं जैसे अश्लील सामग्री का पोस्ट होना बेतुके कमेंट, साम्प्रदायिक मेसेज, अनेक बार बच्चे बिना सोचे समझे कुछ भी लिख दिया जाता हैं। अश्लील मजाके की जाती हैं। जिनसे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं।

सुझाव–

1. सोशल मीड़िया का उपयोग बहुत ज्यादा नहीं करना (देर रात तक तो बिल्कुल उपयोग नहीं करना)।
2. रिक्वेस्ट भेजने वाले से सवाल पूछना कि वह आपका दोस्त क्यों बनना चाहता हैं।
3. प्रोफाइल पर जाकर म्यूचल फ्रेंडस या फोलोवर्स ट्विटर पर देखना अगर कामन फ्रेंडस है तो उसकी जानकारी होना।
4. प्रोफाइल फोटो को गुगल पर इमेज सर्च कर जानना चाहिये कि वह वास्तविक फोटो हैं।
5. रिक्वेस्ट भेजने वाले की फ्रेंड सूची चेक करना।
6. वॉल चेककर कई अश्लील सामग्री पोस्ट नहीं हुई हों।
7. यदि किसी भी प्रकार से अनहोनी होती हैं तो छिपाये नहीं अपने घर, परिवार, मित्रों रिश्तेदारों को बताये। धैर्य रखें। इसका समाधान उनके माध्यम से हो सकता हैं।
8. फेक अंकाउट से बचना चाहियें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. छात्राओं से प्राप्त सर्वेक्षण पर आधारित।
2. पत्र पत्रिकाओं के आधार पर।

****

'एच.आई.वी./एड्स और जागरूकता' (खरगोन जिले के सनावद तहसील के संदर्भ में)

आशीष नीलकंठ *

शोध सारांश – एच.आई.वी./एड्स दुनिया के कोने-कोने में फैल चुका है तथा इससे हर आयु वर्ग के व्यक्ति के जीवन को गंभीर ख़तरा पैदा हो गया है। एच.आई.वी./एड्स केवल स्वस्थ्यगत समस्या ही नहीं है एक सामाजिक आर्थिक समस्या भी है। यह अर्थ व्यवस्था और अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए भी समस्या उत्पन्न कर रहा है। प्रस्तुत शोध-पत्र में एच.आई.वी./एड्स से व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों इसके रोकथाम व नियत्रंण में कार्यरत विभिन्न संस्थाऐं एवं उनका समन्वय तथा समाज में एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता के स्तर को ज्ञात करने का प्रयास किया गया है।

शब्द कुंजी – पानडेमिक –सार्वभौमिक व्यापक क्षेत्रों में हुई महामारी, एस.टी.डी. – यौन संचरित रोग।

प्रस्तावना – एड्स जो कि मानव जाति के सबसे भयंकर रोगों में से एक है यह विश्व के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में एक महामारी (पानडेनिक) के रूप में फैल चुका है और प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक खतरा बन चुका है। यह अब एक गंभीर सामाजिक, आर्थिक और जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभरा है। एड्स अपना शिकार बनाने में आयु , लिंग, व्यवसाय और धर्म, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक, शैक्षिणक और पारिवारिक स्थिति के बीच कोई भेदभाव नहीं बरतता। आज विश्व में लगभग 4 करोड़ लोग एच.आई.वी/एड्स से ग्रस्त है और अकेले भारत में लगभग 24 लाख लोगों को एच.आई.वी/एड्स है। एच.आई.वी/एड्स से सक्रंमित लोगों के अलावा बहुत से लोग जैसे एच.आई.वी/एड्स सक्रंमित लोगों के परिवार ऐसे है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस महामारी से प्रभावित है। इस संदर्भ में यह बात उल्लेखनीय है कि एच.आई.वी/एड्स 20-45 वर्ष समूह के आर्थिक रूप से उत्पादक उन लोगो के बीच सबसे अधिक व्याप्त है जिन लोगो पर अपनी जीविका और गुजर-बसर के लिए कई परिवार निर्भर है समय की मांग है कि सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाऐं और समुदाय मिलकर इस रोग के प्रति जागरूकता लाकर नियमित करने का प्रयास तीव्रता से करें।

उद्देश्य –

1. एच.आई.वी./एड्स को जानना।
2. एच.आई.वी./एड्स के नियंत्रण में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं को ज्ञात करना।
3. एच.आई.वी./एड्स रोग के विषय में समाज में जागरूकता के स्तर को ज्ञात करना।
4. एच.आई.वी./एड्स के नियंत्रण में अंत: क्षेत्रीय समन्वय का अध्ययन करना।

एड्स क्या है ? – एड्स के पहले रोगी की पहचान 1981 में की गई थी। केलिफोर्निया और न्यूयार्क के कुछ चिकित्सकों ने समलिंगीकामी पुरूषों में असामान्य अवसरवादी संक्रमण के लक्षण दिखाई दिये, इन संक्रमणों पर इलाज का कोई असर नहीं दिखाई दिया। इस प्रकार यह रोगी अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकें और अन्तत: उनकी मृत्यु हो गई। इन रोगियों में रोग के सामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिये, जिससे उस समय के वैज्ञानिक परिचित थे। इस प्रकार उनको यह आभास हुआ की उनको अब नये रोग का इलाज करना है इस रोग को 'अक्वायर्ड' इम्यूनो डेफिसेंसी सिंड्रोम (AIDS)का नाम दिया गया।

सेन फ्रांसिस्कों एडबस फाउन्डेशन ने एकोनिम एड्स की व्याख्या इस प्रकार की है –

ए	– एक्वायर्ड यानि अर्जित	–	जन्म के साथ नही।
आई	– इम्यून यानि प्रतिरक्षी	–	शरीर की रक्षा प्रणाली।
डी	– डेफिसेंसी यानि कमी	–	ठीक प्रकार से काम न करना।
एस	– सिड्रोंम यानि लक्षण	–	चिन्हों और लक्षणों का समूह।

एक्वायर्ड यानि आर्जित शब्द का प्रयोग इसलिए किया गया क्योंकि यह रोग न तो अनुवांशिक था और न ही अन्य परिस्थितियों का परिणाम था। दूसरे शब्दों में इसे सामान्य जीवन काल में अर्जित किया गया था। एड्स को फैलाने वाले विषाणु तथा एड्स की प्रथम रिपोर्ट का पता लगाने में कई वर्ष लगे। अब तक सभी मामलों में मानव शरीर में एड्स फैलाने वाले एच.आई.वी. का विकास विनाशकारी रहा है। दूसरे शब्दों में एड्स से पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु अवश्यम्भावी है। यह एक ऐसा रोग है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नष्ट करता है मानव प्रतिरक्षा में कमी करने वाले विषाणु एच.आई.वी. द्वारा शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नष्ट की जाती है।

एच.आई.वी. क्या है ? – एच.आई.वी. अंग्रेजी शब्दों 'हयूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी' वायरस का संक्षिप्त नाम है। हयूमन अथवा मानव संबंधी इसलिए क्योंकि यह रोग केवल मानव में होता है, इम्यूनोंडिफिशिएंसी यानि प्रतिरक्षा संबंधी कमी, इसलिए क्योंकि इसमें व्यक्ति को रोगो से बचाने वाली रोग प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है वायरस यानि विषाणु, इसलिए क्योंकि यह अति सुक्ष्म जीव है, यह प्राणियों के शरीर को अपनी संख्या बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करता है।

एच.आई.वी. की चर्चा सर्वप्रथम सन् 1983 में पेरिस में की गई थी एच.आई.वी. को अब अतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य कर लिया गया है। यह विषाणु प्रतिरक्षा प्रणाली की सहायक टी-कोशिकाओं में प्रवेश करता है कोशिकाओं में यह अनुवांशिक सामग्रियों को नष्ट करता है, इसके द्वारा पहुँचाई गई क्षति स्थायी होती है। शरीर के सभी तरल पदार्थो में सहायक टी-कोशिकाऐं होती है। रक्त वीर्य और योनि स्त्राव में इसकी सान्द्रता अधिक होती है।

* शोधार्थी (समाजकार्य) म. गा.चि. ग्रा. विश्वविद्यालय, चित्रकुट, सतना (म.प्र.) भारत

एड्स शब्द का प्रयोग तब किया जाता है जब रोग काफी बढ़ जाता है और व्यक्ति में एक या अधिक गंभीर सक्रमंण अथवा स्थितियॉ दिखाई देती है।

एच.आई.वी/एड्स के फैलने के मुख्य कारण –

1. एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्पर्क से।
2. एच.आई.वी. संक्रमित रक्त एवं रक्त उत्पाद चढ़ाने से।
3. एच.आई.वी. संक्रमित सूईयों या सिरिंजो के इस्तेमाल से।
4. एच.आई.वी. सक्रंमित गर्भवती माता से उसके होने वाले शिशु को।

एच.आई.वी / एड्स के नियंत्रण में अन्त: क्षेत्रीय समन्वय – एच.आई.वी./ एड्स के नियंत्रण में विभिन्न क्षेत्रों के बीच समन्वय का होना महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभिन्न केन्द्रीय और राज्य सरकार के विभागों, शिक्षा संस्थाओं, स्थानीय निकायों, गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) विश्वास पर आधारित संगठनों और कारपोरेट् निकायों के बीच एच.आई.वी./ एड्स को रोकने तथा नियंत्रण करने के लिए प्रभावी साझेदारी और समन्वय का होना आवश्यक है।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) ने प्रकटीकरण और एच.आई.वी./एड्स से संमंधित मुद्दो को संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ समय-समय पर बैठक करने के लिए कदम उठाए है। गैर-सरकारी संगठनों और अन्य निजी संगठनों (Faith based organizations, FBOs) से कार्यक्रत के प्रबंधन में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। NACO ने समस्या के समाधान के लिए उद्योग जगत से सहायता की भागीदारी को सुनिश्चित किया है। भारतीय उद्योग संघ (Confederation of Indian Industries, CII) फेडरेशन ऑफ चेम्बर कॉमर्स ऑफ इंडिया (FICCI), एसो चेम (ASSOCCHAM) और बंगाल चेम्बर ऑफ कामर्स जैसे, उच्च स्तर के निकायों ने NACO के साथ मिलकर एच.आई.वी/एड्स/एस.टी.डी. निवारण एवं नियंत्रण कार्यो के एकीकरण के लिए सहयोग किया है इसके लिए उन्होंने अपने स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा एवं अन्य विकास कार्यक्रम शुरू किये । टाटा आयरन एवं स्टील कम्पनी, जमशेदपुर ने अपने परिवार कल्याण कार्यक्रम में एच.आई.वी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम के एकीकरण के लिए अग्रणी भूमिका ले रही है।

एच.आई.वी/एड्स केवल स्वास्थ्यगत समस्या ही नहीं है, यह एक सामाजिक आर्थिक समस्या भी है। इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए अन्त: क्षेत्रीय समन्वय भी बहुत जरूरी है। NACO ने अन्य सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संगठनों और व्यापार जगत से इस समस्या के निदान एवं नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में भाग लेने के प्रयास कर रहे है। लेकिन अभी भी हमें भारत में एच.आई.वी/एड्स की रोकथाम करने और नियन्त्रित करने के लिए विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

एच.आई.वी/एड्स की रोकथाम और नियंत्रण में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयास – संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियाँ भारत में एच.आई.वी/एड्स की रोकथाम और नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर भारत सरकार को सक्रिय रूप से सहयोग दे रही है। एच.आई.वी/एड्स की रोकथाम व नियंत्रण के लिए संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न निकायो के काम साथ तालमेल के लिए उत्तरदायी, एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण एजेंसी यू.एन. एड्स है यू.एन एड्स को निम्न प्रकार समझा जा सकता है।

यू.एन. एड्स – एच.आई.वी. की महामारी से सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करने और उन पर कार्य करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने छ: संगठनों को एकत्रित करके एक कदम उठाया और संयुक्त सह प्रायोजित कार्यक्रम प्रारंभ किये।

यू.एन. एड्स सह प्रयोजक – यू.एन. एड्स के सातों सह-प्रयोजक संगठन अकेले संयुक्त रूप से यू.एन. एड्स सचिवालय के साथ मिलकर काम करते हुए इस महामारी से लड़ने के लिए व्यापक अनुभव प्रयास और संगत संसाधन प्रदान करते है। ये सात सह-प्रयोजक संगठन है –

- यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष)
- यू.एन.डी.पी. (संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम)
- यू.एन.एफ.पी.ए (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष)
- यू.एन.डी.सी.पी. (संयुक्त राष्ट्र औषधी (ड्रग) नियंत्रण कार्यक्रम)
- यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन)
- डब्ल्यू एच ओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) और विश्व बैंक

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध-पत्र में शोध अध्ययन पद्धति निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

1. **निदर्शन पद्धति –** नियमित अंकन प्रणाली शोध-पत्र की अध्ययन पद्धति है।
2. **अध्ययन का समग्र –** खरगोन जिले की सनावद तहसील के शासकीय स्नातक महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राऐं अध्ययन का समग्र है।
3. **निदर्शन का आकार –** नियमित अंकन पद्धति के द्वारा सनावद तहसील के शासकीय स्नातक महाविद्यलय में अध्ययनरत् 95 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया है।
4. **निदर्शन की इकाई –** नियमित अंकन प्रणाली के द्वारा चयनित छात्र/छात्राऐं निदर्शन की इकाई है।
5. **तथ्यों का संकलन –** प्राथमिक व द्वितीयक पद्धतियों के माध्यम से किया गया है।
6. **प्राथमिक स्त्रोत –** साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया है।
7. **द्वितीयक स्त्रोत –** किताबें, पत्रिकाऐं, समाचार-पत्र व इंटरनेट के माध्यम से द्वितीयक तथ्यों को एकत्रित किया गया है।

निष्कर्ष –

1. एड्स का पूरा नाम जानने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला की 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिसेंसी सिंड्रोम, 07 प्रतिशत - एक्सट्रा इम्यूनोडेफिसेंसी सिंड्रोम, 23 प्रतिशत एक्वायर्ड इम्यूनों डिफेंस सिंड्रोम, 10 प्रतिशत एक्सट्रा इम्यूनों डिफेंस सिस्टम है।
2. एच.आई.वी. का पूरा नाम जानने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला की 55 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार हयुमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस, 15 प्रतिशत हयुमन इम्यूनो डेफिशिऐंसी वेसल्स, 17 प्रतिशत- हयुमन इन्जेक्ट वायरस, 13 प्रतिशत-हयुमन इन्जेक्ट वेसल्स है।
3. एच.आई.वी. क्या है? का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला कि 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार विषाणु है, 15 प्रतिशत- जीवाणु है, 7 प्रतिशत- कवक है, 3 प्रतिशत उत्तक है।
4. एच.आई.वी./एड्स होने के मुख्य कारण का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला की 87 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार असुरक्षित यौन संबंध, 2 प्रतिशत- नशीली दवाईयों का सेवन, 3 प्रतिशत- रक्त दान करने से, 8 प्रतिशत रक्त ग्रहण करने से।

5. रक्तदान या ग्रहण करते समय किस प्रकार एच.आई.वी./एड्स होने की संभावना होती है का अध्ययन करने पर 28 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि संक्रमित रक्त होने पर, 28 प्रतिशत- संक्रमित सूई का प्रयोग, 47 प्रतिशत- उपरोक्त दोनों से है।
6. गर्भवती महिला के एच.आई.वी./एड्स संक्रमित होने पर शिशु में होने की संभावना का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला की 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार हॉ, 20 प्रतिशत- नहीं होता है।
7. कौन सी वस्तु एच.आई.वी./एड्स फैलने से रोकती है का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला कि 1 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि ताजा भोजन, 0 प्रतिशत- साफ-सुथरे कपड़े, 98 प्रतिशत- कण्डोम, 1 प्रतिशत साफ बर्तन।
8. एच.आई.वी./एड्स संक्रमित व्यक्ति से हाथ या गले मिलने पर एच.आई.वी./एड्स का संक्रमण होने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला कि 11 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि होता है, 89 प्रतिशत- नहीं होता ।
9. शौचालय की सीट और स्नान घर के संयुक्त प्रयोग से एच.आई.वी./एड्स संक्रमित होने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला कि 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि होता है 60 प्रतिशत- नहीं होता ।
10. संक्रमित व्यक्ति के पसीने में एच.आई.वी. के मौजूद होने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला है कि 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि हॉ, 62 प्रतिशत -नहीं।
11. मच्छर के काटने से एच.आई.वी./एड्स होने का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि नहीं होता है।
12. एच.आई.वी./एड्स संक्रमित बालक के साथ खेलने से एच.आई.वी./एड्स के संक्रमण का अध्ययन करने पर यह निष्कर्ष निकला की 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार होता है, 78 प्रतिशत- नहीं होता ।
13. वर्तमान समय में एच.आई.वी./एड्स का इलाज का अध्ययन करने पर यह निष्कर्ष निकला है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि एच.आई.वी./एड्स का इलाज नहीं है।
14. अन्तर्राष्ट्रीय एड्स जागरूकता दिवस की जानकारी का अध्ययन करने पर निष्कर्ष निकला कि 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार 01 नवम्बर, 19 प्रतिशत 01, अक्टूबर, 8 प्रतिशत- 8 मार्च, और 47 प्रतिशत का मानना है कि 01 दिसम्बर को होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. सिंह बीर : एचआईवी स्वास्थ्य और आपका समुदाय: वालंटरी हेल्थ एसोएिशन ऑफ इंडिया: नई दिल्ली।
2. मुखोपाध्याय आलोक: एसटीआईज यौन संचरित संक्रमण: वालंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया: नई दिल्ली।
3. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन: एचआईवी/एड्स तथा यौन संक्रमित रोगो से बचाव एवं नियंत्रण पर परिचारिकाओं हेतु: वालंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली।
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय: एचआईवी/एड्स के मूल तत्व: नई दिल्ली: 2007
5. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय: एचआईवी/एड्स की रोकथाम: सामाजिक नैतिक मुद्दे: नई दिल्ली: 2007

पत्र-पत्रिकाएँ -

1. दैनिक भास्कर, 1 दिसम्बर 2015
2. नई दुनिया, 1 दिसम्बर 2015
3. इंटरनेट ।

****

वनाधिकार कानून और जनजातीय महिलाओं की स्थिति (अलीराजपुर जिले के विशेष संदर्भ में)

प्रो. आई. एस. सस्त्या *

शोध सारांश – देश को आजादी मिलने के साठ साल बाद अर्थात् वर्ष 2006 में वनाश्रित समुदाय के अधिकारों को मान्यता देने के लिए एक कानून पारित किया गया, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत निवासी (वनाधिकारों को मान्यता) कानून, यह कानून बेहद है। यह केवल वनाश्रित समुदाय के अधिकारों को ही मान्यता देने का नहीं, बल्कि देश के जंगलों एवं पर्यावरण को बचाने के लिए वनाश्रित समुदाय के योगदान को भी मान्यता देने का कानून है। इसमें वनभूमि एवं वनों पर महिलाओं के समान अधिकार को मान्यता देने की बात कही गई है, हालांकि कानून के अंदर अभी भी काफी कमियां है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि इस कानून ने समुदाय के वनों के अंदर सामुदायिक अधिकार, जैसे लघु वनोपज एवं अन्य अधिकारों को मान्यता दी है।

महिलाओं के भूमि एवं वन संबंधी अधिकारों को पहली बार स्वीकार करने वाले वनाधिकार कानून ने वनाश्रित समुदायों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय के मद्देनजर उनके कई अधिकारों को मान्यता दी है। इन अधिकारों में महिलाओं की बराबर हिस्सेदारी सुनिश्चित की गई है। महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होना होगा। वनाधिकार कानून को समझना होगा और आम नागरिक समाज को भी उनके समर्थन में आगे आना होगा। आधुनिकता के इस दौर में हम चाहे जितना महिला–पुरूष में गैर बराबरी खत्म हो जाने की बात करते रहे, लेकिन आम समाज की तरह इस रोग के जीवाणु देश में जल, जंगल और जमीन पर लोगों के अधिकारों के संदर्भ में बने कानूनों में भी मौजूद हैं। वनाधिकार कानून आने से पहले जो कानून प्रचलित थे। जब उनमें संबंधित समुदायों को ही उपेक्षित रखा गया तो ऐसे में महिलाओं को अधिकार देने की बात ही बेमानी है। संविधान के अनुच्छेद 14 में महिला और पुरूष के बराबरी के अधिकार को एक बुनियादी अधिकार के रूप में स्थापित किया गया है तथा लिंग के आधार पर किसी भी भेदभाव को गैर संवैधानिक माना गया है, लेकिन जब महिलाओं को जल,जंगल और जमीन का अधिकार देने की बात आती है तो देखने में आता है कि ऐसे तमाम कानूनों में महिलाओं की उपेक्षा ही की गई है। हाल में पारित हुए वनाधिकार कानून को छोड़कर किसी भी कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। महिलाओं के भूमि संबंधी अधिकारों को हमेशा उनकी संपत्ति के सवाल के साथ जोड़कर देखा जाता है, उन्हें सिर्फ पारिवारिक विरासत को लेकर बने कानूनों के आधार पर सीमित अधिकार दिए जाने की बात की जाती है लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे मामलों में भी ज्यादातर उन्हें स्वतंत्र रूप से अधिकार नहीं दिया जाता। कुल मिलाकर जिनसे महिलाओं का सामाजिक–राजनीतिक सशक्तिकरण हो सकता था और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती थी, उन अधिकारों को मान्यता देने में हमारी संसद और सरकारें नाकाम रही है।

शब्द कुंजी – वन रक्षा समिति, वनाधिकार कानून, भूमंडलीकरण, स्व–सहायता समूह।

प्रस्तावना – वनाधिकार कानून और जनजातीय महिलाओं की स्थिति– प्रस्तुत शोध तीन भागों में विभाजित है। प्रथम भाग में प्राकृतिक संसाधन एवं वनोपज तथा जनजातीय महिलाओं की स्थिति को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित किया गया है। दूसरे भाग में अध्ययन के ग्रामों का विश्लेषण किया गया है। इस भाग में आदिवासियों की सामाजिक,आर्थिक पृष्ठभूमि को विश्लेषित किया गया है। अंतिम भाग में अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर कुछ तृणमूल स्तर के सुझावों का प्रतिपादन किया गया है।

वनाधिकार कानून में पहली बार वनों पर महिलाओं के मालिकाना हक की बात कही गई है और व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकारों पर भी महिलाओं के मालिकाना हक को दर्ज करने के कानूनी प्रावधान किए गए हैं,लेकिन वन एवं वन भूमि पर गरीब आदिवासियों का नियंत्रण स्थापित हो जाने के डर के चलते वन विभाग, प्रशासन,राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार ने इन समुदायों को मालिकाना हक देने के लिए अभी तक कोई इच्छा नहीं दिखाई है।

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के शिवालिक जंगलों में घाड़ क्षेत्र की रहने वाली खेतिहर मजदूर महिला सोना खिन्न होकर कहती हैं कि सरकार तो हमें चाहती ही नहीं। यह बयान पिछड़े इलाके में रहने वाली शिक्षा से वंचित एक आम औरत का है, लेकिन यह बयान एक बहुत बड़ी राजनीतिक सच्चाई की मुखर अभिव्यक्ति है।

सरकार इन्हें इसलिए नहीं चाहती, क्योंकि वनाधिकार कानून की मंशा के अनुसार जब जंगल महिलाओं और वंचित समुदायों के मालिकाना हक में आ जाएंगे तो वह बड़ी–बड़ी राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को बड़े पैमाने पर न तो कौड़ियों के दाम वन भूमि उपलब्ध करा पाएगी, न प्राकृतिक संसाधनों को कोई सौदा होगा और न वन विभाग, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं माफियाओं–दलालों आदि को जंगल से किसी तरह की अवैध कमाई हो सकेगी। खास तौर पर वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी बड़े पैमाने पर होने वाली इस अवैध कमाई से सूदखोरी का काम नहीं कर पाएंगे।

आजादी से लेकर अब तक वन विभाग ने महिलाओं एवं समुदाय विशेष का वनों से अलगाव पैदा करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी, इसलिए ऐसा कोई भी कानून, जो वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों पर महिलाओं और समुदाय विशेष के नियंत्रण की बात करता हो, उसे वन विभाग किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देना चाहता। मालूम हो कि वनाधिकार कानून वनों में रहने वाले आदिवासी समुदायों द्वारा पिछले 250 वर्ष से तिलका मांझी,सिदहू कान्हू एवं बिरसा मुंडा आदि के नेतृत्व में लगातार किए जा रहे

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय मनावर (म.प्र.) भारत

संघर्षों का ही नतीजा है, अंतत: संसद को वनाश्रित समुदाय के लिए यह कानून पारित करना पड़ा।

वनाधिकार कानून में महिलाओं के जिन अधिकारों को मान्यता दी गई है,उनका अपना एक महत्व है। अब वनों से संबंधित किसी भी मामले पर केवल पुरूषों का ही एकाधिकार नहीं होगा बल्कि ये अधिकार किसी पुरूष को तभी मिलेंगे जब उसके साथ परिवार की महिला का अधिकार भी दर्ज होगा। अगर कहीं पर एकल महिला है या परिवार की मुखिया महिला है तो भी यह अधिकार उसी के नाम से दर्ज होगा। घटना के संदर्भ में खीरी(उत्तरप्रदेश) में पति के मना करने के बावजूद एक परिवार की महिला मुखिया ने दावा भरा जिसे ग्राम वनाधिकार समिति ने स्वीकार किया। इसी तरह त्रिपुरा में भी कई परिवारों की महिला मुखिया को भूमि पर मालिकाना हक की पासबुक मिली है लेकिन ऐसा तभी होगा जब महिलाएं जागरूक होगी। इससे पहले इस तरह का अधिकार आज तक हमारे देश की महिलाओं को वन भूमि पर कभी नहीं मिला और न जंगल पर अधिकारों की बात तो दूर, महिलाओं द्वारा कृषि कार्यों में 90 प्रतिशत से अधिक योगदान करने के बावजूद आज तक उन्हें किसान होने की मान्यता तक नहीं दी गई। ब्रिटिश शासन से आज तक जितने भी कानून बने हैं वे पुरूष प्रधान ही बनते आये हैं इसलिए वनाधिकार कानून महिलाओं को दृष्टिगत अर्थात् महिलाओं के आंदोलन को देखते हुए बनाया गया है।

मध्य भारत की जनजातियों में टिकाऊपन विकास का इतिहास पुराना है। आदिवासी समुदाय काफी पहले से नदी, पहाड़ों एवं जंगलों में तथा उसके आस-पास रहते थे। ये नैसर्गिक संसाधनों से आत्मीयता एवं मित्रवत् संबंध रखते थे। जनजातियों की आवश्यकताएं अत्यंत सीमित थी और यह स्थिति लगभग अंग्रेजी शासन काल समाप्त होने तक कुछ भिन्नताओं एवं परिवर्तन के साथ बनी रही। इन सीमित आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नैसर्गिक संसाधनों से हुआ करती थी।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध कार्य में जनजातीय महिलाओं पर आर्थिक स्थिति में वनाधिकार कानून के प्रभाव का अध्ययन करने हेतु परिवार की वार्षिक आय, व्यवसाय जंगलों से वनोपज एवं दुधारू पशुओं की उपलब्धता का भी अध्ययन किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य – जीवन के विभिन्न पहलुओं तथा अंत:संबंधों के मध्य यह कहना कठिन होगा कि आदिवासियों का आर्थिक जीवन उनके गैर-आर्थिक क्षेत्र से अलग है। यहाँ यह बताना आवश्यक है कि किस तरह से उनका भौतिक जीवन जिसमें प्रकृति, अर्थव्यवस्था के संसाधन तथा उसके प्रकार, जो कि प्राथमिक स्वरूप के हैं, कैसे उनका तेजी से ह्रास हो रहा है ? यह ह्रास उनके आर्थिक जीवन में बदलाव जैसे लघु वनोंपज का संग्रहण एवं विपणन से कृषि या मजदूरी अथवा दोनों पर उनकी निर्भरता बढ़ने से उनके गैर-आर्थिक जीवन को प्रभावित कर रहा है ? जनजातियों की आर्थिक स्थिति कैसी है ? जीवनयापन के कौन-कौन स्त्रोत इनके द्वारा अपनाये जाते हैं ? साक्षरता एवं शिक्षा की क्या स्थिति है ? स्वास्थ्य प्रबंधन एवं बीमारी के इलाज तथा रोकथाम के लिए वे कौन-सी चिकित्सा पद्धति अपनाते हैं ? इनके परिवार में उपलब्ध घरेलू एवं कृषि संसाधनों की स्थिति क्या है ? आधुनिक तकनीक से इनका कितना और किस हद तक साक्षात्कार हुआ है ? राजनैतिक क्रियाकलाप की क्या स्थिति है ? संवैधानिक रूप से क्या व्यवस्थाएं है ? एवं इनका जनजातियों के विकास में इसकी क्या भूमिका है ? आदि कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिन्हें प्रस्तुत आलेख में विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है।

प्राकृतिक संसाधन एवं वनोपज की स्थिति – मध्य प्रदेश के विभिन्न भागों में गैर-आदिवासी शासकों, खासकर मराठा शासकों के आने और कालांतर में ब्रिटिश सरकार के आने तथा उनकी लोभ से ओत-प्रोत संस्कृति का जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में फैलाव के कारण पशु-पक्षियों का व्यापक षिकार किया गया एवं विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पेड़ों की कटाई प्रारंभ हुई जिसके परिणामवरूप वनों की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। आदिवासी प्रयासों एवं आंदोलनों के बावजूद भी इस बिगड़ती स्थिति को नहीं रोका जा सका और अंततोगत्वा जनजातियों की जो वन पर निर्भरता थी, उसमें कमी आ गई। वनों की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। शासन द्वारा वन प्रबंधन हेतु समय-समय पर ऐसी नीतियाँ बनी, ऐसे अधिनियम बने, जिसने जहाँ एक ओर आदिवासियों को वन से दूर किया वहीं दूसरी ओर वन की स्थिति बिगाड़ने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। यह प्रयास अंग्रेजी शासन के अंत तक रहा। इस परिवर्तन के कई परिणाम हुए परंतु जनजातियों की दृष्टि से अगर देखें वे त्रिशंकु की स्थिति में आ गए। उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। यह नकारात्मक स्थिति न केवल उनके आर्थिक जीवन में बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन में भी बनी।

शासन ने आदिवासियों के आर्थिक विकास के लिये कई नवीन परियोजनायें प्रारंभ की हैं, परंतु क्रियान्वयन स्तर पर नाना प्रकार की समस्याएँ सामने आती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सभी नकारात्मक बल एक साथ आ गए हैं जो आदिवासी विकास की प्रक्रिया तथा उससे मिलने वाले लाभ को कम कर रहे हैं। पंचायत स्तर के अनुभव यह बताते हैं कि मध्यप्रदेश में पंचायत के तीनों स्तरों पर सैकड़ों आदिवासी प्रतिनिधि चुने जाने के बाद भी उनके द्वारा ईमानदारीपूर्वक आदिवासियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। ऐसा क्यों है कि आदिवासी समुदाय के कई विधायक तथा सांसद विधानसभा तथा लोकसभा में होने के बावजूद भी सबसे अधिक गरीब एवं उपेक्षित लोगों की संख्या इसी संवर्ग में है ? ऐसा क्यों है कि सबसे अधिक अशिक्षित तथा शाला त्यागी बच्चे इसी समुदाय के हैं ? आदिवासी समुदायों की इन सभी मुख्य समस्याओं को संबोधित करने के लिये आदिवासी मामलों के मंत्रालयों द्वारा एक राष्ट्रीय आदिवासी नीति बनाई गई जिसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस प्रारूप में निम्नांकित विषयों को समाहित किया गया है-(1) आदिवासी भूमि का अलगाव (2) आदिवासियों तथा वनों के मध्य संबंध (3) विस्थापन और पुनर्वास (4) मानव विकास संकेतकों में वृद्धि (5) अधोसंरचना का निर्माण (6) हिंसक अभिव्यक्ति (7) आदिम जनजातियों का विकास (8) आदिवासी उपयोजना की रणनीति का अनुपालन (9) सशक्तिकरण (10) लिंग समानता(11) गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग को बढाना (12) आदिवासी क्षेत्रों का प्रशासन (13) संरक्षणात्मक तथा नियामकता का पालन (14) आदिवासी संस्कृति तथा परम्परागत ज्ञान का संरक्षण एवं विकास,और (15) आदिवासियों का सूचीकरण व विसूचीकरण। किसी भी समुदाय की यदि कोई नीति के विकास की सीढ़ी नहीं चढ़ी जा सकती।

अत:वनाधिकार कानून की सर्वप्रथम नीतियों का निर्धारण किया जाए तथा वर्तमान में आदिवासियों के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा जीविकोपार्जन के तहत वनाधिकार की क्या स्थिति है उसको ज्ञात कर उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त नीति का निर्धारण किया जाए। इस नीति का निर्धारण नीचे से ऊपर की ओर होना चाहिए न कि ऊपर से नीचे की ओर। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत आलेख में आदिवासियों की शिक्षा,स्वास्थ्य तथा जीविकोपार्जन की वर्तमान स्थिति को रेखांकित किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन अलीराजपुर जिले के आदिवासी एवं अधिक वनों बहुल विकासखण्ड कट्ठीवाड़ा के चार अम्बाडबेरी,फल्यामउ, झड़ोली और मोरियागाँव में किया गया है। चयनित ग्रामों में भील एवं भिलाला जनजाति के लोग निवास करते हैं परंतु भील जनजाति के सदस्यों की संख्या काफी कम है। अध्ययन में सभी परिवारों को शामिल किया गया है तथा जनगणना पद्धति का प्रयोग किया गया है। विश्लेषण हेतु प्राथमिक के साथ-साथ द्वितीयक स्त्रोतों का भी उपयोग किया गया है।

जनजातीय महिलाओं की सामाजिक पृष्ठभूमि –अध्ययन क्षेत्र में निवास करने वाले 90 प्रतिशत लोग फिर चाहे वह भील हो या भिलाला सभी की आर्थिक स्थिति, अपवादों को छोड़कर,लगभग निम्न है। साक्षरता एवं शिक्षा की स्थिति तो कुल ग्रामीणों में से 88 प्रतिशत ग्रामीण निरक्षर है। वहीं वार्षिक आय की स्थिति के अंतर्गत 35 प्रतिशत ग्रामीणों की कोई आय नहीं है। सरकारी संगठनों एवं स्वैच्छिक संस्थाओं से मात्र 3.52 प्रतिशत ग्रामीण ही जुड़ें हैं। बचत की स्थिति एवं गैर-प्राथमिक पेशे यथा नौकरी एवं व्यापार, से जुड़ने की स्थिति निम्न है। 86 प्रतिशत ग्रामीण जीविकोपार्जन के लिए वनोपज का संग्रहण, कृषि एवं मजदूरी पर आश्रित हैं। उनकी पोशाक, यातायात के साधन तथा मनोरंजन के साधन आधुनिक एवं परंपरागत दोनों स्वरूप का है।

अध्यापित गाँवों के परिवार में पिछले वर्षों में मोबाइल फोन 11155 मोटर साईकल 375 टेलीविजन 54 इत्यादि की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसके लिए आधुनिक जीवनशैली के प्रति ललक एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत गाँव-गाँव में पक्की सड़क का निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी के तहत गाँव-गाँव में मोबाइल टॉवर का निर्माण काफी लोगों की आय में तृणमूल स्तर पर कार्यरत विकास योजनाओं के कारण गैर-टिकाऊ इत्यादि कारकों को जिम्मेदार माना जा सकता है। सामान्यतया यह कहा जाता है कि पुरूषों की तुलना में इनके बीच महिलाओं की संख्या अधिक होती है। अध्यापित गाँवों के लिये यह सौ फीसदी सही है। यहाँ पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक है। इसका कारण यह है कि विवाह में वधुमूल्य लिया जाता है जिससे लड़कियां अधिक पैदा की जाती है। एक-एक परिवार में 5 से 6 कन्याओं को पैदा करना सौभाग्य समझते हैं।

जहाँ तक अन्य संसाधनों की उपलब्धता का प्रश्न है, चाहे संसाधन प्राकृतिक हो अथवा कृषि से संबंधित, सभी का स्वरूप एवं प्रकार परंपरागत है और अध्यापित गांवों में बहुतायत मात्रा में उपलब्ध है, परंतु लगभग सभी उपलब्ध संसाधन रहवासियों की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं लेकिन धीरे-धीरे बाहरी दुनिया से संपर्क होने के कारण अपेक्षाकृत धनाढ्य परिवार एवं शासन के आला अफसरों द्वारा यहाँ के प्राकृतिक संसाधन में जैसे-खनिज के अंतर्गत डोलोमाइड पत्थर, रेत इमारती लकड़ी में सागौन, बहेड़ा,शाल,आंजन की लकड़ी तथा महुआ, डोली, गोंद, चिरौंजी, आंवला, सीताफल इत्यादि का बहुतायत रूप से निर्यात हो रहा है। अध्ययन के ग्रामों में पाया गया कि ग्रामीण भौतिकवाद तथा उपभोग की संस्कृति के प्रति तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। यह स्थिति परिवार तथा ग्राम दोनों स्तरों पर देखी गई। अत: हम कह सकते हैं कि आदिवासी बहुल ग्राम भूमंडलीकरण की प्रक्रिया से जुड़-सा गया है। अगर इनके पास पैसे आ जाते हैं तो ये उपभोक्तावादी संसाधन जुटाने में संकोच नहीं करते हैं। उत्तरदाताओं ने पैसे आने के संदर्भ में संसाधनों को खरीदने के लिए ऐसे संसाधनों की बात कहीं जो आधुनिक प्रकृति के हैं तथा उपभोक्तावादी संस्कृति को फैलाने वाले हैं।

जनजातीय महिलाओं का आर्थिक जीवन – जहाँ तक जीवनयापन के स्त्रोतों का प्रश्न है, अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इनकी निर्भरता मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधन, कृषि तथा कृषि-मजदूरी पर आश्रित है। 89 प्रतिशत परिवारों के पास जोत की जमीन है परंतु 11 प्रतिशत परिवार भूमिहीन है। भूमिहीन परिवार मुख्य तौर पर गाँव के भीतर एवं बाहर मजदूरी का काम करते हैं। परंतु उनमें से 2 प्रतिशत परिवार को छोड़कर अन्य सभी, जिन्हें हम सीमांत किसान कहते हैं, स्वयं की खेती करने के साथ-साथ कृषि अथवा गैर-कृषि मजदूरी का काम भी करते हैं। ग्रामीण कृषि कार्य में रासायनिक खाद एवं आधुनिक बीज का प्रयोग लगभग सभी करते हैं। सामान्यत: परंपरागत फसलें उगाई जाती है, लेकिन कुछ वर्षों से आस-पास के गैर-आदिवासी किसानों द्वारा सोयाबीन व कपास का उत्पादन करने से वर्तमान में अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण भी अपने खेतों में सोयाबीन व कपास का उत्पादन करने लगे हैं। इनके द्वारा सोयाबीन व कपास का उत्पादन सामान्यता बेचने के लिए किया जाता है। ज्ञात हो कि एक समय कोदो-कुटकी व धान का उत्पादन काफी मात्रा में किया जाता था लेकिन इसका उत्पादन वर्तमान में अल्प मात्रा में वर्षा होने के कारण लगभग नहीं किया जाता है। ग्रामों में बंटाईदारी व्यवस्था लगभग नहीं है। इसी प्रकार जमीन का क्रय-विक्रय भी नहीं होता है। बालश्रम की प्रथा नगण्य है। ये गाँव पहाड़ी क्षेत्रों में होने से बड़े एवं छोटे तालाब भी नहीं है। वर्तमान में फसल की सिंचाई का मुख्य साधन कुँआ है लेकिन अधिकांश किसानों के पास मोटर -पंप नहीं है। 85 प्रतिशत ग्रामीण कृषि कार्य को मान-सम्मान एवं प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते हैं, परंतु अब नवयुवक एवं नवयुवतियों में कृषि कार्य के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। वे मजदूरी एवं गैर-कृषि कार्य से संबंधित पेशों में जाना चाहते हैं, परंतु इसके लिए जो अनिवार्य अर्हताएं होती हैं, उसका उनमें पूर्णत: अभाव है। फिर भी समीपस्थ गुजरात राज्य में मजदूरी एवं गैर-कृषि मजदूरी के लिए पलायन कर जाते हैं।

अध्ययन के ग्रामों से स्थानीय वन जिसका कुल क्षेत्रफल 3472 हेक्टेयर है, काफी नजदीक है। इस वन में नाना प्रकार के पेड़-पौधे जिसमें सुगंधित एवं फलों वाले हैं। वनों में ही कई पूजा स्थल भी है जहाँ पर आदिवासी समुदाय के लोग पूजा करने जाते हैं। वन में औषधीय पौधों की भी भरमार है। काफी संख्या में आदिवासी महिलायें नित्य प्रति इस वन से जलाऊ लकड़ी लाकर स्थानीय बाजार में बेचती हैं, जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। वनाधिकार कानून के तहत विभिन्न वन रक्षा समितियों का गठन तो हो गया है जिसके माध्यम से गाँव की महिलाएं इन समितियों में 80 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती है। गाँव की ये महिलाएं टेमरू पत्ता, फलदार पेड़-पौधे लगाना और इससे प्राप्त महुआ,डोली,गोंद,चिरोंजी का विक्रय भी इन्हीं महिलाओं द्वारा किया जाता है।

शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उसके प्रबंधन की स्थिति – जहाँ तक ग्रामीणों में साक्षरता एवं शिक्षा की स्थिति का प्रश्न है, इससे संबंधित तस्वीर निम्न स्वरूप की है। बच्चों की तुलना में युवाओं में तथा युवाओं की तुलना में वरिष्ठ नागरिकों की दर कम है और इसी प्रकार बच्चों में साक्षरता की दर अत्यंत कम है। इससे स्पष्ट है कि शिक्षा के स्तर में पिछले कई वर्षों से प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता के फैलाव के लिए ग्रामीण स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रयास किया गया है किन्तु सम्मानजनक सफलता प्राप्त नहीं हुई। प्राथमिक शाला के उपरांत जैसे-जैसे हम उच्चतर कक्षाओं की ओर बढ़ते हैं वैसे-वैसे शाला में अप्रवेश एवं शाला त्याग की घटना भी बढ़ती जा रही है। इसी तरह, प्राथमिक शालाओं द्वारा दी जा रही शिक्षा गुणवत्ता की दृष्टि से संतोषप्रद नहीं है। ज्ञान की दृष्टि से बच्चे अत्यधिक पिछड़े हैं। मध्यान्ह भोजन,शिक्षक-

पालक संघ,विद्यालयों में बढ़ती अधो-संरचनात्मक सुविधायें इत्यादि ने नामांकन की दर को तो बढ़ाया परंतु पढ़ाई की गुणवत्ता में इन हस्तक्षेपों का कोई सरोकार नहीं है।

अत: यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि इस तरह की शिक्षा से इन बच्चों का कितना भला होगा ? आधुनिक विकास सुविधाओं का लाभ वे कितना ले सकेंगे ? ग्रामों में उच्च शिक्षा की स्थिति तो अत्यंत दयनीय है। किसी ग्रामीण ने स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर की उपाधि प्राप्त की हो। यदि आदिवासी समुदाय को भूमण्डलीकरण के अंतर्गत शिक्षा आधारित रोजगार तथा अन्य लाभ लेना है तो उन्हें अपनी औपचारिक शिक्षा प्रणाली छोड़कर अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली के क्षेत्र में आना होगा (मिश्रा :2013) यह बात अध्ययन के ग्रामों में दिखाई पड़ रही है। वर्तमान में यह प्राथमिक स्तर पर दिखाई पड़ रही है परंतु कालांतर में यह उच्च शिक्षा स्तर पर भी दिखाई पडेगी।

ग्रामीण बीमारी से मुक्ति के लिए परंपरागत चिकित्सा सुविधा पर आश्रित रह रहे हैं। अध्ययन के ग्रामों में कई झाड़-फूंक करने वाले वैद्य भूमिका में है। इनके द्वारा काफी पहले से विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाता रहा है। इलाज के लिए जड़ी-बूटी की प्राप्ति स्थानीय वन से होती थी, परंतु आज स्थिति बदल गई है। आज ऐसा नहीं हो पा रहा है। सभी ग्रामों में सन् 1995 से आंगनवाड़ी केन्द्र कार्य कर रहा है। इन केन्द्रों द्वारा शिशुओं एवं गर्भवती माताओं इत्यादि के साथ-साथ अन्य का इलाज आधुनिक चिकित्सा पद्धति से किया जाता है। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी कार्यरत् है। जनवरी 2011 से दिसम्बर 2011 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा विभिन्न आयु समूह के कुल 998 ग्रामीणों का इलाज किया गया अर्थात् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा एक माह में औसतन 83 व्यक्तियों का इलाज किया गया। पहले की तुलना में इन केन्द्रों पर इलाज के लिए पहुँचने वाले रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है कि ग्रामीणों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर भरोसा हुआ है किन्तु आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होने से महंगे इलाज कराना संभव नहीं हो सका है अर्थात् ये आज भी जड़ी-बूटी और बड़वा(गुणिया) पर आश्रित हैं।

निष्कर्ष- यद्यपि अध्ययन क्षेत्र के चारों ग्रामों में 90 प्रतिशत लोगों के पास कृषि जोत भूमि है लेकिन इस कृषि भूमि से आय न्यूनतम होती है जिससे इनके परिवारों को पालने में भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नतीजन इनके परिवारों की महिलाएं स्थानीय वनों पर आश्रित होकर अपनी जीविका चलाती है। अर्थात् भारत सरकार द्वारा लागू वनाधिकार कानून भी इनका सहयोग नहीं कर सका है चूँकि इन ग्रामों के आदिवासी 90 प्रतिशत अशिक्षित होने से वनाधिकार कानून का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है।

सूझाव -

1. अध्ययन के सभी चार ग्रामों में काफी संख्या में पालतू मवेशी पाए गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मवेशियों के पालन में ग्रामीण पारंगत है। अधिकांश मवेशी परंपरागत स्वरूप के हैं। अत: यह आवश्यक होगा कि उन परिवारों को भी ऐसे मवेशी यथा गाय, भैंस, बकरी आदि दी जानी चाहिए, जो परिवार आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत सक्षम नहीं है उन्हें प्रशिक्षण के पश्चात् एवं स्थानीय भौगोलिक तथा जलवायु की स्थिति को देखते हुए उत्तम किस्म के मवेशी भी पालने के लिए शासन द्वारा दिया जाना चाहिए। इन मवेशियों को चराने के लिए वनविभाग के चारागाह में चराने की सुविधा होना चाहिए।

2. ग्रामों में लगभग 11 प्रतिशत परिवार भूमिहीन है, परंतु आंकड़ों से स्पष्ट है कि अध्ययन के ग्रामों में एवं उसके अगल-बगल में काफी मात्रा में वनोच्छादित शासकीय भूमि उपलब्ध है, जो लगभग पड़त की स्थिति में है। अत: यह सूझाव है कि इन जमीनों में से प्रत्येक भूमिहीन आदिवासी परिवार को कम से कम एक-एक एकड़ भूमि आवंटित कर दिया जाए। अध्ययन के ग्रामों में कई स्व-सहायता समूह एवं वन रक्षा समिति है , जो लगभग कागजों पर ही हैं। अत: यह सुझाव है कि आवश्यक प्रशिक्षण के पश्चात् कम से कम 5-5 एकड़ जमीन प्रत्येक स्वसहायता समूहों को आवंटित कर दिया जाए जिस पर वे अपनी इच्छानुसार खेती करें एवं उसका लाभ उठायें। ज्ञात हो कि इस तरह का प्रयोग आंध्रप्रदेश के जनजातीय इलाकों में किया जा रहा है और उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

3. अध्ययन के ग्रामों में वर्तमान में आदिवासियों की जीविका का प्रमुख साधन कृषि कार्य है। ग्रामीणों का कृषि कार्य के प्रति सकारात्मक सोच है। आवश्यकता इस बात की है कि कृषि कार्य को और अधिक लाभकारी बनाया जाए जिससे कि आदिवासी नवयुवक भी इसके प्रति आकर्षित हों। ऐसा सुझाव इस आधार पर दिया जा रहा है कि वर्तमान में आदिवासी युवकों का झुकाव कृषि कार्य के प्रति तेजी से घटता जा रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि नाना प्रकार की सब्सिडी आदिवासियों को दी जाए। उन्हें सस्ती कीमत पर बिजली उपलब्ध कराई जाए। आधुनिक बीज की सुविधा, उर्वरक की सुविधा, सिंचाई की सुविधा, भण्डारण की सुविधा एवं उत्पादित सामग्री के विपणन की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। वर्तमान में विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पाद एवं वनोपज आदिवासी गाँवों में घूम रहे साहूकारों के हाथ अपेक्षाकृत कम कीमत पर ही बेच देते हैं। ऐसे साहूकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों से इनका पुराना परिचय होता है क्योंकि साहूकार स्थानीय चांदपुर अथवा छोटा उदयपुर बाजार का होता है, जो इन्हें समय-समय पर खाद्य सामग्री अधिक कीमत पर उधारी में देता है। ऐसे क्रेताओं से अपनी फसल की उचित कीमत के लिए ग्रामीण तर्क-वितर्क नहीं कर पाते हैं। यह भी देखने में आया है कि ग्रामीणों को इसकी भी सही जानकारी नहीं होती कि किस फसल सामग्री की कीमत स्थानीय एवं बाहरी बाजार में कितनी है। कई बार तो ग्रामीण वनों से चिरोंजी चावल अथवा मक्का के बदले इसी कीमत पर बेच देते है जबकि इसका वास्तविक मूल्य 200से 300 प्रतिकिलो के मध्य होता है और यह मात्र 20 से 30 रूपये प्रतिकिलो में ही बेच देते है अर्थात इनका साहूकारों द्वारा अधिक शोषण होता है। अत: इन समस्याओं को दूर करने के लिए शासन द्वारा प्रयास किया जाना आवश्यक है। यो तो अध्ययन के ग्रामों में ऋणग्रस्तता की समस्या नहीं है, फिर भी कुछ ग्रामीण ऋणग्रस्त हैं और वे अनौपचारिक स्त्रोतों से ही ऊँची ब्याज दर पर ऋण लेते हैं। अत: यह आवश्यक है कि बैंक या सहकारी समिति के चेहरे को आदिवासियों के अनुरूप बनाया जाए और कागजी कार्यवाही को काफी कम किया जाए, जिससे कि आम आदिवासी ऋण के लिए बैंक, सहकारी समिति इत्यादि पर ही निर्भर हो सके जहां उन्हें अपेक्षाकृत कम ब्याज देना पडे।

4. अध्ययन के ग्रामों में कई स्व-सहायता समूह एवं वन रक्षा समिति कार्यरत हैं। अधिकांश समूह एवं वन रक्षा समिति मृतप्राय है। परंतु यह सुखद है कि कम से कम ग्रामीण स्तर पर एक संगठन तैयार है। आवश्यकता इस बात है कि इस संगठन को जीवित एवं सशक्तिकृत किया जाए और इसका उपयोग गरीबों के दुख-दर्द को दूर करने, उनकी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति इत्यादि में लगाया जाए जिससे ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधारात्मक परिवर्तन हो सके। इसके लिए यह आवश्यक है कि इन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए एवं उन कारकों पर प्रहार किया जाए जो इसे निष्क्रिय बनाने के लिए जिम्मेदार हैं। जैसा कि ऊपर कहा गया है ऐसे

संगठनों को सामुदायिक कृषि,मध्यान्ह भोजन का प्रबंधन, जन वितरण प्रणाली की दुकान संचालित करने, इत्यादि के काम में लगाया जा सकता है। इस बात की भी जिम्मेदारी इन्हें प्रशिक्षण के उपरांत दी जा सकती है कि वे स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर ग्रामीणों को जागरूक करें।

5. चूँकि आदिवासी अर्थव्यवस्था उनकी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति के आस-पास ही घूमती है, अत: यह आवश्यक है कि वे स्वस्थ्य रहें और उनकी दैनिक आय होती रहे, जिससे कि वे दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। अगर वे कुछ दिनों के लिए भी बीमार पड़ जाते हैं तो उनकी आय अवरूद्ध-सी हो जाती है जिसका उनके भोजन सामग्री इत्यादि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ-साथ अपनी बचत से अथवा कर्ज लेकर उन्हें चिकित्सा सुविधा प्राप्त करनी होती है। पहले की तुलना में अब आधुनिक चिकित्सा पर उनका व्यय अधिक होने लगा है क्योंकि यह चिकित्सा सुविधा अपेक्षाकृत महंगी है। अत: इस समस्या से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति को सुदृढ़ करने तथा उसे बनाए रखने के लिए जितने भी कार्यक्रम हैं उनका संचालन सफलतापूर्वक हो। अत: आवश्यक है कि उन्हें स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाए, जनवितरण प्रणाली ठीक से काम करें एवं पर्यावरण सुधार के लिए संचालित की जा रही वानिकी योजना भी ठीक से काम करेंगे तो निष्चित तौर पर ग्रामीण बीमार ही नहीं होंगे बल्कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति में भी लगातार सुधार होगा। इसके लिए यह आवश्यक है कि व्यापक पैमाने पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए और यह काम स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों, विद्यालयों एवं स्व-सहायता समूहों को दिया जा सकता है।

6. शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं प्राथमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण के लिए यह अति आवश्यक है कि आवश्यक आयु समूह के सभी बच्चों एवं बच्चियों को नामांकित किया जाए। वर्तमान में प्राथमिक शाला में नामांकन की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी केन्द्र पर है। इस काम से ग्राम पंचायत को भी जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान में बालक या बालिका ज्यों ही 5 वर्ष की पूर्ण हो जाती है उसका नामांकन आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता द्वारा गाँव के प्राथमिक शाला में करवा दिया जाता है। नामांकन की जानकारी संबंधित पालकों को भी नहीं दी जाती है। परिणामत: बच्चों की पढ़ाई सही तरीके से हो इसमें पालकों की भूमिका नहीं हो पाती है। अत:यह आवश्यक है कि नामांकन के पश्चात् पालकों को भी नामांकन की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाए। इसके साथ-साथ चूँकि पालक सामान्यतया निरक्षर हैं और औपचारिक शिक्षा व्यवस्था के गुणों को गहराई तक नहीं समझते हैं इसलिए नामांकन के समय एवं कालांतर में समय-समय पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए जिसके कारण वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति सचेत एवं आगाह कर सकते हैं।

7. शिक्षक प्राथमिक शिक्षा के मेरूदंड हैं। ऐसा इसलिए कि इस समय स्वचिंतन एवं स्वाध्याय की प्रवृत्ति बच्चों में विकसित नहीं हो पाती है। घरों में भी चूँकि अधिकांश माता-पिता निरक्षर या मात्र साक्षर हैं अत: वे भी बच्चों में स्वतंत्र चिंतन की प्रवृत्ति नहीं बढ़ा पाते हैं। अत: आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक संवेदनशील, भावुक, मित्रवत् तथा ज्ञानवान हो। शिक्षकों की पर्याप्त संख्या विद्यालय में होनी चाहिए। उन्हें किसी भी हालत में गैर-शैक्षणिक काम में नहीं लगाया जाना चाहिए। क्षमता वृद्धि के लिए उनका प्रशिक्षण समय-समय पर होते रहना चाहिए।

संक्षेप में, यह कह सकते हैं कि अध्ययन के सभी चार आदिवासी बहुल ग्राम विकास के रास्ते पर हैं। वनाधिकार कानून से ग्रामीणों की भौतिक एवं सामाजिक स्थिति में परिवर्तन हुआ है। परंतु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कारक अधिकांशत: बाहरी हैं। अत: यह शंका उठती है कि विकास की चल रही प्रक्रिया कितनी स्थायी होगी, कितनी लाभकारी होगी और गरीब आदिवासी महिलाओं को इससे अपने को किस हद तक जोड़ पायेंगे ? हम भूमंडलीकरण के दौर से गुजर रहे हैं। इस कालखण्ड में अन्य ऐतिहासिक बाधाओं की उपस्थिति के साथ-साथ इसकी भी संभावना है कि राज्य द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनायें भी धीरे-धीरे कमजोर या समाप्त होगी। ऐसी परिस्थिति में जनजातियों के जीवन में संकट आ सकता है और चल रही विकास की प्रक्रिया धूमिल हो सकती है। यहाँ यह भी देखना आवश्यक है कि बाहरी दुनिया से बढ़ते अंत:करण के कारण इनकी सदियों पुरानी सामाजिक एवं सांस्कृतिक अस्मिता विखंडित हो गई है और इसके साथ ही समस्याओं के प्रबंधन में संस्कृति की भूमिका भी छिन्न-भिन्न होती जा रही है। अत: हम कह सकते हैं कि अधिकांश जनजातियों के संदर्भ में विकास तो हो रहा है परंतु इसे टिकाऊ विकास न कह कर परनिर्भरतावादी विकास कहा जा सकता है। अगर हम जनजातियों के विकास को स्थायी, लाभकारी, स्वनिर्भरतावादी एवं समावेशी बनाना चाहते है तब निश्चित तौर पर हमें उपर्युक्त सुझावों को अमलीजामा पहनाना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चौधरी, एस.एन(2012) : इन सर्च आफ सस्टेनेबल डेव्लपमेंट : सिनेरिओ इन ए ट्राइबल विलेज आफ मध्यप्रदेश, नई दिल्ली : सिरियल्स पब्लिकेशन्स।
2. चौधरी, एस.एन, मिश्रा मनीष एवं शर्मा मनोज (2013) : आदिवासी ग्रामों में टिकाऊ विकास का यथार्थ, दिल्ली : कन्सेप्ट पब्लिशिंग कंपनी।
3. मिश्रा, मनीष (2013): वैश्वीकरण एवं आदिवासियों में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति : बैतूल जिले की एक आदिवासी बहुल पंचायत के विशेष संदर्भ में।
4. वैश्वीकरण एवं शिक्षा संपादक, सिंह रामगोपाल, भोपाल: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी पृ. 125-140।
5. दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला नई दिल्ली प्रकाशन।

****

महिला अधिकार (कानून) एवं सशक्तिकरण

फरहत मंसूरी * डॉ. अर्चना गौर **

प्रस्तावना – वर्तमान समय में महिला अधिकार अंतर्राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना हुआ है। स्त्री की पराधीनता एवं पिछड़ी सामाजिक दशा हमारे वर्तमान समय की प्रमुख समस्याओं में से एक ज्वलंत समस्या है। विभिन्न संस्कृतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाली नारी की स्थिति में सदैव परिवर्तन होते रहते हैं। वर्तमान सामाजिक क्षेत्र में नारी को अनेक यातनायें खुलेआम या घर के दरवाजे के पीछे सहन करनी पड़ रही है। दिन प्रतिदिन सामाजिक अत्याचार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में नारी अधिकारों पर विचार–विमर्श करना अतिआवश्यक है। नारी अधिकारों के हनन का मुख्य कारण धार्मिक परम्परायें हो सकती हैं क्योंकि किसी देश की सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक चेतना को उसकी सामाजिक परम्परायें प्रभावित करती हैं, इस संदर्भ में कुछ विद्धानों की मान्यता है कि भारतीय परम्परा जो मूलत: धर्म शास्त्रों पर आधारित है। इसमें ही नारी को दोयम दर्जा दिया गया है, और यह परम्परा ही नारी की वर्तमान दयनीय स्थिति के लिए उत्तरदायी है। दूसरी ओर कुछ विद्धानों का मानना है कि धर्म शास्त्र परम्परा में नारी का उच्च स्थान है। मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति इस्लाम की मान्यताओं के दायरे में परिभाषित की जाती है।

कुरान की आदर्श व्याख्या के अनुसार महिला और पुरूष दोनों ईश्वर की संतान हैं तथा दोनों का दर्जा समान है, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलायें पुरूषों के समान है। पैगम्बर का कहना है – 'महिलाओं के अधिकार बहुत पवित्र हैं, देखना उन्हें उनके अधिकर प्राप्त हो।' पुरूष के अभाव में नारी को व नारी के अभाव में पुरूष को अपूर्ण माना गया है।

सदैव से यातना और शोषण की शिकार रही महिला के उन्नयण हेतु विश्व स्तर पर पहली बार संगठित प्रयास 1903 में अमेरिका में वूमेन ट्रेड यूनियन के गठन के साथ शुरू हुआ। 1910 में अमेरिका में महिला दिवस मनाये जाने का मुद्दा उठाया गया। शुरू में विभिन्न देशों में अलग–अलग तिथियों को महिला दिवस मनाया जाता था। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बाद में इसके लिए 8 मार्च की तिथि घोषित की गई। पांचवें दशक में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की घोषणा के साथ ही महिलाओं के लिए विश्व स्तर पर समानता की बात उठी। महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने तथा लिंग भेदभाव समाप्त करने में संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकार संबंधी घोषणा ने प्रेरक का काम किया।

1960 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगाँठ पर महिलाओं को राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में वृद्धि करने की घोषणा को स्वीकृति प्रदान की गई।

उद्देश्य –

1. महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य।
2. राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन।
3. भारतीय संविधान और महिला सशक्तिकरण।

- 1985 में नैरोबी में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण को परिभाषित किया गया, महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य – 'महिलाओं की पुरूषों के बराबर राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैधानिक, शारीरिक, मानसिक क्षेत्रों में उनके परिवार, समुदाय, समाज एवं राष्ट्र की संस्कृति पृष्ठभूमि में निर्णय लेने का स्वयत्ता है।' भारत में महिला सशक्तिकरण से आशय है प्राथमिक रूप से महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक दशा में सुधार लाना है। अत: जब कभी एक महिला का विकास होता है, तो पूरे परिवार का होता है। जब एक महिला सशक्त होती है तो पूरा समाज सशक्त होता है, क्योंकि वही तो मानव को एक अच्छा सामाजिक प्राणी व नागरिक बनाती है। शायद तभी तो नेपोलियन ने कहा था – 'तुम मुझे कुछ अच्छी माँ दे दो। मैं तुम्हें एक अच्छा राष्ट्र दे सकता हूँ।'
- केंद्र सरकार द्वारा 31 जनवरी 1992 को राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन हुआ। यह अधिनियम संख्या 20 के तहत पार्लियामेन्ट द्वारा 1990 में पारित की गयी थी। महिला आयोग का काम महिलाओं के संवैधानिक हित और उनके लिए कानूनी सुरक्षा उपायों को लागू करना होता है। भारत में वर्ष 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया गया था। इसी वर्ष देश में पहली बार राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण नीति की घोषणा की गई। इस नीति को देश में पूरी तरह लागू करने के लिए 10 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- भारत में महिला सशक्तिकरण का बीजारोपण भारतीय संविधान का निर्माण करते समय ही हो गया जब महिलाओं को पुरूषों के समकक्ष मानते हुए उन्हें सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा विधिक समानता प्रदान की गई। महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रक्रिया में चौथी पंचवर्षीय योजना के बाद उसे उल्लेखनीय रूप से परिवर्तन आया 'महिलाओं का विकास' मुद्दे के स्थान महिलाओं का सशक्तिकरण ने ले लिया। संविधान के 73वें एवं 74वें संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय नगर निकायों के एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाना इस दिशा में सर्वाधिक ध्यान दिया जा रहा है। वर्ष 2001 में भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया गया तथा राष्ट्रीय महिला शक्ति सम्पन्नता नीति 2001 घोषित की जिसके लक्ष्य निम्नलिखित हैं–

(क) महिलाओं की पूर्ण क्षमता की प्राप्ति के लिए महिलाओं के पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के माध्यम से वातावरण का सृजन करना।

(ख) राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सिविल सभी क्षेत्रों

*शोधार्थी (समाजशास्त्र) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
**सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

में पुरूषों के साथ समान आधार पर महिलाओं द्वारा समस्त मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रताओं का सैद्धान्तिक तथा वस्तुत: उपयोग करना।

(ग) राष्ट्र के सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी तथा निर्णय स्तर तक समान पहुँच।

(घ) सभी स्तरों पर स्वास्थ्य की देखभाल, स्तरीय शिक्षा, जीविका तथा व्यवसायिक मार्गदर्शन, रोजगार, समान पारिश्रमिक, व्यवसायिक, स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा सार्वजतिक पदों इत्यादि में महिलाओं की समान पहुँच।

(ड़) महिलाओं के साथ होने वाले सभी प्रकार के भेद भावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों में सुदृढ़ीकरण।

(च) पुरूषों तथा महिलाओं दोनों की सक्रिय भागीदारी द्वारा सामाजिक रवैये और प्रथाओं में परिर्वतन।

(छ) विकास प्रक्रिया में महिला परिप्रेक्षयों को शामिल करना।

(ज) महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ होने वाली हिंसा के सभी रूपों तथा भेदभावों को उन्मूलन।

(झ) सिविल समान विशेषकर महिला संगढनों के साथ भागीदारी बनाना तथा उनका सुदृढ़ीकरण आदि।

भारत में वैदिक भावना के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किये गये निम्नलिखित प्रावधानों को अंगीकर किया है –

- महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार के भेदभाव का समापन कन्वेशन 1993 को स्वीकार करना।
- कार्यवाही हेतु मैक्सिको योजना 1975
- नैरोबी रणनीतियाँ 1985
- बीजिंग घोषणा पत्र एवं कार्यवाही हेतु प्लेटफार्म पर आगे की पहल को नई दिशा देना।

संविधान की प्रस्तावना में 'प्रतिष्ठा और अवसर की समता' तथा 'व्यक्ति की गरिमा इत्यादि वाक्याशों का प्रयोग कर यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि भारत में अब किसी भी प्रकार के भेद भाव को कोई स्थान नहीं मिलेगा। महिला अधिकारों को संरक्षित करने तथा महिलाओं के विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने वाली संवैधानिक प्रावधानों का विवरण इस प्रकार है। (देखे)

महिला सशक्तिकरण की अवधारणा का प्रत्यक्ष संबंध मानव अधिकारों से जुड़ा हुआ है। महिला पारिवारिक व सामाजिक व्यवस्था का आधार स्वयं है। सृष्टि सृजन में उनका समान योगदान है। जब कभी एक महिला का विकास होता हैं तो पूरे परिवार का होता है जब एक महिला सशक्त होती है तो पूरा समाज सशक्त होता है क्योंकि वही तो मानव को एक अच्छा सामाजिक प्राणी व नागरिक बनाती है। मानवाधिकारों की वही असली हकदार है क्योंकि जब वह मानवाधिकारों का वरण करेगी तो समाज में अपने आप ही मानव अधिकारो का प्रसार होगा। अधिकारो के प्रति सम्मान के भाव बढ़ेगे। समूची मानव जाति विभेद–रहित जीवन यापन करते हुए आनंद का अनुभव करेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. खान आफरीन, 2008, 'पसर्नल लॉ एवं मुस्लिम महिलाएँ मध्य प्रदेश सामाजिक अनुसंधान जर्नल, वर्ष 6, अंक 2, पृ. 17–27
2. चन्द्रशेखर ममता, 2011, मानवाधिकार और महिलाएँ, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
3. जैन सुरेश चन्द, जैन निमित, महिला अधिकार (कानून), तुलसी साहित्य पब्लिकेशन, मेरठ।
4. झारिया एन.आर., बोरकर मनोज कुमार, 26 एवं 27 फरवरी 2009, 'कामकाजी महिलायें एवं कार्य संतुष्टी', राष्ट्रीय शोध सगोष्ठी।
5. नरायण नाराणी प्रकाश, 2005, मानवाधिकार एवं महिलाएँ, सब लाइम पब्लिकेशन, जयपुर।

भारतीय संविधान में महिलाओं बावत् प्रावधान

क्र	भारतीय संविधान के अनुच्छेद	विवरण
1	14	कानून के समक्ष समानता व कानून का समान संरक्षण।
2	15(3)	जाति, धर्म, लिंग व जन्म स्थान आदि के आधार पर विभेद नहीं।
3	16(1)	लोक सेवाओं में बिना भेदभाव के अवसर की समानता।
4	19	स्त्री पुरूष दोनों को समान रूप से स्वतंत्रता।
5	21	प्राण व दैहिक स्वाधीनता में समान प्रावधान।
6	23–24	शोषण के विरूद्ध अधिकार।
7	25–28	धार्मिक स्वतंत्रता दोनों को समान रूप से प्राप्त है।
8	29–30	शिक्षा व संस्कृति का अधिकार।
9	32	सांवैधानिक उपचारो का अधिकार स्त्री–पूरूष दोनों को समान रूप से प्राप्त है।
10	39 (घ)	समान कार्य के लिए समान वेतन का उपबंध।
11	40	पंचायत व नगर राज्य संस्थाओं में 73 वे एवं 74 वे संविधान संशोधन के द्वारा आरक्षण।
12	42	महिलाओं हेतु प्रसूति सहायता प्राप्ति की व्यवस्था।
13	47	पोषाहार, जीवन स्तर व लोक स्वास्थ में सुधार का दायित्व राज्य को सौपा गया।
14	51 (क) (ड़)	भारत के सभी लोग ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है।

****

भिक्षावृत्ति एक सामाजिक समस्या भोपाल शहर के विशेष सन्दर्भ में एक अध्ययन

डॉ. रंजना श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – भिक्षावृत्ति एक विश्व व्यापी समस्या हैं, यह हमारे देश में एक रोग की भांति फैली हुयी हैं। विगत वर्षो में भिक्षावृत्ति की समस्या के प्रति समाजशास्त्रियों, अर्थशास्त्रियों, राजनीतिज्ञो तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि का ध्यान आकर्षित हुआ हैं। भारत में लगभग 14 लाख व्यक्ति ऐसे हैं जिनकी उदरपूर्ति का एक मात्र साधन भिक्षावृत्ति है। इसमें लूले, गूंगे, बहरे, अंधे, मानसिक रूप से विकृत तथा कोढ़ आदि भयानक बीमारियों से ग्रस्त लोग शामिल हैं।

भारत वर्ष में इसका इतिहास काफी पुराना हैं। आश्रय व्यवस्था के जन्म के साथ ही भिक्षादान के ऐतिहासिक इतिहास का श्री गणेश हुआ। प्राचीन काल में हमारे देश में ब्रम्हचारी, वानप्रस्थ और सन्यासी तीन प्रकार के व्यक्तियों को ग्रहस्थो के द्वारा अतिथ्य प्रदान किया जाता था। भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति आज से भिन्न थी। विद्यार्थी गुरू के पास आश्रय में रहा करते थे, उनके जीवन यापन का साधन भिक्षावृत्ति ही थी, वे केवल उतनी ही भिक्षा मांगते थे जितनी की आवश्यकता उन्हें एक दिन के लिये होती थी। इस प्रकार भिक्षा के पीछे एक विशेष प्रकार का उद्देश्य था।

वर्तमान समय में इस समस्या को सूक्ष्म दृष्टि से विचार किया जाय तो यह प्रतीत होता हैं कि यह व्यक्तिगतक विघटन के अन्तर्गत ही अधिक पूर्णत: के साथ ही मिलती हैं। बिना किसी परिश्रम के प्रार्थना एवं विनती के आधार पर अन्य व्यक्ति के दान, धर्म, दया के संवेगों को उत्तेजित करके जो दान दिया जाता हैं उसके भिक्षावृत्ति कहते हैं और इस प्रकार की वृत्ति के आधार पर जीवन यापन करने वाले को भिक्षुक कहा जाता हैं।

कुछ अपराधिक लोग बालको का अपहरण करके उनसे भिक्षावृत्ति का कार्य करवाते हैं। बाल भिक्षावृत्ति निराक्षमता व निर्धनता का ही परिणाम हैं। ये लोग भी समाज पर आश्रित होते हैं और समाज के लागों से रूपये पैसे और खाद्य सामग्री की प्राप्ति की इच्छा रखते हैं। बाल भिक्षुक 18 वर्ष कम आयु के वे बालक हैं जो सड़क पर, फुटपाथ, मंदिर, रेलवे स्टेशन पर भीख मांग कर अपना जीवन यापन करते हैं। ये नाचकर, गाकर, ढपली बजाकर भी भिक्षा मांगते हैं, कभी-कभी किसी गिरोह द्वारा भी इनको भिक्षा मांगने के लिये मजबूर किया जाता हैं।

पूरे देश में 17 करोड़ बच्चें ऐसे हैं जो गरीबी रेखा के नीचे गुजर करने के कारण कभी स्कूल का मुहं नहीं देख पाते। अपने पेट के कारण भिक्षावृत्ति के लिये बाध्य होना पड़ता हैं। शिक्षा के प्रकाश से वंचित, समाज द्वारा तिरस्कृत, उपेक्षा और अभावों की दुनियां में पले, बुराईयों की ओर निरन्तर आगे बढ़तें हुये ये नन्हें बालको की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रहीं हैं। आर्थिक असमानता, शोषण, पक्षपात, सामाजिक पर्यावरण आदि भिक्षावृत्ति को सतत् प्रोत्साहन देने वाले तत्व होते हैं।

उद्देश्य –

1. बालकों से भिक्षा मंगवाने में परिवार की भूमिका।
2. बाल भिक्षुक से भिक्षा मांगने के कारण का पता लगाना।
3. मादक द्रव्य व्यसन आदि बुरी आदतों का शिकार होने के कारण भिक्षा मांगना।
4. बिना श्रम किये भिक्षा मिलना।
5. पारिवारिक परम्परा।
6. शासन के द्वारा किये गये प्रयास।

अध्ययन क्षेत्र – भोपाल जिले में दैव निदर्शन विधि द्वारा भिक्षावृत्ति करने वाले 50 बाल भिक्षुकों का समाजशास्त्रीय अध्ययन किया गया हैं। उनके द्वारा भिक्षावृत्ति करने के लिये आवश्यक परिस्थितियों, उनकी पारिवारिक, समाजिक, आर्थिक और स्कूल सम्बन्धी स्थिति आदि की जानकारी प्राप्त की गई तथा आवास की दशाओं का भी अध्ययन किया गया क्योकि बच्चों की मनोवृत्तियां बहुत कुछ आवास की दशाओं पर निर्भर करती हैं, प्रस्तुत अध्ययन में बाल भिक्षुओं की आवास की दशाओं का अध्ययन करने के लिये उन्हें दो वर्गो में बांटा गया हैं। भोपाल शहर में रहने वाले भिक्षुक

तालिका क्रमांक – 1

निवास के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	निवास	संख्या	प्रतिशत
1	स्थायी निवास	42	84
2	बाहरी	8	16
	योग	50	100

तालिका से ज्ञात होता हैं कि अधिकांश भिक्षुक भोपाल में ही निवास करते हैं। कुछ भिक्षुक आस पास के गांव या शहर से भी भोपाल आते हैं। ट्रेन में भीख मांगते हुये वे आस पास के शहर में जाते हैं। उनका प्रतिशत न्यून हैं।

मानव की भिक्षा नाम की कोई अन्तर्निहित प्रवृत्ति नहीं होती। मनुष्य मूलत: सामाजिक और विवेकशील प्राणी होते हुये भी उनका आकर्षण समाज की अव्यवस्थित विक्षरवंलित और विघटित प्रवृत्तियों की ओर होता हैं। भिक्षावृत्ति के कारणों के लिये शारीरिक अयोग्यता धार्मिक भावना एवं परिस्थितियों को उत्तरदायी ठहराया जा सकता हैं। भिक्षावृत्ति का स्वरूप दिन प्रतिदिन उग्र होता जा रहा हैं। क्योंकि यह धनोपार्जन का साधन बनता जा रहा हैं। क्योंकि भिक्षावृत्ति को एक व्यवसाय के रूप में लोग अपनाने लगें हैं, और अपने व्यवसाय को सफल बनाने के तरीके अपने आस पास के वातावरण से सीखते हैं और नये 2 तरीके अपनाते हैं, और आलसी प्रवृत्ति के हो जाते हैं। कुछ बाल भिक्षुक अनाथ होने के कारण भी भिक्षावृत्ति को अपनाते हैं। अपाहिज अपंगता भी भिक्षावृत्ति का कारण हैं। प्रस्तुत अध्ययन

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र एवं समाजकार्य) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

में जिन बालक बालिकाओं का अध्ययन किया गया हैं वे विभिन्न कारणों से भिक्षावृत्ति को अपनाये हुये हैं।

तालिका क्रमांक–2

भिक्षावृत्ति करने के कारण

क्र.	निवास	संख्या	प्रतिशत
1	पारिवारिक परम्परा	12	24
2	अनाथ	8	16
3	अपंगता	6	12
4	कमाने वाले की मृत्यु हो जाना	2	4
5	माता पिता का दबाव	6	12
6	शिक्षा में रूचि न होना	8	16
7	नशा करना	8	16
	योग	50	100

तालिका से ज्ञात होता हैं कि सबसे ज्यादा बच्चें पारिवारिक परम्परा के कारण भीख मांगते हैं क्योंकि ऐसा उनके माता पिता करते हैं तो वे भी यह काम करते हैं, कुछ बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता वे भौतिक जीवन जीने के आदी हो जाते हैं, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये इस धंधे को अपना लेते है, उनका 20 प्रतिशत हैं, कुछ बच्चों में नशा करने की तथा गुटका खाने की बुरी आदत होती हैं अत: वे भीख मांगकर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

सर्वेक्षण करने से यह भी ज्ञात हुआ कि अधिकांश भिक्षुक की मासिक आय 500 रू0 से लेकर 900 रू0 थी, जिसमें वे सुबह से घर से निकलकर शाम को घर वापस आते थे, वे करीबन पाँच से आठ घंटे तक भिक्षा मांगने का कार्य करते थे।

भिक्षावृत्ति उन्मूलन के प्रयास – भिक्षावृत्ति की समस्या की गंभीरता को देखते हुये समय–समय पर सरकार के द्वारा इसके उन्मूलन के प्रयास किये गये हैं। स्वतंत्रता के उपरान्त 1959 में भिक्षावृत्ति के लिये बच्चों का अपहरण करने या उनका अंग भंग करने वाले गिरोहों पर नियंत्रण लगाने के लिये भारतीय दंड संहिता (संशोधन) अधिनियम पारित किया गया, चूकिं मूलत: यह कार्य राज्य सरकारो से सम्बन्धित हैं। अत: विभिन्न राज्यों द्वारा भी इस दिशा में प्रयास किये गये।

1. हैदराबाद भिक्षावृत्ति निरोधक अधिनियम 1941
2. बंगाल आवारागर्दी निरोधक अधिनियम 1943
3. मैसूर भिक्षावृत्ति निरोधक अधिनियम 1944
4. मद्रास भिक्षावृत्ति निरोधक अधिनियम 1943
5. बम्बई भिक्षुक अधिनियम 1947
6. भोपाल भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1947
7. बिहार भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1952
8. गुजरात भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1959
9. दिल्ली भिक्षावृत्ति अधिनियम 1960

कुछ प्रदेशो के नगरपालिका एक्ट के अनुसार भिक्षावृत्ति वर्जित हैं। इन प्रदेशो में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, तथा पंजाब हैं। बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, तथा मद्रास के पुलिस एक्ट में भिक्षावृत्ति निषेध कर दिया गया हैं। कानून बनाकर ही भिक्षावृत्ति का उन्मूलन नहीं किया जा सकता, भिक्षुक की संख्या निरन्तर बढ़ती ही जा रही हैं। भिक्षावृत्ति उन्मूलन करने के लिये दो बातो पर विशेष बल देना होगा।

1. भीख मांगने वालों की मनोवृत्तियों में परिवर्तन
2. भीख मांगने वाले आर्थिक रूप से सुरक्षित तो, इस सम्बन्ध में निम्न सुझाव दिये गये हैं।

सुझाव –

1. मनोवैज्ञानिक विधि का प्रसार करके जनता की भावनाओं और मनोवृत्तियों में परिवर्तन करना, तथा धर्म भीरू जनता को यह समझाना कि भिखारियों को भीख देना स्वर्ग का रास्ता नहीं हैं, बल्कि भिखारियों को अनैतिक बनाने का रास्ता हैं।
2. ऐसे भिखारियों को जो छूत की बीमारियों से पीड़ित हैं उन्हें सैनिटोरियम आदि में रखना चाहिये। तथा चिकित्साा की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिये।
3. भिक्षुको में एक बड़ी समस्या शारीरिक रूप से स्वस्थ्य तथा संयम बच्चों एवं व्यक्तियों की हैं जो रोजगार, आय के साधनों के आभाव में भिक्षावृत्ति को अपनाये हुये हैं, ऐसे व्यक्तियों को उत्पादक कार्यो में लगाकर जीवन यापन की व्यवस्था की जानी चाहिये।
4. यदि उद्योग धंधों का चुनाव बाल भिक्षुक की इच्छानुसार कर उनके लिये समुचित वित्तीय सहायता की व्यवस्था की जाय तो अधिक कारगार सिद्ध होगी।
5. भिक्षुको के पुनर्वास के लिये जीवन यापन के विभिन्न साधनो का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाना चाहिये।
6. भिक्षावृत्ति को रोकने के लिये आवश्यक हैं कि धार्मिक और तीर्थ स्थानों पर दान देना एवं भिक्षा देना बंद कर देना चाहिये।

लोगों को बताने की जरूरत हैं कि भीख मांगना बुरा कार्य हैं लेकिन भिक्षा देना उससे भी अधिक बुरा है। वास्तविकता यह हैं कि केवल अधिनियम पारित कर देने से तथा सरकारी प्रयासो से इस समस्या का समाधान संभव नहीं हैं जब तक भिक्षावृत्ति के कारणों को खोजकर उन्हें समाप्त नहीं कर दिया जाता। साथ ही भिक्षावृत्ति के विरूद्ध जनता में प्रचार किये जाय इसके दोषो से जनता को अवगत कराया जाय तभी इस समस्या का समाधान संभव हैं। सरकार को भी इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर उन्मूलन करने के लिये गुणात्मक प्रयास करना चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मुकर्जी रविन्द्र नाथ – समाजशास्त्र एवं समाजिक समस्याये।
2. डा. दुबे सरला – सामाजिक विघटन।
3. डॉ बघेल डी.एस. – अपराधशास्त्र।
4. तोमर राय बिहारी सिंह – परिवार और समाज।
5. आहूजा राय – सामाजिक समस्यायें।
6. तेजश्वर पाण्डेय एवं ओजस्वर पाण्डेय – समाजकार्य।

****

प्रगतिशील समाज और बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार

डॉ. रेणुका उपाध्याय *

प्रस्तावना – आज चारो ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें भ्रष्टाचार देखने को मिलता है। यह एक व्यक्तिगत विघटन का ही एक स्वरूप है, क्योंकि इस स्थिति में व्यक्ति जानबूझकर उन सामाजिक नियमों की अवेहलना करता है, जो कि समाज की प्रगति एवं कल्याण के लिये बनाये जाते हैं।

भ्रष्टाचार का शब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण अर्थात बुरा व्यवहार बुरे तौर तरीके। कहने का अभिप्राय यह है कि दैनिक जीवन के कार्यकलापों में ऐसे व्यवहार का प्रयोग करना जो कि भ्रष्ट है, अर्थात बुरे है निन्दनीय है, आज के प्रगतिशील समाज में व्यक्ति जल्द से जल्द सबकुछ पाना चाहता है, इसके लिये उसे गलत रास्ता ही क्यों न अपनाना पड़े, प्राचीन समाज में यह राजनीति पदों पर एवं उच्च जातियों तक सीमित था। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में सार्वजनिक जीवन में सर्वत्र ही भ्रष्टाचार का बोलबाला विशेष रूप से हुआ है।

इलियट तथा मैरिल के अनुसार 'किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करने के लिये जानबूझकर कर्तव्य का पालन न करना भ्रष्टाचार है।'

प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने की कोशिश की गई कि जिसके कारण व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है, और जो लोग जाने अनजाने में अपने काम को पूर्ण कराने के लिये इसका सहारा लेते हैं।

अध्ययन में यह देखा गया कि करीब 70 प्रतिशत लोगों ने यह स्वीकार किया है कि स्वयं काम करवाने के लिये कहीं न कहीं पैसा दिया है, जैसे फाईलें आगे बढ़ाने के लिये, मंदिर में दर्शन करने के लिये, रेल में यात्रा करते समय, क्योंकि हमारे यहाँ इन व्यवस्थाओं में व्यक्ति कार्यालय एवं जगह के चक्कर लगाने से बचने के कारण वह यह रास्ता अपनाता है। जबकि भारतीय दण्डधारा 161 के अनुसार 'कोई भी सार्वजनिक कर्मचारी वैध पारिश्रमिक के अतिरिक्त अपने या किसी दूसरे व्यक्ति के लिये जब कोई आर्थिक लाभ इसलिये लेता है कि सरकारी निर्णय पक्षपात रूप में किया जाये तो यह भ्रष्टाचार है तथा इससे संबंधित व्यक्ति भ्रष्टाचारी है।'

भ्रष्टाचार में किसी न किसी तरह व्यक्ति अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है, वे निम्नानुसार है –

1. भ्रष्टाचार में स्वार्थपूर्ति के लघु मार्ग को अपनाया जाता है।
2. इसमें नगद या वस्तु के रूप में घूस दी जाती है।
3. यह आदान प्रदान के सिद्धांत पर आधारित है।
4. इसमें योग्य के प्रति अन्याय होता है, जिससे समाज को हानि उठानी पड़ती है।
5. भ्रष्टाचार में पैसा उद्देश्य भी है और साधन भी है।
6. भ्रष्टाचार में कानून नियमों की अवेहलना की जाती है। कभी कभी कानून के विपरीत न होने पर भी न्याय एवं नैतिकता के विरूद्ध आचरण भ्रष्टाचार कहलाता है।
7. व्यक्ति अपने कर्तव्यों का उल्लंघन करता है।
8. भ्रष्टाचार में कर्तव्यों का उल्लंघन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अनुचित लाभ उठाने के लिये किया जाता है।

भ्रष्टाचार के कारण –

1. **धन का विशेष महत्व –** आधुनिक समाज में धन का विशेष महत्व हो गया है, क्योंकि उसी से व्यक्ति की प्रतिष्ठा सम्मान आदि का मूल्यांकन किया जाता है, जिसके लिये व्यक्ति कोई तरीका अपना लेता है।
2. **राजनैतिक संरचना –** वर्तमान की राजनैतिक संरचना में दलबन्दी को विशेष महत्व दिया जा रहा है जो व्यक्ति जिस राजनैतिक दल से चुनकर आता है, वह अपने दल के लोगों को अनुचित तरीके से लाभ पहुँचाने का प्रयास करता है जैसे लाइसेंस, परमिट, नौकरियाँ आदि।
3. **निम्न आय समूह वाले कर्मचारी –** कम वेतन पाने वाले कर्मचारी भी अपनी आय की कमी को पूरा करने के लिये भ्रष्ट तरीके को अपनाते हैं जैसे तहसील, नगर निगम एवं अन्य कार्यालय के कर्मचारी बिना पैसे के कोई काम नहीं करते हैं।
4. **अत्यधिक प्रतिस्पर्धा –** गलाकाट प्रतिस्पर्धा भी भ्रष्ट तरीकों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की दौड़ में जब लोग कानून व उचित तरीके से सफलता प्राप्त नहीं कर पाते, तो यह लोग भ्रष्ट मार्ग को अपना लेते हैं।
5. **अशिक्षा एवं कानून की अपर्याप्त जानकारी –** हमारे देश की अधिकांश जनता अशिक्षित है, अत: इन्हें कानून की वास्तविकता के संबंध में कोई जानकारी नहीं होती है। वकील, पुलिस, कोर्ट के कर्मचारी कानूनी दाँव पेंच दिखा कर पैसे एठ लेते हैं।
6. **कठोर दण्ड का अभाव –** कठोर दण्ड व्यवस्था नहीं होने के कारण भी भ्रष्ट भ्रष्टाचारियों को प्रोत्साहन मिलता है।
7. **कानून में कमियाँ –** कभी कभी कानून में कुछ कमियाँ रह जाती है, अत: कानून विशेषज्ञ इन कमियों का लाभ उठाकर लोगों से मनमाना पैसा वसूल करते हैं।
8. **भ्रमित विज्ञापन –** अनेक व्यक्ति झूठे व तड़क भड़क वाले विज्ञापन देकर जनता को बेवकूफ बनाकर धन हड़प कर लेते हैं। फर्जी कम्पनियों में पैसा लगवाकर दुगने मुनाफे की बात करना।
9. **न्यायालय की लंबी प्रक्रिया –** अनेक व्यक्ति न्यायालय की कार्यवाही से बचने के लिये पुलिस अधिकारी, आयकर अधिकारी, विक्रयकर अधिकारी, चुँगी अधिकारी आदि को रिश्वत देकर उन प्रक्रिया से बच जाते हैं।
10. **प्रजातन्त्र का दोष –** प्रजातन्त्र प्रणाली में व्यक्ति की सफलता चुनाव के मतों के आधार पर निर्भर करती है, अत: व्यक्ति सफलता प्राप्त करने के लिये अनुचित तरीकों का उपयोग करता है।

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किला भवन, इन्दौर (म.प्र.) भारत

11. उच्च अधिकारियों का सहयोग – कभी कभी व्यक्ति राजनैतिक सहयोग एवं उच्च अधिकारियों के सहयोग से अपने कार्यो को करवाने के लिये भ्रष्ट तरीकों का उपयोग करते हैं।

आज यदि भ्रष्टाचार हर समाज में इतना घुलमिल गया है, जैसे वह हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गया है। आर्थिक क्षेत्र में व्यापार, उद्योग में टेंडर पास करना हो या प्रोजेक्ट लेना हो, सब में रिश्वत लिये बिना कुछ नहीं होता है। धार्मिक क्षेत्र में भी व्यक्ति का अंधत्व विश्वास उसे गलत कार्य करने को उकसाता है। लोग धार्मिक भावना से प्रेरित होकर मंदिर, अनाथालय, धर्मशालाओं, आश्रमों इनकी देखभाल की आड़ में गलत कार्य के चलते और महात्मा संतों के पास अकूत सम्पत्ति हो जाती है। ये यहाँ अनैतिक कार्य करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। धर्म के साथ साथ शिक्षा के मंदिर में भयंकर भ्रष्टाचार देखने को मिलता है। माता–पिता अपने बच्चों के सपने को पूर्ण करने के लिये इसका अनुचित प्रयोग करते हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में स्वच्छता होनी चाहिये, जिससे बच्चों का भविष्य जुड़ा है, वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

समाज सेवा के नाम पर भी लोग भ्रष्टाचार करने से नहीं हिचकिचाते हैं। N.G.O. भी सरकार से सामाजिक सेवाओं के नाम पर लाखों करोड़ों रूपया ले लेते हैं, लेकिन जिनके लिये लिया जाता है, उन तक तो यह पैसा पहुँचता है न ही उनकी सेवाएँ इसके अलावा इंजीनियर, डॉक्टर, प्रशासक एवं राजनीतिकों का कई जगह कालाधान है, जिसके की आंकड़े देखे तो पता चलता है –

1953–54	600 करोड़ रूपये
1965–66	000 करोड़ रूपये
1969–70	1400 करोड़ रूपये

योजना आयोग के अनुसार देश में 70000 करोड़ रूपये से अधिक रूपया कालेधन के रूप में है, यह धन प्रतिवर्ष 50,000 करोड़ रूपया कालेधन के रूप में बढ़ता है। देश में धन का 26 प्रतिशत कालाधान, जबकि अमेरिका यह 8 प्रतिशत है। वर्तमान में कालेधन संबंधित कई मामले उजागर हुए हैं।

भ्रष्टाचार निवारण के उपाय एवं सुझाव –

1. निर्धनता को दूर किया जाय।
2. बेरोजगारी दूर करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जाय।
3. कानून का सरलीकरण करना।
4. उच्च नैतिक शिक्षा का प्रसार।
5. आय में वृद्धि करना।
6. उद्योग एवं व्यापारिक क्षेत्र में सुधार
7. राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता के स्तर को ऊँचा उठाना।
8. समाज कल्याण संस्थाओं की स्थापना करना।
9. आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना।
10. कठोर दण्ड व्यवस्था।

सरकार द्वारा भ्रष्टाचार निवारण के लिये समय समय पर कई प्रयास किये गये हैं। 1947 में भ्रष्टाचार निवारण कानून पास किया गया। 1949 में टेकचन्द समिति की स्थापना की गयी। 1953 में आचार्य कृपलानी की अध्यक्षता में रेलवे भ्रष्टाचार जाँच समिति बनायी गयी, 1955 में प्रशासन सतर्कता विभाग की स्थापना, जून 1962 में सन्यनम कमेटी की स्थापना की गई। अन्ना हजारे ने लोकपाल बिल लाने के लिये देश में एक नयी लहर शुरू की गयी।

भ्रष्टाचार निवारण समिति ने अपनी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार निवारण के लिये कई सुझाव दिये।

1. सतर्कता विभाग की स्थापना की जाये।
2. मंत्रियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार की शिकायतों की सुनवाई राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय समिति के द्वारा हो यह समिति आवश्यकता होने पर केन्द्रीय जाँच ब्यूरों की भी सहायता ली जा सकती है।
3. विधान सभा एवं लोकसभा के सदस्यों के लिये आचार संहिता तैयार की जाय।
4. न्यायपालिका के क्षेत्र में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय के पथ प्रदर्शन में सभी उच्च न्यायालयों में सतर्कता आयोग का गठन किया जाए।

भ्रष्टाचार निवारण के लिये सदाचार समितियों का गठन किया जाय। इनके सदस्य रिश्वत न लेगे एवं न देने की प्रतिज्ञा करें तथा इस प्रकार के कार्यो में लगे लोगों की क्रियाओं को उजागर करे। विधायकों, लोकसभा के सदस्यों, मंत्रियों, राजनीतिक दल के सदस्यों एवं उच्च पद पर आसीन अधिकारियों से पूर्ण ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठ की अपेक्षा की जाती है। यह सब कुछ होने पर समाज में फैला यह रोग खत्म हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अपराधशास्त्र – डॉ. डी.एस.बघेल ।
2. अपराधशास्त्र एवं – डॉ. एस.एस.श्रीवास्तव दण्ड प्रशासन ।
3. सामाजिक समस्याएँ – राम आहूजा ।
4. भारतीय सामाजिक– मंजुलता दिल्लर समस्याएँ ।

****

भारत में चिकित्सकीय लापरवाही और कानून

डॉ. ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – हमेशा से डॉक्टर–मरीज का रिश्ता आपसी विश्वास आस्था और अच्छी नीयत पर आधारित होता है पिछले दशकों में समाज में दूसरे संबंधों की तरह इस रिश्ते में तनाव आया है। वजहें कई है डॉ. के.के.कालरा जो कि अस्पतालों में गुणवत्ता नियंत्रण के लिए देश की नियामक संस्था नेशनल एकेडिटेशन बोर्ड फार हॉस्पिटल्स (एन.ए.वी.) के प्रमुख है कहते है, हाल के दौरे में मरीजों और उनके रिश्तेदारों के चिकित्सकीय कदाचार के खिलाफ मुकदमों में वृद्धि हुई है। डॉ. पर संदेह की उंगलियां उठ रही हैं देश भर की अदालतों में असंतुष्ट मरीजों की और से मुकदमें दर्ज हो रहे हैं मुकदमों से घबराए और बदनामी से डरे डॉक्टरों की एक बचाव की कार्यशैली बनती जा रही है। भविष्य के मुकदमों के डर की वजह से गैर–जरूरी टेस्ट कराए जा रहे हैं, दवाईयां दी जा रही है और जटिल बीमारियों के मामलों में इलाज से इंकार किया जा रहा है। ऐसे बेमानी टेस्ट से मरीज और समाज पर खर्च का बोझ बढ़ता है, जिसे और बेहद जरूरी जगहों पर खर्च किया जा सकता है। एन.ए.बी.एच की अप्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक देश में हर साल इलाज के दौरान शारीरिक क्षति (मेडीकल सर्जरी) से 98,000 मौत हो रही है। पिछले 10 साल में सुप्रीम कोर्ट में चिकित्सा पेशे से जुड़े मुकदमों में 400 फीसदी की वृद्धि हुई है। मरीज लापरवाह चिकित्सा व्यवस्था से घबराए हुए हैं। ये किस की गलतियां हैं ? फोरेंसिक विशेषज्ञ ही तय करते है कि मामले में चिकित्सकीय लापरवाही हुई है या नहीं। वर्ष 2014 में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग के साथ मिलकर मैसूर मेडिकल कालेज और मुंम्बई के ग्रांट मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने मिल कर चिकित्सकी लापरवाही की एक फेहरिस्त बनाई है। पिछले सर्वाधिक 80 फीसदी मामले सर्जरी के हैं और इनमें स्त्री रोग, संबंधी सर्जरी 29 फीसदी तथा हड्डियों के मामले 22 फीसदी सबसे ज्यादा है। 34 प्रतिशत मामलों में डॉक्टरों के साथ अस्पतालों की लापरवाही थी सम्मिलित रूप से मृत्यु की विभिन्न वजहों में डॉक्टरों की लापरवाही सबसे ज्यादा 49 फीसदी बताई जाती है।

कानून– 'भारत में लंबे समय तक चिकित्सकीय लापरवाही के लिए मुआवजे की बात नहीं सोची गई। उसका दायरा सीमित है।' फिलहाल मुआवजा लेने के दो ही तरीके हैं एक लॉ ऑफ टार्ट (शारीकि पूर्ति) और दूसरा 1995 का उपभोक्ता रक्षा कानून सीपीए में वस्तूओं और सेवाओं के सभी उपभोक्ताओं की बात है। उसमें छोटे स्तर से लेकर चिकित्सकीय लापरवाही से मरने वाले मरीजों को एक ही पलड़े में तौला जाता है। उसमें भी भुगतान वाली सेवा से संबंधित है जो चिकित्सकीय लापरवाही की बातें नहीं करती।

'लिहाजा जजों को काफी काम करना पड़ता है हालांकि उनके पास चिकित्सा संबंधी मामलों की बारीकियों में जाने का समय नहीं होता है न विशेषज्ञता की भी ज्यादा संभावना नहीं होती ऐसे में जज सिर्फ हलफनामों और रिपोर्ट को ही आधार बनाते है।'

सामान्य दीवानी अदालत में मरीज डॉक्टर मामलों को टॉर्ट लॉ के नजरिए से देखा जाता है।

कानून की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उचित मुआवजे के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

टार्ट के आधुनिक संदर्भो के अनुसार 'ये पारिवारिक रिश्ते से वंचित होने की क्षतिपूर्ति से लेकर मिसाल के रूप में जुर्माना जैसा हो सकता है। आखिर नुकसान झेलने वालों को कोई हल तो मिलना चाहिए।

लापरवाही और गलत इलाज के आंकड़े वर्तमान में अखबार के पन्नों,कम्प्यूटर टी.वी. के परदों पर छाने लगे हैं। हावर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के डॉ.आशीष झा के 2013 के अध्ययन (असुरक्षित स्वास्थ्य सेवा का वैश्विक परिदृश्य) के मुताबिक भारत में ऐसे मामले सालाना करीब 52 लाख है। इनमें गलत दवाई लिखना, दवा की गलत मात्रा मर्ज कुछ और मान लेना, कुछ और गलत सर्जरी गलत समय पर गलत दवा देना जैसे अनेक मामले हैं। लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ साथ मुआवजे का दावा और मुकदमे की संख्या में वृद्धि हो रही है। मेडिकल कन्ट्रेक्शन के रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टरों के खिलाफ मामले में वृद्धि हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट में अक्टूबर 2013 अपने ऐतिहासिक अदालती आदेश के मामले में 1998 में कलकता के डॉक्टरों द्वारा अमेरीकी डॉक्टर अनुराधा शाह का गलत इलाज करने दूसरों को दोषी ठहराते हुए 11.5 करोड़ रूपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। इस प्रकार से अदालतों के भारी मुआवजे के भुगतान से डॉक्टरों में जवाबदेही की भावना पैदा होगी। और मरीजों की डॉक्टरों में आस्था बनेगी।

निष्कर्ष – नि:संदेह डॉक्रों के खिलाफ लापरवाही के मामले बनने से सभी के समय ऊर्जा और पैसे की बरबादी हो रही है। दोषी डॉक्टरों को दण्डित किया जाना चाहिए, लेकिन चिकित्सीय गलतियां अक्सर व्यवस्थागत खामियां भी होती हैं। सिर्फ एक डॉक्टर की लापरवाही नहीं,। बेहतरीन इलाज का वैज्ञानिक आधार बीमारी का इतिहास लक्षण, और टेस्ट के नतीजों को अच्छे से विश्लेषण कर सटीक अंदाज लगाकर उपचार करने में निहित है, गलतियों को कम करने और गैर जरूरी टेस्ट और इलाज इसे बचने के अलावा चिकित्सीय लापरवाहियों को बनाये गये दिशा निर्देशों का पालन करके काफी सीमा तक दूर किया जा सकता है। अगर डॉक्टर मरीज का अपने परिजनों की तरह इलाज करें और मरीज भी डॉक्टर का पहले की तरह भगवान जैसा समझने में विश्वास करे तो अनेक समस्याएं दूर हो जायेगी। मरीज और डॉक्टर के बीच रिष्ते पहले की तरह पवित्र हो जायेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इंडिया टुडे 2014
2. दैनिक भास्कर अप्रैल 2014

*प्राध्यापक (समाज शास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सिंचाई परियोजनाओं का पर्यावरण पर प्रभाव-मण्डला जिले के संदर्भ में

डॉ. रामसिंह धुर्वे *

शोध सारांश – सांस्कृतिक उद्विकास के साथ-साथ मनुष्य ने प्राकृतिक स्रोतों का अधिकाधिक उपयोग करना प्रारंभ किया जिससे पर्यावरणीय समस्यायें और खतरे उत्पन्न हुए। प्रारंभ में आदि मानव अपने पोषण और अन्य आवश्यकताओं के लिये लगभग पूरी तरह पारिस्थितिक तंत्रों पर निर्भर था और अन्य प्राणियों की तरह उनका एक घटक था लेकिन धीरे-धीरे मनुष्य अपने ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकीय विकास के कारण पृथ्वी पर सर्वाधिक प्रभावशाली प्राणी बन गया है। आज इसी मनुष्य से पर्यावरणीय क्षय और विनाश का खतरा बढ़ रहा है। नदियों पर बाँध निर्माण करना विकास का सूचक माना जाता है। यह कदाचित इसलिए माना जाता है कि बाँध बनाकर हम नदी के जल को रोककर जलाशय में एकत्र कर लेते हैं, जिससे नहरें निकालकर सिंचाई हेतु खेतों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। इन दो लाभों की बिना हम सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण को विकास का मानक समझ बैठते हैं, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत होती है, क्योंकि हमारी संकुचित बुद्धि केवल लाभ को ही देख पाती है और उक्त लाभ को पाने हेतु दी गयी कीमत की तरफ हमारी नजर नहीं जाती है।

शब्द कुंजी – पर्यावरण अवनयन, पुनर्वास, सतत् विकास, आपदा प्रबंधन, पारिस्थितिकी, भू-क्षरण, जल संचयन, पर्यावरणीय संकट।

प्रस्तावना – सिंचाई परियोजनाओं का अतीत और इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि कृषि कार्य का। मानवीय सभ्यता के विकास और विस्तार के साथ-साथ, सिंचाई के तौर तरीके और साधन बदलते चले गये। वर्तमान में सिंचाई परियोजनाओं यथा-बाँधों एवं जलाशयों का महत्वपूर्ण स्थान है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश के समुचित विकास हेतु महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बहुउद्देशीय नदी-घाटी योजनाओं एवं बाँधों के निर्माण को अनिवार्य माना जाने लगा। बाँध, नहर अथवा नदी पर जल प्रवाह को रोकने का एक अवरोध है तथा इसको कई प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा सकता है। बाँध लघु, मध्यम तथा वृहद हो सकते हैं। बाँधों का उपयोग सिंचाई, पीने का पानी, बिजली बनाने तथा पुन: सृजन के लिए जल के भण्डारण में होता है। बाँधों से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है। संचयन किए जल को विद्युत निर्माण अथवा घरों तथा उद्योगों में जल आपूर्ति, सिंचाई अथवा नौवहन में उपयोग किया जा सकता है।

अध्ययन क्षेत्र – भारत के मध्य भाग में स्थित मध्यप्रदेश राज्य के लगभग दक्षिण-पूर्व में अनेक प्राकृतिक लक्षणों को समेटे हुए मैकल के पठार में मण्डला जिला स्थित है। इस जिले का ढ़ाल दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर है। यह जिला $22^0 12'$ उत्तरी अक्षांश से $23^0 12'$ उत्तरी अक्षांश तथा $80^0 18'$ पूर्वी देशान्तर से $81^0 51'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। यहाँ की भू-वैज्ञानिक संरचना प्री-कैम्ब्रियन युग की रवेदार ग्रेनाइट नीस, गोंडवाना शैल समूह तथा दक्कन ट्रेप से बनी है। यहाँ का धरातल अत्याधिक कटा-फटा और वनों से आच्छादित है। कोपेन के अनुसार मण्डला जिला AW अर्थात् उष्ण सवाना तुल्य जलवायु प्रदेश के अंतर्गत आता है। जिले का अधिकांश भाग दक्कन के पठार के अंतर्गत आता है, इस पठार की रचना लावा निर्मित चट्टानों से हुई है। चट्टानों के अपघटन-अपघर्षण तथा रासायनिक क्रिया के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में काली-दोमट मिट्टी की बहुलता है।

मानचित्र क्रमाँक- 01 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

अध्ययन के उद्देश्य – बड़े बाँधों एवं जलाशयों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य सिंचाई, जलविद्युत की प्राप्ति, मत्स्य पालन, पर्यटन को बढ़ावा देना एवं जल आपूर्ति हैं। मानव कल्याण के लिए बनाये गये इन बहुउद्देशीय परियोजनाओं के निर्माण के पश्चात् मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति तो होती है किन्तु दूसरी ओर पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। जिसका खामियाजा मानव को ही पर्यावरणीय संकट के रूप में भुगतना पड़ता है। मण्डला जिले में भी छोटे-बड़े कुल 32 से भी अधिक बाँध एवं जलाशय हैं, तथा हालोन नदी पर हालोन परियोजना निर्माणाधीन है। अत: अध्ययन के उद्देश्य निम्नानुसार हैं-

1. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से वन विनाश एवं जन्तुओं में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करना।
2. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से कृषि भूमि के ह्रास तथा बसाहट पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. विस्थापित किये गये लोगों की समस्याओं का अध्ययन करना।
4. पर्यावरण अवनयन का अध्ययन एवं मूल्याँकन करना।

संकल्पनाएँ – मण्डला जिले में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में भारी-भरकम व्यय किया जा रहा है। आधुनिक यंत्रों का प्रयोग करते हुए बहुत सारे जमीन में गड्ढ़ा खोदा जा रहा है। आवश्यकतानुसार वनों की कटाई करके साफ किया जा रहा है। कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। बहुत से गाँव विस्थापित किये जा रहे हैं। विकास की अंधी दौड़ में मानव अपनी आवश्यकतानुसार ये सब कुछ कर रहा है ये सोचे-समझे बिना कि इससे उस क्षेत्र के पर्यावरण पर कितना बुरा असर पड़ रहा है। अत: प्रस्तुत अध्ययन निम्नांकित संकल्पनाओं पर आधारित है-

1. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से कृषि भूमि का बहुत बड़ा हिस्सा कम हो जाता है तथा भूकम्प आने का एक कारण बाँधों के निर्माण भी है।

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, नैनपुर, जिला - मण्डला (म.प्र.) भारत

2. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से वन विनाश होती है और पर्यावरण अवनयन होता है।
3. सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण हो जाने से आसपास के गाँवों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं।

शोध प्रविधि –

1. मण्डला जिले में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से विस्थापित लोगों से व्यक्तिगत साक्षात्कार से और प्रश्नावली बनाकर जानकारी एकत्रित कर निष्कर्ष निकाले गये हैं।
2. इस अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों को समाहित किया गया है।
3. इसमें मानचित्र, तालिका एवं रेखाचित्रों का समावेश किया गया है।
4. बाँधों एवं जलाशयों के आसपास निवास करने वाले प्रत्येक गाँव के 10–10 प्रतिशत परिवार के लोगों से साक्षात्कार लेकर पर्यावरणीय समस्याओं को प्रस्तुत किया गया है।

मण्डला जिले के सिंचाई परियोजनाएँ – इस जिले में कुल 01 वृहद, 04 मध्यम एवं अन्य सभी लघु बाँध एवं जलाशय सिंचाई परियोजनाएँ हैं। इनसे नहरें निकालकर सिंचाई की जाती है। यहाँ के बाँधों से विद्युत उत्पादन नहीं किया जाता है। जिले के बाँध एवं जलाशयों का विवरण निम्नानुसार हैं–

तालिका क्रमाँक –01 (देखे अगले पृष्ठ पर)

उक्त सिंचाई परियोजनाओं के अलावा 13 से अधिक अन्य बाँध एवं जलाशय हैं। मण्डला जिले के बिछिया विकासखण्ड में रायपुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमाँक 12 में सिझौरा से 6 किलोमीटर दूरी पर हालोन बाँध निर्माणाधीन है। इसमें 10 बालाघाट जिले और 05 मण्डला जिले के गाँवों को विस्थापित किया जायेगा। मण्डला जिले के कंरजिया, राजो, बोदा, कालीखापा, पांडुतला और परसामऊ आदि गाँव प्रभावित होंगे। इस बाँध के निर्माण के लिए 1413.2 हेक्टेयर निजी भूमि, 157.29 हेक्टेयर राजस्व भूमि एवं 109.80 हेक्टेयर वन भूमि को अधिग्रहण किया जायेगा।

जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर निर्माण किया गया बरगी बाँध से मण्डला जिले के कुल 95 गाँवों को विस्थापित किया गया है। इन सभी गाँवों के लोगों को देश के विकास को आतुर सरकार और जनता अपनी सुख–सुविधाओं के लिए लाखों लोगों का विस्थापन कर उन्हें दर–दर भटकने के लिए छोड़ दिया है।

मानचित्र क्रमाँक– 02 (देखे अगले पृष्ठ पर)

जिले के विभिन्न सिंचाई परियोजनाएँ (देखे अगले पृष्ठ पर)

सिंचाई परियोजनाओं का पर्यावरण पर प्रभाव – सिंचाई परियोजनाओं के द्वारा आजकल पर्यावरण का जिस बेरहमी से अपकर्ष किया जा रहा है, उसको देखते हुए यदि सिंचाई परियोजनाओं को मानवजन्य आपदा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सबसे बड़ी विडम्बना तो यह है कि इनके निर्माण के समय मात्र इनके तात्कालिक लाभों को ही देखा जाता है, इससे होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। सिंचाई परियोजनाओं के द्वारा होने वाले दुष्परिणामों का आकलन निम्नलिखित रूप में किया जा सकता है–

1. **बसाहट पर प्रभाव–** सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के चलते हजारों लोग विस्थापित हो जाते हैं। जिन्हें दूसरी जगह शरण लेनी पड़ती है। बनने वाले प्रमुख बाँधों के कारण हो रहा विस्थापन सबसे बड़ी समस्या रही है, जिसमें लाखों गरीबों की आवाज को इस आधार पर दबाने की कोशिश की जा रही है कि विकास के लिए बाँध जरूरी है। विस्थापित होने से विस्थापित लोगों की सम्पूर्ण गृहस्थी ही अस्त–व्यस्त हो जाती है और उन्हें अनेक कष्ट झेलने पड़ते हैं। सम्भवत: विस्थापित लोगों के कष्ट को अनुभव करते हुए ही न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने कहा था कि यह कैसा विकास है जिसकी नींव ही विनाश की आधारशिला पर स्थापित की जाए। विस्थापन के बाद पुनर्वास भी संतोषजनक नहीं होता। विस्थापन की प्रक्रिया का व्यापक सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। परियोजना के लिए लिए लोगों को विस्थापित किया जाना अमानवीय है।

2. **बीमारी में वृद्धि–** सिंचाई परियोजनाओं के कारण अनेक तरह की बीमारियाँ जन्म ले रही हैं। बाँध के चलते जमीन के नीचे का पानी की सतह ऊँची हो जाती है। जिससे धरती में चूने एवं धातु की मात्रा बढ़ जाती है, जो फ्लोरोसिस रोग का कारण बनता है। जहाँ नई सिंचाई परियोजनाएँ बन रहीं है, नहरों के आसपास वायुमण्डल की नमी नये–नये कीट–पतंगों को आकर्षित करती है, जिससे मलेरिया, इन्सेफेलाइटिस सहित अन्य नई बीमारियाँ जन्म ले रही हैं।

3. **पर्यावरण में अवनति–** बडे बाँधों ने पर्यावरण को विशेष रूप से प्रभावित किया है जो निम्नलिखित रूप से परिलक्षित हो रहा है–

अ. वन–विनाश– बाँधों के निर्माण के समय एवं जलाशयों के बन जाने के पश्चात् डूब क्षेत्र में आने से वनों का विशेष रूप से विनाश हुआ है। इस वन–विनाश के चलते हजारों प्रकार की वनौषधियाँ विनष्ट हो जाती हैं, जिनका विकास हजारों वर्षों में हो पाता है। वन–विनाश के चलते पौधों की अनेक प्रजातियाँ हमेशा के लिए नष्ट हो जाती हैं। यही नहीं वनों में रहने वाले जीव–जन्तुओं का भी विनाश हो जाता है।

ब. नदियों का उथला होना एवं प्रदूषित होना– बाँध बनने के कारण कई नदियाँ मर सी गई हैं। बाँध में पानी रूकता है, तो नदी की धारा धीमी पड़ जाती है। इसलिए अपने प्रदूषण से निपटने की उनकी ताकत समाप्त हो जाती है और उनका जल दूषित होने लगता है।

स. जल जमाव की समस्या– नहरों द्वारा सिंचाई से जल जमाव एवं भूमिगत हानिकारक रासायनिक लवण के मिट्टी के ऊपरी परत में आकर जमा हो जाने से मिट्टी बंजर होती जा रही है। भूमिगत जलस्तर के ऊपर आ जाने से जलग्रस्तता की समस्या भी उत्पन्न होती जा रही है। अनियोजित सिंचाई के चलते भूमि दलदली होती जा रही है एवं जलप्लावन में भी वृद्धि हो रही है।

द. प्राणियों पर संकट– बाँधों के निर्माण के बाद पानी में रहने वाले प्राणियों पर बड़ा संकट आ जाता है। पानी के बहाव, गुण एवं तापमान में अंतर तथा गंदलेपन के कारण मछलियाँ अपने क्षेत्र में सहजता से विचरण नहीं कर पाती हैं।

4. **कृषि भूमि का ह्रास–** बाँधों के निर्माण से बहुत बड़ा भू–भाग जलमग्न हो जाता है। जिससे उस क्षेत्र के वन अथवा कृषि योग्य भूमि हमेशा के लिए समाप्त हो जाते हैं।

5. **भूकम्प में वृद्धि–** बाँधों के वैज्ञानिक परीक्षण से यह भी सिद्ध हुआ है कि ये भूकम्प का कारण भी बन सकते हैं। बाँधों में भारी मात्रा में जल का जमाव होने से भूकम्प की सम्भावनाएँ बढ़ जाती हैं। 22 मार्च 1997 पर 6.3 तीव्रता पर जबलपुर एवं इसके आसपास के क्षेत्रों पर भूकम्प आया। जिससे 40 लोगों की मौत हुई एवं 100 से अधिक लोग घायल हुये। इसका कारण बरगी बाँध का होना बताया गया था।

सुझाव– मनुष्य के कार्यकलापों के प्राकृतिक पर्यावरण पर बढ़ते प्रभावों के कारण स्थानीय, प्रादेशिक एवं विश्व स्तर पर पर्यावरण अवनयन हो रहा है। पर्यावरण की गुणवत्ता में ह्रास ने मनुष्य–पर्यावरण के बीच सम्बन्धों तथा

विश्वस्तरीय पर्यावरण संकट के विषय में लोगों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सचेत कर दिया है। संभवत: पर्यावरण सुरक्षा सबसे मुश्किल लक्ष्य है क्योंकि यह मुद्दा इतना सरल नहीं है, जितना दिखता है। टिकाऊ पर्यावरण के बारे में जिस अवधारणा के साथ लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है, सिर्फ उस अवधारणा के अनुकूल परिस्थितियाँ ही तय सीमा में तैयार हो जाए तो उपलब्धि ही मानी जायेगी।

1. जन-साधारण को पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शिक्षित करना चाहिए।
2. पर्यावरणीय समस्याओं से संबंधित सम्मेलनों, गोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करने से काफी जागरूकता फैल सकती है।
3. पर्यावरण अनुसंधान के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किये जायें और अनुसंधान संस्थाओं को आर्थिक सहायता दी जाये।

उपसंहार –नदियों को जबसे हमने जल और ऊर्जा का स्रोत समझना शुरू किया है सारी समस्या वहीं से शुरू हुई है। नदियों का भौतिक दोहन करना शुरू कर दिया और कभी इस बात का ध्यान नहीं दिया गया कि इसका कितना बड़ा दुष्परिणाम हमें भोगना पड़ेगा। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक तरफ जहाँ ये सिंचाई परियोजनाएँ हमारे लिए वरदान सिद्ध हुए हैं वहीं दूसरी ओर इनके नियंत्रण में कमी से दूरगामी दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। जो लाभ की तुलना में किसी भी तरह ठीक नहीं कहा जा सकता क्योंकि इससे हमारा सम्पूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र ही अव्यवस्थित होता जा रहा है। अत: आज समुचित जल प्रबंधन की नितान्त आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, सविन्द्र (1995), पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, 20-ए, यूनिवर्सिटी रोड इलाहाबाद, पृ.क्र. 512
2. पटैरिया, शिव अनुराग (2012), मध्यप्रदेश संदर्भ, जनसंपर्क भवन, बाणगंगा भोपाल, मध्यप्रदेश, पृ.क्र. 215
3. टेंभरे, भुनेश्वर (2014), जल संसाधन की उपलब्धता एवं नियोजन का स्तर, निवास पठार जिला मण्डला के संदर्भ में, शोध पत्र, रिसर्च डायमेंशन्स, लक्ष्मी बुक पब्लिकेशन्स, शोलापुर महाराष्ट्र, ईसू 8, वॉल्यूम 2, पृ.क्र. 1-3
4. प्रतियोगिता दर्पण-मासिक पत्रिका, अप्रैल 1999
5. दैनिक भास्कर, जबलपुर, दिनाँक 15.01.2016, पृ.क्र. 07
6. hhttp://www.mpwrd.gov.in/documents/18/ac63db4a-a5bf-4520-96cd-1cac448593c1
7. hhttp://www.mppcb.nic.in/pdf/Revised_ PH_ Halon_ Eng.pdf
8. http://nvda.mpforest.org/NVDA-website/pdf/projects-pdf/irrigation-proposed/hip.pdf
9. http://www.who.int/water_sanitation_health/publications/STImalaria.pdf\
10. http://www.gwp.org/

मानचित्र क्रमाँक- 01



तालिका क्रमाँक -01
मण्डला जिले के सिंचाई परियोजनाएँ

क्र.	बाँध/जलाशयों के नाम	जलग्रहण क्षेत्र (वर्ग किमी में)	क्षमता (हजार घनमीटर में)	ऊँचाई (मीटर में)	लंबाई (मीटर में)	नदी का नाम
1	थॉवर	417	139200	27.1	2130	थॉवर
2	मटियारी	159	56800	33.66	1131	मटियारी
3	बिछिया	19.42	8510	26.53	1579	स्थानीय
4	मझगाँव	22.53	8200	19.81	670	नागर नदी
5	धुआँधार	13.2	54.60	27.19	2040	स्थानीय
6	बरबसपुर	2.38	700	12	510	स्थानीय
7	झालपानी	4.88	782	14.94	780	स्थानीय
8	चिखलाटोला	4.42	1350	10	1020	स्थानीय
9	मोहगाँव-माली	2.49	546	10.13	720	स्थानीय
10	जन्तीपुर	5.09	1570	18.45	876	स्थानीय
11	झण्डाटोला	6.73	1110	11.95	467.85	स्थानीय
12	मेहरासिवनी	1.83	650	13.7	822	स्थानीय
13	कोहानी देवरी	4.35	980	15.33	667	स्थानीय
14	दलका बंडा	4.1	1320	17.75	268	स्थानीय
15	माँद	8.41	1241	13.63	975	स्थानीय
16	जमुनिया टोला	4.27	920	15.79	162	स्थानीय
17	धनगाँव	2.23	920	15.2	335	स्थानीय
18	कापा	8	807	12.97	645	स्थानीय
19	चरगाँव	3.6	917	13.77	720	स्थानीय
20	मानेगाँव	2.38	1006	13.36	552	स्थानीय
21	हालोन (निर्माणाधीन)	16.80	146.08	31	993	हालोन

Source : http://www.mpwrd.gov.in



स्रोत : स्थलाकृतिक मानचित्र क्रमांक 55M, 55N, 64A, 64B, 64E, 64F

****

जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास

मोहिनी जादौन *

प्रस्तावना –

'जागो सब मित्रो, देश की प्रगति में हाथ बँटाऐं,
वृक्ष लगाकर, धरा सजाकर, देश को बढ़ती गर्मी से बचाऐं।
आओ एक–एक–पेड़ लगाकर, इस धरती को स्वर्ग बनाऐं,
गैसों के प्रदूषण को छोड़कर, पर्यावरण संरक्षण को अपनाऐं।।'

पर्यावरण (परि + आवरण) दो शब्दों के योग से बना है जिसका अर्थ है हमारे आस पास के चारों और का वातावरण। पर्यावरण एक प्रकृति प्रदत्त संतुलित संरचना है जिसमें ताप, दाब, वायु, सूर्य का प्रकाश विभिन्न पर्यावरणीय गैसें, खनिज, लवण जल, मृदा सब कुछ निश्चित अनुपात में होता है। वर्तमान समय में मनुष्य की बढ़ती हुई महत्वकांक्षा, भौतिक सुख सुविधाओं की चाह के वशीभूत होकर उसने अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष क्रियाकलापों के द्वारा पर्यावरण की इसी संतुलित सँरचना में हस्तक्षेप किया है फलत: पर्यावरण असंतुलन एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई है। इसी के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत का नष्ट होना, ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ने के कारण भूमि पर ताप का बढ़ना, अम्ल वर्षा का होना, समुद्री चक्रवाती तुफानों, जैसे– सुनामी, हेड़ा, लैला, नरगिस फयान, रीटा, आदि का आना, बेमौसम बारिश का होना, अत्यधिक गर्मी, अधिक ठंड का पड़ना आदि दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इसी बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जो विशेष संरक्षाणात्मक उपाय, प्रयास, नीतियाँ योजना तथा कार्यक्रम निर्मित किये जा रहे हैं, उन्हें ही सामूहिक रूप से 'पर्यावरण–संरक्षण' कहा जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यारण के संरक्षण हेतु 20–22 अक्टूबर 2010 को डेनमार्क की राजधानी कोपनहैगन में कॉप–15 पर्यावरण संरक्षण–सम्मेलन का आयोजन किया गया था। देश के तत्कालीन वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री जयराम रमेश के अनुसार देश में पर्यावरण देश में पर्यावरण संरक्षण हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक 'राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण' की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण विशिष्ट प्रयास सिद्ध होगा। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास की एक नई मुहिम के रूप में वर्ष 2010 को 'अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता संरक्षण वर्ष' के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मनाया गया है।

उद्देश्य –

1. जैव विविधता को स्पष्ट करना।
2. पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न बिन्दुओं का विस्तृत अध्ययन करना।
3. सतत विकास को सरल एवं स्पष्ट तरीके से समझाने का प्रयास करना।

शोध विधि – जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत् विकास विषय पर प्रस्तुत इस शोध पत्र में तथ्य संकल्प के द्वितीयक स्त्रोत जैसे– संदर्भ पुस्तकें, समाचार–पत्र–पत्रिकाऐं, शासकीय, अशासकीय संगठन का रिपोर्ट, कम्प्यूटर, इंटरनेट तकनीकों का अधिक उपयोग किया गया है।

पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में जीव–जंतु, पेड़–पौधों आदि सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जैसे–जैसे मानव औद्योगिक प्रगति के शिखर पर पहुँचता जा रहा है वैसे–वैसे हमारे पर्यावरण की सुरक्षा खतरे में पड़ती जा रही है और इसी के द्वारा प्रकृति की पूँजी के नष्ट होने या दूषित होने की संभावनाऐं भी बढ़ती जा रही हैं। पर्यावरण को जो एक शब्द सर्वाधिक नुकसान पहुँचा रहा है वह है विकास। जिसकी गलत व्याख्या ने पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुँचाया है। इस प्रकार पर्यावरण में लगातार मनमाने ढंग से मानव द्वारा हस्तक्षेप करने से ही दिन–प्रतिदिन बड़ी–बड़ी दुर्घटनाऐं घटित हो रही है। मानव अपने आर्थिक लाभ के लिए पेड़ों की कटाई करता जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आज मानव के समक्ष बाढ़, अल्पवृष्टि, अनावृष्टि जैसे विनाशकारी परिणाम सामने आ रहे हें।

पर्यावरण दूषित होने के अनेकानेक कारण हैं – दिनों–दिन वाहनों के धुँऐं एवं कल कारखानों के विषैले धुँऐं से हमारे पर्यावरण की ओजोन गैस की परत नष्ट होती जा रही है। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से जमीन सूखती जा रही है। भूमि का कटाव हो रहा है। मानव आज अपनी वैज्ञानिक शक्ति द्वारा स्वयं एवं जीव जंतुओं को समाप्त करने में लगा हुआ है। खाड़ी युद्ध की विनाशकारी प्रक्रिया ने भी प्रकृति के इसी संतुलन को अपूर्णनीय क्षति पहुँचाई है। मानव परमाणु परीक्षण करके इस भूमि को हमेशा–हमेशा के लिए दूषित कर रहा है। प्रदूषण के प्रमुख प्रकार – 1) वायु प्रदूषण, 2) जल प्रदूषण, 3) ध्वनि प्रदूषण, 4) मृदा प्रदूषण, 5) उष्णीय प्रदूषण, 6) आणविक प्रदूषण

पर्यावरण प्रदूषण के निम्नालिखित कारण हैं –

1) जनसंख्या विस्फोट, 2) ग्रीन हाउस प्रभाव,
3) औद्योगिक उत्सर्जन, 4) ओजान परत का नष्ट होना,
5) अम्ल वर्षा, 6) दूषित गैस एवं धुआँ,
7) ध्वनि प्रदूषण, 8) प्रदूषित होता जल,
9) अपषिष्ट पदार्थों से प्रदूषण तथा
10) मिट्टी एवं घटते वनों के कारण बढ़ रहा प्रदूषण आदि।

विश्लेषण – इस प्रकार वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण म.प्र. में भी लगातार फैलता जा रहा है जो मध्यप्रदेश के तापमान, जलवायु को प्रभावित कर रहा है। वैज्ञानिक स्वेल कार्सनस ने संभवत: प्रथम बार वातावरण के प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की थी। तत्पश्चात् ही इसके प्रति विश्व में आंदोलन प्रारंभ हुए। पर्यावरण संरक्षण संबंधित नीतियाँ बनाने व उनको प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार ने वातावरण आयोजन व समन्वय पर राष्ट्रीय समिति गठित की है। पर्यावरण संरक्षण के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों ने 30 से भी अधिक कानून बनाऐं हैं।

केन्द्र सरकार ने जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण हेतु 1974 में जल प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 बनाया। वायु प्रदूषण रोकने हेतु 1981 में वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम–1981 बनाया, जिसे 1988 में संशोधित किया गया। सन् 1986 में केन्द्र सरकार ने एक विस्तृत पर्यावरण संरक्षण अधिनियम–1986 लागू किया। भारत सरकार

* शोधार्थी (भूगोल) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र) भारत

पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकारी अभिकरणों का खास योगदान है इसमें प्रमुख हैं – पर्यावरण और वन मंत्रालय, पर्यावरण विभाग, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, परिस्थितिकीय विकास बोर्ड तथा भारतीय राष्ट्रीय मानव जीवमंडल समिति और पर्यावरण अनुसंधान समिति आदि।

मध्यप्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए जा रहे प्रयास – मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी पर्यावरण के संरक्षण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अमल में लाया जा रहा है। इस हेतु प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण, बंजर भूमि विकास, वन्य जीव संरक्षण, इको विकास परियोजना, पर्यावरण वाहिनी, वनों की कटाई पर प्रतिबंध, आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राज्य शासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए सतत प्रयास जारी है। वनों की कटाई को रोकने हेतु वन संरक्षण अधिनियम वर्ष 1980 में लागू किया गया। वर्तमान में राज्य के सभी 51 जिलों में वनों की कटाई पूर्णत: प्रतिबंधित है।

1. पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) – गठन–1973
2. आपदा प्रबंध संस्थान – स्थापना (10 नवंबर, 1987, भोपाल में)
3. मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड – गठन–1974 में मुख्यालय–भोपाल (म.प्र.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु सुझाव – आज विश्व में आर्थिक विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित उपायों को अपना कर पर्यावरण के साथ–साथ मानव के अस्तित्व को भी खतरे से बचाया जा सकता है। पर्यावरण दिवस मनाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि इसके संरक्षण के लिए हर रोज, हर पल हमें प्रयास करने होंगे और पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवन शैली का प्रमुख अंग बनाकर ही हम पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभा सकते हैं। जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास संबंधित प्रमुख सुझाव निम्न हैं –

1. वन संरक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।
2. जल का सदुपयोग कर जल का संरक्षण किया जाए।
3. सामाजिक वानिकी कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाए।
4. प्राकृतिक संसाधनों का उचित दोहन किया जाए।
5. ऊर्जा के गैर–परम्परागत स्त्रोतों, जैसे – बायोमास, सौर ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा आदि का विकास किया जाए।
6. पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जन चेतना जागृत की जाए।
7. जनसंख्या वृद्धिदर में स्थिरता लाने का प्रयास किया जाना चाहिये।
8. सौर ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को अपनाया जाए।
9. प्राकृतिक संसाधनों का वर्तमान में सीमित, विवेकपूर्ण एवं व्यावहारिक उपयोग किया जाना चाहिए।
10. पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्ति, समाज, सरकार, विधि, न्यायालय और जन सामान्य सभी स्तरों पर जागरूकता आवश्यक है। इस दिशा में ठोस, एवं व्यावहारिक कार्यक्रम निर्मित किये जायें।
11. पर्यावरण संरक्षण हेतु स्वयं सहायता समूहों का गठन भी किया जा सकता है।
12. नीम सिटी, ग्रीन सिटी, जैसे विचारों को बढ़ावा।
13. इन्दौर की पितृ पर्वत वृक्षारोपण योजना का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार।
14. अनुसूचित जनजाति एवं परम्परागत वनवासी, वन अधिकार, मान्यता अधिनियम 2006 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना।
15. पर्यावरण कानूनों का प्रभावी एवं सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना वर्तमान समय, फरवरी–2016 में सर्वाधिक प्रासंगिक एवं समायोजित मानवीय हित में होगा।

निष्कर्षत – पर्यावरण संरक्षण वर्तमान 21वीं शताब्दी के इस द्वितीय दशक 2011–2020 की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। सफल मानवीय जीवन यापन एवं सतत् विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को अपनाना ही होगा। जल, जंगल, जमीन, जन एवं जानवर के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए

'क्या है इन जंगलों के उपकार,
मिट्टी पानी और बयार।
मिट्टी पानी और बयार,
यही है जिंदा रहने के आधार।'

पर्यावरण संरक्षण के महत्व को स्वीकार करते हुए अपने व्यक्तित्व, पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर भी हमें सोचना होगा कि हम सब कब, कहाँ क्यों और कैसे पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य कर सकते हैं? चिपको आंदोलन के प्रणेता श्री सुंदरलाल बहुगुणा, नर्मदा घाटी विस्थापन से जुड़ी मेघा पाटकर, अरूंधती राय, बाबा आम्टे सामाजिक कार्यकर्ता दीप जोशी (रेमन मैग्सैसे पुरस्कार विजेता), जल संरक्षण हेतु राजेन्द्र सिंह (राजस्थान), सेन्टर फार साइंस एंड एन्वायरानमेंट की प्रमुख सुनीता नारायण, नोबल पुरस्कार विजेता तथा इंटरनेशनल गवर्मेंट पेनल आन क्लाईमेंट चेंज (आई.पी.सी.सी.) के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार पचौरी, राजनीतिज्ञ मेनका गांधी सहित अनेक सरकारी तथा गैर सरकारी संगठन अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला एवं ग्रामीण स्तरों पर पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यों में संलग्न है।

पर्यावरण संरक्षण के अभाव में गंगा, यमुना के ग्लैशियर सिकुड़ते जा रहे हैं, वन कम हो रहे हैं। इन्हीं सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 में वर्णित राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में भी पर्यावरण एवं वन्य जीवन संरक्षण, संवर्धन की बात कही गई है। अनुच्छेद 51(क) में उल्लेखित मूल कर्तव्यों में भी पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, वन, झील, नदी, अन्य जीव की रक्षा, संरक्षण – संवर्धन करें तथा प्राणीमात्र के प्रति दया का भाव रखें। यह बात जोर देकर कही गई है। प्रथम विश्व पर्यावरण संरक्षण सम्मेलन, 1972 स्वीडन में तथा 2002 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्संबर्ग में पर्यावरण संरक्षण पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया है। भारत में भी (1) वन्य जीव संरक्षण अधिनियम– 1972 (2) जल प्रदूषण निवारण, नियंत्रण अधिनियम–1974 (3) वन संरक्षण अधिनियम–1980, (4) वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम–1981 (5) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम–1986 (6) राष्ट्रीय जल नीति – 2002 (7) 21 मार्च, विश्व वानिकी दिवस, (8) 5 जून पर्यावरण संरक्षण दिवस आदि का मनाया जाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन को स्थायित्व देने वाली प्रणाली है। जिसमें जड़ एवं चेतन दोनों तरह के बल एक दूसरे को निर्धारित, नियंत्रित एवं निर्देशित करते हैं।

यह भी सही है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभी हमें मीलों चलना है। एक लंबा सफर तय करना है। पर्यावरण को पुन: सुधारने की दिशा में। अंधेरे में बैठने से ज्यादा अच्छा है कि एक दीप जलाकर उस अंधेरें को चीरने का प्रयास किया जाये। पर्यावरण संरक्षण संबंधी बातों को अब और अधिक उलझाना नहीं, सुलझाना होगा, पर्यावरणविदों को दुत्कारना नहीं, स्वीकारना होगा। पर्यावरण संरक्षण एवं विकास की व्यूह रचना करते समय हमें नई

अवधारणाओं, नई चुनौतियाँ, नए अवसर, नई संभावनाओं को तलाशना होगा। पर्यावरण प्रदूषण कारकों को दूर करते हुए पर्यावरण संरक्षण की नई–नई तकनीकों को अपनाना होगा। युद्ध स्तर पर कार्य करते हुये वर्तमान प्रौद्योगिकी एवं विकास में सुधार लाना होगा। पारिस्थितिकी विकास की अवधारणा को पूरा करना होगा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु तार्किकता प्रस्तुत करनी होगी। हमारे मंत्रोद्दष्टा ऋषियों, मुनियों ने अथर्ववेद में कहा है कि – माता भूमि पुत्रोव्यं पृथिव्या अर्थात पृथ्वी हमारी माता और हम उसके पुत्र हैं प्रत्येक पुत्र का यह कर्तव्य है कि वह अपनी माता की सेवा करें एवं उसे किसी भी तरह का कष्ट नहीं पहुँचने दे। इसी प्रसंग को ध्यान में रखते हुए हमें भी पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास की व्यूह रचना को साकार रूप प्रदान करना होगा तथा गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की पर्यावरण संरक्षण संबधी निम्न पंक्तियों को हमेशा ध्यान में रखना होगा –

'देश की माटी देश का जल, हवा देश की देश के फल, सरस बने प्रभु सरस बने।
देश के वन देश के घाट, देश के तन देश के मन, विमल बने प्रभु विमल बनें'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत का भूगोल – अभिषेक शर्मा, किरण झा, स्प्रेक्ट्रम, बुक्स प्रायवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
2. प्रतियोगिता दर्पण – सामान्य अध्ययन अतिरिक्तांक, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा।
3. भारत 2010, सूचना एवं प्रसाराण मंत्रालय, भारत सरकार।
4. म.प्र. का भौगोलिक अध्ययन– डॉ. प्रमिला कुमार, सागर विश्वविद्यालय।
5. रोजगार एवं निर्माण–मध्यप्रदेश शासन, भोपाल म. प्र.।
6. सामान्य अध्ययन – आनंद कुमार पाण्डेय, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
7. भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – कल्पना राजाराम।
8. योजना, कुरूक्षेत्र, इंडिया टुडे, फ्रन्ट लाईन पत्रिकाओं से प्राप्त अध्ययन सामग्री।
9. नईदुनिया, दैनिक भास्कर, जनसत्ता, हिन्दुस्तान, पत्रिका समाचार पत्रों के संपादकीय आलेख।
10. कम्प्यूटर इंटरनेट पर उपलब्ध विषय, संबंधित अध्ययन सामग्री।
11. विभिन्न समाचार पत्रों के पर्यावरणीय लेख।
12. स्प्रेक्ट्रम प्रकाश – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वर्तमान संदर्भ में।
13. मानव विकास रिपोर्ट – 2009–10 (संयुक्त राष्ट्र संघ)।
14. पर्यावरण चेतना – म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल (म.प्र.)।
15. प्रो. एस.आर. साहू, प्रो. जे.पी. नेमा, युगबोध पर्यावरण विशेषांक।
16. डॉ. बसंतीलाल बावेल, पर्यावरण संरक्षण एवं कानून, सुविधा लॉ हाउस, भोपाल (म.प्र.)।
17. डॉ. सविन्द्र सिंह, पर्यावरण, भूगोल।
18. पर्यावरण अध्ययन – वर्तमान संदर्भ में – अंतुल प्रकाशन, इलाहाबाद।
19. राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र, रोजगार–समाचार (नई दिल्ली से प्रकाशित) में छपे पर्यावरणीय मुद्दे – शोध अध्ययन सामग्री।

****

धार जिले में पर्यटन की संभावनाएँ

किरण मण्डलोई *

शोध सारांश – मध्यप्रदेश को भारत का हृदय प्रदेश कहा जाता है। यहां के दर्शनीय स्थल अपनी विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक परिवेश ने प्रदेश को पर्यटन स्थल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान दिलवाई है। पुरातत्व एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध इस प्रदेश में ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहाँ दर्शनीय या पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान न हो परन्तु कई जिले ऐसे है, यहाँ के पर्यटन स्थलों से पर्यटक आज भी अनजान है। यहाँ पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएँ है।

पर्यटन धर्म, इतिहास, सभ्यता और संस्कृति है। राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय उद्योग है। पर्यटन मानव जाति की एकता और मात्र भाव की आधारशिला है। पर्यटन धार्मिक तीर्थ, मेले व त्यौहार, ऐतिहासिक स्मारक, प्राकृतिक स्थल, वन्य प्राणियों के संरक्षित क्षेत्र, बड़े-बड़े बांध, विशाल औद्योगिक संयत्र एवं आधुनिक नगर आदि भी पर्यटन के प्रमुख आकर्षक केन्द्र है।

धार जिला आदिवासी बाहुल क्षेत्र होने के कारण आदिवासी संस्कृति भी मध्यप्रदेश की धरोहर है। इन पिछड़े क्षेत्रों में आवागमन कि सुविधा, एवं टूरिस्ट कॉटेज व अच्छे होटलों की सुविधा न होने के कारक पर्यटन का विकास नहीं हो पाया है।

शब्द कुंजी – विविधता, विशिष्ट, विकास, आदिवासी, सुविधा।

प्रस्तावना – पर्यटन हमारी प्राचीन संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। सामाजिक-सांस्कृतिक, धार्मिक-आर्थिक आदि दृष्टि से इसका बहुत ही महत्व है। वर्तमान में पर्यटन से रोजगार के अवसर पैदा करने राष्ट्रीय एकता और अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। पर्यटकों के चलते स्थानीय दस्तकारी तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है। पिछले तीन दशकों से भारत में पर्यटन में अधिक वृद्धि हुई है।

भारत की इस विशाल भूमि में मौसम, जलवायु, प्राकृतिक सौन्दर्यता, भौगोलिक स्वरूप, वन्य प्राणी एवं जीव आदि की बहुत ही विभिन्नता है। यहां पर्यटकों तथा अनुसंधानकर्ताओं के साहसिक, उत्साहवर्द्धक खोज के लिए असीमित संभावनायें विद्यमान है। प्रत्येक व्यक्ति अनभिज्ञता की जानकारी/खोज, वर्जित स्थानों का ज्ञान एवं छिपे रहस्य की तरह आकर्शित होना, धार्मिक स्थानों के दर्शन से आंतरिक शांति प्रसन्नता का आभास होता है।

अध्ययन का क्षेत्र – म.प्र. का धार जिला जनतांति बहुल्य क्षेत्र है। धार जिला 20^0 से 23^0 10' उत्तरी अक्षांश एवं 74^0 28' से 75^0 42^0 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जिले का कुल क्षेत्रफल 8206.5 वर्ग कि.मी. और कुल जनसंख्या वर्ष 2011 के अनुसार 21,84,672 व्यक्ति।

उद्देश्य –पर्यटन देश में सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक एवं धार्मिकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोजगार सृजन में इसका बड़ा योगदान है।

प्रमुख पर्यटन स्थल – म.प्र. में इन्दौर से 60 कि.मी. दूर स्थित धार एक ऐसा जिला है जो इतिहास काल से लेकर वर्तमान तक चर्चा में रहा है। भारतीय इतिहास के विद्धान राजा भोज की नगरी के नाम से धार को पहचाना जाता है। यहां पर एक छोटी पहाड़ी पर किला है, जिसका निर्माण 1344 ई. में सुल्तान मोहम्मद तुगलक ने करवाया था। किले के ऊपर खरबुजा महल एवं सरस्वती की मूर्ति व मस्जिद बनी हुई है जिसमें बसंत पंचमी के दिन हिन्दू-मुस्लिम अपनी एकता का प्रतीक देते है। धार के समीप एक फड़के स्टूडियों है, जिसमें हमारे देश के 'महानुभाव महापुरूषों जैसे सुभाशचन्द्र बोस,नेहरूजी, गांधीजी, तिलक एवं देवी देवताओं की सुन्दर कलाकृत मूर्तियाँ जीवंत सी प्रतीत होती है।

धार से 36 कि.मी. दूर माण्डू में अस्मधा जीवाश्म संग्रहालय है, जहां पर करोड़ो वर्ष पुराने लकड़ी के जीवाश्म एवं डायनासोर के जीवाश्म सुरक्षित रखे गए है। यदि सरकार द्धारा इस ओर ध्यान देकर इन जीवाश्मों को संग्रहित कर प्रचार-प्रसार किया जाए तो यहां पर पर्यटन की संभावना बढ़ जाएगी।

माण्डू धार से 40 कि.मी. दूर विध्यांचल पहाड़ियों में स्थित है यह शताब्दियों से अनेक हिन्दू और मुस्लिम शासकों के अधीन रहा है। यहां पर 12 दरवाजे, रानी रूपमती महल, जहाजमहल, हिन्डोला महल, जामा मस्जिद, चम्पा बावड़ी, बाज बहादुर महल, काड़का खाई, आदि एतिहासिक एवं प्राकृतिक सौदर्य पर्यटकों को लुभाते है।

बाग गुफाएँ धार से 97 कि.मी. दूर विन्ध्यन पर्वत के दक्षिण में स्थित है। कुछ इतिहासकार इन्हें चौंथी और पांचवी सदी में निर्मित मानते है लेकिन अधिकतर सातवी सदी में। प्रारम्भ में इन गुफाओं की संख्या 9 थी। जिसमें से

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर (म.प्र.) भारत

अब पांच ही शेष है। इन गुफाओं का संबंध बौद्ध मत से है। यह गुफाएँ अजंता और एलोरा की गुफाओं के समान ही कलापूर्ण भित्ति चित्रों से युक्त है। इन गुफाओं की खोज 1818 में की गई थी। माना जाता है कि दसवीं शताब्दी में बौद्ध धर्म के पतन के बाद इन गुफाओं को मनुष्य भूल गया था और यहां बाघ निवास करते थे। इसीलिए इन्हें बाघ गुफाओं के नाम से जाना जाता है। गुफाओं में मौजूद पांडवों का सभाग्रह होने के कारण इन्हें पांच पाण्डव भी कहा जाता है। यहां का बाग प्रिंट भी देश-विदेश में राष्ट्र की अपनी पहचान रखता है। बाग के पास 2 कि.मी. की दूरी पर एक जीवाश्म पार्क स्थापित किया जा रहा है। जहाँ पर डायनासोर के अण्ड़े तथा उनके अवशेषों को संरक्षित किया जायेगा । यहां पर आस-पास के क्षेत्रों में आदिवासी जनजातिया बसती है तथा उनकी संस्कृति अनूठी हैं।

निष्कर्ष – इन छुपे हुए क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों की जानकारी को उभारकर पर्यटकों तक पहुँचाने से इन स्थानों का महत्व और अधिक बढ़ जायेगा। इन पर्यटन स्थलों के माध्यम से लोगों को अधिक रोजगार प्राप्त होगा। पर्यटन स्थलोंको जीवित रखने के लिए इनका संरक्षण एवं विकास करना बहुत आवश्यक है।

सुझाव – पर्यटन के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव

1. आवागमन के साधनों को सुगम बनाया जाय।
2. पर्यटको के लिए न्यूनतम शुल्क पर टूरिस्ट कॉटेज बनाये जाय।
3. धार्मिक स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम हो।
4. पर्यटन स्थलों पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किये जाय ।
5. पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय ।
6. पर्यटनों को शासन द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाय ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. हरिमोहन- संस्कृति पर्यावरण और पर्यटन- तक्षशिला प्रकाशन नई दिल्ली
2. डॉ. जगमोहन नेगी- राष्ट्रीय संस्कृति संपदा- सांस्कृतिक पर्यटन एवं पर्यावरण- तक्षशिला प्रकाशन, नईदिल्ली
3. India.gov.In Dhar District
4. "http://hi.wikipedia.org

****

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव-एक आकलन

डॉ. प्रतीक चौबे * जियालाल राठौर **

शोध सारांश – वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्री तूफानों की बारंबारता में वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप तटीय क्षेत्रों में जान-माल की क्षति होगी। इसके अतिरिक्त अल नीनों की बारंबारता में भी बढ़ोत्तरी होगी जिससे एशिया, अफ्रीका तथा आस्ट्रेलिया महाद्वीपों में सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी जबकि वहीं दूसरी ओर उत्तरी अमरीका में बाढ़ जैसी आपदा का प्रकोप होगा। दोनों ही स्थितियों में कृषि उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

प्रस्तावना – जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण वैश्विक तपन है जो हरितगृह प्रभाव का परिणाम है। हरितगृह प्रभाव वह प्रक्रिया है जिसमें पृथ्वी की सतह से टकराकर लौटने वाली सूरज की किरणों को वातावरण में उपस्थित कुछ गैसें अवशोषित कर लेती हैं परिणामस्वरूप पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होती है। कार्बन डाईऑक्साइड, मिथेन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन्स, नाइट्रस ऑक्साइड तथा क्षोभमण्डलीय (troposher) ओजोन वे मुख्य गैसें हैं जो हरित गृह प्रभाव के लिए उत्तरदायी हैं। वातावरण में इन गैसों की निरंतर बढ़ती मात्रा से वैश्विक जलवायु परिवर्तन का ख़तरा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

हरितगृह प्रभाव के चलते अनेक क्षेत्रों में औसत तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी के अनुसार वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया का तापमान पिछले 1000 वर्षों की तुलना में सर्वाधिक होगा। अंतर-शासकीय जलवायु परिवर्तन पैनल Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) ने वर्ष 1995 में भविष्यवाणी की थी कि अगर मौजूदा प्रवृत्ति जारी रही तो 21वीं सदी में तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। इस शताब्दी का पहला दशक (2000-2009) अब तक का सबसे ऊष्ण दशक रहा है जो यह साबित करता है कि हरितगृह प्रभाव के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन का दौर आरंभ हो चुका है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन के अनेक प्रभाव होंगे जिनमें से ज्यादातर हानिकारक होंगे।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव – वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्वास्थ पर पड़ेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार जलवायु में तपन के कारण श्वास एवं हृदय सम्बंधी बीमारियों में वृद्धि होगी। दुनिया के विकासशील देशों में दस्त, पेचिश, हैजा, क्षयरोग, पीत ज्वर तथा मियादी बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों की बारंबारता में वृद्धि होगी। चूँकि बीमारी फैलाने वाले रोग वाहकों के गुणन एवं विस्तार में तापमान एवं वर्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अत: दक्षिण अमरीका, अफ्रीका तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों जैसे- मलेरिया, डेंगू, पीला बुखार तथा जापानी बुखार के प्रकोप में बढ़ोतरी के कारण इन बीमारियों से होने वाली मृत्युदर में इज़ाफ़ा होगा। मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते एक बड़ी आबादी विस्थापित होगी जो 'पर्यावरणीय शरणार्थी' कहलाएगी।

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप रोगाणुओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ इनकी नयी प्रजातियाँ विकसित होगी जिसके परिणामस्वरूप फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। फ़सलों की नाशीजीवों तथा रोगाणुओं से सुरक्षा हेतु नाशीजीवनाशकों के उपयोग की दर में बढ़ोत्तरी होगी जिससे वातावरण प्रदूषित होगा साथ ही मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप दुनिया के मानसूनी क्षेत्रों में वर्षा में वृद्धि होगी जिससे बाढ़, भू-स्खलन तथा भूमि अपरदन जैसी समस्याएँ पैदा होंगी। जल की गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन जल स्रोतों के वितरण को भी प्रभावित करेगा। उच्च अक्षांश वाले देशों तथा दक्षिण-पूर्ण एशिया के जल स्रोतों में जल की अधिकता होगी जबकि मध्य एशिया में जल की कमी होगी। निम्न अक्षांश वाले देशों में जल की कमी होगी।

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप ध्रुवीय बर्फ के पिघलने के कारण विश्व का औसत समुद्री जल स्तर इक्कीसवीं शताब्दी के अंत तक 9 से 88 सेमी तक बढ़ने की संभावना है जिससे दुनिया की आधी से अधिक आबादी, जो समुद्र से 60 किमी की दूरी तक रहती है, पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बांग्लादेश का गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, मिस्र का नील डेल्टा तथा मार्शल द्वीपों और मालदीव सहित अनेक छोटे द्वीपों का अस्तित्व वर्ष 2100 तक समाप्त हो जाएगा। इसी ख़तरे की ओर सम्पूर्ण विश्व का ध्यान आकर्षित करने के लिए अक्टूबर 2009 में मालदीव सरकार की कैबिनेट ने समुद्र के भीतर बैठकर एक अनूठा प्रयोग किया था। इस बैठक में दिसम्बर 2009 के कोपेनहेगन सम्मेलन के लिए एक घोषणा पत्र भी तैयार किया गया था। प्रशांत महासागर का सोलोमन द्वीप जलस्तर में वृद्धि के कारण डूबने के कगार पर हैं।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव समुद्र में पाए जाने वाली जैव-विविधता सम्पन्न प्रवाल भित्तियों पर पड़ेगा जिन्हें महासागरों का उष्णकटिबंधीय वर्षा वन कहा जाता है। समुद्री जल में उष्णता के परिणामस्वरूप शैवालों (Algee) पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो कि प्रवाल भित्तियों को भोजन तथा वर्ण प्रदान करते हैं। उष्ण महासागर विरंजन प्रक्रिया के कारण होंगे जो इन उच्च उत्पादकता वाले परितंत्रों को नष्ट कर देंगे। प्रशांत महासागर में वर्ष 1997 में अजनीनो के कारण बढ़ने वाली ताप की

* अतिथि विद्वान (भूगोल) शासकीय पं.शंभूनाथ शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) शासकीय पं. शंभूनाथ शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

तीव्रता प्रवालों की मृत्यु का सबसे गंभीर कारण बनी है। एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी की लगभग 10 प्रतिशत प्रवाल भित्तियों की मृत्यु हो चुकी है, 30 प्रतिशत गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं तथा 30 प्रतिशत का क्षरण हुआ है। ग्लोबल कोरल रीफ मॉनीटरिंग नेटवर्क, ऑस्ट्रेलिया का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक सभी प्रवाल भित्तियों की मृत्यु हो जाएगी।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कृषि पैदावार पर पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमरीका में फसलों की उत्पादकता में कमी आएगी जबकि दूसरी तरफ उत्तरी तथा पूर्वी अफ्रीका, मध्य पूर्व देशों, भारत, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया तथा मैक्सिको में गर्मी तथा नमी के कारण फसलों की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी। वर्षा जल की उपलब्धता के आधार पर धान के क्षेत्रफल में इजाफा होगा।

वातावरण में ज्यादा ऊर्जा के जुड़ाव से वैश्विक वायु पद्धति में भी परिवर्तन होगा। वायु पद्धति में परिवर्तन के परिणामस्वरूप वर्षा का वितरण असमान होगा। भविष्य में मरुस्थलों में ज्यादा वर्षा होगी जबकि इसके विपरीत पारंपरिक कृषि वाले क्षेत्रों में कम वर्षा होगी। इस तरह के परिवर्तनों से वृहद पैमाने पर मानव प्रवजन को बढ़ावा मिलेगा जो कि मानव समाज के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक ताने-बाने को प्रभावित करेगा।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप बाढ़, सूखा तथा आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में वृद्धि के कारण अन्न उत्पादन में गिरावट आयेगी। स्थानीय खद्यान्न उत्पादन में कमी, भुखमरी और कुपोषण का कारण बनेगी जिससे स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेंगे। खाद्यान्न और जल की कमी से प्रभावित क्षेत्रों में टकराव पैदा होंगे।

जयशंकर प्रसाद के 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में चुटकुलों जैसे हास्य–व्यंग्य की बौछार नाटक के बीच–बीच में एक ओर मनोरंजन के उद्देश्य को पूरा करती है वहीं तत्कालीन परिस्थितियों पर तीखा प्रहार भी करती है। वास्तव में ऐसे प्रसंग न केवल कथा को आगे बढ़ाते हैं वरन् जनमानस का समुचित मार्गदर्शन भी करते हैं। इनके हास्य के पीछे छिपे हुए व्यंग्य पर यदि गौर किया जाये तो यह मात्र हास्य ही नहीं अपितु लोक कल्याण की निर्मल धारा भी अपने अन्दर समेटे होते हैं। इन पर गहन चिन्तन करने पर बहुत गहरे अर्थ निकलकर आते हैं और यदि उन्हें समझकर, उनमें निहित विचारों का अनुसरण किया जाये तो समाज में एक स्वस्थ वातावरण बनना आश्चर्य की बात नहीं होगी। इसके अतिरिक्त नाटक में इनकी उपस्थिति उसमें चल रही गहन–गम्भीरता को कुछ समय के लिए समाप्त कर हँसने–हँसाने के अवसर प्रदान करती है। सामाजिक स्वास्थ्य की दृष्टि से ऐसे विशुद्ध हास्य की उपयोगिता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दृष्टि से भी चुटकुलों का सा आनन्द में कुछ प्रतीकात्मक पात्रों के माध्यम से 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में हमें देखने को मिलता है। इस सम्बन्ध में उक्त नाटक के कुछ प्रसंग दर्शनीय है–

नाटक का प्रारम्भ युद्ध शिविर के वर्णन से होता है। ध्रुवस्वामिनी के पास प्रतिहारी रामगुप्त को एक आवश्यक संवाद देने के लिए आती है। वहाँ रामगुप्त को न पाकर वह ध्रुवस्वामिनी से रामगुप्त के बारे में पूछती है कि वे कहा हैं? इस पर ध्रुवस्वामिनी व्यंग्य के साथ हास्यमिश्रित उत्तर देती है–

'प्रतिहारी– (प्रवेश करके घबराहट से) भट्टारक इधर आये हैं क्या?

ध्रुवस्वामिनी– (व्यंग्य से मुस्कराते हुए) मेरे आँचल में तो छिपे नहीं हैं, देखो किसी कुंज में ढूँढो।

प्रतिहारी– (सम्भ्रम से) अरे महादेवी क्षमा कीजिए। युद्ध सम्बन्धी एक आवश्यक संवाद देने के लिए महाराज को खोजती हुई में इधर आ गई हूँ।'(1)

इसके पश्चात् जब प्रतिहारी को भट्टारक मिल जाते हैं और वह उन्हें युद्ध सम्बन्धी समाचार देती है तो रामगुप्त का उत्तर किसी चुटकुले से कम नहीं होता। उससे हास्य तो निर्मित होता ही है, कायरता से परिपूर्ण उसकी चारित्रिक विशेषता भी उजागर हो जाती है। अवलोकनीय है वह अंश–

'प्रतिहारी–जय हो देव! एक चिन्ताजनक समाचार निवेदन करने के लिए अमात्य ने मुझे भेजा है।

रामगुप्त– (झुँझलाकर) चिन्ता करते–करते देखता हूँ कि मुझे मर ही जाना पड़ेगा। ठहरो (खडगधारिणी से) हाँ, जी, तुमने अपना काम तो अच्छा किया किन्तु मैं समझ न सका कि चन्द्र गुप्त को वह अब भी प्यार करती है या नहीं?

रामगुप्त– (प्रतिहारी की ओर क्रोध से देखता हुआ) तुमसे मैंने कह दिया न कि अभी मुझे अवकाश नहीं, ठहर कर आना।

प्रतिहारी– राजाधिराज! शकों ने किसी पहाड़ी राह से उतरकर नीचे का गिरिपथ रोक लिया है। हम लोगों के शिविर का सम्बन्ध राजपथ से छूट गया है। शकों ने दोनों ओर से हमें घेर लिया है।

रामगुप्त– दोनों ओर से घिरा रहने में शिविर और भी सुरक्षित है। मूर्ख। चुप रह। (खडगधारिणी से) तो ध्रुवदेवी क्या मन ही मन चन्द्रगुप्त को– है न मेरा सन्देह ठीक?'(2)

इसके पश्चात् जब शकराज रामगुप्त के पास एक सन्धि प्रस्ताव भेजता है, जिसमें वह युद्ध के बदले ध्रुवस्वामिनी की माँग करता है। तब इस शर्त को मान लेने के लिए रामगुप्त शिखरस्वामी से मंत्रणा करता है कि ऐसी चाल चली जाये जिससे सारे शत्रु एक ही साथ परास्त हो जायें। वह कायर है। षड़यन्त्र करता है। युद्ध का प्रस्ताव स्वीकार करके पत्नी ध्रुवस्वामिनी की रक्षा के लिए तो उद्यत होता नहीं वरन् उसे शकशिविर में अपने शत्रु के पास भेजने का निश्चय कर लेता है। इस पर नाटक के प्रतीकात्मक पात्रों कुबड़ा, बौना, हिजड़ा इत्यादि द्वारा प्रसाद जी ने हास्य–व्यंग्य की सृष्टि की है और एक कायर और विलासी राजा तथा उसके कुशासन की पोल खोली है। इस समय का चित्रण दृष्टव्य है–

कुबड़ा– युद्ध! भयानक युद्ध।

बौना– हो रहा है कि कहीं होगा मित्र!

हिजड़ा– बहनों! यहीं युद्ध करके दिखाओ न, महादेवी भी देखें।

बौना– (कुबड़े से! सुनता है रे! सुनता है रे! तू अपना हिमाचल इधर कर दे–मैं दिग्विजय करने के लिए कुबेर पर चढ़ाई करूँगा।

हिजड़ा– अरे! यह तो मैं हूँ नलकूबर की वधू! दिग्विजयी वीर! क्या तुम

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.) भारत

स्त्री से युद्ध करोगे? लौट जाओ, कल आना। मेरे श्वसुर और आर्यपुत्र दोनों ही उर्वशी और रम्भा के अभिसार से अभी नहीं आये- कुछ आज ही तो युद्ध करने का शुभ मुहूर्त नहीं है।

हिजड़ा- (उसी तरह भटकते हुए) अरे मैं स्त्री हूँ- बहनों, कोई मुझसे ब्याह भले कर सकता है- लड़ाई- मैं क्या जानूँ?'(3)

इसके पश्चात् ध्रुवस्वामिनी को शकशिविर में भेजा जा रहा है- यह निर्णय सुनाने के लिए जब शिखरस्वामी ध्रुवस्वामिनी के पास आता है, उस समय भी यह प्रतीकात्मक पात्र रामगुप्त के सामने ही बनाबटी नाटक का प्रदर्शन करते हैं, पर कायर और षड़यंत्रकारी रामगुप्त पर उसका कोई असर नहीं होता। इससे सम्बन्धित नाटक का अंश दृष्टव्य है-

रामगुप्त- (हँसते हुए। वाह रे वामनवीर! यहाँ दिग्विजय का नाटक खेला जा रहा है क्या?

बौना- (अकड़कर) वामन के बलि-विजय की गाथा और तीन पगों की महिमा सभी लोग जानते हैं। मैं भी तीन लात में इसका कूबर सीधा कर सकता है।

कुबड़ा- लगा दे भाई बौने! फिर यह अचल हेमकूट बनना तो छूट जाये।

हिजड़ा- देखो जी! मैं नलकूबर की वधू इस पर बैठी हूँ।

बौना- झूठ! युद्ध के डर से पुरूष होकर भी स्त्री बन गया है।

हिजड़ा- मैं तो पहले ही कह चुकी कि मैं युद्ध नहीं जानती।

बौना- तुम नलकूबर की स्त्री हो न, तो अपनी विजय का उपहार समझकर मैं तुम्हारा हरण कर लूँगा। ठीक होगा न? कदाचित यह धर्म के विरूद्ध न होगा! (रामगुप्त ठठाकर हँसता है।)(4)

इसके पश्चात् जैसे ही ध्रुवस्वामिनी को शकशिविर में जाने सम्बन्धी आदेश दिया जाता है। उसके दुख का पारावार नहीं रहता। वह आत्महत्या करने को तत्पर हो उठती है। तभी चन्द्रगुप्त आकर उसे रोकता है और वे लोग राष्ट्र की रक्षा कैसे की जाये- इस पर विचार करते हैं। उनकी राष्ट्र-रक्षा-यज्ञ की बात को सुनकर रामगुप्त घबरा जाता है। उसे अपने प्राण संकट में दिखाई देने लगते हैं। वह राष्ट्र रक्षा के लिए किसी प्रकार भी अपने प्राण नहीं गँवा सकता। इसीलिए शकराज से युद्ध नहीं करना चाहता। तब उस समय चन्द्रगुप्त उससे कहता है कि तब आओ! हम लोग स्त्री बन जायें और बैठकर रोयें। यह प्रसंग अवलोकनीय है-

'रामगुप्त- (अपने हाथों को मसलते हुए) दुरभिसन्धि, छल, मेरे प्राण लेने का कौशल।

चन्द्रगुप्त- तब आओ हम लोग स्त्री बन जायें और बैठकर रोयें।

हिजड़ा- (प्रवेश करते हुए) कुमार, स्त्री बनना सहज नहीं है। कुछ दिनों तक मुझसे सीखना होगा। (सबका मुँह देखता है और शिखरस्वामी के मुँह पर हाथ फेरता है।) उहूँ, तुम नहीं बन सकते। तुम्हारे ऊपर बड़ा कठोर आवरण है। (कुमार के समीप जाकर) कुमार मैं शपथ खाकर कह सकती हूँ कि यदि मैं अपने हाथों से सजा दूँ तो आपको देखकर महादेवी का भ्रम हो जाये। (चन्द्रगुप्त उसका कान पकड़कर बाहर कर देता है।)

ध्रुवस्वामिनी- उसे छोड़ दो कुमार! यहाँ पर एक वही नपुंसक तो है नहीं। बहुतों में से किसको-किसको निकालोगे?(5)

इस प्रकार 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में निहित हास्य-व्यंग्य के अंशों में चुटकुलों का सा मनोरंजन भी है, पर साथ ही वस्तुस्थिति को समझने के लिए तीखा व्यंग्य भी है। यदि इन अंशों को नाटक से पृथक करके देखा जाये तो ये चुटकुलों का ही आभास देते हैं। वास्तव में चुटकुले प्रत्येक काल के लिए बहुत प्रासंगिक हैं। ऐसा साहित्य समाज का बहुविध कल्याण करने में पूर्णतया समर्थ होता है।

चुटकुला विधा में निहित हास्य, नाटकों के एक प्रकार कामदी (Comedy) से मिलता-जुलता है जो किसी को बिना कोई क्षति, पहुँचाये हास्य उत्पन्न करता है। इस सन्दर्भ में कुछ पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं- 'आधुनिक काल में वर्गसा ने कामदी के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये हैं। उसके अनुसार कामदी का हास्य मानव से सम्बन्धित है-

"The comic does not exist outside the place of what is strictly human"(6)

'मानव व्यवहार, मुद्रायें, चालढाल, जितने मशीनवत् होंगे, उतने ही हास्योत्पादक होंगे। इस प्रकार बर्गसा की दृष्टि में हास्य का कारण है मानव का मशीनवत् आचरण। उदाहरणार्थ जब विदूषक मशीनवत् चलता है, बोलता या हँसता है, तो हम हँसते हैं। कामदी के हास्य का ध्येय मनुष्य के दर्प का दमन करना है, उसका संशोधन कर उसका सुधार करना है, पर वह ऐसा करने के लिए किसी को क्षति नहीं पहुँचाती, केवल छींटे कसती है जिससे सहज आनन्द की प्राप्ति होती है।'(7)

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी, पृ0सं0 18
2. जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी, पृ0सं0 18
3. जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी, पृ0सं0 22
4. जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी, पृ0सं0 23
5. जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी, पृ0सं0 30
6. Henri bergson, Laughter, P.No. 30
7. शान्तिस्वरूप गुप्त- सत्यदेव चौधरी, भारतीय तथा पाश्चात्य काव्यशास्त्र का संक्षिप्त विवेचन, पृ0सं0 403

****

मानस में नारी चरित्र - सृष्टि

डॉ. अंजली सिंह *

प्रस्तावना – रसखान की पंक्ति से अपनी बात प्रारंभ करना चाहूँगी 'हिन्दुवान को वेद सम यवनहि प्रगट कुरान' मानस के संबंध में रसखान का कथन नि:संदेह बिल्कुल सही है। यूँ भी रामकथा नदी रुप है, जिसमे अक्षरों का समुदाय जल है, सुंदर अलंकार एवं छंद मत्स्य समूह, दीर्घ समास वक प्रवाह, संस्कृत तथा प्राकृत अलंकार पुलिन है, देशी भाषा दोनों उज्जवल तट है, कवियों के दुष्कर एवं सघन शब्द शिला तल है, 'अर्थ' बहुलता तरंगे हैं, सर्ग तीर्थ है। यह राम-कथा सरिता इस प्रकार शोभायमान है'। ग्रियर्सन ने इसे 'दी बाईबिल ऑफ हिन्दुज कहा तो विन्सेट स्मिथ ने मानस की प्रशंसा करते हुये इसे मध्यकाल के आश्चर्य काण्योयान का सबसे ऊँचा वृक्ष कहा है।

मानस एक कालजयी कृति है। जैसे-जैसे युगीन मान-मूल्य बदलते जा रहें है। वैसे-वैसे इसमें कवि के कथ्य की नयी-नयी अर्थ छवियॉ प्रकट होती जा रही है। बीसवीं शती में मानव मूल्यों में बदलाव आया है उसके आलोक में मानस-मंथन करते हुए मानस की पात्र-सृष्टि के कुछ नये निष्कर्ष प्रकट हो जाते है। मानस सचमुच एक चरित्र कोश है। इसमें चित्रित दो सौ से अधिक पात्रों में से यदि कुछ पात्र मुख्यधारा में हैं, तो कुछ संदर्भित। इन सबका परिचय प्राप्त कर लेने से जहॉ भारतीय निगमागम, धर्मशास्त्र, इतिहास आदि का निचोड़ प्राप्त होता है वहीं कुछ पात्रों के प्रति वर्तमान बुद्धिजीवी वर्ग असहमत भी हो गये है।

राम कवियों में तुलसी की नारी भावना विवाद एवं मतभेद का विषय रही है। कतिपय विद्धानों के अनुसार तुलसी ने नारी जाति को आदर और श्रद्धा की पात्री माना है। उनके काव्य में सत् चरित्रों का अंकन सुंदर हुआ है। डा0 रामकुमार वर्मा ने हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास (पृष्ठ 494) में लिखा है 'तुलसी ने नारीजाति के लिए बहुत आदर भाव प्रकट किया है। पार्वती, अनुसूया, कौशल्या, सीता, ग्रामवधू आदि की चरित्र रेखा पवित्र और धर्म पूर्ण विचारों से निर्मित हुई है। कुछ आलोचकों का कहना है कि तुलसी ने नारी जाति की निंदा की और उन्हें ढोर गॅवार की कोटि में रखा परन्तु यदि मानस पर निष्पक्ष दृष्टि डाली जाये तो विदित होगा कि नारी के प्रति भर्त्सना के ऐसे प्रमाण उसी समय उपस्थित किये गये जबकि नारी ने धर्म विरोधी आचरण किये। डा0 शुक्ल ने तुलसी के नारी निंदा के प्रसंगों को अर्थवाद के अंतर्गत लाकर नारी निदां के दोष का परिहार करने का प्रयास किया। शुक्ल जी का मत है कि युग व्यापक विराग और तप की भावना के कारण तुलसी ने नारी के उस रुप का विरोध किया जो तप और निवृत्ति में बाधक है। किंतु माता प्रसाद गुप्त इसे स्वीकार नहीं करते वे लिखते हैं 'नारी चित्रण में तुलसी बेहद अनुदार हैं। यद्यपि उनकी इस अनुदारता का कारण अब तक रहस्य के गर्भ में छिपा हुआ है, पर नारी विषयक उनकी अनुदारता एक ऐसा तथ्य है जिसको अस्वीकृत नहीं किया जा सकता'। मिश्रबंधुओं ने भी तुलसी को नारी निदंक माना है उनके अनुसार तुलसी ने कौशल्या सीता के चरित्रों को इसलिए सुंदर और पवित्र बताया है। वे राम से संबंधित हैं। शेष नारियों को सहज, जड़, अपावन तथा स्वतंत्र होने के अयोग्य माना है।

नारी निंदा के संबंध में कतिपय विद्धानों का यह मानना भी है कि नारी निंदा का एक कारण उनका नारी संपर्क का अभाव है। मॉ की ममता व वात्सल्य से वंचित एवं पत्नी की फटकार से वैरागी हुए। अत: नारी के प्रति जो विराग भावना उनके अंतर में थी, समकालीन नारी की दयनीय दशा एवं साहित्य की परंपरा से प्रेरणा पाकर पनय उठी इस कथन में अर्धसत्य तो है, इसको अस्वीकार नहीं किया जा सकता। यथार्थ नारी की विषम अवस्था ने नारी के प्रति तुलसी के दृष्टिकोण में विमुखता तथा हीनता प्रस्तुत की होगी।

वास्तव में तुलसी की नारी भावना के सम्यक विश्लेषण के लिये उसका वर्गीकरण आवश्यक है। पहला इष्ट से संबंधित नारी का है। दूसरा नारी का आदर्श रुप है, इसके अंतर्गत कर्त्तव्य परायण चरित्रों के सत्रुप के विकास के अतिरिक्त नारी आदर्श की व्याख्या भी है। तीसरा रुप समाज में उपलब्ध नारी रुप का चित्रण है और चौथा संत मत के अनुसार नारी निंदा का है।

इष्ट से संबंधित नारी राम की माता कौशल्या तुलसी के आदर एवं पूज्य भाव की पात्री हैं बंदों कोसल्या दिसि प्राची। कीरति जासु सकल जग मॉची।। प्रगटेउ जहॅ रघुपति ससिचारु। बिस्व सुखद खल कमल तुसारु।। करुणा निधांन की अत्यंत प्रेम पात्री सीता की अनुकम्पा कवि की बुद्धि को अमलता प्रदान करती है।

जनकसुता जगजननि जानकी। अतिसय प्रिय करुणा निधान की ।। जाके जुग पद कमल मनावौ। जासु कृपा निर्मल मति पावौ।। कौशल्या सीता आदि का चरित्र अंकन पवित्र एवं सुदंर हुआ है, क्योंकि वे उनकी आराध्य की पत्नी और माता है। वस्तुत: गोस्वामी जी की आदर्श एवं सत्-नारी की कसौरी राम का संबंध और भक्ति है। सीता, कोशल्या की चरित्र रेखा आदर्शमयी है, पर ये सब इष्ट को प्रिय है तथा इष्ट से प्रेम और भक्ति करती है कोसत्यादि नारीप्रिय सब आचरन पुनीत। पति अनुकूल प्रेम दृढ हरिपद कमल विनीत।।

किन्तु वही कवि वन-गमन के समय कैकेयी को मन भरकर धिक्कारता है। नगरवासियों द्वारा भी कैकेयी को कुबुद्धि, कुटिल,कठोर, अभागी एवं रघुवंश बेनु बन आगी कहलाते है। लक्ष्मण जननी सुमित्रा के लक्ष्मण को विदा देते समय का कथन भी तुलसी के भक्त हृदय का ही प्रमाण देता है। पुत्रवती जुवती जग सोई। रघुपति भगतु जासु सुत होई।। नतुरु बॉझ भलि बादि बिआनी। रामविमुख सुत तें हितहानी।। यहॉ मॉ का हृदय भक्त के आगे नतमस्तक दिखाई देता है।

वन में पतिप्राणा पत्नी के रुप में सीता पति के साथ विपिन वास में भी स्वर्गिक सुख का अनुभव करती है। उनके गरिमामय नारीत्व के चरमविकास की महिमा तुलसी उन पर रामप्रिया और जगजननी की अलौकिकता का आरोप कर न्यून कर देते है। दशरथ के मरण काल में सुत वियोग के महान

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

दु:ख से पीड़ित कौशल्या सहिष्णुता एवं धीरज की प्रतीक बन कर : स्थिर बुद्धि विवेक व सहनशीलता का परिचय देती है। दूसरे स्थल पर वात्सल्यमयी कौशल्या भरत को भी राम के समान स्नेह पात्र मानती हैं परन्तु दोनों ही स्थितियों में तुलसी उनके चरित्र की महत्ता का वर्णन न करके उनके सत्कल्याण विधायक रुप का कारण राम की माता होना ही मानते है।

देखि सुभाउ कहत सब कोई। राममातु अस काहे ना होई।

हरिभक्तमय नर नारी राम को अत्यंत प्रिय है। अत: शबरी को भी सद्गति मिलती है। तुलसी रामभक्ति में संलग्न नरनारी को परमगति का अधिकारी मानते है।

नारी का सत् रुप एवं नारी आदर्श – तुलसी को पारिवारिक जीवन में नारी के कल्याण विधायक, ममतामय रुप का विकास करना अभीप्सित था। सीता, कौशल्या, पार्वती, सुमित्रा,अनसूया, मंदोदरी आदि के चरित्रों में आदर्श रुप प्रतिफलित हुआ है। जीवन की विश्रंखलताओं के बीच उन्होंने ऐसी नारी का अंकन किया जो गृह जीवन में त्याग ,ममता का संबल लेकर अग्रसर होती है अपने हृदय–रक्त से साधना और कर्त्तव्य का अभिषेक करती है। सीता आदर्श पत्नी हैं और साथ ही मर्यादाशीला कुलवधू भी है। सीता के रुप में तुलसी ने नारी के शास्त्रीय आदर्श का चित्रण किया है। इस संबंध में डॉ0 योगेश दुबे के विचार महत्वपूर्ण है। 'वाल्मिकी सत्य के पक्ष में नारी स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक हैं तो तुलसी को मर्यादा भंग की चिंता सताती रहती है। वन गमन के प्रश्न पर वाल्मिकी की सीता अपने समस्त आत्मबल के साथ अपना पक्ष रखती है किन्तु तुलसी की सीता आदर्श और मर्यादा के बंधन में बंधी दिख पड़ती है। वाल्मिकी नारी को दृढता पूर्वक अपनी पूरी बौद्धिक क्षमता के साथ अपनी बात कहने का अवसर दिये जाने के पक्ष में है, जबकि तुलसी मर्यादा भंग के भय से 'मौन की अभिव्यंजना' को ही श्रेष्ठ मानते है।
पत्नी धर्म की व्याख्या करते हुए तुलसी लिखते है।

एकै धर्म एक व्रत नेमा। काय वचन मन पति पद प्रेमा। इससे भी आगे बढ कर वे कहते है।

वृद्ध रोग बस जड़ धन हीना । अंध बधिर क्रोधी अति दीना ।
ऐसे हु पति कर किये अपमाना। नारि पाव जमपुर दु:ख माना।।

अपनी आदर्श समाज व्यवस्था में तुलसी परंपरागत स्त्री धर्म के समर्थक रहें है जिमि स्वतंत्र होई बिगरहिं नारी । स्त्री धर्म संबंधी उनकी वही मान्यता जो अनसूया ने सीता से उपदेश के रुप में कहा था (अरण्य दोहा 5) इसके साथ ही पुरुष की अपेक्षा निर्बल चरित्र मानकर बार–बार उपदेश भी देते है। सूर्पनखा प्रसंग में नारी की कमजोरियों की तरफ संकेत करते हुए उन्होंने लिखा है।

भ्राता पिता पुत्र उरगारी । पुरुष मनोहर निरखत नारी।

होइ बिकल सकि मनहि न रोकी। जिमि रवि मनि द्रव खहिं बिलोकी' यहां कवि ने स्त्री चरित्र की निर्बलता का अतिरंजित और कुछ अंश तक अमर्यादित चित्रण किया है। इस संबंध में डॉ0 उदयभानु सिंह ने लिखा है 'इसमें संदेह नहीं कि तुलसी ने पुरुष की सच्चरित्रता की अपेक्षा नारी की सच्चरित्रता पर अधिक बल दिया है। इसके दो कारण तब भी थे अब भी है। एक पुरुष का चरित्र–दोष उतना संक्रामक नहीं हैं जितना कि नारी का । दूसरा यह कि जिस गलती के कारण पुरुष का कुछ नहीं बिगड़ता उसी के कारण नारी पर कलंक का अमिट टीका लगा दिया जाता है। बिना अपराध के अग्नि परीक्षा के बाद भी सीता को धर्म धुरन्धर राम के हाथों निर्वासित होना पड़ा था' (तुलसी काव्य–भीमांसा पृ.341–42)

रावण का कथन 'नारि सुभाउ सत्य कवि कहहीं। अवगुन आठसदा उर रहही। जिन आठ अवगुणों की चर्चा तुलसी करतें हैं वे हैं– 'साहस, अन्तत चपलता, माया। भय, अविवेक, असौच ,अदाया'।
इसके अतिरिक्त तुलसी ने अनेक स्थलों पर अतिरंजित वर्णन किया है।

1. सती कीन्ह चह तहां दुराउ।देखउ नारि सुभाउ प्रभाउ।
2. अधम ने अधम जाति अति नारी। तिन महँ मैं मतिमंद गॅवारी।
3. विधिहुँ न नारि हृदय गति जानी। सकल कपट अध अवगुन खानी।
4. उत्तर देइ नहिं लेइ उसांसू। नारि चरित्र कर ढारइ ऑसू।

परंपरा और लोकरीति के अनुसार तुलसी ने भी नारी को कामिनी के रुप में देखा। तप और विराग में बाधक माया ही नारी है।

नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा।

काम, क्रोध लोभादि मद प्रबल मोह कै धारि। तिहं महँ अतिदारुन दु:खद मायारुपी नारि।

मानव के सद्गुण,बुद्धि,बल,शील,सत्य सब दुर्बल विवश मछली है, बंशी रुपी नारी में फॅस कर सब नष्ट हो जाते है। तुलसी निगमागम सम्मत धर्म को मान्यता देते हैं अत: नारी के प्रति शास्त्रकारों , स्मृतिकारों , साधको एवं नीतिकारों की कटुता और वैराग्य की भावना उनके काव्य में स्पष्ट हो उठी है। भक्ति की दृष्टि से तुलसी ने नारी को सर्वथा निंदनीय और व्याज्य माना है स्वयं उनके मर्यादा पुरुषोत्तम राम भी नारी की निंदा करते नहीं थकते।

अवगुन मूल सूल प्रद प्रमदा सब दुख खानि।
ताते कीन्ह निवारन मुनि मैं यह जिय जानि।।

तुलसी की नारी भावना की यह विशेषता है कि स्वंय नारी भी अपनी जाति को तुच्छ,हीन, बताती हुई कहती है कि काने, खोरे, कूबरे वैसे ही कुटिल होते है उसमें यदि स्त्री हुई तो कुबुद्धि का योग अधिक होता है।

इस विवेचन के आधार पर नि:संदेह रुप से कहा जा सकता है कि तुलसी नारी के प्रति अपेक्षित उदारता का प्रदर्शन नहीं कर सकें है। अतएव बदलते हुए जीवन मूल्यो के परिप्रेक्ष्य में सही पात्रत्व की स्थापना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मानस एक दृष्टि अनेक – डॉ0 रमेशचंद्र त्रिवेदी आशीष प्रकाशन कानपुर 2011
2. तुलसी सं.– उदयभानु सिंह, राधाकृष्ण मूल्यांकन माला सांतवॉ संस्करण 1998
3. तुलसी की साहित्य साधना – डॉ0 लल्लन राय, वाणी प्रकाशन 2012
4 रामचरित मानस में चरित्र–सृष्टि – डॉ0 योगेश दुबे ज्ञान प्रकाशन कानपुर 2008

****

प्रवासी साहित्यकार सुनीता जैन के उपन्यासों में नारी- एक अनुशीलन

डॉ. चन्दा तलेरा जैन * संध्या प्रजापति **

प्रस्तावना – प्र+वास में 'प्र' शब्द दूर के लिए, 'वास' रहना से है, प्रवास अपने निज स्थान से दूरस्थ स्थान में रहना से है। पी.एच.रोसी का मानना है- 'यदि कोई व्यक्ति किसी नए स्थान में जाने की इच्छा रखता है तो प्रवासी कहा जाता है'।[1]

वेद कथा के अनुसार-**'मनु'** सृष्टि के आदि पुरूष ही नहीं वरन् प्रवासी श्रंखला के प्रथम पुरूष है। इन्होंने पहले पहल मिश्र देश में निवास किया था।[2] उन्होंने वेदों के ज्ञान और अपने अनुभव से धर्म व संस्कृति की नींव रखी और साथ में समाज के निर्माण में, सभ्यता के विकास में भी अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। इतिहास की दृष्टि से देखे तो लम्बे समय तक धर्म प्रचार एवं व्यापार हेतु प्रवास होता आया है। आधुनिक युग में संचार माध्यमों ने दूरी को सीमित कर सारे विश्व को एक दायरे में समेट लिया है। आज व्यक्ति बहुत सारे उद्देश्य की पूर्ति हेतु विदेशों में गमन कर रहे हैं। जब हम अपनी भूमि से दूर होते हैं, नई संस्कृति व विचारों का अनुभव होता है तो हमें हर्ष या पीड़ा होती है। हर्ष इस कारण से जो अनुभव कर रहे वो सब नया है, भिन्न है, पीड़ा इस कारण से हम अपने देश से दूर, अपनों से दूर हैं। मन की इस छटपटाहट से साहित्य का सर्जन होता है। इसी कारण जब कालिदास अपने मिट्टी से दूर हुए तो देश की मिट्टी की महक ने शकुन्तला, मेघदूत जैसे रचना लिखने को प्रेरित किया था। अनेक साहित्यकारों ने प्रवास के अनुभव को केन्द्र में रहकर साहित्य की सर्जना की है। उनमें से बहुमुखी प्रतिभा की धनी सुनीता जैन जी भी हैं। **नारी** शान्तिपर्व में पितामह युधिष्ठिर से कहते हैं कि 'संसार में स्त्री के समान कोई बन्धु नही है और स्त्री के समान धर्म संग्रह में सहायक भी दूसरा कोई नही है'।[3] वैदिक संस्कृति में ईश्वर का देवी स्वरूप नारी को माना गया, ऐसे विचार इस युग में थे। वैदिक युग में समाज व्यवस्था एवं विकास के लिए कुछ नियम और परम्पराएँ थी, जो सभी को मान्य थे। ये परंपराएँ धीरे-धीरे कुंठित होकर पैरों की बेड़ियाँ बन गई। नारी जहाँ पूज्य थी, आज वह 'वस्तु' बन कर रह गई है। कबीर ने नारी को सर्पिणी की संज्ञा दी, तो रीतिकाल में सौन्दर्य और उपभोग की वस्तु बन कर रही। आधुनिक काल में भी उनकी स्थिति में परिवर्तन न के बराबर हुआ है। अनेक महिला लेखिकाओं ने नारी पात्रों के माध्यम से समाज में इन परम्पराओं के विरूद्ध परिवर्तन लाने का प्रयास किया। नारी शिक्षित हो, उसे समाज में समानता औरअधिकार प्राप्त हो।इसके लिए इन लेखिकाओं ने अपने दायित्व बखूबी निभाया हैं।

सुनीता जी भी नारी पात्रों के द्धारा इन परम्पराओं और नियमों के विषय में अपने विचारों को सामने रखा है। इनका पहला उपन्यास 1964 में**बोज्यू** प्रकाशित हुआ था। बोज्यू दो विचारों का उपन्यास है। एक विचार मुक्ता का और दूसरा विचार बोज्यू का। पहाड़ी भाषा में बोज्यू 'भाभी' को कहा जाता है। बोज्यू भारतीय संस्कृति व मान्यताओं को मानती है। बोज्यू कहती है-'जो हमारी सभ्यता के प्रतिकूल है उसे दूसरी सभ्यता से उधार मांगकर चलना अकल्याणकारी नहीं तो और क्या है'।[4] मुक्ता स्वतंत्र विचारों की मिलनसार, खुशमिज़ाज लड़की है। वह पढ़ाई के साथ कविता में भी रूचि रखती है। वह रीति-रिवाजपरम्पराओं को बंधन मानती है, उसमें बदलाव होना जरूरी है।वह कहती है-'दद्दा इंजीनियर है और लड़की डॉक्टर। फिर भी जन्म कुण्ड़ली मिलानी आवश्यक है क्या?'[5] मुक्ता के जीवन में परिवर्तन चन्द्रमोहन के आगमन से होता है, चन्द्रमोहन बोज्यू का भाई है। 'गोल्डमेडलिस्ट' बहुत होनहार था। कहते हैं कि प्रेम जाति, धर्म, रीति-रिवाज कोई बंधन नहीं मानता, केवल प्रेम समर्पण चाहता है। दोनों विवाह के बंधन मे बंधना चाहते थे। बोज्यू का परिवार कट्टरपंथी ब्राह्मण और मुक्ता कायस्थ थी। बोज्यू इस रिश्ते को अस्वीकार करती है। मुक्ता चन्द्रमोहन से कहती है- 'जिन रीति-रिवाजों पर उनका विश्वास है, उनमें मेरा जीवन बँध नही सकता। उनको दु:ख पहुँचाना मेरा उद्देश्य कदापि नहीं'।[6] बोज्यू की नाराजगी से मुक्ता का मन बहुत आहत होता है, वह अपने विचारों को महत्व न देकर रीति-रिवाज को मानती है। परिवार व समाज के हित में रजत से विवाह करती है। एक सुबह अखबार में चन्द्रमोहन की तस्वीर को देखकर सोचती है कि मेरा फैसला सही था या गलत? नारी कितनी ही आधुनिक, शिक्षित क्यों न हो जाए, परन्तु स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकती है। रीति-रिवाज एवं समाज के हित में उसके विचार कही खो जाते हैं।

सुनीता जी का दूसरा उपन्यास **सफर के साथी** है। विक्टोरिया जहाज में सफर, सफर का प्राकृतिक सौन्दर्य, विभिन्न संस्कृति के लोग एवं उनका आत्मीय संबंध। हर दृश्यों को मानो उन्होंने फ्रेम में जड़ा हो, ऐसा सजीव वर्णन है। उपन्यास की नारी पात्र नीरजा, ज्योतिषी की भविष्यवाणी कि वह विदेश भ्रमण करेगी, तब सच हुआ जब उसका विवाह अमेरिका प्रवासी सुकान्त के साथ हुआ। दोनों में आपसी वैवाहिक प्रेम बहुत था। लेकिन जन्म के तुरन्त बाद बेटे की मौत ने नीरजा को दु:ख में डुबो दिया। इस दु:ख से उभरने के लिए अमेरिका से दिल्ली अपने मायके के लिए **विक्टोरिया जहाज** में सफर करती है। सफर का प्राकृतिक सौन्दर्य उसे सुकान्त के साथ बिताए दिनों की याद दिलाता रहता है। सफर के यात्रियों में से एक यात्री धीरज के मन में नीरजा का सौन्दर्य प्रेम जगाने लगा। दु:खों में डूबी, अकेलापन झेलने वाली नीरजा भी धीरे-धीरे धीरज की ओर आकर्षित होने लगी थी।

भारतीय संस्कृति में विवाह को पवित्र बन्धन माना गया है। रीति-रिवाज हमें एक मजबूत रिश्तों में बांधे रखते हैं। इस मर्यादा ने नीरजा को धीरज के प्रेम में समर्पण होने से रोक लिया। वह सोचती है-'सुकान्त तो सागर जैसे जीवन का सीमान्त था। सुकान्त के दोनों कगारों में वह बंधी थी।'[7] इस उपन्यास में नीरजा के लिए सुकान्त का वैवाहिक प्रेम सागर के समान है, तो धीरज का प्रेम वह शक्ति, साहस है जो सागर के थपेड़ों से सदैव बचाए रखता है। नीरजा कहती है- 'एक सफर में हम साथ थे, वह सफर आज समाप्त होता है, हमारा साथ भी, तुम्हारे कारण मेरे जीवन में वांछित मोड़ आ गया है, अन्यथा मैं भटके मुसाफिर सी हो गई थी।'[8]ये वाक्य सफर के अन्तिम समय में

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भाषा अध्ययन शाला) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

धीरज के लिए था।

सुनीता जैन का तीसरा उपन्यास **अनुगूंज** । यह प्रेम और विवाह के विचारों को लेकर है। प्रेम को तो सात्विक, पवित्र मानते हैं और विवाह को बन्धन। अनमेल विवाह सिर्फ समझौता होकर जीवन में त्रासदी लाता है। इस उपन्यास की नायिका छवि का जीवन ऐसा ही है। छवि का विचार है कि– 'जिससे प्रेम हो उससे विवाह मत करो नहीं तो प्रेम का सागर छिन्न–भिन्न हो जाता है।'[9] मणि की नजर में छवि अल्हड़, उल्लास से भरी हुई मथुरा की सबसे पापुलर लड़की थी। इसका सौन्दर्य सभी को आकर्षित करता था। मणि भी उसके सौन्दर्य में मोहित होकर प्रेम करने लगा था। छवि मणि का सात्विक प्रेम मन में संजोए हुए मदन के साथ परिणय सूत्र में बंधती है। मदन का यह अनमेल विवाह था, जिसके कारण छवि में उसकी कोई विशेष रूचि नहीं थी। हमेशा घर से बाहर क्लबों में शराब में डूबे रहना, यही उसकी दिनचर्या थी। छवि भौतिक सुख–सुविधा से सम्पन्न थी परन्तु मन की खुशी जीवन से कोसों दूर थी। छवि कहती है– 'फिर बंगला, किताब यह चुप्पी और मैं....।'[10]छवि का मन पुरूष के प्रेम के लिए तड़पता था, ऐसे में भारत का अपने प्रति प्रेम देखकर छवि किसी की परवाह न करते हुए उसके प्रति पूरी तरह से समर्पित हो जाती है। कुछ समय अन्तराल छवि को गर्भ कैंसर हो जाता है। पति की बेरूखी, मातृवहीनता, अकेलापन छवि के जीवन को बंजर बना देता है।यहि अनमेल विवाह का परिणाम होता है। हम जीवन के विषय में एक धारणा बना लेते हैं और उस पर ही अमल करते हैं। अनुगूंज अपने विचारों की आवाज है। विवाह जीवन का समझौता नहीं, नए जीवन का आरम्भ है। इसमें विनाश या निर्माण का मार्ग तय होता है। मदन को पश्चाताप की अनुभूति होती है और वह इलाज के लिए इंग्लैण्ड़ गई छवि के आने का इंतजार करता है.....।

सुनीता जी का उपन्यास **मरणातीत**। जिसमें विधवा विवाह को महत्व दिया गया है। मरण+अतीत, जो इस संसार से विरक्त हो गए वे अब अतीत बन चुके हैं, उसे भूल जाना ही उपयुक्त है। भारतीय संस्कृति में नारी कि लिए पति परमेश्वर होता है। उसका सम्मान पति से जुड़ा रहता है, पति के इस दुनिया में नहीं रहने पर विधवा के रूप में नारकीय जीवन व्यतीत करती है। पुन: विवाह के बारे में सोचना उसके लिए पाप है, अपराधबोध है। उपन्यास की नायिका गोमा आज विधवा का जीवनयापन कर रही है। उसका पति राज बहुत ही खुशमिजाज व महत्वाकांक्षी था। वह आज 'बस गोमा की स्मृति में है।'[11] यादों के सहारे जीवन व्यतीत हो नहीं सकता है इसलिए अपने और पुत्र के जीवनयापन हेतु नौकरी की, इसके अलावा यादों को समेटने के लिए साहित्य रचना में रूचि रखने लगी थी। गोमा के जीवन में परिवर्तन उस समय आता है जब अपने अप्रकाशित उपन्यास के समालोचन के लिए जगदीश के घर रीता से प्रथम मुलाकात होती है। 'रीता वर्मा की पत्नी नहीं है, पर पत्नी जैसी लगती है, पुरी तरह।'[12] रीता को रीति–रिवाज व समाज का कोई भय नहीं है। पति और बच्चों के होते हुए वह अपने पूर्व प्रेमी से वैवाहिक संबंध रखे हुए है। इतना खुला दृष्टिकोण, इतना स्वतंत्र विचार? और मैं पति की याद में अपने जीवन को होम कर रही हूँ। जगदीश का यह कहना 'तुम विवेकशील हो, समर्थ हो, सुन्दर हो। आखिर अपने आप को झुठलाती कैसे हो? संस्कार का बहाना बनाकर? रीति–रिवाज की दुहाई देकर।'[13] जगदीश का निश्छल प्रेम, आस्था, परवाह देखकर गोमा संकीर्ण मानसिकता से बाहर निकलकर जगदीश के साथ वैवाहिक बंधन में बंधती है और यथार्थ से अपना स्वयं परिचय करवाती है। विधवाओं को भी जीवन में खुश होने का अधिकार है, जीवन को होम करने में नहीं।

सुनीता जी का उपन्यास **बिन्दु**। समाज में परिवर्तन कितना भी हो जाए लेकिन नारी के प्रति दृष्टिकोण वैसा ही रहता है। वह स्वतंत्र नहीं है, आज भी उनके जीवन का निर्णय कोई और करता है, जो जीवन में दु:ख ही लाता है। उपन्यास की नायिका जीवन पर्यन्त उपेक्षा ही सहन करती है। जन्म के समय बड़े भाई की मौत से बिन्दु का बचपन माता–पिता के स्नेह से वंचित रहा।जबकि पिताजी शहर के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर थे। समय बीतता रहा, ग्यारह वर्ष की उम्र में बिन्दु सोचती है 'जैसे लड़की होना कुछ शर्म आनी चाहिए जैसी भर्त्सना है।'[14] इसके बाबजूद जीवन के प्रति उल्लास व सकारात्मक दृष्टिकोण रखती थी। वह पढ़कर अपने जीवन का उद्देश्य तय करना चाहती थी, इसलिए पड़ोसी का बेटा कुमार का प्रेम उसे आँखों की किरकिरी लगता था। कविता उसकी प्रेरणा शक्ति थी। साहित्यकार शगुन से मुलाकात उसके जीवन में प्रेम लाया और प्रेम को पाने की ललक भी बढ़ने लगी। परन्तु माँ कहती है 'भांड है भांड। जलसों में गाता फिरता है उससे ब्याह करेगी तू? कोई सुनेगा तो क्या कहेगा।'[15] माँ बिन्दु का विवाह उसकी इच्छा के विरूद्ध आर्थिक रूप से सम्पन्न कृष्णकान्त से करती है। कृष्णकान्त के मन का संदेह बिन्दु के जीवन में जहर घोलने लगता है। प्रेम की आस यहाँ भी अधूरी.....। उसका बेटा अजय उसके जीने का एकमात्र सहारा था, लेकिन एक दिन कृष्णकांत बिन्दु की बीमारी का फायदा उठाकर अजय को हमेशा के लिए इंग्लैण्ड ले जाता है। नारी शक्ति, साहस, सहनशील का परिचायक होती है, परिस्थितियों का बहुत सहजता से सामना करती है। बिन्दु अमेरिका बुआ के यहाँ जाकर नए सिरे से जीवन आरम्भ करती है। आगे पढ़ाई कर कॉलेज की प्रोफेसर बनती है। इस तरह से अपने जीवन का उद्देश्य पूर्ण करती है। कृष्णकांत के गम्भीर रूप से बीमार होने पर ही भारत लौटती है। यही बिन्दु का जीवन चक्र है।

निष्कर्ष – सुनीता जी के उपन्यासों में विभिन्नता है। सरल और सहज भाषा में उन्होंने अपने मन की भावनाओं को व्यक्त किया है। इनके उपन्यासों की नायिकाएँ शांत और सरल चरित्र की हैं। **मरणातीत** की गोमा समाज में परिर्वतन के विषय में सोचती है और स्वयं अपने जीवन का निर्णय लेती है। अन्य नायिकाएँ समाज के निर्णय का विरोध नहीं करती हैं, वे परिस्थितियों का बहुत धैर्य व साहस से सामना करती हैं। वे पाठकों के सामने अंत में प्रश्न छोड़ती हैं। भारतीय संस्कृति में समाज के निर्माण व व्यक्ति के विकास के लिए कुछ नियम व परम्पराएँ हैं। इसको हम नष्ट नहीं कर सकते हैं, इसके अभाव में हम भटक सकते हैं, हमारा जीवन नीरस व एकाकी हो सकता है। परन्तु समाज के इन नियमों व परम्पराओं को समय के अनुरूप परिवर्तन करके अपने जीवन का उद्देश्य प्राप्त कर सकते हैं। यही सुनीता जी का दृष्टिकोण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. समाज विज्ञान विश्वकोष पृ. क्रं. 388
2. प्रवासी भारतीयो की हिन्दी सेवा पृ. क्रं. 28
3. महाभारत में धर्म पृ. क्रं. 392
4. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 51
5. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 80
6. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 90
7. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 156
8. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 158
9. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 174
10. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 169
11. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 210
12. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 217
13. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 243
14. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 265
15. सुनीता जैन समग्र पृ. क्रं. 282

****

इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रभाषा का योगदान

मंशाराम बघेल *

शोध सारांश – प्राप्त आंकडों के अनुसार दुनिया के पचास देशों में 160 विश्वविद्यालयों में हिन्दी की विधिवत् शिक्षा दी जाती हैं। कुल 110 हिन्दी के अध्ययन केन्द्रों में से 20 तो केवल अमेरिका में है। लेनिनग्राड के 50 विश्वविद्यालयों में 400 से अधिक छात्र-छात्राऍं हिन्दी का अध्ययन करते है। जर्मनी के 17 विश्वविद्यालयों में आज हिन्दी के स्वतंत्र विभाग है। एक करोड़ बीस लाख भारतीय मूल के लोग विश्व के 132 देशों में बिखरे हुए है,जिनमें से आधे से अधिक हिन्दी से मात्र परिचित ही नहीं, उसे प्रयोग में भी लाते है। ये भारतीय मूल के प्रवासी फिजी, मारीशस,सूरीनाम,त्रिनिनाद,गुयाना तथा दक्षिण अफ्रीका में बसे हुए हैं। ये भारतीय आपस में हिन्दी का ही प्रयोग करते है तथा हिन्दी को अपनी अस्मिता से जुडा हुआ मानते है।

प्रस्तावना – इक्कीसवीं सदी में सम्पूर्ण विश्व एक छोटे से शहर में परिवर्तित हो जाएगा, ऐसा माना जा रहा है और ऐसा प्रतीत भी होता। यह एक प्रकार से सुखद भी है और प्रकारान्तर से दुखद भी। अर्थशास्त्रियों के दृष्टिकोण से विकास का श्रेष्ठ मार्ग यही है किंतु भावनात्मकता,संप्रभुता एवं स्वतंत्र अस्मिता की दृष्टि से यह उतना शुभ नहीं है जितना विकासवादियों के द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। विश्व की सभी संस्कृतियों का तालमेल होना सैद्धांतिक रूप से तो बहुत आकर्षक प्रतीत होता है किन्तु व्यवहारिकता से परे दिखाई देता है। कारण स्पष्ट है कि किसी भी स्वतंत्र और संम्प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र की अस्मिता व निजी पहचान के लिए उसके जीवन-मूल्य,भाषायी संस्कार एवं सांस्कृतिक विरासत उपजीव्य होती है। इन तत्वों की रक्षा हर हल में होनी ही चाहिए। भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजे रखने में संस्कृत भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्कृत की ही सुगम और विकसित शैली हिन्दी है। हिन्दी भारत के अस्तित्व का प्रतीक है। हरेक भाषा का एक सर्वोपरि, सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्य होता हैं। उसका एक-एक शब्द अपने आप में संपूर्ण संग्रहालय है। जिसमें उस धरती की सहस्त्राब्दियों पुरानी स्मृतियों,अनुभव और व्यंजना समाहित रहती है। जब कोई अपनी भाषा छोड़ता है तो उसकी इन बहुमूल्य थातियों को भी अनिवार्य रूप से अलविदा देता है। हमें यह मानना पड़ेगा कि किसी भाषा के संस्कार और सांस्कृतिक मूल्य उसके साथ-साथ चलते है। बीते वर्षो में उदारीकरण और बाजारवाद ने हिन्दी पर जैसे हमले किए है उससे लगता है कि आने वाले कुछ वर्षो में हिन्दी अपने मूल स्वरूप को खो देगी और एक ऐसी विज्ञापनी भाषा हिन्दी का स्थान लेगी जो भारतीय लिबास में यूरोप की आत्मा होगी। इसका मूल कारण है कि भारत जैसे विश्व के शक्तिशाली लोकतंत्र में अभी तक राष्ट्रभाषा को संवैधानिक तौर पर नहीं अपनाया गया है। इसके विपरीत अंग्रेजी को महिमामण्डित करने की औपनिवेशिक मानसिकता दिनोंदिन विस्तार पाती जा रही हैं। अंग्रेजी को ज्ञान का पर्याय मानने वाले भारतीयों की अल्पज्ञता और गुलाम मानसिकता जग जाहिर है। अंग्रेजी का ज्ञान अभीष्ट हो सकता है,और प्रवर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए अभीष्ट होना भी चाहिये। परंतु अंग्रेजी का ज्ञान किसी भी स्थिति में अनिवार्य नहीं हो सकता या अंग्रेजी कभी ज्ञान की पर्याय नहीं हो सकती। अभी कुछ वर्ष पूर्व संविधान की पुर्नसमीक्षा भी हुई किंतु यह राष्ट्रीय महत्व का प्रश्न फिर अनुतरित छोड दिया गया। वर्तमान परिस्थितियों में वर्षो से यक्ष प्रश्न की तरह खड़ा राष्ट्रभाषा का प्रश्न समाधान की अपेक्षा रखता है। स्वाधीनता के छ: दशको में भाषा को लेकर आज तक अनेक अटकल बाजियॉ,तरह-तरह के राजनैतिक दाव पेंच और झगडे फसाद देश भर में होते रहे। सच तो यह है कि भाषा जहॉ अखण्डता और एकता का माध्यम होना चाहिए थी, वही हमारी मानसिक संकीर्णताओं के चलते वह विखण्डन हेतु कई बार बनी। सरकारिया आयोग ने भी इस तथ्य को स्वीकारते हुए लिखा है-'भाषा का प्रश्न एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसने संघ और कुछ राज्यों के बीच काफी विवाद और कटुता पैदा की हैं।' केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें अपनी-अपनी लोकप्रियता के लिए अनेक भाषा विरोधी कदम उठाती रही। फलत: समाज व राष्ट्र में कई बार अलगाव और विद्वेश का वातावरण निर्मित हुआ जिससे क्षेत्रीय भाषाओं का अन्तर्विरोध हिन्दी के साथ बढता गया और अंग्रेजी को इसका लाभ मिलता चला गया,तदानुसार अंग्रेजी के प्रवृति समर्थ नेतृत्व में बढी।

संविधान में भी भाषा संबंधी उपबंधों एवं अनुच्छेदों का प्रावधान किया गया है। समय-समय पर उनमें संशोधन-परिवर्तन भी किये गए किन्तु दुर्भाग्य से भारतीय स्वातंत्र्य के छ: दशकों में राष्ट्रभाषा व सम्पर्क भाषा का मामला बजाए सुलझने के उत्तरोत्तर उलझता ही गया। संविधान निर्माण के समय संघ की राष्ट्रभाषा अथवा राजभाषा के रूप में हिन्दी को प्रतिष्ठित करने के लिए अधिकांश नेतृत्व पक्ष में था किंतु कुछ व्यक्तियों द्वारा विरोध किए जाने के कारण हिन्दी को अनुच्छेद 343 में शामिल किए गए एक मध्यमार्गीय सूत्र के अधीन देवनागरी लिपि वाली हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया और कहा गया कि अंको का रूप भारतीय अंको का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा। यह अनुमति दी गई कि 15 वर्ष की अवधि तक अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता रहेगा और उसके बाद भी, संसद विधि द्वारा अंग्रेजी भाषा के या अंको के देवनागरी रूप के प्रयोग का उपबंध किन्ही विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए कर सकेगी।

डॉ.शिवमंगलसिह सुमन के शब्दों में किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की पहचान के लिए तीन अवयवों की आवश्यकता होती है। उसका कोई झण्डा हो, कोई राष्ट्रगान हो और कोई राष्ट्रभाषा हो। हमने राष्ट्रीय झण्डा भी ग्रहण कर लिया और राष्ट्रगान भी ग्रहण कर लिया किंतु राष्ट्रभाषा का प्रश्न अभी तक अनुतरित बना हुआ है।जबकि होना यह चाहिए था कि स्वतंत्र गणतंत्र के

* शोधार्थी, शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

अस्तित्व के ये तीनों आयाम बिना किसी हिचक के एक साथ तय हो जाते। राष्ट्र की पहचान के लिए राष्ट्रभाषा का होना नितांत आवश्यक है। जिस प्रकार राष्ट्रध्वज के अभाव में राष्ट्रीय पहचान अधूरी रहती है ठीक उसी प्रकार राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा ही बना रहता है। राष्ट्रगान की भाषा भी हिन्दी ही है। जिस राष्ट्रगान को जन-जन द्वारा अनिवार्यत: गाया जाता है फिर उस भाषा(हिन्दी) का विरोध क्यों किया जाता हैं। यह सोचनीय विषय है।'भाषा किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की विशिष्ट पहचान होती है,राष्ट्र का इतिहास उसकी भावना,सभ्यता और संस्कृति उसकी राष्ट्रभाषा में ही ध्वनित होती है।' देश के लिए भले ही न हो किन्तु एक संप्रभुता संपन्न स्वतंत्र राष्ट्र को एक सूत्र में बॉध रखना ही राष्ट्रभाषा का विशिष्ट महत्व है। आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी के शब्दों में राष्ट्रभाषा के अभाव में सांस्कृतिक चेतना के अभाव में राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती।'

निष्कर्षत: उक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि संविधान समीक्षा के संदर्भ में राष्ट्रभाषा के प्रश्न और भाषा संबंधी विवादों के समाधान के लिए संविधान में स्पष्ट प्रावधान कर हमेशा के लिए भाषा के नाम पर होने वाले प्रपंचों को विराम दे दिया जाए। वास्तव में यदि देखा जाए तो संविधान निर्माण से पूर्व ही स्वाधीनता आन्दोलन के लगभग सभी कर्णधारों द्वारा संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी का ही प्रयोग किया गया। दक्षिणी राज्यों के नेताओं के द्वारा भी सर्वथा हिन्दी,को ही अपनाया गया था। तब एक मात्र लक्ष्य उन सभी के सम्मुख था स्वतंत्रता प्राप्त करना। वहॉ भाषा जैसे संवेदनशील और क्षेत्र-सापेक्ष विषयों पर सोचना भी पाप था। गॉधीजी ने विदेशी संस्कृति में अध्ययन किया और अंग्रेजी माध्यम से वकालत की किंतु उन्होंने कभी अंग्रेजी को अपने लिए शुभ नहीं माना। गॉधी जी सदैव हिन्दी के प्रयोग पर जोर देते रहे है। उनमें से कुछ निर्देशन देखे जा सकते है-हिन्दी ही हिन्दुस्तान के शिक्षित समुदाय की सामान्य भाषा हो सकती है यह बात निर्विवाद सिद्ध है,जिस स्थान को आजकल अंग्रेजी भाषा लेने का प्रयत्न कर रही है और जिसे लेना उसके लिए असभंव है वही स्थान हिन्दी को मिलना चाहिए क्योंकि उस पर हिन्दी का पूर्ण अधिकार है।'

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. शंकर शरण-अंग्रेजी के दबदबे से कराहता भारत(आलेख)-दैनिक भास्कर(ग्वालियर संस्करण)-10सितंबर 2014
2. केंद्र राज्य संबंध आयोग(सरकारिया आयोग) की रिपोर्ट-पृष्ठ 499
3. सुभाष कश्यप-हमारा संविधान-पृष्ठ 244
4. सुभाष कश्यप-हमारा संविधान-पृष्ठ 225
5. डॉ.कमलेश सिह -गगनाचंल(पत्रिका)-वर्ष 22,अंक 3,पृष्ठ 201
6. 'वीणा'(मासिक पत्रिका)-वर्ष 72,अंक 9,पृष्ठ 53
7. राजभाषा भारती -अंक 87,वर्ष 22,पृष्ठ 61

****

नील नीलधर श्याम

डॉ. नीलमणि दुबे *

शोध सारांश – मनुष्य की प्रकृति स्वमेव सौन्दर्य का विधान करती आ रही है। भावुक हृदय सौन्दर्य का अन्वेषक और उद्घाटक है। गौर एवं नीलवर्ण के सौन्दर्य के वर्णन में उपमा, उत्प्रेक्षा, विरोधाभास के कोष के कोष उलट डाले गये। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास का आराध्य के चरणों में न्यौछावर हृदय नीलकांति के सौंदर्य से कैसे अछूता रहता? 'काम कोटि छवि स्याम सरीरा। नील कंज बारिद गंभीरा ।।' – के सौंदर्य पर वे कोटि–कोटिष: काम के सौंदर्य को लुटा सकते हैं। देवों में नीलाभ कामदेव सर्वाधिक सुंदर हैं। करोड़ों कामदेव की छवि श्रीराम की नीलकमल की सुकुमार–स्याम छवि के समक्ष लज्जित हो जाती है। श्रीराम 'नीलाम्बुजश्यामल कोमलाङ्गम्' हैं। ब्रह्म कौशिल्या की गोद में प्रेम और भक्तिवश साकार रूप धारण कर आये तो उनके स्वरूप में 'नील सरोरुह नीलमनि नील नीरधर स्याम' – इन तीन प्रकार की नीलिमाओं का अद्भुत सम्मिश्रण आल्हादकारी बन पड़ा। 'मरकत मृदुल कलेवर स्यामा' तो कभी 'काम कोटि छवि स्याम सरीरा' कहकर आराध्य की रूप–माधुरी पर तुलसी लुट जाते हैं। गीतावली में – 'स्याम बरन पदपीठ अरुन तल लसत बिसद नख श्रेनी' की अद्भुत उपमा 'जनु रविसुता सारदा सुरसरि मिलि चलि ललित त्रिवेनी' से देकर त्रिवेणी को प्रभु के चरणों में साकार प्रकट कर देते हैं। भागवतकार ने श्रीकृष्ण को नीलमणि कहा है।

प्रस्तावना – सौंदर्य अपरिमेय – अनुपमेय है, जो 'क्षण–क्षण यन्नवतामुपैति' के गुण–धर्म से युक्त है। एक चित्रकार चित्र बना रहा था; किन्तु जब तक वह आधार रूप सौन्दर्य का चित्र बनाता, सौन्दर्य कई गुना बढ़ जाता और चित्र फीका लगने लगता। वह हार गया। कई चित्रकार आए और चित्र बनाने बैठे; पर बना न सके। अन्तत: एक चतुर चित्रकार आया उसने रूप के समक्ष आदमकद दर्पण रखा और कहा कि इस रूप का यही सर्वोत्तम चित्र हो सकता है। बिहारी ने लिखा –

'लिखन बैठ जाकी सबी गहि–गहि गरब गरूर।
भये न केते जगत के चतुर चितेरे कूर।।'[1]

दुष्यन्त शकुन्तला का चित्र बनाकर अपने मित्र विदूषक को दिखा रहा था; किन्तु उसे बार–बार लग रहा था कि चित्र में वास्तविक रूप से कुछ कमी रह गयी है। अन्त में उसका ध्यान गया– 'कृतं न कर्णार्पित बन्धनं सखे।'[2] अरे मित्र! शकुन्तला के कानों में पहने गए कर्णाभूषण रूप शिरीष के उन पुष्पों का चित्रण तो मैंने किया ही नहीं जिनके केशर शकुन्तला के कपोल तक झुके हुए हैं। सौन्दर्यप्रेमी दुष्यंत को अपनी भूल का अहसास हो गया।

सौंदर्य–चित्रण में गोस्वामी जी अद्वितीय हैं। सीता के रूप के वर्णन में वे अनेक उपमायें लाते हैं और उन्हें खारिज कर देते हैं–

'सब उपमा कवि रहे जुठारी/केहि पर तरिय विदेह कुमारी।।'[3]

गौर और नील वर्ण का वर्ण साम्य का यह चमत्कार सूरदास जी ने भी वर्णित किया है– 'नील बसन फरिया कटि पहिरे, बेनी पीठ हिलत झकझोरी/ सूर श्याम देखत ही रीझे, नैन–नैन मिलि परी ठगोरी।।'[4]

जिस वर्ण–मैत्री पर परमेश्वर रीझ गया है, तो साधारण जन की बात ही क्या है? कवि–हृदय सहज सौंदर्य–प्रेमी और भावुक होता है। नीले वस्त्र के घूँघट में छिपी नायिका की मुख–छवि पर बिहारी बलिहारी हो गए–

'छिप्यो छबीलो मुख लसै, नीले अंचल चीर।
मनहुँ कलानिधि झलमलै, कालिन्दी के नीर।।'[5]

नीले वस्त्र के रेशमी घूँघट से झाँकता श्यामा का मुख ऐसा प्रतीत हो रहा था; जैसे यमुना के श्याम जल में कलानिधि चन्द्रमा झिलमिला रहा हो। सुजान–सौन्दर्य पर रीझे अतिशय भावुक घनानन्द ने तो नील–गौर वर्ण–मैत्री पर उपमाओं, उत्प्रेक्षाओं के कोश लुटा दिए–

'नील घटा लिपटी थिर बीजु, कि सोहै अमावस अंक उज्यारी,
धूम–समूह में ज्वाल के माल–सी, पै दृग शीतलता सुखकारी।
कै छवि छायो सिंगार निहारि, सुजान तिया तन दीपति प्यारी,
कैसी फबी घन आनंद, चौंपनि सों पहिरी चुनि साँवरी सारी।'[6]

गौरवर्णीय सुजान ने जब चुनकर 'साँवरी सारी' पहनी तो इतनी फबी कि लगा आज नील–घटाओं में लिपट कर विद्युत स्थिर हो गयी है, अथवा अमावस्या के अंधकार के मध्य पूर्णिमा की चाँदनी सुशोभित हो रही है। धुऐं के समूह के मध्य ज्वाल–मालायें प्रकट हो गयीं हों, किन्तु दाहकता को छोड़ उन्होंने दृग को शीतलता देने का गुण ग्रहण कर लिया हो अथवा साक्षात् शृंगार ही अपनी छवि के साथ प्रकट होकर साकार हो गया है। सौन्दर्य–वर्णन की सादृश्य एवं विरोधाभासी पद्धतियों में विरोधाभासी पद्धति का सौंदर्य विलक्षणता से सहृदय को अभिभूत कर देता है। विरोधाभास द्वारा 'श्री जयशंकर प्रसाद' ने अद्भुत चमत्कार दिखलाया है–

'चंचला स्नान कर आवे, चन्द्रिकापर्व में जैसी
उस पावन तल की शोभा, आलोक मधुर थी ऐसी।।'[7]

नायिका के पावन तन की आलोकित, स्निग्ध मधुरिमा से युक्त हृदयहारी शीतल छवि ऐसी थी, जैसे चंचला अर्थात् बिजली पूर्णिमा की चाँदनी में स्नान कर आ गयी हो। क्या चाँदनी में बिजली का अस्तित्व संभव है? यही सौन्दर्य का चमत्कार और वर्ण–चारुता है। श्रद्धा का रूप अद्भुत है–

'नील परिधान बीच सुकुमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल,
मेघबन–बीच गुलाबी रंग।।'[8]

ये प्रयोग गहरायी तक अनेक अर्थों की अभिव्यक्ति के साथ प्रतिक्रियात्मक अनुभूति और उसके प्रभाव की अभिव्यंजना करते हैं।

गोस्वामी जी ने श्री राम के सौन्दर्य की अभिव्यक्ति के लिए अप्रस्तुत विधान की माला ही पिरो दी– श्रीराम नीलकमल एवं नीर धारण करने वाले मेघ की भाँति नील वर्ण हैं; जिनके सौदर्य के समक्ष शतकोटि कामदेव लज्जित

*प्राध्यापक (हिन्दी) पं. शंभूनाथ शुक्ल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

हो जाते हैं। नीलवर्ण श्रीराम की उपमा गोस्वामी जी ने नीलकमल, नीलमणि और नीरयुक्त नील मेघ से दी है। कमल कोमल और सुगंधित है, मणि स्निग्धप्रभामय एवं दृढ़ है। मेघ सजल और शीतल हैं। ब्रह्म और सगुण साकार राम में ये सभी गुण हैं। कमल जल में, मणि थल में और मेघ आकाश में विद्यमान हैं। साकार ब्रह्म श्रीराम की सत्ता त्रिभुवन व्यापी है। कमल पाताल से, मणि मर्त्यलोक से और मेघ महाशून्य आकाश से संबंधित हैं। ब्रह्म की सर्वत्र उपस्थिति इन तीनों उपमानों से सिद्ध होती है।

कमल सतोगुणी विष्णु, मणि रजोगुणी ब्रह्मा और मेघ तमोगुणी शिव रूप हैं। ब्रह्म की शक्तियाँ ही विष्णु, ब्रह्मा और शिव की विभूति के रूप में प्रकट हैं। ब्रह्म की सर्वव्यापकता इन तीनों उपमानों से सहज ग्राह्य है। कमल से गहराई, मणि से दुर्लभता और मेघ से ऊँचाई का संज्ञान होता है। हर किसी व्यक्ति के वश की बात नहीं; कि वह गहराई में जा सके। निर्धन महार्घ मणि नहीं प्राप्त कर सकता। मेघ तक पहुँचना सबके वश की बात नहीं; किन्तु, यह ब्रह्म की सर्वसुलभता है; कि जो तैरना जानता हो ऐसे ज्ञानी, जिसके पास नाम रूपी धन हो, ऐसा भक्त ब्रह्म को प्राप्त कर सकता है। यदि यह संभव न हो तो वह करुणाकर स्वयं अपनी अहैतुकी कृपा की वर्षा कर मेघ रूप में आँगन-आँगन में बरस जाता है। सर्व-सुलभ हो जाता है। कमल और मणि पदार्थ हैं, मेघ द्रव हैं। मेघ वर्षा करते समय गरीब-अमीर का विभेद नहीं करता। भगवान् में कमल की सुकुमारता और सौन्दर्य, मणि की कठोरता और दृढ़ता तथा मेघ का कारुण्य और सार्द्रता है। अत: गोस्वामी जी ने लिखा-

'नील सरोरुह नीलमनि नील नीरधर स्याम।
लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि-कोटि शत काम।।'[9]

नीलकमल के मध्य नीलमणि को रखा जाए और उस पर नीलमेघ की छाया पड़े, इस नीलवर्ण पर करोड़ों कामदेव की छवियाँ प्रतिबिम्बित होने पर जो नीलाभा प्रकट हो; उस आभा से कहीं अधिक नील छविमयता श्रीराम के रूप में है, जिसे देख शतकोटि कामदेवों का सौन्दर्य फीका पड़ जाता है। इस सौन्दर्य की झलक पाने का अधिकारी वह है जिसने गुरु के चरण कमल के नख रूपी मणिगणों के स्मरण से दिव्य-दृष्टि प्राप्त कर ली हो-

'श्री गुरु पद नख मनिगन ज्योती। सुमिरत दिव्य दृष्टि हित होती।।
सूझहिं रामचरित मनि मानिक के। गुपुत प्रकट जो जहँ जेहि खानिक।।'[10]

यह नील वर्ण सौन्दर्य अद्भुत है। जिसके साक्षात्कार के लिए दिव्य-दृष्टि आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बिहारी सतसई, महाकवि बिहारी।
2. अभिज्ञान शाकुन्तलम्, कालिदास एवं शिरीष के फूल, कल्पलता, श्री हजारी प्रसाद द्विवेदी।
3. श्री रामचरितमानस, गोस्वामी तुलसीदास।
4. सूरसागर - श्री सूरदास।
5. बिहारी सतसई, बिहारी।
6. घनानंद चयनिका, घनानंद।
7. आँसू, श्री जयशंकर प्रसाद।
8. कामायनी, श्री जयशंकर प्रसाद।
9. रामचरित मानस, गोस्वामी तुलसीदास।
10. रामचरित मानस, गोस्वामी तुलसीदास।

****

ग्रामीण समाज एवं संचार योजना

डॉ. वंदना अग्निहोत्री *

शोध सारांश – विकासशील देश भारत में गाँवों के विकास में आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी की उपयोगिता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। भौगोलक जटिलताओं, संसाधनों के अभाव और सम्पर्क साधनों की कमी से जूझते भारत के गाँव आधुनिक सुविधाओं तथा ज्ञान–विज्ञान में पिछड़े होने के कारण दुनियाँ के विकसित देशो से सुविधा और जानकारी के मामलो में काफी पीछे हैं।

प्रस्तावना – संचार प्रौद्योगिकी के युग में आज ऐसी संभावनाएँ सुलभ हो गई हैं, जिनके सहयोग से हम भारतीय गाँवों को आधुनिकतम जानकारी, ज्ञान – विज्ञान की सूचनाओं को आसानी से उपलब्ध कराकर एक क्रान्तिकारी आयाम प्रदान कर सकते है। ग्रामीणों के विकास के हेतू सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित कुछ योजनाएँ बनाई गई हैं।

मोबाइल डाकिया योजना – यह योजना हमारे पूर्व प्रधानमन्त्री अटलबिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस 24 दिसम्बर 2002 को शुरू की गई थी। प्रारम्भ में करीब 10000 गाँवों में ही इसे शुरू किया गया। इन गाँवों तक पहुँचने का जिम्मा 2000 डाकघरों के जरिये ग्रामीण डाकियों को सौपा गया है। इसके लिये शुरू में पाँच करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अर्न्तगत 'ग्रामीण डाक सेवको को वायरलेस इन लोकल लूप प्रौद्योगिकी से संचालित होने वाले मोबाइल टेलीफोन उपकरण दिये जा रहे है, जिनसे वह आवंटित गाँवों में डाक पहुँचाने के साथ ही साथ बारी–बारी हरेक घर पर पहुँचकर, उन्हे परदेश गए अपने सगे सम्बन्धियों से बात कराने की सुविधा प्रदान करेंगे।'[1] इन सभी फोन उपकरणों पर एस. टी. डी. और आई. एस. डी. सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

ग्रामीण टेलीफोन सेवा – सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार की सुविधाओं का प्रसार एवं विस्तार किया जा रहा है। नई दूरसंचार नीति के अनुसार 'देश के प्रत्येक गाँव को एक सार्वजनिक टेलीफोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसको पूरा करने का दायित्व बी.एस.एन.एल. के साथ–साथ लाइसेन्स प्राप्त प्राइवेट आपरेटिग कम्पनियों का भी है। (ग्रामीण दूरसंचार घनत्व जो मार्च 2002 में 1.2 प्रतिशत से अधिक था वह बढ़कर दिसम्बर 2009 में 21.2 प्रतिशत हो गया।'[2]

ग्रामीण संचार सेवक योजना – यह योजना 24 दिसम्बर 2002 से प्रारंभ हुई। ग्रामीण संचार सेवक गाँवों में लोगों को घर–घर जाकर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराते हैं। इसके लिए संचार सेवकों को अपने बैग में चलता–फिरता टेलीफोन रखना होता है।

कपार्ट – (कौंसिल फार एडवोसमेण्ट ऑफ पीपुल्स, एक्शन एण्ड रूरल टेक्नोलाजी) सितम्बर 1986 में इसकी स्थापना हुई। जिसका उद्देश्य ग्रामीण समृद्धि के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन में स्वैच्छिक कार्यो को प्रोत्साहन देना और उसमें सहायता करना है। कपार्ट की गतिविधियों में सम्मिलित हैं। ग्रामीण तकनीकी, पब्लिक सहकारी स्कीम, सूखा बहुल क्षेत्र कार्यक्रम, सूक्ष्मवित्त, वाटरशेड़, डेवलपमेंट प्रोग्राम, आदि।[3]

ई–गवर्नेस परियोजना – दिसम्बर 2002 में तत्कालीन सूचना टेक्नालाजी और संचार मन्त्री प्रमोद महाजन ने देश के सभी राज्यों के एक–एक जिले में ई–गवर्नेस परियोजना लागू करने के लिए 309 करोड़ रूपये लागत की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन किया। लोकतंत्र में सरकार के कामकाज के हर स्तर पर जनता और प्रशासन के बीच जो बाधाएँ आ जाती हैं उन बाधाओं को दूर करने का प्रयास है। 'ई–गवर्नेस प्रशासन को जनता के अनुकूल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक जोरदार प्रयास है।'[4]

फ्रेन्ड्स परियोजना केरल में नागरिकों के करों में भुगतान में होनेवाली परेशानियों को दूर करने के लिए सूचना टेक्नोलॉजी पर आधारित यह परियोजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना से रिश्वतखोरी, बिचौलिये ,देरी और लम्बी –लम्बी लाइनों को समाप्त करने में मदद मिली है। यह योजना कई करोड़ लोगों की पहुँच में आ गई है। फ्रेन्ड्स परियोजना का यही उद्देश्य है कि नागरिकों को मूल्यवान ग्राहक माना जाये और उनकी समस्याएँ दूर हों।

'सौकार्यम' ई –सेवा परियोजना आन्ध्र प्रदेश के लोगों में तत्काल ही लोकप्रिय हो गई है। यह विशाखापत्तानम के बंदरगाह शहर में लागू है। इसके माध्यम से सम्पत्ति कर का ' ऑन लाईन' भुगतान किया जा सकता है। तथा सरकार एवं स्थानीय निकायों की कई परियोजनाओं का ब्यौरा देखा जा सकता है।

कम्प्युटरीकृत ग्रामीण सेवा – सन् 1985 में ग्रामीण विकास विभाग ने कम्प्युटरीकृत ग्रामीण सूचना प्रणाली' की शुरूआत ग्रामीण विकास और निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए शुरू की थी। इसका काम डी. आर डी. ए. में एक मिनी कम्प्युटर खेल की स्थापना करना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम एवं उनकी मानिटरींग प्रणाली को सशक्त करना है।[5]

इंटरनेट सेवा योजना – देश के सभी गाँवों में तो नहीं किन्तु अनेक जगहों पर इंटरनेट का इंटरनेट प्रयोग शुरू भी हो गया है, जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आ रहे है। तमिलनाडु के अरागुंडा गाँव में इंटरनेट के जरिये ही आम ग्रामीण अब आला चिकित्सा सुविधाएँ हासिल कर रहे हैं। भटिंडा (पंजाब) तथा वायनाड (केरल) के कई गाँव भी अब इंटरनेट से जानकारियाँ प्राप्त कर रहे हैं और उसके आधार पर अपना नक्शा बदल रहे है। झाँसी (उत्तर प्रदेश) के पुनावली कला गाँव में भी लोग इंटरनेट के जरिये ही अब अपने दुग्ध उत्पादों को उचित मूल्य पर बेच रहे हैं। इसके द्वारा वे अब बिचौलियो के शिकंजो से भी मुक्त हो रहे है। 'ग्रामीण विकास में अत्यधिक सहायक होने के

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

कारण इंटरनेट से ग्रामीण जन न केवल प्रभावित है बल्कि बहुत आशान्वित भी हैं।'[6]

'किसान चैनल तथा किसान काल सेन्टर'–ये काल सेन्टर देशभर में सप्ताह में सातों दिन और 24 घंटे किसानों को खेती और मौसम सम्बन्धी उनके सवालो का उनकी स्थानीय भाषा में जवाब देने के लिए शुरू किए गए हैं। इसका नम्बर टोल फ्री है। यानि काल करने पर किसान का कोई खर्च नहीं होगा। दिन के समय तो ऑनलाईन सेवा सेवा है और रात के समय आनेवाली काले दर्ज करके उनका डाक द्वारा समाधान करने की व्यवस्था की गई हैं। ये कालसेंटर शुरू हुए अभी ज्यादा समय नहीं हुआ हैं, फिर भी देश के किसान कॉल–सेंटरों में कई हजार टेलीफोन रोज आ रहे है 'दिल्ली का यह केन्द्र तीन राज्यों राजस्थान हरियाणा और दिल्ली के किसानों को सेवा देता है।'[7] इसी प्रकार 'किसान–चैनल ' कृषकों को कृषि से सम्बन्धित उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराता है।'

ई–चौपाल गाँव में चौपाल ऐसा सार्वजनिक स्थान होता है जहाँ व्यक्तिगत बातों से लेकर सार्वजनिक खबरों की जानकारी भी आसानी से मिल जाती है। यहाँ सामुदायिक महत्व के निर्णय भी लिये जाते है। अपने खाली समय में ग्रमीणजन एकत्रित होकर एक–दूसरे की कहते–सुनते हैं।

ई–चौपाल ग्रामीण संप्रेषण की एक महत्वपूर्ण इकाई है। समय के साथ–साथ चौपालों की संप्रेषण की व्यवस्था को भी आधुनिक संचार प्रौद्यौगिकी से जोड़ दिया गया है, जिससे रेडियों व टी.वी. जैसे इलेक्ट्रानिक माध्यमों से उपयोगी सूचनाओं का प्रचार व प्रसार ग्रामीणों के बीच हो सके। इस योजना के अर्न्तगत गाँवों की चौपालों में सामुदायिक रेडियो तथा टी.वी. सेट उपलब्ध कराये गए है।

आधुनिक संचार सुविधाओं से लेस 'ई–चौपाल य एक सहकारी समिति है जिसका उद्देश्य मूलत: किसानों को आधुनिक कृषि तकनीके अपनाने, फसल की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि–विविधिकरण आदि से सम्बन्धित जानकारी देने से लेकर उन्हें उनकी फसलों की उचित कीमत दिलाना है। कृषि और बाजार की सुविधाओं के अतिरिक्त 'ई–चौपाल य ग्रामीण विकास के लिए भी समर्पित है। इसके माध्यम से अनेक स्वंयसेवी संस्थाएँ पशु नस्ल सुधारीकरण, जलसंग्रहण तकनीकों, स्वंय सहायता समूहों जैसे मुद्दों पर काम कर रही है।' अब तक उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक महाराष्ट्र व आन्ध्रप्रदेश राज्यों में 5000 ई–चौपालों की स्थापना हो चुकी है जिनके तहत कुल 29000 गाँवों के कृषक जुड़े हुए हैं।

औद्योगिकरण, यातायात एवं संचार के नवीन साधनों पश्चिमी सभ्यता एवं संस्कृति तथा पश्चिम के नये विचारों एवं दर्शन आदि से ग्राम भी प्रभावित हुए एवं उनमें परिवर्तन की नयी लहर आई।

संचार के माध्यमों से ग्रामीण समाज में निरन्तर परिवर्तन दिखाई दे रहे है। गाँवों में भी कृषि के नये यन्त्रों खाद एवं सुधरे बीजों का प्रयोग दिनोदिन बढ़ रहा है। गाँवों में सामाजिक एवं राजनैतिक जागृति आई है। ग्रामवासी अपनी समस्याओं के प्रति सजग हुए हैं। अपने अधिकारों और दायित्वों को जानने लगे हैं तथा उनमें नवीन आकांक्षाएँ पैदा हुई है।

निष्कर्ष – संचार के नवीन साधनों जैसे डाक, तार, टेलीविजन आदि के अविष्कार ने ग्रामीणों को नवीन ज्ञान एवं पत्र–पत्रिकाओं के द्वारा वे विश्व में घटित होने वाली दैनिक घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने में लगे हैं। इस प्रकार संचार के आधुनिक साधनों ने ग्रामीणों की कूपमण्डूकता को समाप्त कर उनका बाहरी जगत से सम्पर्क बढ़ाया है। संचार के साधनों से उनके व्यवहारों , मूल्यों ,अभिवृत्तियों ,विचारों एवं आदतों मे परिवर्तन हुआ, उनके दृष्टिकोण मे उदारता आई और ग्रामीण परम्परागत जीवन परिवर्तित होने लगा।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1, 2,3,5,7 भारत में ग्रामीण समाज – डॉ. अमित अग्रवाल पृ. 289, 514, 515, 513,

4, 6 भारतीय ग्रामीण समाज शास्त्र – प्रो. एम. एल गुप्ता एवं डॉ. डी.डी. शर्मा कृतिका – जनवरी दिसम्बर 2014 सम्पादक – डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव ।

****

प्रवासी भारतीय लेखक सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' के साहित्यिक और राजनैतिक यात्रा के विभिन्न पड़ाव

दीपक कुमार काकेश्वर * डॉ. उमेश काकेश्वर **

प्रस्तावना – डॉ. सुरेशचन्द्र शुक्ल का जन्म 10 फरवरी 1954 को नवाबी शहर लखनऊ में हुआ था। उनके पिताजी डॉ. (श्रीमान्) बृजमोहन शुक्ल और माता श्रीमती किशोरी देवी शुक्ल, बहुत कर्त्तव्य परायण, धार्मिक और परिश्रमी महिला थी। उनके पिता उन्नाव जिले के मवैया माफी गाँव, अचल गंज के थे। उनकी माताश्री किशोरी देवी कानपुर जिले के गाँव कठारा रोड़ की थी, जिससे उनकी माँ पर भारी दु:खों का बोझ आ पड़ा था। चौदह वर्ष की आयु से ही उनकी माँ का विवाह हुआ था, तब तक वे अनपढ़ थी । माँ के विवाह के बाद उनके पिताजी ने घर पर ही उनकी शिक्षा पूरी की, जिसमें वे रामायण, भजन आदि स्वयं पढ़ने लगी थी। पारिवारिक व्यस्तता के कारण उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिलता था, फिर भी वे उनके सारे घरेलू कार्य पूरे करने के बाद रामायण पाठ और भजन आदि करती थी। श्री सुरेशचन्द्र शुक्ल पर अपनी माँ और दादाजी का बहुत प्रभाव पड़ा था।

स्कूल के अपने शिक्षकों का भी उनके व्यक्तित्व पर भारी प्रभाव था। सुरेशचन्द्रजी शुक्ल के सबसे बड़े भाई राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल नार्वे की राजधानी ओस्लो से बाहर स्तेन्सबी चिकित्सालय में सर्जन है, जो सुरेशचन्द्रजी के प्रमुख प्रेरणा होते थे, जिन्होंने कोलकाता से 15 अगस्त 1970 में साइकिल से नार्वे की यात्रा की थी और सन् 1972 में नार्वे पहुँचे थे।

शुक्लजी ने सन् 1972 में लखनऊ से ही हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। सुरेशचन्द्रजी की प्राथमिक शिक्षा सन् 1966 से लेकर 1972 तक की शिक्षा गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी महाविद्यालय लखनऊ में हुई थी। विद्यालय मेंआये दिन साहित्यिक कार्यक्रम होते थे। उन्होने ही डॉ. दुर्गाशंकरजी ने शुक्लजी के दूसरे काव्य संग्रह 'रजनी' (1984) की भूमिका भी लिखी थी।

जहाँ सुरेशचन्द्रजी रहते थे, उस श्रमिक बस्ती में विनोद भल्ला, शंभू पांजा, कंचन चटर्जी जैसे मित्र थे। उनके पड़ोस में रहने वाले परिवार भी उन्हें परिवार की तरह ही मानते थे। विजयसिंह नायक जैसे मित्र, जिसके साथ खेलकर शुक्लजी बड़े हुए, उनकी सन् 1979 में हत्या हो गई थी, जिनका गहरा दु:ख उनके मन में बना रहा।

सन् 1969 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी मनाई गई, जिसमें आयोजित व्याख्यान माला में शुक्लजी को हिस्सा लेने का अवसर मिला था। सन् 1970 से 1972 तक शुक्लजी ने हाईस्कूल में अध्ययन कर 1972 में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1972 में शुक्लजी के पिताजी सेवानिवृत्त हुए, तब सिविल लाइन सुल्तानपुर से आरा मशीन लगाई और आजीवन कार्य करते रहे। सुरेशचन्द्रजी को प्रारंभिक दौर की लीक से हटकर काम करने की प्रवृत्ति थी।

रेलवे मेंनौकरी करते हुए सुरेशचन्द्र शुक्ल ने लखनऊ के कान्यकुब्ज वोकेशनल कॉलेज से बी.ए. पास किया। सन् 1978 में रेलवे में सुरेशचन्द्रजी को कानपुर भेजकर वर्क्स–टीचर ट्रेनिंग करवाई हालाँकि रेलवे में वे तरक्की कर रहे थे, खलासी से शुरू करके छ: साल में फिटर हो गये थे, लेकिन इस नौकरी में उनका मन नहीं लग रहा था। शुक्लजी को कोल्हू के बैल की तरह जिंदगी कभी भी पसंद नहीं थी। परिणामत: शुक्लजी ने नौकरी पर जाना अचानक बंद कर दिया और 26 जनवरी 1980 के दिन हवाई जहाज से ओस्लो के लिए रवाना हो गये और तब से अब तक यही रह रहे है।

15 अगस्त 1970 को बड़े भाई साइकिल से विश्व यात्रा करने निकल पड़े थे। उन दिनों अपने भाई की याद उनको बहुत खलने लगी थी। उसी समय सुरेशचन्द्रजी ने 10 वीं पास करने के बाद पिता की आर्थिक मदद के लिए नौकरी की। शुक्लजी ने तब श्रमिक जीवन की परेशानियों और दिक्कतों का भली–भाँति अनुभव हुआ। कारखाने की दशा और उनमें काम करने वाले मजदूरों की स्थितियों से उनका अच्छा परिचय हुआ।

शुक्लजी ने ओस्लो मेंसबसे पहले नार्वे की भाषा सीखने के लिए अपना नाम दर्ज करवाया। दो साल के अन्दर उन्होंने यहाँ की भाषा सीख ली। भाषा के संदर्भ में इससे संबंधित व्याकरण, टाइपोग्राफी, फोनेटिक्स सीखा। इसके बाद नार्वेजीयन साहित्य की पढ़ाई के लिए ओस्लो विश्वविद्यालय नाम लिख लिया।

26 जनवरी 1980 मेरे जीवन का न भूलने वाला दिन था। उस समय का वर्णन अपने शब्दों में लेखक सुरेशचन्द्र शुक्ल इस प्रकार करते है– एक अदृश्य स्वप्न लिये 24 जनवरी 1980 को दिल्ली के पालन एयरपोर्ट से उड़े और अगले दिन की गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 1980 को ओस्लो में स्थित फोरनेवु एयरपोर्ट पर चारों तरफ बर्फ थी। तापमान–22 डिग्री सेन्टीग्रेट बर्फ पहली बार नजदीक से मास्को की ओर बर्फ के दीवारनुमा ढेर थे, एयरपोर्ट में मुझे लेने मेरे भाई देवव्रत आये।

सन् 1945 के बाद नार्वेजीयन साहित्य की उत्कृष्टतम रचनाओं के विशेषज्ञ श्री सुरेशचन्द्रजी शुक्ल का नार्वे में इसी रूप मेंसम्मान किया जाता रहा। ओस्लो से प्रकाशित होने वाली हिन्दी पत्रिका 'परिचय' में कार्य करने के कारण उन्हें कुछ साथियों के साथ जिंदगी शुरू हो चुकी थी। नार्वे की राजधानी में गोमती के किनारे से ओलमा नदी के शहर ओस्लो में पहुँचा यह नौजवान जिंदगी की परेशानियों को मुँह चिढ़ा रहा था। बाद मेंलेखक ने अपनी पत्रिका शुरू की। सन् 1988 में शुरू की गई उनकी हिन्दी और नार्वेजीयन भाषाओं में छपने वाली पत्रिका स्पाइल (दर्पण) में आज नये लेखकों को महत्व दिया जाता है।

* शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय, अंजड़ (म.प्र.) भारत
** शासकीय महाविद्यालय, अंजड़ (म.प्र.) भारत

सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' का साहित्यिक योगदान।

काव्य संग्रह –

(1) वेदना (1976)
(2) रजनी (1984)
(3) नंगे पाँवों का सुख (1986)
(4) दीप जो बुझते नहीं (1988)
(5) संभावनाओं की तलाश (1993)
(6) नीड़ में फँसे पंख (1998)
(7) फ्रेम्मेदे फ्यूगलेर (नार्वेजीयन) (1995)
(8) मेल्लुम लिनयेने (नार्वेजीयन) (2005)
(9) गंगा से ग्लोमा तक (2010)

कहानी संग्रह –

(1) अर्धरात्रि का सूरज (हिन्दी 1996)
(2) तारुफी ख़त (उर्दू 1995)
(3) प्रतिनिधि प्रवासी कहानियाँ (संकलन 2004)
(4) नार्वे की उर्दू कहानियाँ (संकलन 2004)
(5) सम सामयिक प्रवासी कहानियाँ (संकलन 2010)
(6) नार्वे में हिन्दी काव्य और कथा साहित्य (संकलन)

अनुवाद –

(1) नार्वे की लोककथाएँ (2004)
(2) हान्स क्रिस्तियान अन्दर्सन डेनमार्क की कथाएँ (2004)
(3) हेनरिक इबसेन कृत नाटक–गुड़ियां का घर (2008)
(4) हेनरिक इबसेन कृत नाटक– मुर्गाबी (2009)
(5) क्नुत हामसुन कृत उपन्यास 'भूख'
(6) नार्वेजीयन कविताएँ

आडियो केसेट –

(1) मन के गीत (आठ हिन्दी गीतों का संकलन)
(2) संगीत बाल किशन (2001)
(3) जीवन यापन के विभिन्न स्रोत

नार्वेजीयन भाषा के पत्रकार और साहित्यकार होने के अलावा सुरेशचन्द्र नार्वे की राजनीति में भी दखल रखने लगे। ओस्लो नगर की पार्लियामेन्ट में सोशलिस्ट लेफ्टपार्टी (एस.बी.) की ओर से सदस्य रह चुके। सन् 2007 में ओस्लोटेक्स समिति के सदस्य थे। सन् 2005 के पार्लियामेन्ट के चुनाव में सोशलिस्ट लेफ्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप मेंराष्ट्रीय चुनाव में शामिल हुए। नार्वेजीयन जर्नलिस्ट यूनियन और इंटरनेशनल फेडरेशन और जर्नलिस्ट यूनियन और इंटरनेशनल बहुत सारे भारतीय और नार्वे के संगठनों के भी सदस्य रहे। अपनी कहानियों पर आधारित टेलीफिल्म 'तलाश', नार्वे ओर कनाड़ा की संयुक्त फिल्म 'कनाड़ा की सैर', आतंकवाद पर आधारित हिन्दी लघु फिल्म 'गुमराह' का निर्माण किया। एक शिक्षाविद् के रूप में भी उनकी पहचान है। ओस्लो विश्वविद्यालय, अमेरिका कोलांबिया विश्वविद्यालय और महात्मा गाँधी संस्थान, मारिशस में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किये गये। नार्वे की कई साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रहे है।

लेकिन सुरेशचन्द्रजी ने भारतीय संस्कारों के प्रभावस्वरूप लोगों के प्रति किसी वैमनस्य का भाव प्रकट नहीं किया। इस अवसर पर शुक्लजी कहते है– 'मैं मातृभूमि का ऋण अदा नहीं कर सकता परन्तु जो मेरा है, उसे तो सेवा मेंअर्पित कर सकता हूँ। 'परिचय' पत्रिका दीर्घजीवी नहीं हो पायी पर इसने नार्वे में पत्रिकारिता की नींव रख दी थी।'

भारत का राजनैतिक प्रतिनिधि मण्डल ब्रिटेन, कनाड़ा और अमेरिका दौरा समाप्त कर नार्वे, स्वीट्जरलैण्ड के दौरों पर आया, जिसमेंउत्तरप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष केसरीनाथ त्रिपाठी पिछले वर्ष भारत–नार्वे सूचना और सांस्कृतिक फोरम के आमंत्रण पर नार्वे आया था। चेअरमेन मानवेन्द्रसिंह, विपक्ष के नेता आज़म खान और अन्य प्रतिनिधि मण्डल में शामिल हुए थे। उस समय डॉ. सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने आमंत्रित सदस्यों से स्पाइल–दर्पण के अंक का भी अवलोकन किया। इण्डियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा फूरुसेत वेल ओस्लो में और विश्व हिन्दू परिषद नार्वे के अध्यक्ष ओमवीय उपाध्याय के निवास पर स्वागत किया।

सन् 17 सितम्बर 2002 में नार्वे में उत्तरप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष केशरीनाथ त्रिपाठी ने उत्तरप्रदेश के विकास की चर्चा करते हुए अपने प्रदेश–देश को नार्वे की तरफ से साफ सुथरी व्यवस्था और सभी को नि:शुल्क चिकित्सा और शिक्षा प्रदान करने की बात कही।

31 जुलाई 1990 वाइतबेत यूट क्लब ओस्लों में भारतीय और नार्वेजीयन सूचना और सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की जयंती पर एक गोष्ठी सम्पन्न हुई, जिसमें प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। 15 अगस्त को ओस्लो में भारतीय दूतावास में 15 अगस्त का स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। वहाँ के प्रथम सचिव पन्त और गोगना से भेंट हुई।

महात्मा गाँधी पर अनेक पुस्तकें लिखने वाले दर्शन शास्त्री आर्गेनेस ने सुरेशचन्द्र से मिले। डेनमार्क मूल के ओस्लो विश्वविद्यालय मेंअध्यापक फिन थीसेन से भी मुलाकात हुई, जिसमें सुरेशचन्द्रजी का परिचय 21 वर्ष पुराना है। इस अवसर पर अनेक भारतीयों और नार्वेजीयन नेताओं से मिलना हुआ।

15 सितम्बर 2003 की नार्वे में चुनाव की सरगर्मी पैदा हुई जिसमें पूरे वर्षों में स्थानीय कम्यून चुनाव हो रहे है। नार्वे मेंएक लाख से अधिक प्रवासी निवास कर रहे है। मुख्यत: नार्वे में प्रवासियों का आना जाना पिछले 30 वर्षों से जारी है। अनेक भारतीय यहाँ की राजनीति में सक्रिय है, जिनमेंअमलेन्दु गुहा और सुरेशचन्द्र शुक्ल मुख्य है। सन् 1988 से स्पाइल–दर्पण का प्रकाशन शुरू हुआ था और अभी भी नियमित रूप से छप रही है।

हिन्दी सिखाने के लिए प्रवासी भारतीयों ने अपने बच्चों को हिन्दी सिखाने की हमारी बात मानी और अपने बच्चों को हिन्दी सीखने के लिए भेजने लगे। हिन्दी जिनकी मातृभाषा है और साथ ही जिनकी मातृभाषा हिन्दी नहीं है, उन्होंने भी अपने बच्चों को मातृभाषा घर में और हिन्दी निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए भेजना शुरू किया, जिसका अच्छा असर था।

सुरेशचन्द्र शुक्लजी को ओस्लो पार्लियामेन्ट और राष्ट्रीय पार्लियामेन्ट में नार्वे की पार्टी ने चुनाव लड़ाया और जीत कर 2003 से 2007 तक नगर पार्लियामेन्ट के प्रतिनिधि रहे। आज भी वे राजनैतिक पार्टी और सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि है।

डेनमार्क और कनाड़ा कई साहित्यिक संगठनों से जुड़े हुए है। अपनी ही कहानियों पर आधारित टेलीफिल्म 'तलाश' नार्वे और कनाड़ा की संयुक्त फिल्म 'कनाड़ा सैर' आतंकवाद पर आधारित हिन्दी लघु फिल्म 'गुमराह' बना चुके है।

एक शिक्षाविद् के रूप में भी उनकी अपनी पहचान है। ओस्लो विश्वविद्यालय, कोपहेगन विश्वविद्यालय, अमेरिका का कोलम्बिया विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी संस्थान, मारिशस में विजिटिंग प्रोफेसर

के रूप में आमंत्रित किये जा चुके है। नार्वे की कई साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रहे है।

नार्वे के साहित्य खासकर इब्सेन के लेखन का सुरेशचन्द्र शुक्ल ने अनुवाद भी खूब किया है, उन्हें बहुत सारे पुरस्कार भी मिल चुके है। वाइनवेत के उनके घर में हिन्दी और उर्दू के बहुत से साहित्यकार आ चुके है।

सातवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन सूरीनाम की धरती पर हुआ। इस सम्मेलन में अमेरिका में विश्व हिन्दी न्यास के रामदास चौधरी, दक्षिण अफ्रीका के.वी. रामविलास, पोलेन्द्र की दानिता स्वासीक, माशिसन के मित्र रामदेव धुरधरं, ब्रिटेन की अचला शर्मा, चेक गणराज्य के डॉक्टर स्वतीस्लाव कोस्तिक, म्याँमार के ऊपार्गो और चीन के येंग हांगयूनद को भी सम्मानित किया गया है।

18 अक्टूबर 2008 को स्तिक इङ्गोम पाइतवेत सेन्टर, ओस्लो में भारत के पधारे विश्व प्रसिद्ध संस्था 'ग्लोबल मार्च अगेन्स्ट चाइल्ड लेबर के सुमेधा एवं नोबेल शांति पुरस्कार के कैलाश सत्यार्थी तथा भारत में चैरिटी स्वास्थ्य सेवा करने वाले है।नयी दिल्ली कार्यालय में विश्व हिन्दी दिवस 10 जनवरी 2012 को किया गया।

22-23 फरवरी 2011 शिवाजी विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी दिनांक 22-23 फरवरी 2011 को सम्पन्न हुआ, जिसमें भाग लेने के लिए नार्वे से महाराष्ट्र के सतारा में लेखक सुरेशचन्द्र शुक्ल गये थे। लेखक ने हेनसिक इब्सेन के साहित्य और इतिहास पर प्रकाश डाला। भारत के विभिन्न प्रान्तों के हिन्दी विद्वान आमंत्रित किये गये थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपकुलपति डॉ. ना. ज. पंवार ने की थी। इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शिवाजी विश्वविद्यालय, दक्षिण भारतीय हिन्दी परिषद और केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, साहूजी, रानी लक्ष्मीबाई जैसे अनेक ऐतिहासिक नायकों की साहित्य में उपस्थित और भूमिका पर विचार किया गया। अनेक विद्वानों ने अपने आलेख पढ़े।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रिश्ते का एहसास-डॉ. सत्येन्द्र कुमार सेठी, पत्रकार वेस्ट इंडिया विकली कैलिफोरनिया यूएसए।
2. पत्रकार और युगद्दष्टा साहित्यकार- रमावल्लभ पंडित, सचिन, भारतीय दूतावास, ओसलो, नार्वे।
3. स्केन्डेनेवियन देशों में हिन्दी की पहचान- शाहेदा बेगम, ओसलो, नार्वे।
4. यादों के झरोंके से शरद आलोक- डॉ. किरण नंदा- हिन्दी विभाग, किरोडीमल कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
5. सुरेशचन्द्र शुक्ल शरद आलोक- डॉ. संध्या द्विवेदी, लखनऊ।

****

अरूण कमल के काव्य संग्रह - एक अध्ययन

डॉ. दद्दु सिंह कनेल *

प्रस्तावना - साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत अरूण कमल जी समकालीन कविता के प्रमुख आधार स्तम्भ कवि हैं। उनका जन्म 15 फरवरी सन् 1954 ई. को बिहार राज्य के रोहतास जिले के नासरीगंज नामक स्थान पर हुआ। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा रोहतास में ही हुई। उन्होंने हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे पटना विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हैं। साथ ही हिन्दी-साहित्स की प्रसिद्ध त्रैमासिक पत्रिका 'आलोचना' के सम्पादक के रूप में कार्य कर हिन्दी भाषा की सतत् सेवा में लगे हुए हैं।

अरूण कमल ने हिन्दी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए देश-विदेश की अनेक यात्राएँ की हैं। उन्होंने सोवियतरूस, ब्राजविले (अफ्रीका), इंग्लैण्ड इत्यादि देशों की यात्रा की है। अपनी देश-विदेश की यात्राओं के दौरान उन्होंने हिन्दी भाषा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पुरस्कार - अपने उत्कृष्ट काव्य-सृजन के लिए अरूण कमल भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार (1980), सोवियत भूमि पुरस्कार (1989), श्रीकांत वर्मा स्मृति पुरस्कार (1990), रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार (1996), श्मशेर सम्मान (1997) एवं काव्य संग्रह 'नये इलाके में' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार (1998) सहित अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित कवि है।

काव्य-संग्रह - अरूण कमल का रचना संसार मात्रा की दृष्टि से नहीं, बल्कि अर्थवत्त की दृष्टि से व्यापक एवं गहरा है। अनेक देशी-विदेशी भाषाओं में उनकी कविताएँ अनूदित होकर सराही गई है। हिन्दी-साहित्य की काव्य विधा ने उनकी पारस प्रतिभा का स्पर्श किया तो वह अपनी स्वर्ण कांति से दीप्तिमान हो उठी है। अब तक अरूण कमल के पाँच काव्य-संग्रह : अपनी केवल धार (1980 ई.), सबूत (1989 ई.), नये इलाके में (1996 ई.), पुतली में संसार (2004 ई.) एवं मैं वो शंख महाशंख (2012 ई.) में प्रकाशित हो चुके हैं।

अपनी केवल धार - अरूण कमल के इस काव्य संग्रह में इक्यावन कविताएँ संग्रहित हैं। इस संग्रह की कविताएँ जीवन के प्रति गहरी लालसा की कविताएँ हैं। कवि ने अपने आसपास की दुनिया को बहुत प्रेम, विश्वास और बारीकी से निरख-परख कर अपनी कविताओं में उतारा है। अपनी सहजता, ऐन्द्रिकता और आकुलता के लिए सराही गई इन कविताओं को अरूण कमल के ही शब्दों में 'खिच्चा' कविताएँ कह सकते हैं।

जीवन के उधारपन को कदम-कदम पर किस-किस से पता नहीं कब-कब लिए उधार को स्मरण किए कवि स्वयं को स्वतंत्र न अनुभव कर अपनी निराशा को इन शब्दों में व्यक्त करता है-

'अपना क्या है इस जीवन में
सब तो लिया उधार
सारा लोहा उन लोगों का
अपनी केवल धार।'

अरूण कमल की संवेदनशीलता का जवाब नहीं। वह अपने आसपास के परिदृश्य को सहज सुक्षमता से देखते, वर्णित करते, अचानक एक मार्मिक लकीर-सी खींच देते है, जिसे पढकर पाठक हतप्रभ रह जाता है। परम्पराओं की विसंगति-वैचित्र्य पर कवि की प्रश्नवाचक दृष्टि खीझ में बदलते-बदलते मानों रह जाती है-

'जिन्हें कभी जीवन में मिला नहीं
सुख से भोजन दो जून
वे औरतें गाती हैं,
छप्पन व्यंजनों के गीत।'

किसी मनुष्य की मृत्यु अब चौंकाती कहाँ है? मुआवजे का रूप लेकर चुप हो जाती संवेदनाएँ, सरकार और आमजन दोनों के लिए महज कुछ समय का शोक गीत है-

'सरकारी रिपोर्ट थी
गोली चलने से सिर्फ एक मौत
वो भी हॉस्पिटल में
पाँच हजार मुआवजा
भूल-चुक लेनी-देनी माफ।'

अपनी कविताओं की ताजगी, मार्मिकता और सुक्ष्म अन्तर्दृष्टि के कारण इस संग्रह की कविताओं ने सामान्य पाठकों के मन में कविता के प्रति नया राग उत्पन्न किया और यह भी सिद्ध किया कि कविता छोटी-छोटी चीजों से बनती है। हमारे आसपास के क्षुद्र जीवन से, यानि जीवन का प्रत्येक तृण कविता के लिए पवित्र है।

सबूत - अरूण कमल के इस दूसरे काव्य संग्रह में पहले काव्य संग्रह 'अपनी केवल धार' के बाद की बावन कविताएँ संग्रहित हैं। इस संग्रह की कविताएँ निश्चित रूप से उनकी पूर्व की कविताओं से सम्बद्ध है, जैसा कि हर व्यक्तिवान कवि के साथ होता है, साथ ही साथ ये वैचारिक एवं भावात्मक दोनों ही स्तरों पर कवि के रूप में उनके विकास को भी अंकित करती है। कवि के जीवन का निजत्व तो सर्वत्व में मिलकर ही संवेदना को अभिव्यक्त करता है। वह सभी की खुशी में खुश और किसी एक के भी दुखी रहने पर दुखी हो जाता है।

आज की दुनिया में जो एक-दूसरे को सताने के लिए अनेक ढंग निकल रहे है, उनसे चिंतित होकर कवि के उद्गार यों प्रकट होते हैं-

'समय के साथ-साथ बदलता है
यातना देने का तरीका
बदलता है आदमी को नष्ट कर देने का रस्मों रिवाज।'

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, सांवेर, जिला - इन्दौर (म.प्र.) भारत

अरूण कमल की अभिव्यक्ति क्षमता अद्भूत हैं। वे बड़ी साधारण–सी बात को भी अपनी कल्पना शक्ति एवं अभिव्यक्ति कौशल से प्रभावी बना देते है। मजदूर–किसान के महती बलिदान को जो, कहीं दर्ज नहीं होता, सराहा नहीं जाता। कवि की दृष्टि उसे पूरा अवलोकित कर, रेखांकित कर सहसा महत्वपूर्ण बना देती है–

'उन मजदूरों का कहीं कोई जिक्र नहीं आज
जो दुनिया के सबसे बडे पुल को
बनाते हुए
गंगा का ग्रास बने
पृथ्वी के एक खण्ड को दूसरे खण्ड से जोड़ते
विलीन हुए।'

सामंती परिवेश, पूँजीवादी कुचक्र, नारी उत्पीड़न और तानाशाही क्रूरता देखकर अरूण कमल आदमी की चुप्पी को तोड़ना चाहते है, क्योंकि ये यातनाएँ युग की कड़वाहट का 'सबूत' है। हमारी अमानवीयता और संवेदनहीनता पर उन्होंने अनेक स्थानों पर प्रश्न–चिन्ह लगायें हैं–

'ऐसा क्यों हो रहा है
हजारों लोग लेबनान में काटे जा रहे हैं
और सारी दुनिया अपने–अपने हथियारों में
तेल डाल रही है चुपचाप
पेड़ को पत्थर बनने में लगा है हजार वर्ष
आदमी देखते–देखते पत्थर बन रहा है
ऐसा क्यों, आखिर क्यों हो रहा है
ऐसा क्यों हो रहा हैं?'

नि:संकोच अरूण कमल के इस संग्रह की कविताएँ हिन्दी कविता को एक नया स्वर देती हैं। ये कविताएँ वर्तमान व्यवस्था के विरूद्ध संघर्षशील मानव के पक्ष में जीवन और आशावादियों के पक्ष में 'सबूत' है।

नये इलाके में – इस काव्य–संग्रह में अरूण कमल की पचपन कविताएँ संग्रहित हैं। जिस तरह सारी दुनिया ही नहीं, वरन् अपना अड़ौस–पड़ौस भी ऐसा बनता जा रहा है, जैसे नया इलाका हो। ऐसे में मनुष्य के सम्मुख अपनी पहचान और अपनेपन का संकट गहराता जा रहा है। वह एकांकी भी है और भौंचक्का भी। सारी स्थितियाँ कुछ इसलिए बदलती जा रही है कि अपने आसपास से लेकर दूर–दूर तक जो कुछ भी देखा सुना है वह अपनी स्मृतियों में संजोया हुआ पुराना पड़ जाता है। ऐसी ही समस्याओं से ग्रस्त अरूण कमल की कविताओं के माध्यम से एक निर्मम जाँच पडताल शुरू होती है, जो सम्पूर्ण सभ्यता के प्रवाह पर टिप्पणी करती है। जीवन को जानने–पहचानने की कोशिशों से भरी यें कविताऐं अरूण कमल की सूक्ष्म पर्यवेक्षण क्षमता को उजागर करती जाती है। अरूण कमल अपने आसपास के परिवेश के नित नये परिवर्तन से हैरान होकर सोचते हैं कि–

'इन नये बसते इलाकों में
जहाँ रोज बन रहें हैं नये–नये मकान
मैं अकसर रास्ता भूल जाता हूँ।'

कवि के मन में दर्द है। वह शोषित, पीड़ित, निर्दोष परन्तु दोषी ठहराये गये या शिकार समझकर, शिकार किये गये लोगों की तरफ से शोषकों को संदेश देते है–

'बिल्कुल निहत्था, पर हाथ बिना ऊपर उठाए
मैं हत्यारों से मिलने जाता हूँ
.....केवल शब्दों का फाहा लिये
जाना चाहता हूँ उसकी तरफ से
जो सबसे कमजोर है।'

जीवन हर रोएँ–रेशे में कितनी तरह से साँस ले रहा है, करवटें बदल रहा है। हमारी उपेक्षा या अक्षमता से अनदेखा रहा जाता है, यथा–

'मैं बहुत सारी आवाजें नहीं सुन पा रहा हूँ
चीटियों के शक्कर तोड़ने की आवाज
पंखुड़ी के एक–एक कर खुलने की आवाज
गर्भ में जीवन बूँद गिरने की आवाज
अपनी ही शरीर में कोशिकाएँ टूटने की आवाज।'

अरूण कमल के इस संग्रह की कविताएँ पूर्व के संग्रहों की कविताओं से सम्बद्ध होकर भी उनसे इस अर्थ में अलग है कि यहाँ एक नयी कोशिश मिलती है, जीवन को देखने और समझने की। अपने उठाव और प्रवाह में नये अर्थ प्रक्षेपित करती ये कविताएँ जीवन के बाहर की नहीं, अंदर की कविताएँ है, जो नये बिम्ब, बोलचाल की भाषा, अनेक लय, छंद हमारे सामने लाकर हमें 'नये इलाके में' अपरिचय से बचाती है और कवि का अनुभव हमारा अनुभव हो जाता है।

पुतली में संसार – इस काव्य संग्रह में अरूण कमल की अट्ठावन कविताएँ संग्रहित है। कवि के इस काव्यसंग्रह में आभ्यंतर एवं बाह्य के संबंधों को समझने की एक नयी कोशिश है। यहाँ कुछ भी न तो नितांत निजी है, न निपट सार्वजनिक। पुतली से लेकर संसार तक एक ही प्रसार है जीवन का, जहाँ सब कुछ एक–दूसरे से सम्बद्ध एक–दूसरे पर घात–प्रतिघात कर रहा है। इसीलिए 'महाभारत' के एक ख्यात प्रसंग से शुरू होकर यह संग्रह 'पुतली में संसार' को भरने का प्रयत्न करते हुए मृत्यु के बिन्दु पर जाकर समाप्त होता है जहाँ 'उतर जायेगी आखरी फिल्म पुतली पर' से। यहाँ राजनीति भी जीवन का वैसे ही एक अनिवार्य तत्व है जैसे शारीरिक प्रेम। राजनीतिक सत्ता द्वारा किये जा रहे मानव–जीवन के निरन्तर क्षरण एवं दरिद्रीकरण तथा आभ्यंतर के अतिक्रमण से प्रस्तुत करते हुए ये कविताएँ उन स्वरों, उन प्रसंगों की खोज भी करती हैं जो सत्ता का निषेध या प्रतिरोध है और इसीलिए जीवन के श्रेष्ठतम मूल्यों का समर्थन करती है–

'और मैं देखता हूँ तो मुझे केवल पुतली नहीं
पूरी आँख दिख रही है गुरूदेव
और मछली और वह खम्भा
और आकाश और आप और ये सब जन धनुर्धर
इतनी भीड़ इतनी ध्वनियाँ
और मैं तो केवल नीचे ताक रहा हूँ, तेल के कुण्ड में
फिर भी पूरा आकाश घूमता लग रहा है।'

वर्तमान में समाज की स्थिति बहुत ही गिर चुकी है। यहाँ पर व्यक्ति किसी भी प्रकार से सुरक्षित नहीं है। यहाँ कवि ने घर को सबसे असुरक्षित और कब्रगाह को सबसे सुरक्षित स्थान बताया है–

'जब इस युग की कथा कही जाएगी
तब कहा जाएगा
घर तब सबसे असुरक्षित थे
और कब्रगाह सबसे सुरक्षित।'

अरूण कमल ने अपनी चीन और इंग्लैण्ड के यात्रा–प्रसंगों पर आधारित कुछ कविताएँ भी इस संग्रह में शामिल की है। जिनमें वहाँ की संस्कृति, आचार–विचार, बौद्ध मंदिर, चीन की दीवार, जलवायु एवं रहन–सहन पर भी दृष्टिपात किया गया है। इन कविताओं की प्रमुख विशेषता यह है कि

इनमें बड़ी ही सरलता से गंभीर बातें कही गयी है–

'क्या वह झूठ बोली? उसका नाम क्या था?
जो भी हो, जीवन में पहली बार मैंने किसी को इतनी भीख दी
एक पौण्ड यानि सत्तर रूपये
खैर! जो भी हो वह सुंदर थी।'

वस्तुत: इस काव्य–संग्रह की कविताओं में वह सब कुछ है जो एक अच्छे काव्य–संग्रह की कविताओं में होना चाहिए। यहाँ यथार्थ का बखूबी चित्रण देखने को मिलता है। यहाँ कवि ने बडी ही सरलता से बड़ी से बड़ी बातें हमारे समक्ष रख दी है। यहाँ समाज की समस्याओं एवं विकृतियों से हमको आगाह करने का सफल प्रयास किया है।

मैं वो शंख महाशंख – अपने चार काव्य संग्रहों के समृद्ध साहित्य के पष्चात् 'मैं वो शंख महाशंख' नाम से उनका पाँचवा काव्य–संग्रह राजकमल प्रकाशन, दिल्ली से सन् 2012 ई. में प्रकाशित हुआ है। इस काव्य–संग्रह में उनकी सन् 2005 से सन् 2010 तक लिखी कविताएँ संग्रहित है। अरूण कमल इस काव्य–संग्रह में हाशिए पर धकेले गये लोगों के अन्तर्मन की निशब्द पीड़ा को उजागर करते हुए अपने काव्य संसार का विस्तार करते हुए प्रकट होते है। 'दूसरा आंगन' नामक कविता में कवि पड़ोसी देश में जा कर अपने देश को एक नयी नजर से दखता, परखता और महसूस करते हुए अपने देश के अहसास को नये ढं से जीता है –

'उस पड़ोसी देश में
जहाँ सब कुछ अपने ही देश जैसा है,
वही खेत खलियान, वही गली दूकान,
सत्ता के वही गलियारें,
जेल में सड़ते हुए
अपनी उम्र को गलाते हुए बेकसूर
कैदी।'

निष्कर्ष – इस प्रकार हम कह सकते हैं कि अरूण कमल की कविताओं में सर्वहारा, शोषक वर्ग के प्रति विद्रोह की भावना एवं शोषित, निम्न वर्ग के प्रति सहानुभूति का स्वर परिलक्षित होता है। उनकी कविताओं में अनुभूति, कल्पना, विचार, शिल्प, प्रकृति, बिम्ब, प्रतीक, छंद एवं अलंकारिक सौन्दर्य का वर्णन इतना सहज बोधगम्य तथा प्रभावकारी है कि उनकी कई पंक्तियाँ स्वाभाविक ही गुनगुनाने का जी होता है। अरूण कमल जी ने शब्दों, बिम्बों, प्रतीकों और ध्वनियों को अत्यन्त जीवंत रूप में नए सन्दर्भो में ऊर्जास्वित किया है। जीवन के विराट व्यापार, संघर्ष, सुख–दुख, ट्रेजडी ये सब उनकी कविताओं के विषय रहें है। उनकी कविताओं में जीवन की अनेक समस्याओं के अभिव्यक्तिकरण के साथ–साथ उन समस्याओं के सहज उपायों का चित्रण भी देखने को मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अपनी केवल धार – अरूण कमल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. सबूत – अरूण कमल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. नये इलाके में – अरूण कमल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. पुतली में संसार – अरूण कमल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. मैं वो शंख महाशंख – अरूण कमल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. शोध ग्रंथ – अरूण कमल के काव्य में सौन्दर्य चेतना।

****

अनुभूत सत्यों को उद्घाटित करता महादेवी वर्मा का गद्य साहित्य

डॉ. कल्पना श्रीवास्तव *

शोध सारांश – 'महादेवी वर्मा को वेदना एवं करुणा की कवयित्री के रूप में जाना जाता है किन्तु यदि हम उनके गद्य पर दृष्टि डाले तो हम देखते हैं कि जितनी वेदना व करुणा आपकी कविताओं में अभिव्यक्ति हुई है उनके गद्य में वह और भी अधिक मुखर रूप से प्रकट हुई है। रेखाचित्र, संस्मरण एवं निबंध– गद्य की इन तीन विधाओं द्वारा आपने अपनी अद्भुत लेखन क्षमता का परिचय दिया है। आपका गद्य साहित्य हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर है। अपने रेखाचित्रों द्वारा महादेवी जी ने भारतीय समाज के निम्न, उपेक्षित, शोषित वर्ग की करुणा, वेदना, दुखदर्द को चित्रात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। आपके निबंध विचार प्रधान हैं और साहित्य तथा संस्कृति के मूल प्रश्नों से जूझते हैं। अपने गद्य के माध्यम से महादेवी जी ने स्त्री मुक्ति के विभिन्न आयामों को अत्यंत गहराई एवं बारीकी से प्रस्तुत किया है।''

प्रस्तावना – महादेवी वर्मा मूलत: छायावादी एवं रहस्यवादी कवयित्री के रूप में प्रसिद्ध है। कविताओं में अभिव्यक्त वेदना एवं करुणा के कारण उन्हें 'आधुनिक युग की मीरा' के रूप मे जाना जाता हैं किन्तु यदि हम उनके गद्य साहित्य पर दृष्टि डालें तो हम देखते हैं कि जितनी वेदना एवं करुणा आपकी कविताओं में अभिव्यक्त हुई है, उनके गद्य में वह और भी अधिक मुखर रूप से प्रकट हुई है। महादेवी वर्मा ने 'श्रंखला की कड़ियों ' में अपनी बात में स्वयं लिखा है 'विचार के क्षणों में मुझे गद्य लिखना ही अच्छा लगता रहा है, क्योंकि उसमें अपनी अनुभूति ही नहीं, बाह्य परिस्थितियों के विश्लेषण के लिए भी पर्याप्त अवकाश रहता है। मेरा सबसे पहला सामाजिक निबंध तब लिखा गया था जब मैं सातवीं कक्षा की विद्यार्थिनी थी अत: जीवन की वास्तविकता से मेरा परिचय कुछ नवीन नहीं है।'

महादेवी जी ने अपने गद्य लेखन के द्वारा भारतीय समाज के निम्न, उपेक्षित, शोषित वर्ग की करुणा, वेदना, दुख–दर्द को इतने सजीव एवं चित्रात्मक रूप से प्रस्तुत किया है कि ये सारे चरित्र हमें जाने पहचाने लगते हैं। महादेवी जी जानती थी कि गद्य के माध्यम से ही जीवन संघर्ष अभिव्यक्त किया जा सकता है।

महादेवी जी ने अपने गद्य लेखन में संस्मरण, रेखाचित्र एवं निबंध ये तीन विधाएँ मुख्य रूप से अपनाई हैं। इसके अतिरिक्त रेडियो वार्ता, अनुवाद, भाषण, पुस्तकों के लिए लिखी गई भूमिकाएँ आदि भी आपके गद्य लेखन के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। आम पाठक के बीच उनकी पहचान मुख्य रूप से उनके संस्मरणों एवं रेखाचित्रों को लेकर ही बनी है लेकिन उनके गद्य का एक बहुत बड़ा अंश ज्ञानगंभीर, दार्शनिक एवं गहन विवेचनपरक निबंधों से बना है।

गद्य लेखन की दृष्टि से आपका प्रथम संग्रह 'अतीत के चलचित्र' 1941 में प्रकाशित हुआ। इसके बाद 'स्मृति की रेखाएँ' 'पथ के साथी' 'श्रृंखला की कड़ियाँ' 'साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध' 'संकल्पिता' 'चिंतन के क्षण' आदि अनेक बहुविध गद्य संकलन प्रकाशित हुए जिनसे हिन्दी का संस्मरण, रेखाचित्र, आलोचनात्मक सामाजिक और विचारात्मक गद्य साहित्य समृद्ध हुआ। 'अतीत के चलचित्र' को समर्पित करते हुए वे लिखती हैं कि यह संग्रह समर्पित है उन लोगों को जिनके आसुओं ने उनका जीवन पथ स्वच्छ किया है, जिनकी बिखरी कथाओं ने उनके जीवन की श्रृंखला जोड़ी है। जिनकी ममता सुंदर, सरलता शिव और मनुष्यता सत्य है।'

महादेवी जी के गद्य का चित्रात्मक रूपांकन दार्शनिक चिंतन, करुणा, संवेदना आज विश्व साहित्य की किसी भी नारी लेखनी में खोज सकना दुर्लभ होगा। महादेवी जी के रेखाचित्रों में चरित्र चित्रण का तत्व प्रमुख रहा है। 'अतीत के चलचित्र' में घीसा की नि:स्वार्थ गुरुभक्ति, सेवक 'रामा' की वात्सल्य पूर्ण सेवा, भंगिन 'सबिया' की पतिपरायणता, 'लक्षमा' की सहनशीलता, सागभाजी बेचने वाले अंधे 'अलोपी' का सरल व्यक्तित्व आदि पात्र महादेवी जी के चरित्र चित्रण की अद्भुत क्षमता को उजागर करते हैं। आपके रेखाचित्रों की एक बहुत बड़ी विशेषता उनमें अभिव्यक्त करुणा एवं वेदना है। इन रेखाचित्रों के पात्र समाज द्वारा उपेक्षित, शोषित एवं निम्न वर्ग के हैं जिनका दुखदर्द पाठकों की आंखों में भी आंसू ला देता है, उनके पात्र पाठक के हृदय को झकझोर कर रख देते हैं। उनके रेखाचित्रों और संस्मरणों में कथा साहित्य की सी रोचकता और सरसता है। 'लछमा' में लछमा के बारे में वे लिखती हैं , 'मार्ग में तीन दिन कुछ खाने को न मिल सका। लछमा हंसकर कहती है–जब बहुत भूखा हुआ तब पीली मिट्टी का एक गोला बनाकर मुंह में रखा और आंख मूंदकर सोचा 'लड्डू खाया, लड्डू खाया' बस फिर बहुत सा पानी पी लिया और सब ठीक हो गया।'

'भाभी' रेखाचित्र में वे भाभी के बारे में लिखती हैं 'प्राय: निराहार और निरंतर मिताहार से दुर्बल देह से वह कितना परिश्रम करती थी, यह मेरी बालक बुद्धि से छिपा न रहता था।.....खंडहर जैसे घर और लंबे चौड़े आंगन को बैठ–बैठ कर बुहारना, आंगन में कुएँ से अपने और ससुर के स्नान के लिए ठहर–ठहर कर पानी खींचना और मैले कपड़ों को काठ की मोगरी से पीटते हुए रुक–रुक कर साफ करना .....अंधेरी रसोई की कोठरी के घुटते हुए गीली कुछ सूखी राख से चांदी–सोने के समान चमकाकर तथा कपड़े से पोंछकर रखते समय शिथिल उंगलियों से छूटते हुए बर्तनों की झनझनाहट मेरे मन में एक नया विषाद भर देती है।''

महादेवी जी का निवास भी किसी तपोवन से कम नहीं जहां मनुष्यों के अतिरिक्त मानवेतर प्राणी भी थे तभी तो वे गौरी गाय, गिल्लर–गिलहरी, सोना हिरनी, खरगोश, कुत्ता–कुतिया आदि की बात कर सकीं जो पाठकों की स्मृति में सदैव सजीव रहेंगे। सभी रेखाचित्रों को महादेवी जी ने अपने जीवन से ही लिया है। उन्होंने अनुभूत सत्यों को जस का तस अंकित किया है। उन्होंने स्वयं लिखा है 'इन स्मृतिचित्रों में मेरा जीवन भी आ गया है।''श्रृंखला

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

की कड़ियाँ' में महादेवी जी के ऐसे निबंध हैं जिनमें भारतीय नारी की विषम परिस्थितियों को अनेक दृष्टि बिंदुओं से देखने का प्रयास किया गया है। महादेवी जी नारी जाग्रति और नारी सम्मान के प्रति सजग रही है। आपने नारी की दयनीय स्थिति के लिए उत्तरदायी सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का एक समाजशास्त्री की भांति विश्लेषण किया। उन्होंने 'श्रृखला की कड़ियाँ' समर्पित की है 'जन्म से अभिशप्त, जीवन से संतप्त किंतु अक्षय वात्सल्य वरदानमयी भारतीय नारी को।' महादेवी जी ने पुस्तक की भूमिका में स्पष्ट लिखा है कि अन्याय के प्रति मैं स्वभाव से असहिष्णु हूँ अत: निबंधों में उग्रता की गंध स्वाभाविक है। भारतीय नारी जिस दिन अपने सम्पूर्ण प्राण वेग से जाग उठे उस दिन उसकी गति रोकना किसी के लिए संभव नहीं। 'हमारी समस्याएँ' निबंध में वे लिखती हैं '.....स्त्री केवल पत्नी के रूप में ही समाज का अंग नहीं है अत: उसे उसके भिन्न-भिन्न रूपों में व्यापक तथा सामान्य गुणों द्वारा ही समझना समाज के लिए आवश्यक तथा उचित है।.....स्त्री न घर का अलंकार मात्र बनकर जीवित रहना चाहती है, न देवता की मूर्ति बनकर प्राण प्रतिष्ठा चाहती है।' श्रृंखला की कड़ियों के सभी निबंध महादेवी जी के तेजस्वी ,साहसी एवं प्रखर विश्लेषण क्षमता को प्रकट करते हैं।

'पथ के साथी' महादेवी जी का महत्वपूर्ण संस्मरण संकलन है जिसमें साहित्यकारों के शब्दचित्र भी हैं और रेखाचित्र भी हैं। महादेवी जी ने गुरुवर रवीन्द्रनाथ टैगोर, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, निराला, पंत, प्रसाद एवं सियारामशरण गुप्त जैसे लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकारों के साथ बिताए समय को अत्यंत आत्मीयता एवं तल्लीनता के साथ प्रस्तुत किया है। वे लिखती हैं कि 'अपने अग्रजों एवं सहयोगियों के संबंध में अपने आप को दूर रखकर कुछ कहना सहज नहीं होता। मैंने साहस तो किया है..... मेरी दृष्टि के सीमित शीर्षों में वे जैसे दिखाई देते हैं, उससे वे बहुत उज्जवल और विशाल हैं' इसे मानकर पढ़ने वाले ही उनकी कुछ झलक पा सकेगें।' इन महापुरुषों से जुड़े संस्मरण महादेवी जी के विश्व इतिहास में ज्ञान के भी साक्षी हैं। इन निबंधों की भाषा भी साहित्यिक, परिष्कृत एवं प्रांजल है। संस्मरण रवीन्द्रनाथ ठाकुर में वे लिखती हैं 'जिनकी छाया में हमारे युग की यात्रा आरंभ हुई, जिनकी वाणी में हमने नए जीवन की प्रथम पुकार सुनी है और जिनकी दृष्टि ने अंधकार को भेदकर हमें भविष्य का पहला उज्जवल संकेत दिया है, उनके अवश्यम्भावी अभाव की कल्पना भी हमारे लिए साह्य नहीं होती।

रेखाचित्र एवं संस्मरणों के अतिरिक्त उनके गद्य साहित्य का एक बहुत बड़ा अंश ज्ञानगंभीर ,दार्शनिक और गहन विवेचनपरक निबंधों से भी बना है। ये निबंध एक छायावादी कवयित्री की अपने समय और समाज के प्रति जागरूक और मुखर दृष्टि को ही उद्घाटित नहीं करते बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में बहुत कुछ सोचने को भी बाध्य करते हैं। ये निबंध अपनी दुरूहता के कारण सामान्य पाठक के लिए भले ही न हों किन्तु साहित्यकर्मियों एवं गंभीर अध्येताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन निबंधों में साहित्य, सांस्कृति, दर्शन, धर्म, शिक्षा, भारतीय समाज की संरचना, विसंगतियाँ आदि पर गंभीर मनन चिंतन किया गया है जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा तथा विस्तृत चिंतन संसार उद्घाटित हुआ है। महादेवी जी ने 'साहित्य और साहित्यकार' 'शिक्षा का उद्देश्य' 'समाज और व्यक्ति' 'साहित्यकार की आस्था' 'छायावाद' 'रहस्यवाद' 'यथार्थ और आदर्श' 'संस्कृति का प्रश्न' आदि शीर्षक पर गंभीर चिंतन मनन करते हुए उत्कृष्ट कोटि के साहित्यिक निबंध लिखकर हिंदी निबंध साहित्य को समृद्ध किया है। महादेवी जी का गद्य उनकी कविता की अपेक्षा अधिक विस्तार तथा प्रामाणिकता से उनके व्यक्तित्व , उनकी सोच, उनमें चिंतन के विविध पहलुओं को हमारे सामने प्रकट करता है। उनके गद्य साहित्य में समय-समय पर दिए गए उनके भाषण भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं जो उनकी बौद्धिक, दार्शनिक प्रतिभा को प्रकट करते हैं। जहाँ रेखाचित्रों संस्मरणों में उनका संवेदनशीन, आत्मीय, मानवीय एवं करुणा तथा संवेदना से भरा रूप प्रकट हुआ है। वहीं गंभीर निबंधों में गुरुता, गंभीर चिंतन मनन एवं विद्धतापूर्ण गहन ज्ञान का रूप दिखलाई देता है।

स्पष्ट है कि महादेवी वर्मा मात्र एक प्रसिद्ध छायावादी कवयित्री ही नहीं हैं वरन् उनकी रचनाओं में गद्य साहित्य के विविध रंग भी दिखलाई देते हैं। जो उनकी लेखनी की अद्भुत क्षमता के परिचायक हैं। उनका गद्य साहित्य हिंदी साहित्य की अनमोल धरोहर है। यह विस्मय का विषय ही है कि महादेवी जी का प्रथम परिचय एक गद्यकार के रूप में न होकर कवयित्री के रूप में होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महादेवी वर्मा - निबंधों की दुनिया - प्रधान संपादक - निर्मला जैन , वाणी प्रकाशन दिल्ली ।
2. श्रृंखला की कड़ियाँ - महादेवी वर्मा - राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली ।
3. पथ के साथी - महादेवी वर्मा - लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद ।
4. अतीत के चलचित्र - महादेवी वर्मा - राधाकृष्णन प्रकाशन दिल्ली ।
5. मधुमती - जनवरी 2006 - राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर ।

****

राजेन्द्र मोहन भटनागर के उपन्यासों में नारी

प्रमीला *

प्रस्तावना – सृष्टि रचना का आधार नारी और पुरुष दोनों को ही माना जाता है। दोनों के बिना संसार की कल्पना करना भी असंभव है। भारतीय समाज आरम्भ से ही पुरुष प्रधान देश रहा है, परन्तु फिर भी वैदिककाल में नारी का सम्मान सर्वोपरि था। नारी को देवी का दर्जा दिया जाता था किंतु उत्तर वैदिक युग से नारी की स्थिति गिरने लगी। मुगलशासन काल में तो वह विलासिता की वस्तु समझी जाने लगी और मध्यकाल में उसे अनिष्टकारक माना जाने लगा। उसके जीवन को पुरुष ने विभिन्न कुरीतियों द्वारा और अधिक संघर्षमय बना दिया। सती–प्रथा, दहेज–प्रथा, अनमेल–विवाह और बाल–विवाह जैसी कुप्रथाओं से उसका जीवन कठिन होता चला गया। डॉ. स्वर्णलता के शब्दों में– 'दहेज की प्रथा प्राय: समाज के उच्च वर्ग और मध्य वर्ग में पायी जाती है। लेकिन मध्यवर्ग में दहेज विवशता का प्रतीक है, तो उच्च अथवा अभिजात वर्ग में प्रदर्शन का'[1] 'हिन्दू समाज में वैवाहिक समस्या को जटिल बनाया है 'दहेज प्रथा ने, अनेक सुन्दर, सुशिक्षित और सुसंस्कृत लड़कियाँ समुचित दहेज के अभाव में असुन्दर, मूर्ख और असंस्कृत लड़कों को ब्याह दी जाती है।' राजेन्द्र मोहन भटनागर के साहित्य में हमें नारी जीवन की विविध समस्याओं के दर्शन होते हैं। उनके 'तरुण संन्यासी' नामक उपन्यास में विवेकानंद विवाह के प्रति उदासीन हैं, परन्तु उनके पिता धनाढ्य कन्या पक्ष को छोड़ना नहीं चाहते, वे दहेज के प्रति अपनी मानसिकता इस रूप में व्यक्ति करते हैं,

'बेटे, एक सुशील लड़की है'
नरेन्द्र मौन।
'कन्या पक्ष धनाढ्य है।'
नरेन्द्र फिर मौन।
'वह स्वेच्छा से दहेज से दस हजार रूपये देने को तैयार है।'[3]

मात्र दहेज ही नहीं बल्कि अनमेल विवाह के बोझ तले भी नारी दबती चली जा रही थी। विलासी पुरुष अपनी कन्या समान स्त्री को अपनी पत्नी बनाने से हिचकिचाता नहीं था। प्रेमचन्द ने अनमेल विवाह के कारण नारी के नष्ट होते जीवन का बड़े मार्मिक चित्र अंकित किए है। नारी की अशिक्षा उसकी उन्नति में सबसे बड़ी बाधा थी। राजेन्द्र मोहन भटनागर ने भी महापुरुषों के जीवन के अंशों को उठाकर इस समस्या की ओर संकेत किया है। 'कुली बैरिस्टर' उपन्यास में कस्तूरबा गाँधी इसी पीड़ा को सहती हुई दिखाई दी हैं। जब गाँधी जी ने उन्हें दूसरे व्यक्तियों की शौच–सेवा हेतु कहा तो उसकी दबी कुण्ठा उभर कर सामने आई– 'तुम कैसे पति हो, जो मुझे अनपढ़ होने की सजा इस प्रकार दे रहे हो? कोई पढ़ी–लिखी पत्नी होती तो वह इस प्रकार काम में हाथ बँटाती?'[4] इसी प्रकार वह स्त्री और पुरुष के मध्य भेद व्यक्त करते हुए कहती है– 'तुम क्या जानो और क्या होती है? मर्द सब एक से हैं, चाहे पढ़े या बे पढ़े। उन्हें तो सवारी करनी आती है। हुक्म चलाना वे अपनी जन्मसिद्ध अधिकार मानते हैं। उन्हें इस बात की चिन्ता नहीं कि दूसरे में भी जान है, उसका भी दिल है। वह भी कुछ चाहती है। वह मर्द की जूती नहीं, जब चाहा पहना, जब चाहा उतारा। वह औरत है धर्मपत्नी नहीं।'[5]

राजेन्द्र मोहन भटनागर ने नारी के मात्र असहाय व दयनीय रूप को ही प्रकट नहीं किया बल्कि कमला नेहरू के रूप में नारी की सहनशीलता को भी अभिव्यक्त किया है– 'कायदे आजम' उपन्यास में सरोजिनी नायडू कमला नेहरू के बारे में एक अंग्रेज महिला एडविना को बताती है–

'तुम नेहरु के लिए यह नहीं कर सकती, क्योंकि वह अन्दर से अंग्रेजी सभ्यता का कायल है।'
'उसने भी अपनी पत्नी....'
'तुम्हारा मतलब कमला से है?'[6]
'हाँ एकदम कमला से'
'क्या?'
'वह अंग्रेजी नहीं जानती थी उनके तौर–तरीकों से दूर थी।'
'कमला बेहद खूबसूरत थी।'
'पर अभागी।'

उक्त उदाहरण के द्वारा राजेन्द्र मोहन भटनागर ने स्पष्ट करना चाहा है कि अभिजात्य वर्ग में भी अशिक्षित नारी उपेक्षित जीवन जीने को विवश थी।

नारी का सर्वोत्तम रूप माँ का माना गया है। नारी का मातृत्व रूप अत्यन्त श्रद्धेय है। 'हमारे समाज में स्त्रियों से संबंधित एक ही छवि, एक ही अवधारणा तथा आदर्शों की अभिव्यक्ति हुई है। मुख्यत: वृतांत में प्राय: भारतीय समाज को समर्पित पत्नी और वात्सल्यमयी मातृ छवि के सर्वोपरि रूप की चर्चा की जाती है। मातृ रूप में स्त्री की गरिमा, मातृ शक्ति के रूप में देवी और राष्ट्रवाद के सन्दर्भ में मातृभूमि की परिकल्पना सांस्कृतिक परम्परा में प्रतिष्ठित है।'[7] 'बच्चों के लालन–पालन, खाने–पीने, वर्तमान और भविष्य के निर्माण की जितनी चिन्ता माँ को होती है, उतनी समस्त परिवार के सदस्य को नहीं होती।'[8] विवेकानन्द भी अपनी माँ के वात्सल्य रूप के बारे में 'तरुण संन्यासी' नामक उपन्यास में यही सोचते हैं– नरेन्द्रनाथ दत्त अर्द्ध सम्मोहित अवस्था में अपनी करुणामयी, ममतामयी, त्यागमयी और पालनमयी के रूप में उसके चित पर उभरती जा रही थी।'[9]

भटनागर ने नारी–जीवन के प्रत्येक पक्ष को चित्रित किया है। माँ के केवल वात्सल्य रूप को ही नहीं, बल्कि उसकी दृढ़ता व शक्ति को भी प्रस्तुत किया है। इन्दिरा गाँधी अपने पुत्र संजय गाँधी के शव को स्वयं अपने समक्ष सिलवाती हैं– 'नि:संदेह उनमें गहरी अन्दरुनी ताकत थी और उन्हें अपने देश और देशवासियों से बेहद प्यार था। उनकी चट्टानें दृढ़ता का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि 23 जून 1980 को वह अपने पुत्र संजय की

* शोधार्थी (हिन्दी) वनस्थली विद्यापीठ, (राज.) भारत

क्षत्–विक्षत देह को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में खड़ी अपने सामने सिलवा रही थी और उन मर्मान्तक तथा झकझोरने वाली घड़ियों में, जिनमें बड़े से बड़ा पहाड़ भी आर्द्र हो बह पड़े, वे एकदम शांत और तटस्थ बनी रही।'[10]

इस प्रकार कहा जा सकता है भटनागर ने नारी जीवन के विविध पक्षों को चित्रित किया है। माँ के केवल वात्सल्य रूप को ही नहीं बल्कि उसकी दृढ़ता व शक्ति को भी प्रस्तुत किया है। नारी के विभिन्न रूपों के माध्यम से उन्होंने समाज में नारी की अहम् भूमिका को वर्णित किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वर्णलता तलवार, हिन्दी उपन्यास और नारी समस्याएँ, पृ. सं. 60
2. वही, पृ. सं. 60
3. राजेन्द्र मोहन भटनागर, तरुण संन्यासी, पृ. सं. 23
4. राजेन्द्र मोहन भटनागर, कुली बैरिस्टर, पृ. सं. 183
5. वही, पृ. सं. 183
6. वही, पृ. सं. 191
7. मंजुलता गुप्ता, राजस्थान दिवस, पृ. सं. 10
8. राजेन्द्र मोहन भटनागर, दंश, पृ. सं. 91
9. वही, तरुण सन्यासी, पृ. सं. 38
10. वही, इन्दिरा प्रियदर्शिनी, पृ. सं. 25

****

शुक्ल जी के निबंधों में मनोभाव निरूपण

डॉ. पारसमणि गुप्ता *

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य में सर्वप्रथम भावों या मनोविकारों का स्वरूप विवेचन सर्वप्रथम आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी ने ही किया है। आपसे पूर्व निबंधकारों ने मनोविकार पर निबंध लिखे है परंतु उनका उद्देश्य हमेशा नैतिक शिक्षा देना ही रहा है।

यह शुक्ल जी की ही देन है कि उन्होंने भावों या मनोविकारों के वास्तविक स्वरूप को पाठक के सामने प्रस्तुत किया है। आचार्य भरत से लेकर आज तक इन भावों का वास्तविक स्वरूप किसी ने नहीं दिखाया है। इस सिद्धांत में केवल नौ स्थायी भावों या तैतीस संचारी भावों का नाम भर गिना दिया जाता रहा है जबकि इस सिद्धांत का भवन ही इन भावों पर आधारित है।

शुक्ल जी ने अपने रस सिद्धांत को अधिक मनोवैज्ञानिक एवं सफल बनाने के लिए इनका विवेचन किया है।

भाव या मनोविकार के निरूपण में शुक्ल जी प्रथम उसकी परिभाषा देते है,'किसी आती हुई आपदा की भावना या दु:ख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भनकारक मनोविकार होता है, उसी को भय कहते है।' अथवा, 'साहसपूर्ण आनंद का नाम उत्साह है।'

इस प्रकार की परिभाषा आप हर मनोविकार के विवेचन के शुरू में देते है। ये परिभाषाएँ इतनी सटिक और सफल है कि देखते ही बनती हैं। .....भय के संबंध में.....आती हुई आपदा की भावना, दु:ख के कारण का साक्षात्कार, आवेगपूर्ण और स्तम्भनकारक, ये चार बातें है। आपदा की भावना और दु:ख के कारण से यह स्पष्ट होता है कि भय, दु:ख वर्ग का मनोविकार है। मनुष्य में भय कब उत्पन्न होता है, जब उसे यह मालूम पड़े कि उस पर कोई आपदा आने वाली है। इस आपदा के साक्षात्कार की कल्पना से उसमें भय नामक मनोविकार का संचार होता है। अब शुक्ल जी ने इसके दो लक्षण बताये है–आवेगपूर्ण और स्तम्भन कारक। जब आदमी भयभीत होता है तो वह उस आपदा से बचने के लिए भाग खड़ा होता है, परन्तु कभी–कभी ऐसा होता है कि अत्यधिक आतंक के कारण उसकी ज्ञानेन्द्रियॉ शिथिल हो जाती है और वह स्तम्भित हो जाता है। अत: पहले वाला प्रकार आवेगपूर्ण, दूसरा स्तम्भन कारक हुआ। एक में गति आती है और एक में मनुष्य गतिहीन हो जाता है। वैसे देखने में ये दोनों एक दूसरे के विरोधी से प्रतीत होते है, परन्तु है दोनों आवश्यक। इनमें से एक रूप को भी परिभाषा से हटा लिया जाए, तो उसमें अत्याप्ति को दोष उत्पन्न हो जाएगा।

ठीक इसी प्रकार उत्साह की परिभाषा है, – साहसपूर्ण आनंद का नाम उत्साह है। इससे स्पष्ट है कि उत्साह उसी को कहा जायेगा जिसमें साहस परन्तु आनंद भी साथ हो।

शुक्ल जी का परिभाषा देने का ढंग एकदम सटिक और वैज्ञानिक है। शुक्ल जी अपने निबंधों में वर्णित भाव का अन्य समान या विरोधी भावों में अन्तर या समानता स्पष्ट करते है।

'क्रोध और घृणा में जो अन्तर है वह यहॉ देखा जा सकता है। क्रोध का विषय पीड़ा या हानि पहुँचाने वाला होता है। इससे क्रोधी उसे नष्ट करने में प्रवृत्त होता है। घृणा का विषय इन्द्रिय या मन के व्यापार में संकोच मात्र उत्पन्न करने वाला होता है। इसमें मनुष्य को उतना उग्र, उद्वेग नहीं होता और वह घृणा के विषय की हानि करने में तुरंत बिना कुछ और विचार किए प्रवृत्त नहीं होता।' (चिंतामणि 'घृणा' पृष्ठ क्रमांक 94–95)

मनोविकार का स्वरूप समझाने के लिए शुक्ल जी कई उपाय करते है। भाव या मनोविकार कोई साकार या ठोस पदार्थ नहीं है। इसीलिए जब तक यह साकार या बिम्ब रूप में सामने न आता है, जब तक इसकी सही पहचान नहीं हो जाती है, तब तक परिभाषा मात्र प्रस्तुत करने से किसी भाव को नहीं समझाया जा सकता। भाव का आधार है, प्राणी और वह भी सर्वाधिक रूप में मनुष्य। मनुष्य की शारीरिक, चेष्टाओं, क्रियाओं, मुद्राओं आदि में विशेष परिवर्तन होने से ही किसी भाव का पता चलता है। जब हमें किसी अनुभव, चेष्टा या प्रयत्न के बारे में मालूम होता है कि उसका सम्बन्ध अमुक भावना या इच्छा से है, तब तक हमें किसी मनोविकार का ठीक–ठीक पता चलता है। इसी अनुभव, चेष्टा, इच्छा और प्रयत्न को मनोविकार के स्वरूप के स्पष्टीकरण में सहायक मानकर शुक्ल जी लिखते है, 'यदि किसी प्रिय के आने का समाचार पाकर हम चुपचाप ज्यों के त्यों आनंदित होकर बैठे रह जाए या थोड़ा हंस भी दे तो यह हमारा उत्साह नहीं कहा जाएगा।' हमारा उत्साह तभी कहा जायेगा, जब हम अपने मित्र का आगमन सुनते ही उठ खड़े होंगे। उससे मिलने दौड़ पडेगे। उसके ठहरने आदि के प्रबंध में प्रसन्न मुख इधर–उधर आते जाते दिखाई देंगे।

इस प्रकार मनोविकारों के स्पष्टीकरण के लिए शुक्ल जी मनुष्य की मानसिक और शारीरिक हलचलों को भी सहायक मानते है और उसका उल्लेख उन्होंने अपने हर निबंध में किया है। उनके निबंध साहित्य जगत के मील के पत्थर साबित हो रहे है। मनोभाव को समझाने के लिए सर्वप्रथम उन्होंने चिंतामणि में भाव या मनोविचार निबंध लिखा है जिसमें स्पष्ट है भाव क्या है, कब वे मनोविकार बनते है। उनके प्रसिद्ध निबंध–क्रोध, ईष्या, उत्साह, लज्जा और ग्लानी, भय, करूणा, लोभ और प्रीति में एक मनोवैज्ञानिक की पैनी नजर से भावों का विश्लेषण कर, व्याख्यात्मक उदाहरण शैली को अपनाकर भावों की बारीकियों एवं उनके स्वरूप का वर्णन किया है। उनकी नजर से भाव और उनके उपभाव कोई छूटा नहीं हैं। यह निबंध शुक्ल जी की हिन्दी जगत को सबसे बड़ी देन है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चिंतामणि–रामचंद्र शुक्ल।
2. चिंतामणि निबंध–घृणा।
3. चिंतामणि निबंध–उत्साह।
4. हिन्दी निबंध का विकास–डॉ. ओंकारनाथ शर्मा।
5. साहित्य समीक्षा– डॉ. दशरथ ओझा।
6. आचार्य रामचंद्र शुक्ल–डॉ. शिवनाथ।
7. मनोविज्ञान–डॉ. यदुनाथसिंह।

****

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) भारत

संगीत कला - ऐतिहासिक परिचय तथा महत्व

डॉ. बी. वर्षा *

शोध सारांश – हमारे सांस्कृतिक जीवन में ललित कलाओं का विशेष महत्व है। ललित कलाओं में संगीत विशेषत: अपना एक अलग स्थान रखता है। मनुष्य का जीवन और संगीत दोनों एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं। मनुष्य के सांसारिक जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलू होगा, जहाँ संगीत का दखल न हो। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त संगीत मानव जीवन के साथ जुड़ा है। सृष्टि के निर्माण से ही संगीत का अस्तित्व रहा है। वैदिक युग, भारत के सांस्कृतिक इतिहास में सबसे प्राचीन युग माना जाता है तथा इस युग में संगीत साधना के अनेक उल्लेख मिलते हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि संगीत हमारी प्राचीनतम धरोहर है और इसलिये संगीत का स्थान साहित्य और कलाओं में सर्वोपरि है।

प्रस्तावना –सृष्टि के कण-कण में संगीत व्याप्त है। हमारे भावों को प्रकट करने का सुंदर एवं मधुर कलापूर्ण माध्यम है - संगीत। कहा जाता है कि जबसे मानव पृथ्वी पर आया तभी से कला का जन्म हुआ और मानवीय विकास के साथ-साथ कला का भी विकास हुआ। संगीत, साहित्य और कला ये मानव जीवन के तीन महत्वपूर्ण पक्ष है, जिसके बारे में यह कहा जाता है कि यदि मानव जीवन में इन तीन में से कोई पक्ष न हो तो उसे साक्षात पशु की संज्ञा दी जानी चाहिये। मुख्यत: ललित कलाओं को पाँच भागों में वर्गीकृत किया जाता है -



प्रत्येक कला को व्यक्त करने के लिये एक माध्यम की आवश्यकता होती है और कला का माध्यम बदलते ही कला का स्वरूप भी बदल जाता है। कलायें भी मुख्यत: दो भागों में बँटी होती है।



वास्तुकला, मूर्तिकला तथा चित्रकला की आनंद अनुभूति के लिये नेत्रों की आवश्यकता होती है, क्योंकि ये कलायें दृश्यकला के अंतर्गत आती है तथा श्रव्यकला के अंतर्गत आने वाली संगीत कला में नेत्र तथा कर्ण इन दोनों इंद्रियों की सहायता ली जाती है, जिससे आनंद की रसानुभूति बड़ी सहजता से होती है, इसलिये संगीत का स्थान सर्वोपरि माना गया है।

संगीत के विकसित स्वरूप पर प्रकाश डालने से पूर्व उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को जानना आवश्यक है। इतिहासकारों की अवधारणा है कि भारतीय संस्कृति के प्राचीनतम प्रमाण वेद हैं। भारतीय संगीत का प्रारूप भी वेदों में मिलता है। वेदों को ईश्वरीय ज्ञान माना जाता है, जो चार भागों में विभाजित है -

1. ऋग्वेद - ज्ञानकाण्ड
2. यजुर्वेद - कर्मकाण्ड
3. सामवेद - उपासना काण्ड
4. अथर्ववेद - विज्ञान काण्ड

सामवेद में संगीत कला का परिचय मिलता है। इतिहास की दृष्टि से संगीत के इतिहास को भी चार भागों में बाँटा गया है -



वैदिक काल को अति प्राचीन काल के अंतर्गत माना जाता है। वैदिक युग का प्रारंभ आर्यों के आगमन से माना जाता है। वास्तव में आर्य लोग भारत के ही मूल निवासी थे और जहां से ये लोग सम्पूर्ण विश्व में फैले। इनका संगीत इतना उत्कृष्ट था कि जहाँ भी गए उस जगह पर अपने संगीत की छाप छोड़ी। वैदिक युग में संगीत अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा पर था। सर्वसाधारण जन में संगीत को समझने की शक्ति थी। ब्राह्मण वर्ग के हाथ में मुख्य रूप से संगीत की बागडोर थी। समाज भी संगीतज्ञों को उच्च दृष्टि से देखता था। उनका समाज में मान-सम्मान था। इस काल में कला एवं चरित्र पर विशेष बल दिया जाता था। इस काल के ग्रंथों में उदात्ता, अनुदात्ता और स्वरित इन तीन स्वरों का उल्लेख मिलता है और इन्हीं तीन स्वरों पर साम गायन होता था। आगे चलकर एक-एक स्वर बढ़ते गये और वैदिक काल में साम गायन सात स्वरों में होने लगा। नाटकों का जन्म इसी युग की देन है। पवित्रता, भक्ति और संगीत इनका घनिष्ठ सम्बन्ध इस काल की प्रमुख विशेषता है।

वैदिक युग से पौराणिक काल में आते-आते संगीत का कोई विशेष विकास नहीं हो पाया। संगीत में जो पवित्रता एवं निर्मलता वैदिक युग में थी, उतनी इस युग में नहीं रही। संगीत चरित्र से हटकर उच्छृंखलता की ओर बढ़ रहा था। फिर भी समाज में संगीतकारों का जीवन संतुलित रूप से चल रहा था। इस युग की मुख्य विशेषता 'संगीत उत्सव (समन)' का चलन था। कंठ संगीत का विकास इस युग में बड़ी तेजी से हुआ। इस काल के पश्चात संगीत ने रामायण तथा महाभारत काल में बहुत तेजी से विकास किया। रामायण काल में संगीत एकबार पुन: अपनी दिव्य आभा को छू रहा था। समाज में सार्वजनिक रूप से संगीत के आयोजन होने लगे। जब श्रीरामचंद्रजी चौदह वर्ष का वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटे तो वीणा तथा मृदंग वाद्य यंत्रों से उनका स्वागत किया गया और नारियों ने मंगलगान गाते हुए श्रीरामचंद्रजी का स्वागत किया। शिक्षा एवं विद्वता की दृष्टि से तो रावण सर्वगुणसम्पन्न

* सहायक प्राध्यापक (कंठ संगीत)शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

था ही, वह शौर्य और शास्त्र ज्ञान के साथ-साथ महान संगीतज्ञ भी था। महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण संगीत के महान पंडित हुए, उनकी बांसुरी की मधुर स्वरलहरियाँ आज भी गुंजायमान है, उनका संगीत पर पूर्ण अधिकार था। इस काल में अनेक प्रकार के नृत्यों का जन्म हुआ। संगीत का उच्चतम रूप इस काल में दिखाई दिया।

लगभग डेढ़-दो हजार वर्षों तक वैदिक संस्कृति एवं धर्म का बोलबाला रहा, किन्तु ब्राह्मणों के कठिन कर्मकाण्ड एवं बँधनों के कारण उनका विरोध होने लगा और जैन युग एवं बौद्ध युग का प्रादुर्भाव हुआ। जैन युग में संगीत पर से ब्राह्मणों का एकाधिकार समाप्त हो गया। इस युग में संगीत के पाँच आधार स्तम्भ निर्मित हुए जो 'पंचशील' के नाम से मशहूर हुए। प्रतियोगिताओं का चलन इस युग की विशेषता है। बौद्धकाल में संगीत का उपयोग मानव मात्र की भलाई एवं कल्याण के लिये होता था। इस काल में लोक संगीत का चलन कम होता गया और शास्त्रीय संगीत पुन: अपनी लोकप्रियता बरकरार रखने में सफल रहा। बौद्ध युग में नारियों ने संगीत में बड़ा योगदान दिया। बौद्ध युग संगीत का समृद्धशाली युग माना जाता है।'थेरी गाथा'का संग्रह, जो कि बौद्ध भिक्षुणियों का भाव प्रणव गीतों का संग्रह है, इस काल की महत्वपूर्ण घटना है।

इसके पश्चात का काल, मौर्य काल माना जाता है, जिसमें लोकसंगीत का अधिक प्रचार हुआ संगीत का आध्यात्मिक सौन्दर्य पुन: उभरने लगा और संगीतज्ञों का समाज में पुन: आदर स्थापित हुआ। संगीत का स्वर्णयुग गुप्तकाल माना जाता है। समुद्रगुप्त स्वयं महान संगीतज्ञ था। इस काल में शास्त्रीय संगीत अधिक प्रचारित हुआ। सितार की उत्पत्ति इसी काल में हुई। इस काल में अनेक महान कवि एवं संगीतज्ञ हुए, जिसमें महान नाटककार कालिदास एवं कवि भास के नाम उल्लेखनीय हैं। इस काल में साधारण जनता का संगीत, साहित्य तथा कला को समझने का स्तर उच्चकोटि का था। इस काल में देश धन-धान्य से परिपूर्ण था, इसलिये इस युग में संगीत, साहित्य तथा कला की भरपूर उन्नति हुई, जिससे गुप्तकाल स्वर्णयुग माना जाता है। सन् 1525 ई. से मुगल काल का प्रारंभ माना जाता है। मुगल शासकों ने संगीत के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बाबर, जो कि स्वयं एक अच्छा गायक था और संगीत को एक महान शक्ति के रूप में स्वीकार करता था। ख्याल, कव्वाली, गज़ल आदि गायन शैलियाँ इसी काल में प्रचलित हुई। ख्याल गायकी का प्रचार इस काल में ज्यादा हुआ। बाबर का बेटा हूमायूं भी भारतीय संगीत का बड़ा प्रशंसक था। सन् 1556 ई. में राजा मानसिंह ने ध्रुपद गायन शैली का प्रचार किया। बैजू बावरा, नायक बक्सू जैसे गायक इनके राज दरबार में थे। इस काल से भारतीय संगीत की दो धारायें स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी। एक जो उत्तरी भारत में मुस्लिम संस्कृति की पृष्ठभूमि पर थी तो दूसरी दक्षिण प्रान्त में अपने प्राचीन रूप को लिये हुए प्रवाहित हो रही थी। अकबर के दरबार के नौ रत्नों में मियाँ तानसेन जैसा संगीतज्ञ था तो न जाने इस काल में कितने ही प्रसिद्ध कवि और गायकों ने अपने कार्य से संगीत को विकसित किया। कवि सूरदास, मीरा, कबीर, तुलसीदास, पुण्डरिक विट्ठल आदि कई नाम उल्लेखनीय हैं। मुगल काल में ही कई ग्रंथों की रचना, कई वाद्यों का आविष्कार हुआ। जहांगीर, शाहजहां आदि मुगल शासकों ने भी संगीत को आगे बढ़ाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाई, किन्तु मुगल काल का एक ही शासक था जो संगीत का कट्टर विरोधी था - औरंगजेब। उसने कभी भारतीय संगीत को समझने का प्रयास ही नहीं किया। फिर भी संगीत के क्षेत्र में अनेक कार्य इस काल में हुए। मुहम्मद शाह रंगीले मुगल वंश के शासक थे, जो अत्यन्त संगीत प्रेमी थे। इनके दरबार में सदारंग, अदारंग नामक ख्याल रचियताओं ने ख्याल निर्माण में उल्लेखनीय कार्य किया। इसी काल में टप्पा गायन शैली का आविष्कार शौरी मियाँ ने किया। ठुमरी, सुगम संगीत आदि गायन शैलियाँ भी पल्लवित होने लगी। मुगल वंश के अंतिम शासक के रूप में बहादुरशाह जफर संगीत प्रेमी था, वह स्वयं गीतों की रचना करता था तथा संगीतज्ञों, कवियों तथा विद्धानों का आदर करता था। बहादुरशाह जफर की मौत के बाद संगीत का संरक्षण करने वाला कोई नहीं था।

एक आश्चर्यजनक खोज में यह पाया गया कि 98% माता-पिता लड़कों के लिए तब 89% माता-पिता लड़कियों के लिए शिक्षा को आवश्यक मानते है। इसलिए यह सच्चाई नहीं है कि गरीबी और अज्ञानता स्कूल छोड़ने का और स्कूल में कम अनुपस्थिति का मुख्य कारण हैं।

डॉ. राधाकृष्णन् का कथन है कि 'आयोग' को शिक्षा प्रणाली के सभी स्तरों पर एवं सभी पहलुओं पर सर्वे का सुझाव दिए जाने चाहिए ताकि शिक्षा प्रणाली सभी स्तरों पर समृद्ध हो सके।

गुनार मिर्डल का कथन है - साक्षरता संसार का मार्ग प्रशस्त करती है अन्यथा वे बंद पड़े रहते है, महात्मा गांधी ने लैंगिग समानता की स्थापना के लिये स्त्रियों की शिक्षा को आवश्यक माना।

सन् 2011 की जनगणना के अनुसार महिला साक्षरता 65.46% है जो आबादी के अनुपात में बहुत कम हैं।

अमर्त्य सेन ने कहा है - दुनिया की बड़ी आबादी को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो धरती पर अन्याय और असुरक्षा बरकरार रहेगी। पढ़ लिख नहीं पाना और संवाद में असमर्थता दरिद्रता और असुरक्षा की चरम स्थिति है, शिक्षा के प्रसार से इस असुरक्षा को खत्म किया जा सकता है।

शिक्षा का उद्देश्य – शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य है - पिछडे हुए वर्ग को समान अवसर प्रदान करना जिसमें शिक्षा को एक शस्त्र के रूप में लेकर उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है।

शिक्षा ऐसी हो जो उनका पूर्णरूपेण रूपान्तरण कर दे अर्थात् सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक रूपान्तरण, जिससे उनका जीवन खुशहाल बन सके। इसी उद्देश्य को लेकर विभिन्न शिक्षा आयोगो ने शिक्षा के उद्देश्यों के संबंध में सुझाव दिए है।

उत्पादकता को बढ़ाना, जिससे राष्ट्रीय आय में वृद्धि हो, क्योंकि भारत साधनों की भूमि हैं, लेकिन शिक्षा के अभाव में इन साधनों का कुशलतम प्रयोग नहीं हो रहा है, अत: शिक्षा उत्पादकता से संबंधित होना चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय केडटेकार्पस हर स्कूल एवं महाविद्यालय में छात्रों के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए, क्योकि राष्ट्रीयता की भावना को विकसित किया जाना जरूरी है। चूंकि भारत विभिन्न जाति, धर्म, भाषा और संस्कृति का देश है, अत: 'अनेकता में एकता' का पाठ हर छात्र के मन में विकसित, किया जाना जरूरी है। इसे हम स्कूल एवं महाविद्यालयों में छात्रो को भाषा, साहित्य, दर्शन, धर्म, इतिहास के द्वारा एवं पैटिंग, संगीत, डांस, ड्रामा कैम्प अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को अपने राष्ट्र की संस्कृति एवं राष्ट्रीय भावना का विकास हो सके एवं भाषायी बाधा दूर हो सके।

शिक्षा का उद्देश्य छात्रो में प्रजातांत्रिक मूल्यों को विकसित किया जाना भी होना चाहिए जिससे जीवन मूल्य भी विकसित हो सके।

विज्ञान की शिक्षा, शिक्षा का एक अहम् हिस्सा है जो उच्च शिक्षा में भी आवश्यक है।

शिक्षा नेतृत्व के लिए आवश्यक है। जिससे कि छात्र इसे समझकर स्कूल नेतृत्व कर देश की प्रगति में अपना सहयोग दे सके।

ढेबर समिति – स्टेन्ले, स्मिथ, बेन तथा एण्डरसन ने ठीक ही लिखा है - 'बालकों को आधुनिक समाज में विश्लेषण करने में कोई सहायता नहीं दी जाती, जिसमें वे रहते है। उन्हें यह नहीं बताया जाता है कि विद्यालय या महाविद्यालय एक सामाजिक संस्था है, तथा इसका उस समाज से घनिष्ठ संबंध है, जो इसका पोषण व नियंत्रण करता हैं।'

माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952-53 के अनुसार - शिक्षा में सुधार करने के लिए हमें पहला कदम विद्यालय एवं समुदाय के संबंधों को फिर से जोड़ने के लिए उठाना चाहिए और उन दोनों के उस घनिष्ठ संबंध को पुन: स्थापित करना चाहिए जो औपचारिक शिक्षा के कारण टूट गया है।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

रतनलाल बिहारी के अनुसार – 'किसी समाज की किसी काल में जो नई उपलब्धियॉ रही, उनसे उस समय के समाज को अवगत कराना और तदनुकुल उस समय के समाज की जीवन शैली में परिवर्तन करना आधुनिकीकरण के अन्तर्गत आता है। इस युग में विज्ञान के क्षेत्र में खोजे हुई है, आज हम भारत में आधुनिकीकरण की बात करते है, तो हमारा तात्पर्य भारतीय समाज को विज्ञान के महत्व को स्वीकार करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उसका उपयोग करने के लिए तैयार करना होता है।'

स्वतंत्रता के पश्चात् भारत सरकार ने अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों की शिक्षा की वास्तविक स्थिति व समस्याओं को जाना। तभी श्री यू.एन. ढेबार की अध्यक्षता में सन् 1960-61 में ढेबर समिति का गठन किया गया। इस समिति ने भारत की राज्य एवं केन्द्र सरकारों से आग्रह किया कि विशेष कार्यक्रम व निर्देशन में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लोगो में परिवर्तन लाने के लिए इनमें प्राथमिक शिक्षा का विकास किया जाए। इस समिति ने निम्न सुझाव दिए।

1. इनके क्षेत्रों में विशेष विद्यालय स्थापित किए जाए।
2. इन जातियो में नि:शुल्क शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, पुस्तके, यूनिफॉर्म के रूप में दी जाय।
3. इन जातियों की शिक्षा व्यवस्था में हस्तलिपि का विशेष ध्यान दिया जाय।
4. शिक्षकों को आवास की विशेष सुविधा प्रदान की जाय।
5. आयोग ने अनुसूचित जाति व जनजाति की बालिकाओं के लिए आवासीय आश्रम स्कूल बनाने का प्रस्ताव किया जो इनकी शिक्षा के लिए उपयोगी साबित हो सके। सन् 1964-66 में कोठारी आयोग बना। इस समय सरकार शिक्षा की स्थिति से पूर्णरूपेण अवगत थी। अत: सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस आयोग का गठन किया। लेकिन इन आयोगो की सिफारिशे सफल नहीं हो सकी। जिसका परिणाम यह हुआ कि शिक्षा में जो कमियाँ थी, वह बरकरार रही, इन कमियों को दूर करने के लिए सरकार ने एक नाम आयोग को गठित करने की सलाह दी, जिसमें शिक्षा के सभी स्तर पर विकास हेतु सामान्य सिद्धांन्त और नीतियो को लागू किया जाय और यही कोठारी आयोग के रूप में आया।

इस आयोग में 17 सदस्य थे, जिनमें पांच सदस्य जो शिक्षाविद् थे, वे इंग्लैण्ड, अमेरिका, फ्रांस, जापान एवं रूस से थे।

इस आयोग का मुख्य उद्धेश्य शिक्षा में उत्पादकता को बढ़ाना, आधुनिकीकरण को बढ़ाना सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, आध्यात्मिक गुणों का विकास करना था। जिससे एक स्वस्थ एवं उन्नत समाज देश के सामने हो।

कोठारी शिक्षा आयोग (1964-66) ने कहा कि आधुनिकीकरण इस सीमा तक विकसित, न किया जायें कि वह पश्चिमीकरण हो जाए एवं सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों को नष्ट कर दें। अत: शिक्षा में आधुनिकीकरण एवं सांस्कृतिक का उचित समन्वय होना चाहिए।

भारतीय जनतंत्र को सफल बनाने के लिए माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-53) ने भारत की राजनीतिक, सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक उद्धेश्यों की चर्चा की।

भारतीय शिक्षा ऐसी हो, जिससे जनतांत्रिक नागरिकता का विकास हो सके। प्रत्येक बालक में उसकी प्रकृति के अनुसार ऐसे बौद्धिक, सामाजिक तथा नैतिक गुणों का विकास करना आवश्यक है, जिनके आधार पर, वह देश की राजनीतिक, सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी समस्याओं के विषय में चिंतन कर निर्णय हो सके।

छात्रों में शिक्षा ऐसी हो, जो छात्रों में सहयोग, सहनशीलता, अनुशासन, सामाजिक चेतना जैसे गुणों का विकास किया जाना आवश्यक है।

शिक्षा से श्रम के प्रति श्रद्धा का भाव जागृत करना भी आवश्यक है तथा पाठ्यक्रम में ऐसे व्यवसायों को शामिल किया जाए, जिससे छात्र अपनी रूचि में अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन में अपनाना चाहे, जिससे देश प्रगति की ओर अग्रसर हो सके।

समस्याएँ – भारतीय शिक्षा प्रणाली में सबसे गम्भीर समस्या है, 'ड्रॉप आऊट रेट की 50% से अधिक जो बच्चे पहली कक्षा में आते है, वे आठवीं कक्षा तक आते आते स्कूल छोड़ देते हैं।

DISE (District Information System for Education) और National University for Educational Planning and Administration 2008-09 के अनुसार –

प्राथमिक कक्षाओं में कुल 134.4 मिलियन बच्चों ने प्रवेश लिया, लेकिन कक्षा 6 से 8 तक यह गिरकर 53.4 मिलियन रह गए। इसका मुख्य कारण है शिक्षा प्रणाली का आकर्षण न होना। शिक्षा बच्चों को आकर्षित नहीं कर पा रही है।

'प्रोब' रिपोर्ट ने चौंकाने वाले ऑकड़े प्रस्तुत किए है। 52% स्कूलों में खेल के मैदान नहीं है, 89% के पास शौचालय नहीं है। 59% स्कूलो में स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था नहीं है, 26% के पास ब्लेकबोर्ड का अभाव है, 77% स्कूलों में पुस्तकालय ही नहीं है। 58% बच्चे प्राथमिक शिक्षा पूरी होने से पूर्व ही शाला त्याग देते है। मात्र 6% ही महाविद्यालयीन शिक्षा में प्रवेश लेते है।

अत: शिक्षा के लिए आवश्यक साधनों के अभाव में हमारी शिक्षा एक मजाक बनकर रह गई है। शिक्षा प्रणाली में परीक्षाओं में सुधार की भी आवश्यकता है।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली आज एक ऐसी चुनौती बन गई है, जिस पर पुन: चिंतन की आवश्यकता है, आज शिक्षण संस्थाओं में जहॉ एक और आधुनिक तकनीकों, सुविधाओं की सिफारिश की गई है, वहीं स्तरहीनता, शिक्षक व छात्रों के बीच वैचारिक असंतुलन, प्रदत्त सुविधाओं का दुरूपयोग एवं वचन की बात भी उठी है।

आज समय है मूल्य परक एवं रोजगार आधारित साथ ही राष्ट्रीयता की भावना एवं नैतिकता से युक्त शिक्षा प्रणाली का।

इस क्रम में विभिन्न शिक्षा आयोगो ने सिफारिश की है, लेकिन विचारणीय मुद्दा यह है कि कितने अंशो में उसका पालन हो रहा है।

देश की 26% आबादी आज भी निरक्षर है, 4% ऐसे है, जिन्होंने स्कूल का मुंह तक नहीं देखा है, भारत की साक्षरता दर 74.04 प्रतिशत है, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ की साक्षरता दर भारत की साक्षरता दर से कम है जो चौकाने वाला हैं।

हमारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है, कि शिक्षक बनने के इच्छुक युवाओं के लिए दो वर्षीय डिग्री को बदलकर पांच वर्षीय करना चाहिए। जैसा कि दुनिया के अधिकांश देशो में है, जहाँ शिक्षक एक अच्छी शिक्षा पाते है।

शिक्षकों की योग्यता एवं प्रभाव बढाने के लिए उन्हें बेहतर सहयोग उपलब्ध कराना होगा।

सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए निवेश करना होगा, सार्वजनिक स्कूलो में बिना अच्छी शिक्षा के दुनिया का कोई लोकतांत्रिक देश तरक्की नहीं कर सकता, क्योंकि अच्छे समाज एवं लोकतंत्र की नींव इन्हीं स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था की मजबूती से संभव होती है।

फिनलैण्ड के शिक्षक दुनिया में खास है। वहॉ ऐसे लोगों को शिक्षक हेतु चुना जाता है, जो अपना श्रेष्ठतम बच्चों को देने के लिए तैयार होते है। अत: शिक्षा ऐसी हो जिससे वह शिक्षा का उद्देश्य स्वयं सोच सके।

तालिका – 1

साक्षरता के लिहाज से भारत के दस शीर्ष राज्य

क्र.	राज्यसाक्षरता	प्रतिशत
1.	केरल	93.91
2.	लक्षद्धीप	92.28
3.	मिजोरम	91.58
4.	त्रिपुरा	87.75
5.	गोआ	87.40
6.	दमनदीप	87.07
7.	पांडुचेरी	86.55
8.	चण्डीगढ	86.43
9.	दिल्ली	86.34
10.	अण्डमान निकोबार	86.27
11.	छत्तीसगढ	71.04
12.	मध्यप्रेदश	70.63

पडौसी देशों की साक्षरता –

1.	चीन	95.1
2.	श्रीलंका	90.8
3.	म्यांमार	89.9
4.	नेपाल	55.5
5.	पाकिस्तान	50.2
6.	बांग्लादेश	53.5

Census 2011 के अनुसार

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शिक्ष का सागर – माधवन, जयपुर पब्लिकेशन।
2. योजना – अक्टूबर 2015
3. स्वराज्य की दिशा – डॉ. भीमराव अम्बेडकर, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ एकेडमी।
4. जनांकिकी – बी.सी. सिन्हा।
5. आर्थिक वृद्धि एवं विकास – वी.सी. सिन्हा।
6. वेब दुनिया।

****

विद्यार्थी जीवन और रैगिंग

पूजा नागर *

प्रस्तावना – प्रत्येक सभ्य समाज के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। समाज के सामाजिक आर्थिक, नैतिक विकास का माध्यम शिक्षा होती है। स्वस्थ समाज के निर्माण से स्वस्थ राजनीति की एक स्वस्थ परम्परा निर्मित होती है। जिसके परिणामस्वरूप एक कुशल राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करती है।

अत: शिक्षा के प्रसार एवं विकास हेतु शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की जाती है। शैक्षणिक संस्थानों में एक आदर्श वातावरण स्थापित करना आवश्यक है। इस आदर्शवादी शैक्षणिक संस्थान के विकास की संकल्पना के परे उच्च शिक्षा संस्थानों में एक शैक्षणिक जीवन की बुराई संत्रापित करती है जिसे रैगिंग कहते हैं। रैगिंग एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो समाज के युवा वर्ग को शिक्षा के क्षेत्र में भय , हिंसा एवं विचलन कारित करती है। साधारणत: यह घटना देखने में आती है की महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में वरिष्ठ छात्रों द्धार कनिष्ठ छात्रों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। इन घटनाओं से संत्रापित कई छात्र छात्राओं के भविष्य की परिणीति न केवल उनके व्यवसायिक व सामाजिक जीवन को प्रभावित करके होती है वरन उनके जीवन के साथ जुड़े सुनहरे भविष्य के सपने का अंत आत्महत्या के साथ होता है। रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के विरूद्ध कई मामले राज्य सरकार एवं न्यायपालिका के संज्ञान में आए हैं। रैगिंग से संबंधित मामलों में न्यायपालिका ने कठोर रूख दिखाते हुए शैक्षणिक संस्थाओं में दिशा निर्देश जारी किए गए। यह कार्य न सिर्फ न्यायपालिका के न्यानिर्णयन तक सीमित है वरन राज्य एवं केन्द्र सरकार भी इसके समाधान हेतु कठोर दंडात्मक कानून बनाने के लिए बाध्य है।

उपरोक्त समस्या के प्रति संवेदना रखते हुए शोधार्थी इस विषय पर शोध करने के लिए प्रेरित हुआ। शोधकर्ता का यह मानना है कि विधि समाज के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित एवं संचालित करने की प्रभावशाली व्यवस्था है। इसी प्रकार रैगिंग जैसी समस्या को विधिक उपचार से निषिद्ध किया जा सकता है।

चूंकि यह एक ऐसी बुराई है जिसमें सामाजिक पहलू भी संलिप्त है। इसलिए सामाजिक उपचार भी, समस्या के समाधान का सशक्त माध्यम है।

रैगिंग का अर्थ एवं प्रकृति – विश्वविद्यालयों में सत्र के आरम्भ में नए विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ, वरिष्ठ विद्यार्थियों के द्धारा नये सत्र में विद्यार्थियों का स्वागत किया जाता है। स्वागत के अन्तर्गत विद्यार्थियों का सामान्य परिचय सम्मिलित होता है जो कि विद्यार्थियों का, महाविद्यालय के साथ समायोजन का प्रथम चरण होता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि रैगिंग नए विद्यार्थियों के परिचय की एक सामान्य प्रक्रिया है।

चाहे कोई प्रक्रिया या विचारधारा, निर्जीव व सजीव वस्तु अथवा प्राणी क्यों न हो समय के प्रभाव से अछूती नहीं रहती है। अपने जन्म से लेकर परिपक्वता तक की अवस्थाओं में इसका विकास हुआ है। रैगिंग भी उनमें से एक प्रक्रिया है। परिवर्तनशीलता, प्रकृति का सामान्य नियम है, इसी तरह प्रत्येक वस्तु अथवा प्राणी जो कि इस प्रकृति में अस्तित्ववान है परिवर्तित होते हैं न सिर्फ वे परिवर्तित होते हैं वरन दूसरों को प्रभावित करते भी है। जो कि स्वीकार्य भी है किन्तु महत्वपूर्ण यह है कि परिवर्तनशीलता , देश समाज व मानवता के लिए कितनी उपयोगी है एवं वह इसको किस रूप में प्रभावित कर रही है। अत: यह परिवर्तित रूप विकृत भी हो सकता है एवं अपने सुधार की प्रक्रिया में अनवरत भी हो सकता है।

रैगिंग जोकि परिचय की एक सामान्य प्रक्रिया है वह भी समय के साथ-साथ परिवर्तित हुई है किन्तु परिवर्तनशीलता की यह कड़ी गलत दिशा में जाकर गतिमान हुई एवं गंतव्यस्थल पर जाकर एक सामाजिक बुराई के रूप में स्थापित हुई।

रैगिंग परिचय की एक सामान्य प्रक्रिया जो कि स्वागत की एक कड़ी है वर्तमान में सिर्फ स्वागत का एक दिखावा मात्र है। वास्तविक धरातल पर वह एक शरारती प्रक्रिया रह गयी है जिसकी शरारत की कोई सीमा नहीं है जो कि अमानवीयता की सीमा को तोड़कर किसी भी रूप में की जाती है। इसके अन्तर्गत विद्यार्थी नये विद्यार्थियों को रैगिंग के माध्यम से प्रताड़ित करते हैं व उनके सामने इस तरह के लक्ष्य रखे जाते हैं। जिनको पूरा किया जाना पीड़ादायक होता है किन्तु रैगिंग करवाने वाले को हर्ष प्रदान करता है।

रैगिंग की प्रकृति– भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की जड़े एक परम्परा के तौर पर बहुत गहरी नहीं है। रैगिंग भारतीय शैक्षणिक संस्थाओं की देन न होकर पश्चिम की देन है। यूरोपियन विश्वविद्यालयों में रैगिग की शुरूआत परिहास के माध्यम से हुई थी जो विद्यार्थियों के द्धारा किये जाते थे किन्तु धीरे-धीरे इस परम्परा का विस्तार पूरे विश्व में हुआ। भारत में यह ब्रिटिश परम्परा की देन है। भारत स्वयं को इस अमानवीय कृत्य से मुक्त नहीं करा पाया। अत: रैगिंग का सबसे विकृत रूप भारत में पाया जाता है।

यह कहा जाता है कि मनुष्य की कल्पना शक्ति सीमाओं से परे होती है यह सृजनात्मक भी हो सकती है एवं विध्वंसकारी भी। जब यह सृजनात्मक होती है तब नये समाज का निर्माण करती है एवं इतिहास में अपना गौरवशाली स्थान बनाती है। वहीं जब यह विध्वंसकारी होती है तब समाज में अशांति, अविश्वास उपद्रव एवं मानवीय मूल्यों के पतन का कारण बनती है। प्राय: देखने में यह प्रतीत होता है कि अमानवीय कल्पना को हमारे सामाजिक राजनैतिक व आर्थिक व्यवस्थाओं में प्रवेश नहीं दिया जाता है। फिर हमारी यही व्यवस्थाऐं कहां कमजोर हो जाती है एवं हमें परिवर्तन की आवश्यकता महसूस होती है या कभी-कभी तो इन्हें जड़मूल से ही समाप्त करने की बात कहीं जाती है। प्रत्येक कल्पना या विचारधारा स्वयं में कल्याणकारी योजना को समाहित कर समाज में प्रवेश करती है किन्तु उसी समाज का एक छोटा

* शोधार्थी, माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

सा वर्ग इसकी अहमियत को समझे बिना इसे दुष्कृति में मोड़ देता है । इस परम्परा का निर्वहन इसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली पीढ़िया, उसमें अपनी एक नई सोच को समाहित कर, निरंतर करती हैं। जब हम रैगिंग की बात करते हैं तब यह बात भी साबित होती है कि मनुष्य की विकृत, अमानवीय, दूषित कल्पना भी सीमाओं से परे होती है । रैगिंग की शुरूआत सामान्य परिचय से होती है व अन्त परिहास पर, परन्तु इसका स्वरूप अपनी परिपक्वता तक आते-आते विकृत हुआ । यह अलग बात है कि यह अपनी विकृति की ओर चली गयी । विकृति के कारण रैगिंग के अमानवीय व अश्लिल तत्वों ने मर्यादा व नैतिकता का हास कर दिया है रैगिंग के नाम पर कई प्रकार से विश्वविद्यालयों में छात्रों को उत्पीड़ित किया जाता है । उनमें कुछ प्रचलित रूप इस प्रकार है –

1. **ड्रेस कोड रैगिंग–** इसके अंतर्गत प्रथम वर्षीय छात्रो से समय विशेष की कक्षाओं में पृथक ड्रेस पहनने के लिए कहा जाता है। कई शैक्षणिक संस्थानों में विशिष्ट कक्षा के लिए विशिष्ट ड्रेस निर्धारित की जाती है किन्तु यह इतना आसान नहीं है जैसा कि दिखाई देता है कई मर्तबा इस तरह की ड्रेस पहनने का आदेश दिया जाता है जो कि दिखने में अनोखी होती है जैसे वर्ष भर सफेद व काले रंग की ड्रेस पहनना, सर पर अधिक तेल लगाना विशिष्ट तरीके से बालों को संवारना जो कि उनकी कि अलग पहचान को बताता है, जिससे वे अन्य लोगों के उपहास का कारण बनते हैं, इस तरह की क्रियाएं विद्यार्थियों के लिए तकलीफ देय होती है जो कई बार क्लेश का कारण भी बनती है ।

2. **सामान्य परिचय–** सत्र के प्रथम दिन सामान्य परिचय लिया जाना, परिचय के अन्तर्गत स्वयं के बारे में सामान्य जानकारी होती है जैसे नाम, पता इत्यादि, यह रैगिंग का प्रथम चरण होता है एवं अंतिम भी । किन्तु वर्तमान में रैगिंग यही तक सीमित नहीं है। एक विद्यार्थी अपनी अमानवीय दूषित कल्पना की पूर्ति हेतु अपने कृत्य को रैगिंग का वेष धारण करवाते हुए अनवरत जारी रखता है ।

3. **शारीरिक उत्पीड़न–** शारीरिक उत्पीड़न रैगिंग का सबसे अभद्र रूप है, जो कि सामान्यत: महाविद्यालयों में पाया जाता है इसके अन्तर्गत शारीरिक अंगों का विवरण पूछना या बताने के लिए कहना।

4 **अनैतिक हास्यास्पद क्रियाएँ–** प्रथम वर्षीय विद्यार्थियों से किसी फिल्म विशेष के किसी पात्र की नकल करवाना। इसके अलावा वरिष्ठ विद्यार्थियों के द्वारा कई बार मूर्खतापूर्ण हरकते भी करवायी जाती है जैसे पेड़ पर चढ़ना या पेढ़ का चुम्बन लेने के लिए किसी लड़की या लड़को को मजबूर करना ।

5 **छात्रावास रैगिंग–** बाहर से आए हुए विद्यार्थियों का जीवन रैगिंग के कारण छात्रावास में असुरक्षित रहता है जूनियर के द्वारा सीनियर के कमरों की सफाई करवाना, कपड़े धुलवाना, अपने लिए वस्तु सामग्री मंगवाना। शोध अध्ययन में भी कई बार जूनियर की सहायता ली जाती है ।

6 **मादक पदार्थों का सेवन–** विद्यार्थी जो मादक पदार्थों का सेवन नहीं करते हैं उन्हें बलपूर्वक , जबरदस्ती नशीले पदार्थों का सेवन करवाया जाना।

प्रभाव– रैगिंग मानव दुर्व्यवहार का अमानवीय रूप है रैगिंग से संबंधित, स्तब्ध कर देने वाली कई घटनाएं सामने आ रही है । वर्तमान समय में शैक्षणिक जगत कई तरह की समस्याओं का सामना कर रहा है । जिसमें रैगिंग एक ऐसी प्रथा है जो समय के साथ बुराई में तब्दील होती जा रही है विशेषकर व्यावसायिक पाठ्यक्रम में , जैसे मेडिसीन, इंजीनियरिंग मेनेजमेंट में, रैगिंग अधिक प्रभावित करती है किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से यह विद्यार्थी के परिजन, संरक्षक, समाज एवं उससे भी आगे वह देश के भविष्य को प्रभावित करती है न सिर्फ आर्थिक रूप से वरन सांस्कृतिक एवं राजनैतिक रूप से भी। अत: रैगिंग से संबंधित विभिन्न पहलु इस प्रकार हैं–

विद्यार्थी जीवन पर रैगिंग का प्रभाव– रैगिंग की अनचाही चोट पहुंचाने वाली मानसिक व शारीरिक घटनाएं स्थाई रूप से पीड़ित के मन को प्रभावित कर सकती है । उसके मनोभावनों में डर उत्पन्न कर सकती है । फलस्वरूप वह आने वाले कई वर्षों तक उससे मुक्त नहीं हो पाता है। घृणित भाव पीड़ित विद्यार्थी के मन में जाग्रत हो सकते हैं। स्वयं को दूसरों की अपेक्षा हीन महसूस करने लगता है। कहीं न कहीं इन घटनाओं से विद्यार्थी का जीवन प्रभावित होता है । यहां तक कि ये घटनाएं व्यवसायिक जीवन को भी प्रभावित कर सकती है । रैगिंग एक ऐसी घटना है , जो यदि घटती है तो विद्यार्थी के जीवन के प्रत्येक पहलु को प्रभावित करती है । विद्यार्थी जो कि रैगिंग का विरोध करते हैं, उन्हें अपने वरिष्ठ के क्रोध का शिकार होना पड़ता है । वे अलग-थलग कर दिये जाते हैं । सौहार्दपूर्ण वातावरण उन्हें नहीं मिल पाता है । वे जो कि हार मान जाते हैं यह उनके चरित्र को चरितार्थ करती है इसका प्रभाव उनके आगामी जीवन पर होता है ।

महाविद्यालयों पर रैगिंग का प्रभाव – रैगिंग न सिर्फ विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करती है वरन वे शिक्षण संस्थान जहां पर की वे अध्ययन कर रहे हैं उनको भी प्रभावित करती है शिक्षण संस्थान मानव मूल्यों को निर्मित करने की एक संस्था मानी जाती है जहां से की देश के उज्जवल भविष्य की कामना की जाती है इस हेतु सरकारी व गैर सरकारी कई शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं जिन पर देश की अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा खर्च किया जाता है। हमारी आर्थिक विकास का आधार यही संस्थान है या दूसरे शब्दों में वह देश के विकास की नींव होती है । यदि नींव ही कमजोर होगी, तब उस पर बनी ईमारत से मजबूती की आशा नहीं की जा सकती है। ठीक उसी तरह यदि रैगिंग हमारे मानवीय मूल्य में कोई बुराई संत्रापित करती है या उससे प्रभावित करती है तब वह दीमक की भांति उसे खोखला कर देगी । रैगिंग उसी बुराई का नाम है जिसका जन्म शैक्षणिक संस्थान होता हैं जहां इनका पालन-पोषण होता है। वे शिक्षण संस्थान जहां भी इस तरह की घटनाएं हो रही है समाज से प्राप्त अपनी प्रतिष्ठा को खो देते हैं ।

समाज पर रैगिंग का प्रभाव– रैगिंग प्रत्यक्ष रूप से विद्यार्थी एवं शिक्षण संस्थान को प्रभावित करती है किन्तु इसका अप्रत्यक्ष प्रहार समाज पर होता है। देखने से यह प्रतीत होता है कि यह महाविद्यालय के परिसर में घटित होने वाली एक घटना है एवं सरकार, मीडिया व समाज की सोच भी परिसर के अंदर तक ही सीमित हो जाती है अत: यह केवल महाविद्यलाय में घटित होने वाली एक ऐसी सामान्य घटना है जिसे समाज के द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार कर लिया गया है किन्तु यह तथ्य कोई नहीं देख पाता है की यह समाज को भी प्रभावित कर रही है । रैगिंग करने वाला एवं पीड़ित दोनों ही समाज से निकलकर आते है एवं वे शिक्षण संस्थान जहां पर सभ्य समाज को निर्मित करने की शिक्षा दी जाती है यदि वही सभ्यता का हनन होगा, तब एक असभ्य समाज का संगठन ही संभव है ।

निष्कर्ष– विद्यालयीन जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण समय होता है। इस समय संजोये पल उसके जीवन के सबसे यादगार लम्हों में से एक होते हैं किन्तु कुछ विद्यार्थियों के लिए यह एक ऐसा अभिशॉप बन जाता है जो उनकी इच्छा के विरूद्ध उनके भविष्य का निर्धारण कर देता है। रैगिंग के भय की छाप पीड़ित के मस्तिष्क पर जीवन भर रहती है जो उसके आत्मबल को कमजोर कर देती है। हत्या आत्महत्या एवं सदोष मानव वध, रैगिंग से संबंधित

सामान्य घटना है। कुछ समय पहले तक रैगिंग महाविद्यालय और छात्रावास तक ही सीमित थी किन्तु अब इसका विस्तार विद्यालय तक भी हो गया है। हत्या एवं आत्महत्या की घटनाएं विद्यालयों में भी होने लगी है। न्यायपालिका एवं विधायिका के प्रत्यनों के फलस्वरूप रैगिंग की घटनाएं सामाजिक परिदृष्य में उभरकर अवश्य आयी है किन्तु समाज रैगिंग के प्रति आज भी उतना जागरूक नहीं है जितना की होना चाहिये। अत: अब समय आ गया है कि समाज विशेषत: विद्यार्थी वर्ग इसके अमानवीय प्रभावों के प्रति जागरूक हो क्योंकि यह विद्यार्थी से जुड़ी समस्या हैं। देश के उज्जवल भविष्य हेतु विद्यार्थी वर्ग को स्वयं से अग्रसर होना होगा। देश व समाज की आर्थिक राजनैतिक व सामाजिक प्रगृति विद्यार्थी पर निर्भर करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Law relating to ragging, Naman mohnot
2. Ragging in educational institutes:A Human right perspective-Author-Madhvi chopra

****

विद्यार्थियों में कौशल उन्नयन समाज की महत्वपूर्ण गतिविधि (विशेष संदर्भ – उच्च शिक्षा में चुनौतियाँ और सुधार के उपाय –2)

सुनील कुमार सिकरवार *

शोध सारांश – उच्च शिक्षा का प्रयोजन व्यक्ति के जीवन में उच्च मूल्यों की स्थापना करना है । इसके लिए अध्ययन व प्रबंधन करने वाले सभी हितग्राहियों में समेकित प्रयास की जरूरत है । उच्च शिक्षा में परिवर्तन की लहर है जिसका श्रेय विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं प्रबंधन की श्रेणी को दिया जा सकता है । आज विश्व परिदृश्य में चुनौतियों से निपटने के लिये संधारणीय विजय के साथ–साथ गुणात्मक विकास भी आवश्यक है । परम्परा एवं प्रगति के बीच आज उच्च शिक्षा द्वदंग्रस्त है । केवल डिग्री मात्र से युवा अपनी जीविका की ग्यारंटी नहीं पा सकता । अत: उच्च शिक्षा में प्रौद्योगिकी परिवर्तन के साथ ही जीवन मूल्यों एवं विशाल कौशल की जानकारी दी जाना आवश्यक हैं अत:हमारे विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में उन बातों का समावेश होना आवश्यक है जो कि विद्यार्थियों में इन गुणों एवं नैतिक मूल्यों को विकसित कर सकें,विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के द्वारा एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण हेतु महाविद्यालय का पाठ्यक्रम **'लक्ष्य'** निर्धारण का कार्य करता है। अत: **उत्कृष्ट पाठ्यक्रम के पहलू ही** श्रेष्ठ व्**यक्ति, समाज एवं विश्व** का निमार्ण कर सकते हैं।

प्रस्तावना – शिक्षा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विशिष्ट स्थान है। उच्च शिक्षा समाज की महत्वपूर्ण गतिविधियों प्रशासन व्यापार रक्षा स्वास्थ्य संचार कला साहित्य के लिए मानव संसाधन सुलभ कराती है। उच्च कोटि के वैज्ञानिक साहित्यकार नेता तथा दार्शनिक विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्रांगण से ही उत्पन्न होते हैं। प्राचीनकाल में गुरुकुलों तथा आश्रमों में उच्च शिक्षा की व्यवस्था थी। बौद्धकाल में हमारे देश में उच्च शिक्षा के लिए बड़े–बड़े विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी थी। मुगलकाल में मदरसों में शिक्षा की व्यवस्था थी। स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में उच्च शिक्षा निरंन्तर विकास की ओर अग्रसर हैं। इक्कीसवीं शताब्दी के लिए गठित अंतर्राष्ट्रीय आयोग के प्रतिवेदन के अनुसार उच्च शिक्षा आर्थिक विकास की प्रेरक शक्ति है। वह ज्ञान का भण्डार भी हैं और ज्ञान का अर्जन भी। अत: कहा जा सकता है कि उच्च शिक्षा का महत्व निर्विवाद है स्वयं विश्व बैंक ने भी सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए उच्च शिक्षा को महत्वपूर्ण माना है। उच्च शिक्षा संस्थान ही ऐसे व्यक्तियों को नवीनतम ज्ञान और तकनीकी से प्रशिक्षित करते है जो शासकीय सेवा उद्योग एवं अन्य व्यवसायों में जिम्मेदारी निभाते है। शिक्षा का उद्देश्य मूल रुप से चरित्र का निर्माण करना है। उच्च शिक्षा किसी भी राष्ट्र के सामाजिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास की रीढ़ है। शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान और मानवीय चरित्र को उदातीकृत करने का सबसे कारगर हथियार है। डॉ जे.बी. विलनियम का मानना है कि शिक्षा को मानव संसाधन विकास में राष्ट्रीय निवेश के रुप में लिया जाना चाहिए। जवाब देही के प्रश्न पर नीति–निर्धारण एवं वित्तीय संस्थाओं को गहन विचार करना होगा क्योंकि इस क्षेत्र में लागत अधिक और वसूली निम्न है। शिक्षा का विकास राष्ट्रीय प्राथमिकताओं राष्ट्रीय परिवेश एवं अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरुप होना चाहिए। केन्द्र एवं राज्यों की सरकारी एजेंसी आयोजना संघ निजी एवं सार्वजनिक प्रबंध लोकोपकारी संस्था विद्यार्थी शिक्षक प्रशासनिक अधिकारी और सामान्य जनता सभी को इस बात पर ध्यान देना होगा कि न केवल वित्तीय दृष्टि से अपितु मानव संसाधन विकास की दृष्टि से भी यह निवेश सार्थक सिद्ध हो। अगर ऐसा न हुआ तो न केवल निवेश व्यर्थ होगा अपितु उत्तम के स्थान पर साधारण बौद्धिकता का निर्माण देश के लिए अहितकर ही सिद्ध होगा। ब्रिटिश काल में उच्च शिक्षा का उद्देश्य सीमित था और वह था मैकालियन सिद्धांत के अनुरुप भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार करना जिसका केवल खून एवं रंग भारतीय हो परन्तु शौक मिजाज एवं सोच पूरी तरह अंग्रेजी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में उच्च शिक्षा के विकास पर केन्द्र सरकार ने काफी बल दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय जहाँ देश में कुल 19 विश्वविद्यालय और 735 महाविद्यालय थे। अब उनकी संख्या में कई गुना वृद्धि हो चुकी है, लेकिन हम अभी भी उच्च शिक्षा के वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल है। आज देश में उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों की संख्या में दिन दूनी रात चौगनी वृद्धि परिलक्षित हो रही है। विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन की ललक और शिक्षकों में शिक्षा प्रदान करने की प्रवृति का घोर अभाव है। विश्वविद्यालय परिसर में निरुद्देश्य छात्र हड़ताल कक्षाओं का बहिष्कार शिक्षकों के प्रति दुर्व्यवहार और छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यह सब विद्यार्थियों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता का परिणाम है। आज देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण दूषित होता चला जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रशासनिक कार्यकुशलता की कमी है, वित्तीय संसाधन का अभाव है तथा छात्रों और शिक्षकों के निजी जीवन में उदारता नैतिक आदर्शो का घोर अभाव है। 21 वीं सदीं की शिक्षा उपभोक्तावाद को बढ़ावा देने वाली होती जा रही है। बाजारवाद शिक्षा परिसरों में भी पसरता जा रहा है। हम शिक्षा के दल दल में धस रहे हैं जो हमें हृदयहीन लाचार और आत्महीन बना रही है। हमारे आदर्श हमसे छूटे जा रहे है। हम लगातार आत्मनिर्भर बनने की कोशिश में परजीविता की ओर बढते जा रहे हैं। भारतीय आम जनता परम्परागत शिक्षा को ही रोजगार का साधन बनाती है लेकिन इस दौर में स्थिति बिल्कुल बदल चुकी हैं इस तरह की आशा रखने वाले युवाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब वे दिन लद चुके जब परम्परागत शिक्षा प्राप्त कर रोजगार प्राप्त हो जाता था। उच्च शिक्षा का अनियोजित विस्तार हुआ है, लेकिन नौकरी के अवसरों में उस अनुपात में

*सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

वृद्धि नहीं हो पा रही है। इस सबके बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में भूमण्डलीकरण के युग में विश्व समुदाय के बीच उच्च शिक्षा का महत्व बढ़ता जा रहा है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक सदैव ही शिक्षा को सामाजिक तथा राष्ट्रीय विकास की दृष्टि से एक सम्मान जनक स्थान दिया जाता रहा है। उच्च शिक्षा के प्रति विश्व की सरकारें भी अपने आय का बहुत बड़ा हिस्सा निवेशित करती दिख रही हैं। जहाँ शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र के विकास की रीढ है वहाँ भारतीय सरकारों को भी इस पर अधिक ध्यान देने की जरुरत है। अपेक्षाकृत उच्च शिक्षा में भारतीय शासन ने सम्मानजनक धन निवेश किया है परन्तु कुछ वर्ष पूर्व अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजूकेशन की वार्षिक रिपोर्ट ओमेन डोर 2008 इस बात का इशारा करती है कि अभी उच्च शिक्षा में भारत को वैश्विक केन्द्र बनने में बहुत समय लगेगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्राध्यापक निरंजन कुमार ने ओपेन डोर 2008 की रिपोर्ट के अनुसार हमारा ध्यान आकृष्ट करते हुए लिखा है कि यदि भारतीय छात्रों द्वारा प्रति वर्ष विदेश में खर्च की जाने वाली धनराशि यदि देश में रह जाये तो उच्च शिक्षा की काया पलट होने में देर नहीं लगेगी। रिपोर्ट के अनुसार अकादमिक सत्र 2007-08 में अमेरिका में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिये आने वाले छात्रों में रिकार्ड संख्या 94563 भारतीय छात्र की सख्या 2001 में सबसे ज्यादा चल रही है। अमेरिका में इस वर्ष 6.23 लाख विदेशी छात्र आए जिनमें सबसे अधिक 15 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं। विदेशी छात्रों की इस आवक से यहाँ की युनिवर्सिटी और सरकार दोनों खुश हैं क्योंकि न केवल ये छात्र भारी-भरकम फीस चुकाते हैं, बल्कि शिक्षा के अलावा खाने-पीने रहने और अन्य खर्चो की वजह से बड़ी मात्रा में रोजगार पैदा करते है। उच्च शिक्षा को लेकर शीर्ष भारतीय उद्योग संगठन एसोचैम की भी एक रिपोर्ट आई है। इसके अनुसार अमेरिका, इंग्लैण्ड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर आदि देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये 4.50 लाख से भी अधिक भारतीय छात्र हर साल जाते है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस पलायन की सबसे बड़ी वजह है पर्याप्त संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले संस्थानों का अभाव होना इसके अनुसार आई.आई.टी. और आई.आई.एम में प्रवेश न पाने वाले 90 प्रतिशत छात्रों में कम से कम 20-25 प्रतिशत छात्र बाहर चले जाते है। इस अध्ययन के अनुसार ये छात्र विदेशों में लगभग 48 हजार करोड रुपये प्रतिवर्ष खर्च करते है। इस धन में विश्व स्तर के कम से कम 20 इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट खोले जा सकते है। इसके अतिरिक्त भारत में रोजगार में लगे लगभग 46 करोड़ लोगों में से केवल पॉच प्रतिशत के पास ही व्यावसायिक शिक्षा या प्रशिक्षण है जबकि दक्षिण कोरिया में 95 प्रतिशत जापान में 80 प्रतिशत और जर्मनी में 75 प्रतिशत तक लोग व्यावसायिक शिक्षा या प्रशिक्षण से लैस है। व्यावसायिक शिक्षा या प्रशिक्षण का अभाव हमारी उत्पादकता को प्रभावित करता है। चीन में व्यावसायिक शिक्षा के लिये पांच लाख से ज्यादा संस्थान है जबकि भारत में ऐसे संस्थान मात्र तीस हजार ही है। भारतीय छात्रों द्वारा बाहर खर्च की जाने वाली इतनी बड़ी राशि हर वर्ष अगर देश में रह जाए तो हमारी उच्च शिक्षा की कायापलट होने में देर नहीं लगेगी। इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि 11वीं पंचवर्षीय योजना में उच्च शिक्षा के लिये सरकार का कुल अनुमानित खर्च 84943 करोड़ रुपये है। अगर भारत में विश्व स्तर के संस्थान होते तो न केवल हम इस राशि का उपयोग अपने लिये करते बल्कि बड़ी संख्या में बाहर से भी विदेशी छात्रों को आकर्षित करने में सफल होते। अमेरिका के अलावा आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड, कनाडा आदि जगहों से 4-5 लाख विदेशी छात्र आते है। वही भारत में विदेशी छात्रों की संख्या सिर्फ 27 हजार है। सिंगापुर जैसे अत्यंत छोटे से देश में डेढ लाख से अधिक छात्रों के प्रवेश की योजना है। उच्च शिक्षा संस्थानों की दुनिया में रेटिंग करने वाली प्रमुख संस्था क्वाक्वारेली साइमंड्स हर साल शीर्ष दो सौ शिक्षण संस्थानों की सूची निकालती है। इसमें भारत के केवल दो ही संस्थान 2008 में जगह बना पाए। वे भी 150 रैंक के बाद जबकि टाप 50 में एशिया के ही चीन, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, आदि के कई संस्थान है। एसोचैम के अनुसार अगर हम उच्च शिक्षा का समुचित विकास कर सके तो भारत न केवल लगभग 24 लाख करोड़ रुपये की आय अर्जित कर सकेगा, बल्कि इसके द्वारा तकरीबन 10 लाख अतिरिक्त रोजगार भी पैदा होंगे। सरकार ने एक राष्ट्रीय ज्ञान आयोग की स्थापना की थी। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने 2006 में अपनी अनुशंसाए और उच्च शिक्षाके लिये भावी रुपरेखा सरकार को सौंप दी। इसमें अन्य चीजों के अलावा सरकर, राजनेताओं और नौकरशाही के हस्तक्षेप से उच्च शिक्षा संस्थान सरकार के नियंत्रण से बाहर है। यह रिपोर्ट भारत में उच्च शिक्षा के नये आयाम खोलने की दिशा में अत्यंत दूरगामी है। सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम उठाने शुरु किये है, जैसे 11वीं योजना में 30 केन्द्रीय विश्वविद्यालय तीन इंडियन इंस्टीट्यूट, ऑफ साइंटिफिक एंड एजुकेशनल रिसर्च दो स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दस नेशनल इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलोजी और 20 इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफार्मशन टेक्नोलोजी खोलने का प्रस्ताव है। वर्तमान में भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में 504 विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर की संस्थायें शामिल है। इनमें 243 राज्य विश्वविद्यालय 53 राज्यों के निजी विश्व विद्यालय 40 केन्द्रीय विश्वविद्यालय 130 मान्य (डीम्ड) विश्वविद्यालय 33 राष्ट्रीय महत्व की संस्थाएं (संसद के अधिनियमों के तहत स्थापित) और 5 विभिन्न राज्यों के कानूनों के तहत स्थापित संस्थाएं शामिल है। इनके अलावा 2565 महिला महाविद्यालयों सहित 25951 महाविद्यालय भी है। ग्यारवीं योजना के प्रारंभ के समय 19 केन्द्रीय विश्वविद्यालय 7 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान 20 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान 2 भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान 6 भारतीय प्रबंधन संस्थान और 1 योजना और वास्तुकला विद्यालय के अलावा केन्द्र द्वारा वित्तपोषित कुछ अन्य शिक्षण संस्थाएं थी। ग्यारवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान तकनीकी और उच्च शिक्षा के अनेक संस्थान खोले गये है। 13 नये केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना के अलावा 3 प्रांतीय विश्वविद्यालयों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में परिवर्तित किया गया है। 8 नये आई.आई.टी 7 नये आई.आई.एम 3 नये आई.आई. एसई आर, 2 नये एस.पी.ए और अनेक नयी पॉलिटेक्निक संस्थाएं भी स्थापित की गई है। इनके अतिरिक्त 10 नयी राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम सकल नामांकन अनुपात वाले शैक्षिक रुप से पिछडे हुए जिलों में 374 महाविद्यालयों की स्थापना पर विचार किया जा रहा है। विश्वस्तरीय 14 विश्वविद्यालयों अथवा नवोम्मेशी विश्वविद्यालय और 20 नये आई.आई.टी. संस्थानों की स्थापना का विचार अभी प्रारंभिक अवस्था में है। ग्यारवीं पंचवर्षीय योजना में यद्यपि विस्तार समावेशन और उत्कृष्टता अथवा सुगमता, समानता और गुणवत्ता पर जोर दिया जा रहा है, उच्च शिक्षा संस्थानों का विकास उतनी तेजी से नहीं हो पाया है, जितनी वृद्धि भर्ती की दर में हुई है। प्रकट और अप्रकट मांग की तुलना में तो यह और भी कम है। शिक्षण वर्ष 2009-10 के प्रारम्भ में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की औपचारिक प्रणाली में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 136.42 लाख बताई जाती है। यह प्रतिशत सकल भर्ती अनुपात का करीब 12.9 प्रतिशत है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकल भर्ती अनुपात के मामले

में विश्व औसत 26.7 प्रतिशत है जबकि विकसित देशों में 13 प्रतिशत रहा है। अत: सकल भर्ती अनुपात को सम्माजनक स्तर तक ले जाने के लिए और अधिक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय खोलने होगे। गुणवत्ता शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। संस्थाओं के कामकाज की नियमित समीक्षा से इसे सुनिश्चित किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. शासन का दृष्टि पत्र गुणवत्ता वर्ष 2011-12 एवं गुणवत्ता विस्तार वर्ष 2012-13
2. रचना द्धिमासिकी अंक 97 अगस्त 2012 हिंदी ग्रथ अकादमी भोपाल पृष्ठ 112,114
3. रचना द्धिमासिकी अंक 98 अक्टूबर 2012 हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृष्ठ 36,40,48,60
4. रचना द्धिमासिकी अंक 67 अगस्त 2007 हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृष्ठ 112,114
5. दैनिक जागरण समाचार पत्र इन्दौर 3 जून 2007 पृ0 10
6. स्वयं का सर्वेक्षण एवं निष्कर्ष।

****

भारत में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के आयाम

डॉ. मंजु सक्सेना * डॉ. ए. के. सक्सेना **

प्रस्तावना – भारत में उच्च शिक्षा का लम्बा इतिहास रहा है। प्राचीन काल में यहाँ 'तक्षशिला' और 'नालन्दा' विश्वविद्यालय थे, जिनमें देश–विदेश के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे। आधुनिक काल में उन्नीसवीं सदी में यहाँ कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई। स्वाधीनता के पश्चात् वर्ष 1950 में देश में 25 विश्वविद्यालय और 3,60,000 विद्यार्थी थे। 1953 में यूजीसी की स्थापना हुई। 1956 में संसद के एक कानून द्वारा उसे वैधानिक दर्जा मिला। वर्ष 2000 में देश में 178 विश्वविद्यालय थे जिनमें लगभग 74,00,000 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। वर्ष 2014 में यहाँ 677 विश्वविद्यालय और 38000 महाविद्यालय कार्यरत थे जिनमें 8.17 लाख शिक्षक तथा 2,80,00,000 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इस प्रकार देश की उच्च शिक्षा प्रणाली अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की सबसे बड़ी प्रणाली बन गई, किन्तु उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पीछे छूट गई। आज वैश्वीकरण के दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भारत में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के आयाम निम्नानुसार है –

1. उपयुक्तता का आयाम – विश्व–प्रसिद्ध वैज्ञानिक चार्ल्स डारविन का विकासवाद का सिद्धान्त यह प्रतिपादित करता है कि सबसे समर्थ प्रजाति अपना अस्तित्व बनाये रखती है, जबकि असमर्थ प्रजातियां कालान्तर में अपना अस्तित्व खो देती है। जीव विज्ञान का यह सिद्धान्त शिक्षा व्यवस्था पर भी लागू होता है। जो व्यवस्था स्वयं को समर्थ एवं सक्षम बनाये रखेगी वही अस्तित्ववान रहेगी। अत: अब यह सोच कि शिक्षा केवल ज्ञान के लिए है बदलकर 'शिक्षा आर्थिक प्रगति के लिए है' का सोच विकसित हो रहा है। अनुपयुक्त से उपयुक्त की यात्रा निम्नानुसार सम्पन्न होती है –

विषय	अनुपयुक्त	उपयुक्त
शिक्षा योजना की गति	धीमी	तेज
पाठ्यक्रम	शिक्षक केन्द्रित	विद्यार्थी केन्द्रित
विद्यार्थी	निष्क्रिय सीखने वाले	सक्रिय सीखने वाले
ज्ञान का प्रदाय	शिक्षण के द्वारा	सीखने के अनुभव द्वारा
विद्यार्थियों का सम्बन्ध	छपाई की पीढ़ी से	डिजिटल पीढ़ी से
शिक्षा सेवा	समान स्थान,समान समय	कोई भी स्थान, कोई भी समय
ज्ञान प्रदाय स्थल	विश्वविद्यालय परिसर	सर्वभौमिक परिसर
प्रतिस्पर्धा	नहीं	राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय
विद्यार्थियों की आवश्यकताएं	द्वितीयक	प्राथमिक
शिक्षकों का दायित्व	शिक्षा संस्थान के प्रति	विद्यार्थियों एवं समाज के प्रति
प्रेरण	आंतरिक संवेग	बाह्य संवेग

2. समता का आयाम – 'सर्वाधिक समर्थ का अस्तित्व संरक्षित रहता है।' यह जंगल का नियम एवं पशुओं का माइण्डसेट है, जबकि 'दुर्बलतम का अस्तित्व संरक्षित रखना' सभ्य समाज का नियम एवं मानवीय माइण्डसेट है। कौटिल्य का भी मत्स्य रूपक है कि 'चूंकि बड़ी मछली की प्रवृत्ति छोटी मछली को खा जाने की होती है, अत: राज्य को अपनी शक्ति और अधिकार का उपयोग कमजोर के पक्ष में करना चाहिए।' महात्मा गांधी ने भी सबसे कमजोर के अस्तित्व–संरक्षण का समर्थन करते हुए कहा था कि 'जब भी आप संशय की स्थिति में हों, तो सबसे गरीब और कमजोर व्यक्ति का चेहरा याद करें और स्वयं से पूछें कि आप जो कदम उठाने का सोच रहे हैं क्या वह उसके किसी उपयोग का है?'

समर्थ बनने के लिए नई प्रौद्योगिकी, आधुनिक सुविधाएं एवं विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता है। इसके फलस्वरूप होने वाली शुल्क वृद्धि और कमजोर के अस्तित्व पर संकट को रोकने के लिए राज्य के द्वारा सहयोग, नवाचारी वित्तीय प्रबन्धन तथा शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है।

3. सह–अस्तित्व का आयाम – 'समर्थतम् के अस्तित्व' और 'दुर्बलतम के सहयोग' के ही समान महत्वपूर्ण है 'विशिष्टतम का संरक्षण।' 'विशिष्टतम का संरक्षण' के निहितार्थ निम्नांकित हैं –

- विशिष्टपन की संस्कृति में सह–अस्तित्व की स्वतन्त्रता होती है।
- इसमें विभिन्न समाजों के लिए सांस लेने का स्थान उपलब्ध होता है।
- विशिष्टपन पर आधारित जैव–विविधता उपयोगी है।
- प्रकृति के विशिष्टपन के लक्षण की सराहना की जाती है।

21वीं सदी की शिक्षा के लिए यूनेस्को द्वारा गठित अंतर्राष्ट्रीय आयोग ने शिक्षा के निम्नांकित चार स्तम्भ बताये हैं –

1. जानने के लिए सीखना।
2. करने के लिए सीखना।
3. सह–अस्तित्व के लिए सीखना।
4. कुछ होने के लिए सीखना।

उक्त आयोग द्वारा बताये शिक्षा स्तम्भों में से तीसरा स्तम्भ 'सह–अस्तित्व' है। सम्राट अशोक ने भी कहा है 'समरसता सर्वश्रेष्ठ है।'

4. उत्कृष्टता का आयाम – वैश्विक चुनौती का सामना करने के लिए भारत के पास सामर्थ्य है। भारत उस कस्तूरी मृग के समान है जिसकी नाभि में कस्तूरी की गंध होती है, किन्तु जो अन्य स्थानों पर उसकी खोज करता रहता है। भारत की निम्नांकित योग्यताएं हैं –

- भारत के पास समृद्ध सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विरासत है।
- भारत के पास कृषि अनुसन्धान की सुदृढ़ नींव है।
- भारत के आई.आई.टी. और आई.आई.एम. ने उत्कृष्टता को अर्जित किया है।
- भारत में भौगोलिक विविधता है।

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय के.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अंग्रेजी) शासकीय महाविद्यालय, घट्टिया, जिला – उज्जैन (म.प्र.) भारत

- भारत अंग्रेजी में प्रवीणता रखता है।

भारत की क्षमताएं निम्नानुसार हैं –

- भारत कला, भाषा–विज्ञान,दर्शन, संस्कृति एवं आयुर्वेद में शिक्षा प्रदान कर सकता है।
- भारत कृषि में वांछित पाठ्यक्रम प्रदान कर सकता है।
- भारत प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन में प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है।
- भारत विदेशी विद्यार्थियों को शिक्षण सुविधा उपलब्ध करवा सकता है।
- भारत विदेशियों को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा प्रदान कर सकता है।

5. स्व–सशक्तिकरण का आयाम – मनुष्यों में शक्ति के चार आयाम होते हैं – शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक। गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लक्ष्य व्यक्ति को इन चारों आयामों में सशक्त बनाना होना चाहिए। इस पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानन्द ने कहा था–'हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो चरित्र का निर्माण कर सके, जिसके द्वारा मानसिक शक्ति का विकास हो, बुद्धि का विस्तार हो, एवं जिसके द्वारा कोई स्वयं के पैरों पर खड़ा हो सके। उन्होंने यह भी कहा था – 'प्रत्येक आत्मा में दिव्यता होती है। हमारा लक्ष्य, आंतरिक एवं बाह्य प्रकृति को नियंत्रित कर इस दिव्यता के प्रकटन का होना चाहिए।' विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व विकास निम्नांकित माध्यमों से किया जा सकता है –

- खेलकूद
- एन.एस.एस.
- एन.सी.सी.
- मानवीय मूल्यों का शिक्षण
- योग
- ध्यान

मन की अभिवृत्तियाँ – हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एक सर्वेक्षण रोज़गार प्राप्ति एवं उसके कारणों के विषय में करवाया गया था, जिसमें पाया गया कि जब किसी व्यक्ति को रोज़गार मिलता है एवं वह उसमें सफल होता है, तो 80 प्रतिशत प्रकरणों में ऐसा उसकी अभिवृत्तियों के कारण होता है, मात्र 20 प्रतिशत प्रकरणों में ऐसा उसके स्मार्टनेस एवं तथ्यों तथा आंकड़ों को याद रखने की उसकी क्षमता के कारण होता है।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के डॉ. विलियम जेम्स के अनुसार उनकी पीढ़ी की सबसे बड़ी खोज यह है कि मनुष्य अपने मन की अभिवृत्तियों को बदल कर अपने जीवन को बदल सकता है।

इस पृष्ठभूमि में यह आश्चर्यजनक है कि शिक्षा में 100 प्रतिशत राशि उन तथ्यों तथा आँकड़ों को पढ़ाने में खर्च की जाती है जो कार्य में सफलता के मात्र 20 प्रतिशत की भागीदारी होती हैं। हमारी अधिकांश अभिवृत्तियाँ हमारे विकास के प्रारम्भिक वर्षों में आकार ले लेती है।

सृजनात्मकता – 113 देशों के बच्चों के सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि –

6 वर्ष की आयु में – भारतीय बच्चे सर्वाधिक प्रतिभावन होते हैं।
16 वर्ष की आयु में – भारतीय बच्चा 26वें स्थान पर पहुंच जाता है।

इससे निष्कर्ष निकलता है कि प्रचलित शिक्षा–व्यवस्था से भारतीय बच्चे की सृजनात्मकता का क्षय होता है। एक अन्य परीक्षण से परिणाम निकला है कि 12वीं कक्षा में एक भारतीय विद्यार्थी की सृजनात्मकता पहली कक्षा में उसकी क्षमता की मात्र 10 प्रतिशत रह जाती है।

6. सीखने का आयाम – अंग्रेज़ी साहित्य के महाकवि अलफ्रेड टेनीसन की विश्व–प्रसिद्ध कविता 'यूलीसीज़' के निम्नांकित अंश मानव–मन की अनवरत सीखने एवं नित–नूतन अनुभव प्राप्त करने की उत्कट अभिलाषा का भव्य चित्रण करते हैं –

To follow knowledge like a sinking star,
Beyond the utmost bound of human thoughts.
. . . . . .
. . . for my purpose holds
To sail beyond the sunset, and the baths
Of all the western stars, until I die.
. . . . . .
Yet all experience is an arch wherethro'
Gleams that untravell'd world, whose margin fades
For ever and for ever when I move.

सीखने से आशय अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल अर्जित करना है। 21वीं सदी में सीखने वाले के लिए वाँछित गुण निम्नानुसार हैं –

1. सीखने की योग्यता : स्वयं सीखने की क्षमता
2. जीवन पर्यन्त सीखने की ललक
3. अन्य शिक्षा–क्षेत्रों से ज्ञान प्राप्त करने की योग्यता
4. एक टीम के रूप में कार्य करने की योग्यता
5. वाणिज्यिक शिक्षा क्षेत्रों की जानकारी
6. सृजनात्मक कौशल
7. समन्वयन कौशल
8. अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण
9. आई.टी. के उपयोग की योग्यता
10. पारम्परिक शिक्षा क्षेत्रों के बीच कार्य करने की योग्यता
11. स्थायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति – उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 19वीं सदी में ब्रिटेन का और 20वीं सदी में अमेरिका का वर्चस्व रहा। यह पर्याप्त सम्भव है कि 21वीं सदी भारत की हो। विश्व अब यह विश्वास करता है कि प्रशिक्षित भारतीय मानव शक्ति अपेक्षाकृत बेहतर गुणवत्ता और महत्व की है। यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2020 के पश्चात् विश्व भर से प्रति वर्ष 40 लाख शिक्षित एवं प्रशिक्षित भारतीय मानव–शक्ति की आवश्यकता होगी। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करने के लिए संसाधन, कौशल, सामर्थ्य और सम्भावनाएं हैं। हमें आवश्यकता है :

1. अपनी क्षमताओं के दोहन की
2. एक अच्छी कार्य–संस्कृति विकसित करने की
3. समरसता स्थापित करने की
4. एक सकारात्मक माइण्डसेट विकसित करने की
5. राष्ट्रीय लक्ष्यों को दृष्टि में रखने की।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि हम उच्च शिक्षा में अपनी गुणवत्ता को सुधारें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मोहनदास करमचंद गांधी, 'मेरे सपनों का भारत' (1969), सर्व सेवा संघ, वाराणसी
2. मदन मोहन झा, 'समावेशी शिक्षा : दृष्टिकोण और प्रक्रियाएं'(2003), प्रकाशन संस्थान, दिल्ली
3. जे.पी. नाईक, 'शिक्षा आयोग और उसके बाद' (1998), वाग्देवी प्रकाशन, बीकानेर
4. मारिया मांटेसरी 'ग्रहणशील मन' (1997), ग्रंथ शिल्पी, दिल्ली
5. मूनिस रजा, 'शिक्षा और विकास के सामाजिक आयाम' (1999) ग्रंथ शिल्पी, दिल्ली।

विशिष्ट शिक्षा की अवधारणा एवं समन्वित शिक्षा की उसमें उपादेयता

जयबाला गुप्ता *

प्रस्तावना – विशिष्ट बालक को समझने के लिए सर्वप्रथम सामान्य बालक को ठीक–ठीक तरीके से समझना आवश्यक होगा। सामान्य बालक औसत शारीरिक वाले स्वस्थ बालक होते है, जिनका बौद्धिक स्तर 90 से 110 बुद्धिलब्धि सीमा के मध्य होता है। सामान्य बालक सभी विषयों का समान रूप से महत्व देते हुए अध्ययन कार्य में संलग्न होता है। जो भी कक्षाध्यापक उसे कक्षा का कार्य सम्पादन करने के लिए कहता है उसे वह मनपूर्वक पूरा करता है। उसका व्यवहार भी समान रूप से समाज के अनुकूल होता है।

कुल मिलाकर सामान्य बालक में निम्नांकित विशेषताएँ होती है–

1. बौद्धिक स्तर सामान्य रूप से 90 से 110 बुद्धित्व सीमा तक स्तर होता है।
2. अधिकांश बालकों मेंऔसत शैक्षिक उपलब्धि होती है।
3. सभी विषयों में समान रूप से महत्व दिया जाता है।
4. दिया गया कक्षा कार्य और गृहकार्य लगन के साथ पूरा करने में छात्र सक्षम होता है।
5. समाज मेंअपेक्षित व्यवहार करते है। अर्थात् सामाजिक कार्यों में रचनात्मक सहयोग प्रदान करते है।

विशिष्ट बालक – उस से भिन्न श्रेणी का बालक होता है। मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षाशास्त्रियों ने विशिष्ट बालक को निम्नांकित बालकों को परिभाषित किया जा सकता है–

क्रो एवं क्रो के अनुसार– 'विशिष्ट प्रकार या विशिष्ट पद किसी गुण या उनके युक्त व्यक्ति पर लागू होता है, जिसके कारण वह व्यक्ति साथियों का ध्यान अपने विशिष्ट रूप से आकृष्ट करता है तथा इससे उसके व्यवहार की अनुक्रियाएँ भी प्रभावित होती है।'

इसी प्रकार एस.ए.किक के अनुसार– 'एक विशिष्ट बालक वह है जो कि शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं सामाजिक विशेषताओं में किसी सामान्य बालक से उस सीमा तक विचलित होता है, जब वह अपनी माताओं के अधिकतम विकास हेतु सहायता, निर्देशन, विद्यालयीन कार्यक्रमों में परिमार्जन या विशिष्ट शैक्षिक सेवाओं की आवश्यकता रहती है।'

एस.के. किर्स के अनुसार– विशिष्ट बालक की अवस्था इस प्रकार निर्धारित की जा सकती है–

1. विशिष्ट बालक शारीरिक, मानसिक, संवेदनात्मक एवं सामाजिक विशेषताओं मेंजिसके विकास के लिए विशिष्ट सहायता, निर्देशन और विद्यालयीन कार्यक्रमों के विशिष्ट शैक्षिक सेवाओं की आवश्यकता रखता है।

इसका अर्थ स्पष्ट है कि विशिष्ट बालक के सर्वांगीण विकास के लिए सहायता, निदर्शन और विद्यालयीन कार्यक्रम में परिमार्जन के लिए विशिष्ट सेवाओं की आवश्यकता होती है।

इस प्रकार से विशिष्ट बालक के लिए शारीरिक अपगंता और निर्बलताओं से पीड़ित की विशिष्ट प्रकार की शिक्षा व्यवस्था होना जरूरी है।

विशिष्ट बालकों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जाता है।

1. शारीरिक रूप से भिन्न– जिसमें
   (अ) सवेदिक रूप से विकलांग (ब) गतीय रूप से विकलांग
   (स) बहुल विकलांग
2. मानसिक रूप से विचलित
   (अ) प्रतिभाशाली बालक (ब) सृजनात्मक बालक
   (स) मंदबुद्धि बालक
3. शैक्षणिक रूप से भिन्न
   (अ) शैक्षिक रूप से समृद्ध (ब) शैक्षिक रूप से पिछड़ा
   (स) किसी विशिष्ट विषय को सीखने मेंअयोग्य (द) सम्प्रेषण बाधित
4. सामाजिक रूप से विचलित
   (अ) संवेगिक रूप से परेशान बालक (ब) असमायोजिक बालक
   (द) वंचित बालक (द) समस्यात्मक बालक
   (इ) माता–पिता द्वारा तिरस्कृत बालक

उक्त विशिष्ट बालक के वर्गीकरण में मानसिक रूप से विचलित वर्गीकरण में प्रतिभाशाली बालक और सृजनात्मक बालक दोनों का वर्गीकरण सकारात्मक प्रवृत्ति के बालक है और मंदबुद्धि बालक नकारात्मक प्रवृत्तिवाला वर्गीकरण है। इसी प्रकार से शैक्षणिक रूप से भिन्न वर्गीकरण में शैक्षणिक रूप से समृद्ध वर्गीकरण सकारात्मक है।

इस प्रकार 3 वर्गीकरण सकारात्मक है और शेष वर्गीकरण नकारात्मक है।

शारीरिक रूप से विशिष्ट बालक के रूप में विकलांग बालक तीन वर्गों में विभाजित है–

1. सांवेदिक रूप से विकलांग बालक
2. गतीय रूप से विकलांग बालक
3. बहुल विकलांग बालक रखे गये है।

2. गतीय रूप से विकलांग बालकों में शारीरिक रूप से अपंग पोलियो, लकवा, अनियमित रक्तचाप, दुर्घटना या लंबी बीमारी से पूर्ण या आंशिक रूप से विकलांग, अर्थात् इन बालकों की श्रेणी में शारीरिक रूप से विकलांग आते हैं।

3. बहुल विकलांग में अधिक रूप से विकलांग जैसे– सेरिबल पाल्सी, मिर्गी पेरिफ्लेजिया आदि रोग से ग्रस्त विकलांग आते है। इस प्रकार शारीरिक विकलांग बालकों मेंसभी श्रेणी के विकलांग आते है।

मानसिक रूप से विकलांग मेंप्रतिभाशाली और सृजनात्मक बालक सकारात्मक प्रवृत्ति के बालक है, जिनमें प्रतिभाशाली, विलक्षण बुद्धि के बालक आते है, जिनकी बुद्धिलब्धि 120 से अधिक होती है। सृजनात्मक बालकों में औसत से अधिक सृजनात्मक का गुण होता है। यह बालक औसत बुद्धिलब्धि से अधिक बुद्धिलब्धिता होता है, किन्तु मानसिक रूप से विशिष्ट बालक मंदबुद्धि बालक नकारात्मक गुण से युक्त होता है, जिसकी बुद्धिलब्धि औसत से कम होता है। ऐसे बालक के लिए विशिष्ट शिक्षण पद्धतियों के द्वारा आंशिक रूप से विकसित किया जा सकता है।

* शोधार्थी, जे.जे.टी. यूनिवर्सिटी (राज.) भारत

शैक्षणिक रूप से विशिष्ट बालकों में समृद्ध बालक सामान्य बालकों की तुलना मेंजल्दी सीख जाता है, क्योंकि इसकी ग्राह्य शक्ति उच्च स्तरीय होती है, लेकिन प्रतिभाशाली बालकों को भी सामान्य बालकों की श्रेणी में रखा जाता है, जिसके कुछ दुष्प्रभाव भी देखने को मिलता है। जिस विषय में वह समृद्ध होता है उस विषय मेंसामान्य बालकों के साथ रहने से उसकी सीखने की प्रवृत्ति धीमी होने का खतरा होता है। उसके साथ अन्य विषयों मेंवह समृद्ध नहीं होता है, तो उसके साथ सामान्य बालक की श्रेणी में वह पिछड़ जाता है। इस प्रकार समृद्ध बालक की स्थिति में अलग-अलग विषयों की स्थिति में विषमता उत्पन्न होती हैं।

किसी समय में अमेरिका में 'क्लासलेस' शिक्षा का प्रयोग किया गया था, जिसमें एक ही बालक अलग-अलग विषयों में अलग-अलग कक्षाओं में पढ़ाई करता है। जैसे उदाहरण के लिए कोई बालक गणित में अत्यधिक कुशाग्र है, तो वह उच्च शिक्षा में पढ़ेगा जिस लायक वह योग्यताधारी हो यदि वह भाषा में कमजोर होगा तो वह निम्न कक्षा मेंअध्ययन करेगा। अर्थात् एक ही छात्र अपनी योग्यता के अनुसार और ग्राह्य शक्ति के अनुसार वह भिन्न-भिन्न कक्षाओं में अध्ययन करेगा, लेकिन इस प्रकार की पद्धति का प्रयोग भारत जैसे राष्ट्र के लिए किसी भी पाठ्यक्रम में संचालित नहीं किया जाता। वस्तुत: छात्र भिन्न-भिन्न विषयों में भिन्न-भिन्न स्तर की योग्यता रहा है, लेकिन उसे एक ही कक्षा मेंसभी विषय पढ़ना पड़ता है। फलत: गणित में कोई छात्र प्रथम श्रेणी प्राप्त करता है, तो भाषा ज्ञान के संबंध मेंवह तृतीय श्रेणी तक ही योग्यता रख पाता है, क्योंकि जन्मजात प्रवृत्ति अलग-अलग छात्रों मेंअलग-अलग होती है।

शैक्षिक रूप से विशिष्ट बालक शैक्षणिक रूप से पिछड़े रह जाते है, उनके भिन्न-भिन्न कारण हो सकते है। जैसे दोषयुक्त शैक्षिक वातावरण, त्रुटिपूर्ण विधियों का प्रयोग और मंदबुद्धि का होना पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार होते है। कुछ छात्र विशेष विषय सीखने में कठिनाई अनुभव करते है। आमतौर पर गणित और विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ाने में छात्र कठिनाई अनुभव करते है। मूलत: इन विषय में अध्यापक ही प्रथम रूप से जिम्मेदार होते है, क्योंकि शिक्षक की सर्वांगीण रूप से सभी विषयों में निष्णात नहीं रहते, जिन विषयों मेंवे निष्णात नहीं होते, उनको पढ़ने वाले छात्र भी उन विषयों मेंकमजोर होते है।

सामाजिक रूप से विशिष्ट बालकों मेंसंगी साथियों तथा अध्यापकों के पक्षपाती एवं हतोत्साहित व्यवहार के कारण छात्र संवेगिक रूप से विचलित हो जाते है। कुछ छात्र अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के विषय होने से पढ़ाई के प्रति उदासीन रहने लगते है। ऐसे बालकों को असमायोजित बालक के रूप में शिक्षाविदों ने पहचाना है। कुछ विद्यार्थी किन्हीं परिस्थितियों के कारण अथवा स्वाभाविक जन्मजात प्रवृत्ति के कारण उग्र स्वभाव के होते है, ऐसे बालक भी सामाजिक रूप से विशिष्ट बालकों में गिने जाते हैं, जहाँ उनके स्वभाव को नियंत्रित रखने के लिए पालकों और शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता होती है।

इस प्रकार विशिष्ट बालकों की भिन्न-भिन्न श्रेणियाँ वर्गीकृत की गई हैं तद्धुसार उनके लिए विशेष शिक्षा प्रबंध करने की आवश्यकता होती है। जैसे उदाहरण के लिए दृष्टिहीन बालक के विकास के लिए उसके ब्रेललिपि के माध्यम से शिक्षा देने की जरूरत हैं। श्रवण बाधित व्यक्ति के लिए श्रवण योग्य स्थिति के लिए वैज्ञानिक उपकरण की जरूरत होती है।

सामान्य बुद्धि वाले छात्रों ने कुछ छात्र हाथ या पाँव से अपंग है, तो उसके लिए शैक्षिक दृष्टि के विकास के लिए अपंग स्थिति से उबरने के लिए विशेष संसाधनों की जरूरत होगी।

12. Saraswati, S. S. (2004). Asana Pranayama Mudra Bandha. Munger, Bihar, India: Yoga Publications Trust.
13. Sharma, M., Meena, M., Sharma, R. B., Meena, C. B., Meena, P. D., & Chauhan, N. (2013). STUDY ON THE EFFECT OF YOGA (YOGASANS, PRANAYAM AND MEDITATION). Ind. J. Sci. Res. and Tech , 2 (1), 89-95.
14. Singh, H. (1991). Science of sports training. New Delhi: DVS Publication.
15. Thomas, J. R., Nelson, J. K., & Silverman, S. J. (2005). Research Methods in Physical Activity (5th Edition ed.). Human Kinetics.
16. Verma, J. P. (2009). A text book on sports statistics. Sports Publication.
17. Verma, J. P. (2011). Statistical methods forsports and physical education. New Delhi: Tata McGraw-Hill.
18. Yadav, R. C., & A. k. (2014). Relationship of psychomotor abelities to the playing abelities of interuniversity level volleyball players. International Journal of behaivoural, social and movement sciences , 3 (2), 102-106.

Table 2 - Descriptive statistics of Leg Reaction time in Post testing after adjustment

Treatment Group	Mean	Std. Error	95% Confidence Interval	
			Lower Bound	Upper Bound
Experimental Group	.229[a]	.000	.229	.230
Control Group	.232[a]	.000	.231	.232

a. Covariates appearing in the model are evaluated at the following values: Reaction time leg (Pre) = .231437.

Table 3 - Analysis of Covariance for post test data on Leg Reaction time

Dependent Variable: Reaction time (Post)

Source	Type III Sum of Squares	df	Mean Square	F	Sig.
Group	2.223E-005	1	2.223E-005	15.837	.001*
Error	2.246E-005	16	1.404E-006		
Total	1.022	19			

a. R Squared = .998 (Adjusted R Squared = .998)
*Significant at 0.05 level of significance

Table 5 - Descriptive statistics of Speed in Post testing after adjustment

Treatment Group	Mean	Std. Error	95% Confidence Interval	
			Lower Bound	Upper Bound
Experimental Group	.181[a]	.001	.180	.183
Control Group	.184[a]	.001	.183	.185

Table 6: Analysis of Covariance for post test data on Speed

Source	Type III Sum of Squares	df	Mean Square	F	Sig.
Group	3.410E-005	1	3.410E-005	9.337	.008
Error	5.844E-005	16	3.652E-006		
Total	.635	19			

a. R Squared = .962 (Adjusted R Squared = .957)



Figure 1- Comparative means of pre and post test results in treatment Groups

****

लिम्बाराम अहारी का खेल प्रशिक्षक के रुप में प्रदर्शन

डॉ. गजेन्द्र सिंह सरोहा * मधु कंवर **

प्रस्तावना – पद्म श्री अवार्ड से सम्मानित तीरंदाजी के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को उनके नाम से राजस्थान का बच्चा–बच्चा वाकिफ है। लिम्बाराम तीरंदाजी खेल का पूरे विश्व के चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहा है। लिम्बाराम बाल्यावस्था से ही विलक्षण प्रतिभा का धनी रहा है। खिलाड़ी जीवन में अपने शानदार खेल प्रदर्शन द्वारा सबको प्रभावित किया है। वैसे ही अपने खेल प्रशिक्षक के रुप में भी उनका कार्यकाल उत्कृष्ट रहा है। जिससे उनकी प्रतिभा से हर खिलाड़ी प्रभावित है। लिम्बाराम ने अपने खिलाड़ी जीवन के बाद वर्ष 2007 से प्रशिक्षक की सेवाऐं निरन्तर रुप से दे रहे है। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2007 में ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों से खेल प्रतिभाएं तराशने हेतु कुछ स्पेशल खेल प्रशिक्षक लगाने की घोषणा की थी। उसी बजट घोषणा की पालना हेतु वर्ष 2007 में ही लिम्बाराम एवं श्यामलाल को राजस्थान में तीरंदाजी खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया था। राजस्थान में तीरंदाजी के खिलाड़ियों को अच्छा प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन मिलने से अच्छे तीरंदाजी उभरकर सामने आये। लिम्बाराम का राजस्थान में तीरंदाजी का प्रशिक्षक लगने से इस खेल का अच्छा माहौल तैयार हुआ।

भारतीय खेल प्राधिकरण ने वर्ष 2010 में नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए अच्छी तीरंदाजी टीम बनाने का लक्ष्य रखा था। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर, राजस्थान में लिम्बाराम के प्रशिक्षक के रुप में सफलता को देखकर भारतीय तीरंदाजी टीम का मुख्य प्रशिक्षक के पद पर लिम्बाराम को वर्ष 2009 में नियुक्त कर दिया गया।

लिम्बाराम ने भारतीय तीरंदाजी टीम के साथ कड़ी मेहनत सच्ची लग्न के साथ कार्य किया। तथा टीम के खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच के साथ सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे खिलाड़ियों में नियमित अभ्यास एवं सच्ची लग्न से खेल प्रदर्शन में सुधार आता गया। लिम्बाराम का खेल प्रशिक्षक के रुप में राष्ट्रमण्डल खेलो में शानदार प्रदर्शन रहा। जिसको ध्यान में रखकर भारतीय खेल प्राधिकरण ने लिम्बाराम के कार्यकाल को बढ़ाते हुए वर्ष 2012 में होने वाले लंदन औलंपिक खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम का मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त कर दिया गया। जिसको भी लिम्बाराम ने बखूबी निभाया एवं टीम ने इस दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। लिम्बाराम के प्रशिक्षण से भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। जो निम्न प्रकार है –

वर्ष 2009 में सेन्टो डोरमिंगो में आयोजित वर्ल्ड कप (स्टेज–1) में 1 स्वर्ण, एवं 2 रजत पदक भारतीय तीरंदाजी टीम को प्राप्त हुए। इसी वर्ष मई 2009 में पोरिक क्रोटिया में भारतीय तीरंदाजी टीम ने 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी वर्ष जून 2009 में टर्की में आयोजित वर्ल्ड कप में भारतीय तीरंदाजी टीम ने 1 रजत, एवं 2 कास्य पदक प्राप्त किया सितम्बर 2009 में कोलकत्ता में आयोजित 4वीं एशियन आर्चरी (ग्रांड प्रिक्स) में भारतीय तीरंदाजी टीम को 7 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, 3 कास्य पदक प्राप्त हुए। नवम्बर 2009 में ही बाली इण्डोनेशिया में 2 स्वर्ण पदक, एवं 2 रजत पदक भातीय तीरंदाजी टीम को प्राप्त हुए।

3 से 8 फरवरी 2010 में ढाका बांग्लादेश में आयोजित सेफ खेलो में भारतीय तीरंदाजी टीम को 4 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, एवं 2 कास्य पदक प्राप्त हुए थे। फरवरी 2010 में ही कुआलालुम्पुर मलेशिया में आयोजित प्रथम एशियन जी.पी. प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजी टीम को 3 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक एवं 2 कास्य पदक प्राप्त हुए।

मार्च 2010 में नई दिल्ली भारत में आयोजित 'कॉमन वेल्थ गेम्स'' में भारतीय तीरंदाजी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए (टेस्ट इवेन्ट) में 4 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक, 4 कास्य पदक सहित कुल 13 पदक प्राप्त किए। मार्च 2010 में ही बैंकॉक थाइलैण्ड में आयोजित दूसरे (द्वितीय) एशियन जी.पी. प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजी टीम ने 7 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक, 1 कास्य पदक प्राप्त किया। इसी वर्ष मई 2010 में पोरिक क्रोटिया में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–1 में रिकर्व मेन टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ। इसी वर्ष जून 2010 में अन्टल्या टर्की में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–2 में रिकर्व मेन में टीम को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इसी माह में (Taoyuan Chinese Taipei) में आयोजित तृतीय एशियन आर्चरी ग्राण्ड प्रिक्स में कम्पाउण्ड मेन में भारतीय तीरंदाजी टीम पुरुष वर्ग में रजत, कम्पाउण्ड महिला वर्ग में स्वर्ण में स्वर्ण पदक, कम्पाउण्ड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं कास्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

अगस्त 2010 में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–3 में भारतीय तीरंदाजी टीम ने (रिकर्व) रजत पदक प्राप्त किया। इसी वर्ष शंघाई (चीन) में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–4 में भारतीय टीम को रिकर्व मेन में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित कॉमन वेल्थ गेम्स में रिकर्व मेन की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक प्राप्त किया। रिकर्व मेन में टीम को स्वर्ण पदक, प्राप्त हुआ। रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, रजत पदक प्राप्त हुआ। रिकर्व महिला वर्ग में टीम को स्वर्ण पदक, प्राप्त हुआ कम्पाउण्ड मेन में टीक को रजत पदक प्राप्त हुआ। कम्पाउण्ड महिला वर्ग में कास्य पदक प्राप्त हुआ।

वर्ष 2010 में ही (Gaungzhou China) में आयोजित 16वीं एशियन गेम्स में भारतीय तीरंदाजी टीम में रिकर्व मेन व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। रिकर्व मेन में टीक स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में कास्य पदक प्राप्त किया।

* सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

वर्ष 2011 में पोरिक क्रोटिया में आयोजित वर्ल्ड कम स्टेज–1 में भारतीय तीरंदाजी टीम में रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इसी वर्ष 2011 में ढाका बांग्लादेश में आयोजित तृतीय एशियन ग्राण्ड प्रिक्स एण्ड एशियन यूथ आर्चरी में भारतीय तीरंदाजी टीम ने 11 स्वर्ण पदक, 5 रजत, 4 कास्य पदक प्राप्त किए।

वर्ष 2011 में ही (Antalya) टर्की में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–2 में भारतीय तीरंदाजी टीम ने रिकर्व महिला वर्ग की टीम स्पर्धा में कास्य पदक प्राप्त किया। रिकर्व संयुक्त स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। वर्ष 2011 में ही में ही आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय महिला वर्ग में रिकर्व में टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। इसी वर्ष 2011 में (Turin Italy) में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज–3 में रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक, रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में रजत, रिकर्व संयुक्त स्पर्धा में रजत,
कम्पाउण्ड महिला टीम स्पर्धा में भी रजत पदक प्राप्त किया।

इसी वर्ष 2011 में (Legnica Poland) में आयोजित यूथ वर्ल्ड चेम्पियनशिप में रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, रिकर्व महिला वर्ग टीम स्पर्धा में कास्य पदक, रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया।

वर्ष 2011 में ही शंघाई चाइना में आयोजित वर्ल्ड कम स्टेज–4 में रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में कास्य पदक, रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, कम्पाउण्ड पुरुष वर्ग में टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। वर्ष 2012 में बैंकॉक थाइलैण्ड में आयोजित प्रथम एशियन ग्राण्ड प्रिक्स प्रतियोगिता में रिकर्व पुरुष में रजत पदक प्राप्त किया।

इस प्रकार लिम्बाराम ने खेल प्रशिक्षक के रुप में सराहनीय प्रदर्शन करके सब को प्रभावित किया है जिससे अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाएं निखरकर सामने आ रही हैं। आगामी आने वाला समय भारतीय तीरंदाजी खेल के लिए स्वर्णिम होगा।

References :-

1. Zeilger, earle.f. (19790 history of physical education and sports Engle wood cliffi Prentice hall, inc.) p.245-46.
2. Kamlesh, M.L. 1988. Physical education: facts and foundation. P.B. Publication Faridabad, P.54.
3. Sing. Ajmer et ai (2000) Modern taxt book of physical education, health and sports kalyani publishers, Ludhiana.
4. Singh. Ajmer et.al_(2008) Essentials of physical education, Olympic movment: Kalyani publisher, Ludhiana. P.- 548-549.
5. NCERT (2009) Psychological aspects of physical education: Saraswati house pvt.Ltd new delhi. P. – 96-97.
6. Report of the working group on sports and physical education formulation of 12th five year plan (2012-17) oct. 2011. Govt of India, minisry of youth affaires and sports, department of sports.
7. Varma K. (2014) – arjuna award Rajkumar ahlawat. An eminent athelete: His personality as coach and add administrator – A cas4e study unpublisher doctoral thesis, department of physical education Banasathali University.
8. Vats. Amit (2014) padamshree madhumita Bist an Indian Badminton player. A case study, unpublished doctoral thesis. Department of physical education Banasathli University .

****

स्मार्ट फोन का नर्सिंग छात्राओं पर प्रभाव (नर्सिंग स्कूल इन्दौर के विशेष संदर्भ में)

कमलिनी विनसेन्ट * डॉ. अमृता खत्री **

प्रस्तावना – मोबाईल का शाब्दिक अर्थ है गतिशील, चलायमान एवं चलता फिरता। www.dict.hinkhoj.com के अनुसार मोबाइल का आविष्कार 1940 में पाश्चात्य देशों में फोन के रूप में हुआ। भारत में यह तकनीक 1994 में अस्तित्व में आयी (हिन्दुस्तान, अनोखी, 2012) यह उपकरण व्यक्ति के सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन को गति प्रदान करता है। भारत जैसे विकासशील देश में सकल फोन घनत्व जहाँ 1996 में 1.3 था, वहीं अब यह प्रति 100 व्यक्ति पर 56 हो गया है। (शर्मा, जे.एस. 2010) तकनीकीगत जीवन शैली को प्रति युवा वर्ग अपेक्षाकृत अधिक आकर्षित एवं प्रभावित हुआ है एवं यह आम संस्कृति भारतीय समाज में दिन-प्रतिदिन लोकप्रिय हो रही है। (सिंह योगेन्द्र, 2008)

मोबाईल तो नर्सिंग छात्राओं के जीवन का इतना अहम हिस्सा बन गया है कि एक दिन भी मोबाईल के बिना जीना उनके लिये मुश्किल हो गया है। मनोरंजन से लेकर दुनिया से जुड़ी सारी ताजा खबरें आप अपने फोन पर कहीं भी कभी भी देख सकते है।

अध्ययन का उद्देश्य-

1 मोबाईल तकनीक एवं छात्राओं के संबंधों का विश्लेषण करना।
2. नर्सिंग छात्राओं द्वारा मोबाइल तकनीक को प्रयोग करने का आधार।
3. नर्सिंग छात्राओं को मोबाईल की आवश्यकता ज्ञात करना। छात्राओं के जीवन में परिवर्तन का अध्ययन करना।
4. मोबाईल तकनीक का अस्पताल पर पड़ने वाला प्रभाव जानना।

अध्ययन क्षेत्र एवं सीमाएँ –प्रस्तुत शोधपत्र इन्दौर जिले के नर्सिंग स्कूल के छात्राओं 2014व 2015 के अध्ययन पर आधारित है। इस अध्ययन का क्षेत्र अत्यन्त सीमित है। अत: उसके निष्कर्षों का बड़े वृहद क्षेत्र में सामान्यीकरण करना उचित प्रमाणीकरण नहीं होगा।

समग्र एवं निदर्शन- नर्सिंग स्कूल इन्दौर में कुल छात्राओं की संख्या 141 है। जिनमें से केवल 100 विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु चयनित किया गया है। उत्तरदाताओं के चयन हेतु देव निदर्शन की नियमित क्रमांकन सूची विधि का प्रयोग किया गया है। चूँकि प्रस्तुत शोध-पत्र में मोबाईल तकनीक का नर्सिंग छात्राओं पर पड़ने वाले प्रभावो , विषय को विश्लेषित करते हुए, तथ्यों का आँकड़ों के माध्यम से मात्र विवरण एवं विवेचन किया गया है, इसलिए प्रस्तुत शोध पत्र वर्णनात्मक शोध प्ररचना की प्रकृति का है।

तथ्य संकलन तथा शोध प्ररचना – प्रस्तुत शोध-पत्र हेतु तथ्य संकलन की दोनों विधियों को अपनाया गया है। प्राथमिक तथ्यों के संकलन हेतु साक्षात्तकार एवं अवलोकन का प्रयोग किया गया तथा द्वितीयक आंकड़े विभिन्न पुस्तक, पत्र पत्रिकाओं तथा शासन के अभिलेखों और इंटरनेट से लिए गए है।

सारणी क्रमांक 1

नर्सिंग स्कूल की छात्राओं में मोबाईल प्रयोग की आवश्यकता का कारण

क्रमांक	संपर्क	संस्था	प्रतिशत
1	घर/परिवारिक	20	20
2	शैक्षणिक/ज्ञानवर्धन	55	55
3	व्यवसायिक	16	16
4	अन्य (मनोरंजन)	09	09
	योग	**100**	**100**

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित है।

उपरोक्त सारणी से ज्ञात होता है कि अधिकांश सारणी से ज्ञात होता है कि अधिकांश नर्सिंग छात्राओं (60 प्रतिशत) शैक्षणिक व ज्ञानवर्धक बातों के लिए मोबाईल का प्रयोग करती है। 20 प्रतिशत ऐसी है जिन्होंने सम्पर्क एवं अस्पताल हेतु माबाईल का प्रयोग उद्देश्य बताया। 16 प्रतिशत ने कहा अपनी जीविका के संसाधनों को जोड़ने के लिए व्यवसायिक उपयोग किया जाता है। 09 प्रतिशत ऐसी छात्रा है जो इसे अपने मनोरंजन के लिए उपयोग करती है।

सारणी क्रमांक 2

नर्सिंग छात्राओं को मोबाईल उपकरण की आवश्यकता

क्रमांक	आधार	आवृत्ति	प्रतिशत
1	अत्यन्त आवश्यक	58	58
2	आवश्यक	40	40
3	कह नहीं सकते	00	00
4	अनावश्यक	02	02
	योग	**100**	**100**

58 प्रतिशत उत्तरदाता नर्सिंग छात्राओं का मानना है कि वर्तमान सामाजिक, मनोरंजनात्मक, शैक्षणिक, व्यवसायिक एवं प्रतिष्ठा सूचक के रूप में मोबाईल अत्यन्त ही आवश्यक है। 40 प्रतिशत नर्सिंग युवाओं में मोबाईल को किसी न किसी रूप में आवश्यक माना है। केवल 02 प्रतिशत उत्तदाता नर्सिंग छात्राएं ऐसी थी जिन्होंने मोबाईल को अनावश्यक माना। उनका कहना था कि मोबाईल के बिना भी सभी काम किए जा सकते है। अध्ययन से स्पष्ट है कि 96 प्रतिशत नर्सिंग छात्राएं मोबाईल को आवश्यक मानती है।

* नर्सिंग ट्यूटर, स्कूल ऑफ नर्सिंग, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** माता जीजाबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सारणी क्रमांक 3

क्रमांक	आधार	आवृत्ति	प्रतिशत
1	प्राकृतिक चित्र	45	45
2	धार्मिक चित्र/प्रतीक	25	25
3	पारिवारिक सदस्य का चित्र	25	25
4	सेलीब्रिटी का चित्र	05	05
	योग	**100**	**100**

सारणी क्रमांक 03 के अवलोकन से स्पष्ट है कि कई सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों के पश्चात् वर्तमान के आधुनिकता के दौर में भी नर्सिंग छात्राओं प्राकृति एवं धार्मिक भावनाओं के नजदीक है। साथ ही पारिवारिक रिश्तों को भी अहमियत देते है। निश्चय ही युवा पीढ़ी एक ही समय में धार्मिक एवं प्रत्यक्षवादी दोनों ही चिंतन स्तर की जी रही है। तथ्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 45 प्रतिशत नर्सिंग छात्राऐं अपने मोबाईल पर प्रकृति से संबंधित वाल पेपर का इस्तेमाल करती है। धार्मिक एवं पारिवारिक सदस्यों के चित्रों का वाल पेपर के रूप में प्रयोग करने वाली नर्सिंग छात्राओं की संख्या 25-25 प्रतिशत केवल 5 प्रतिशत नर्सिंग छात्राऐं सेलीब्रिटियों के चित्रों को अपने मोबाईल वाल पेपर बनाया है।

मोबाईल तकनीकी एवं सामाजिक संबंधों में मजबूती – स्थानीय एवं वैश्वीय लोग एक कड़ी में बंधे है। संचार साधनों में वृद्धि, सूचना तकनीक एवं आवागमन के साधनों के प्रसार मोबाईल तकनीक के आविष्कार आदि में व्यक्ति को अन्तर्राष्ट्रीय संबंधो से जोड़ा है (दोसी एस.एल. 2010) तथा सामाजिक संबंधो की दूरी को कम किया है।

अध्ययन के दौरान नर्सिंग छात्राओं से यह जानकारी चाही गई कि क्या वे मानते है कि मोबाईल तकनीकी से मरीज और नर्सेस संबंध मजबूत हुए है तथा संबंधों में दूरी कम हुई है।

तब निम्नलिखित तथ्य प्राप्त हुए है-

क्रमांक	अभिवृत्ति	आवृत्ति	प्रतिशत
1	सहमत	89	89
2	असहमत	04	04
3	कह नहीं सकते	07	07
	योग	**100**	**100**

मोबाईल तकनीकी से सामाजिक संबंधो में मजबूती आती है। ऐसी मानने वाली 89 प्रतिशत छात्राऐं है जबकि 7 प्रतिशत ऐसी छात्राऐं है जिन्होंने कोई राय व्यक्त नहीं की है। जबकि 4 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि इससे औपचारिकता बढ़ती है।

तकनीक एवं सामाजिक स्वास्थ्य – इससे मोबाईल टावरो की संख्या बढ़ गई है एवं विद्युत चुम्बकीय विकिरण का दायरा बढ़या है। मोबाईल के अत्यधिक प्रयोग से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। हृदयघात, भावेन्द्रियों का खराब होना, साइबर क्राईम, अश्लील संदेश का सम्प्रेषण, एकाग्रता में कमी आई है।

सकारात्मक प्रभाव – नर्सिंग स्कूल की छात्राओं का मानना है कि मोबाईल से वह घर परिवार और मरीजों के सम्पर्क में रहती है इन कार्यों को करने के लिए छात्राओं के समय की बर्बादी होती है थी जो बहुत कम हो गई है।

1. नई-ई दवाओं और उनके प्रयोग के बारे में जानकारी मिलती है। साथ ही किन दवाओं के हानिकारक प्रभाव होनें से उन्हें बाजार से बेचने के लिए प्रतिबंध कर दिया गया है जानकारी प्राप्त होती है।
2. स्कूल की छात्राऐं गेम खेलने और गाना सुनने मूवी देखना के लिये इसका उपयोग करती है।

नकारात्मक प्रभाव – अधिक उपयोग से धन की बर्बादी होती है। मरीज की उपस्थिति नहीं होने से भावनाओं का प्रदर्शन का अभाव होता है। मोबाईल से निकलने वाले रेडियेशन का भी स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभव पड़ता है।

निष्कर्ष – मोबाईल के प्रयोग से छात्राओं के जीवन में परिवर्तन आया है। इससे अधिक प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक परिणाम देखने को मिले है। ये स्मार्ट फोन सुविधा वरदान नहीं सिर्फ आवश्यकता है। मोबाईल तकनीकी सुलभता, सरलता एवं आनन्य का आधार है साथ ही नर्सेस एवं मरीजों के संबंधों को निकट ला रहा है। इस तकनीक का प्रयोग सकारात्मक, रचनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों के लिए किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. www.dict.hinkhoj.com
2. हिन्दुस्तान, अनोखी, (2012) शनिवार, 03 मार्च
3. शर्मा, जे.एस. (2010) नियम चुनौतियाँ व भविष्य (लेख), नवम्बर, योजना।

****

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा (घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, 2006 के विशेष संदर्भ में)

चित्रा कुँवर चुन्ड़ावत *

प्रस्तावना – स्वाधीनता के बाद हमारे भारतीय समाज में महिलाओं के समर्थन में उनके सशक्तिकरण के लिए बनाए गए कानूनों, महिलाओं की शिक्षा के फैलाव और महिलाओं की धीरे-धीरे बढ़ती हुई आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद असंख्य महिलाएँ अब भी वर्तमान समय वर्ष-2016 में घरेलू हिंसा का शिकार है। वर्तमान में मौजूद महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है –

1. आपराधिक हिंसा जैसे – बलात्कार, अपहरण, हत्या आदि।
2. घरेलू हिंसा जैसे – दहेज संबंधी मृत्यु, पत्नी को पीटना, लैंगिक दुर्व्यवहार, विधवाओं, वृद्ध महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार इत्यादि।
3. सामाजिक हिंसा जैसे – पत्नी/पुत्रवधु को मादा भ्रूण की हत्या के लिए बाध्य करना, महिलाओं से छेड़छाड़ करना, संपत्ति में महिलाओं को हिस्सा देने से इंकार करना, पुत्रवधू को और अधिक दहेज लाने के लिए बाध्य करना इत्यादि।

आपराधिक हिंसा – आपराधिक हिंसा के अन्तर्गत बलात्कार, अपहरण, हत्या इत्यादि कृत्य आते हैं। बलात्कार की समस्या सभी देशों में गंभीर मानी जाती है। फिर भी सांख्यिकीय रूप में भारत में यह पाश्चात्य समाज की तुलना में इतनी गंभीर नहीं है। उदाहरणार्थ – अमेरिका की बलात्कार के अपराधों की प्रतिवर्ष दर लगभग 26 है, कनाडा में 8 तथा इंग्लैण्ड में 5.5 है। इसकी तुलना में भारत में इसकी 0.5 प्रति लाख है। आयु के हिसाब से बलात्कार 16 से 30 वर्ष के आयु समूह में सर्वाधिक है।

एक नाबालिग (18 वर्ष से कम लड़का तथा 16 वर्ष से कम आयु की लड़की) को उसके कानूनी अभिभावक के बिना बहला फुसलाकर भगा ले जाने को अपहरण कहते हैं। माता-पिता का नियंत्रण और परिवार में स्नेहपूर्ण संबंधों का अभाव तथा भगा कर ले जाने वाले पीड़ित के सम्पर्कों तथा लड़की के किसी परिचित व्यक्ति के साथ घर से भगा ले जाने के निर्णायक कारण होते हैं। मानव हत्या विशेष रूप से नर अपराध है यद्यपि लिंग के आधार पर हत्याओं और उनके शिकारों/पीड़ितों से संबंधित अखिल भारतीय आँकड़े उपलब्ध हैं। फिर भी यह सर्वविदित है कि मानव हत्या के महिला शिकार पुरूषों की तुलना में कम है। महिलाओं की हत्या के प्रमुख कारण छोटे-मोटे घरेलू झगड़े, अवैध संबंध और स्त्रियों की लंबी बीमारी होती है।

घरेलू हिंसा – घर में महिलाओं से मारपीट, यौन उत्पीड़न, गाली गलौच करना, भावनात्मक या शारीरिक उत्पीड़न करना इनमें से कोई भी अपराध करने की धमकी देना तथा दहेज की माँग पर परिजनों द्वारा उत्पीड़न आदि घरेलू हिंसा के अन्तर्गत आते हैं।

दुनिया भर में – तीन में से एक महिला अथवा लगभग एक अरब महिलायें शारीरिक हिंसा, जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाने या जीवन भर प्रताड़ित होने का दर्द झेलती है और वह भी अपने ही घर के किसी सदस्य अथवा करीबी मित्र के द्वारा।

- हत्या की शिकार 70 प्रतिशत महिलाओं को उनके पुरूष साथी ही मारते हैं।
- केन्या में सप्ताह में कम से कम एक मामला ऐसा देखने में आता है कि जहां एक महिला की हत्या उसका पुरूष मित्र ही करता है।
- मिस्त्र में 35 प्रतिशत पत्नियां अपने पति के हाथों निरंतर हिंसा का शिकार होती है।
- बोलिविया में 20 तथा उससे अधिक उम्र की 17 प्रतिशत शादी के साल भर के भीतर घरेलू हिंसा का शिकार हो चुकी होती है। अमेरिका में हर 15 सेकंड में एक महिला अपने पति, प्रेमी अथवा रिश्तेदारों के हाथों पिटती है।

भारत में – यूनीसेफ में वर्ष 2015 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 16 वर्ष से ऊपर की 1.9 प्रतिशत किशोरियाँ यौन शोषण का शिकार हो चुकी होती हैं।

घरेलू हिंसा के कारण –

1. कभी-कभी हिंसा की शिकार महिला अपने व्यवहार से जो कई बार अनजाने में होता है, अपने स्वयं के उत्पीड़न की स्थिति उत्पन्न कर देती है।
2. हिंसा के कुछ प्रकरण उस समय होते हैं जबकि आक्रामक नशे में और अत्युत्तेजक एवं लड़ाई करने की मनोदशा में होते हैं और उन्हें यह समझ में नहीं आता है कि उनके इन कार्यों के क्या परिणाम होंगे?
3. महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के कुछ मामलों में उनकी प्रति घृणा और द्वेष की भावना होती है।
4. कभी-कभी आकस्मिकता के कारण जो ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर देते हैं जिनके परिणामस्वरूप हिंसा हो जाती है।
5. महिलाओं के प्रति हिंसा में व्यक्तित्व की विशेषताएं भी कार्य करती हैं। वे विशेषताऐं – अत्यधिक शक्की, वासनामयप्रभाव, विवेकहीनता, व्यभिचारी, आसानी से भावनात्मक रूप से अशांत, ईर्ष्यालु, यौन आकर्षक बढ़ रहा सांस्कृतिक प्रदूषण इत्यादि।

घरेलू हिंसा (निवारण) विधेयक – 23 जून 2005 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने घरेलू हिंसा रोकने के लिए एक विधेयक के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। 26 अक्टूबर 2006 से यह कानून पूरे देशभर में लागू हो गया है प्रमुख प्रावधान निम्नवत हैं :-

1. प्रस्तावित विधेयक में उन महिलाओं को भी संरक्षण दिया गया है जिनका प्रताड़ित करने वाले के साथ कोई रिश्ता है और वे एक ही घरमें

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

साथ-साथ रहते हों। उनक बीच का रिश्ता विवाह या किसी अन्य बंधन जैसे गोद आदि लेने का परिणाम है तो भी उसको शामिल किया गया है इसके अलावा संयुक्त परिवार में रह रहे विभिन्न लोगों के साथ जुड़े रिश्तों को भी इससे शामिल किया गया है।

2. ऐसी महिलाऐं भी विधेयक के तहत संरक्षण की अधिकारी होगी जो प्रताड़ित करने वालों के साथ बहन, विधवा, माँ या अकेली महिला के रूप में रहती है।
3. विधेयक के कानून बन जाने के बाद महिलाओं को अपने पति के घर में रहने का अधिकार भी मिल जायेगा। भले ही उसके नाम से हो या न हो।
4. विधेयक में घरेलू हिंसा के विस्तार में व्याख्या की गयी है। इससे शारीरिक, आर्थिक, भावनात्मक, यौन उत्पीड़न या इनकी धमकी के अलावा महिला या उसके परिजनों से दहेज की माँग को भी इसके दायरे में रखा गया है।
5. विधेयक के कानून बनने पर संरक्षण अधिकारी नियुक्ति किये जायेंगे और मामलों के पंजीकरण तथा पीड़ित को चिकित्सा आदि की सहायता उपलब्ध कराने के लिए गैर सरकारी संगठनों आदि की सेवाएं ली जायेगी। (राष्ट्रीय महिला आयोग, रिपोर्ट-2012)

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ किया गया दुर्व्यवहार – कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए समय-समय पर उच्चतम न्यायालय ने भी इस संबंध में प्रभावी दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार महिलाओं के साथ किए गए यौन उत्पीड़न के अन्तर्गत निम्नलिखित कृत्य आते हैं –

- शारीरिक सम्पर्क बनाया या बनाने का प्रयास करना।
- यौनेच्छा संतुष्टि की माँग करना।
- कामुक चित्र प्रदर्शित करना।
- कामुक टिप्पणी करना।
- अन्य किसी भी तरह का आचरण जो कामुक प्रकृति का हो।

पीड़ित महिलाओं के कल्याण हेतु अपनाऐ गए उपाए – पीड़ित महिलाओं के लिए सरकार ने निम्नलिखित योजनाऐं नीतियाँ बनायी हैं –

स्वाधार – कठिन परिस्थितियों में पड़ने वाली महिलाओं के लाभ के लिए परिवार कल्याण विभाग ने वर्ष 2001-2002 से केन्द्रीय क्षेत्र में एक नई योजना स्वाधार शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत पीड़ित महिला का आवास, खाना-पीना, कपड़े, स्वास्थ्य की देखभाल और परामर्श की सुविधा, शिक्षा, जनजागरण के जरिये सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास के कदम, आचरण संबंधी प्रशिक्षण के जरिये कामकाजी हुनर और व्यक्तित्व का विकास किया जाता है।

अल्पकालिक आश्रय गृह – शार्ट स्टे होम की योजना जुलाई 1999 में शुरू की गयी। केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा चलायी जा रही इस योजना का उद्देश्य उन महिलाओं और लड़कियों का संरक्षण तथा उन्हें पुनर्वास देना है जो पारिवारिक तनावों, सामाजिक उपेक्षा तथा नैतिकता के नाम पर उभरे खतरों की वजह से सामाजिक, आर्थिक और भावनात्मक समस्याओं से जूझ रही है। इस योजना के अन्तर्गत 6 महीने से लेकर 3 वर्ष तक अस्थायी आश्रय, केसवर्क और परामर्श सेवाऐं, चिकित्सा देखभाल तथा मनोवैज्ञानिक उपचार इत्यादि किया जाता है जिससे कि वह पुन: सामान्य जीवन जी सकें।

परिवार परामर्श केन्द्र – इस योजना का उद्देश्य भी ऐसी महिलाओं को परामर्श या रेफरल सेवा या पुनर्वास सेवा उपलब्ध करना है जो परिवार या समाज के अत्याचारो से पीड़ित है या जो पारिवारिक तथा सामाजिक समस्याओं तथा विवादों से परेशान है ये केन्द्र स्थानीय अधिकारियों जैसे – पुलिस थाने तथा अल्पकालिक आश्रय गृहों जैसे संस्थानों से मिलकर कार्य करते हैं।

महिला अधिकारिता के लिए राष्ट्रीय नीति – हाल ही में पारित की गई जिसका उद्देश्य महिलाओं की अधिकारिता, प्रगति तथा विकास लाना तथा महिलाओं के खिलाफ सभी तरह के भेदभाव खत्म करना और जीवन के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

महिला अधिकारिता से संबद्ध संसदीय समिति – वर्ष 1997 में गठित इस समिति ने 30 सदस्य (लोकसभा से 20 तथा राज्य सभा से 10) होते हैं। इसका कार्य राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिशों पर विचार करना और महिलाओं की स्थिति तथा दशा में सुधार हेतु विभिन्न कार्यो को सुनिश्चित करना है।

राष्ट्रीय महिला आयोग –यह सांविधिक संस्था – नेशनल कमीशन फॉर वूमेन एक्ट-1999 के तहत गठित की गयी है। यह संविधान तथा अन्य कानूनों के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा से संबद्ध प्रावधानों की समीक्षा करती है। यह महिलाओं की शिकायतें दूर करने के लिए याचिकाऐं भी स्वीकार करता है और महिलाओं की प्रगति के लिए अनुसंधान कार्य भी सम्पन्न करता है। आयोग के सदस्य जेलों तथा रिमांड होम आदि का मुआयना करते हैं। आयोग महिलाओ से संबंधित विषयों/ मुद्दों के बारे में विचारविमर्श कर सकता है। यह पारिवारिक महिला अदालतें भी लगाता है जिनमें महिलाओं से संबंधित अनेक पारिवारिक और दीवानी विवादों को हल कर दिया जाता है।

निष्कर्ष – उपरोक्त शोध तथ्यों के अनुसंधान के उपरांत हम कह सकते हैं कि घरेलू हिंसा पारिवारिक, सामाजिक विघटन का एक प्रमुख कारक है, परिवार विघटन का दुष्प्रभाव समाज की विभिन्न संस्थानों जैसे विवाह, नातेदारी, धर्म, संस्कृति पर भी अवश्य पड़ता है। देश के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि समाज के आधे वर्ग (महिलाओं) को प्रताड़ित करने के स्थान पर उसे प्रोत्साहित किया जाये। वर्तमान समय में महिलायें मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है लेकिन यह भी स्वीकारने योग्य तथ्य हैं कि ज्यों-ज्यों बालिकाओं एवं महिलाओं को संरक्षण देने हेतु कानूनी प्रावधान किये गये त्यों-त्यों उन पर अत्याचार बढ़ते ही गये हैं। भारतीय नारी श्रम से नहीं घबराती हैं किन्तु आँसुओं की चिंता करते हुए वह रोटी, असामान्य व्यवहार, अपमान, शोषण से अवश्य घबराती है। अब वह समय आ गया है कि महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा रोकने संबंधी विषय को और अधिक उलझाना नहीं, सुलझाना होगा। पीड़ित महिलाओं को दुत्कारना नहीं स्वीकारना होगा, तभी सन् 2020 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में भारतीय महिलायें अपना पूर्ण योगदान दे सकेगी। आइये इसके लिए हम सब भारतीय मिलजुलकर समन्वित एवम् संगठित प्रयास करें तथा इन पंक्तियों को साकार स्वरूप प्रदान करें –

'नारी तुम केवल श्रृद्धा हो, विश्वास रजत, नग-पग-तल में,
पियूष स्त्रोत सी बहा करों, जीवन के सुंदर समतल में।'

.... कामायनी – जयशंकर प्रसाद

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मुर्मू, डेविड (2010) : महिला एवं कानून, सं. डॉ. ए.पी. साहू, जर्नल फॉर सोशल डेवलपमेंट।
2. मोदी, डॉ. अनिता : ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, सरकारी प्रयास – चुनौतियाँ, कुरूक्षेत्र मासिक पत्रिका, अंक-10, अगस्त-2013, पृ-28

3. त्रिपाठी, डॉ. रेणु (2008) : महिला सशक्तिकरण : वायदे और हकीकत, रोहित पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, प्रथम संस्करण।
4. वोरा, आशारानी (1983) : भारतीय नारी दशा एवं दिशा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
5. सक्सेना, योगेन्द्र नारायण (1999) : बढ़ता हुआ नारी उत्पीड़न–पुलिस के लिए बनता चुनौती, साहित्य भवन, आगरा।
6. गुप्ता, एम.एल. एवं शर्मा, डी.डी (2010) : सामाजिक मानवशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा (उत्तर प्रदेश)
7. नाटिवि, पी.एन. (2012) : महिला संरक्षण एवं न्याय, अरविंद प्रकाशन, उदयपुर (राजस्थान)
8. आहूजा, राम (1999) : महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, रावत पब्लिकेशन, जयपुर
9. Boreland, Maried (1986) : Violence in the Family, Manchester Publication
10. प्रतियोगिता दर्पण, सिविल सर्विसेस क्रॉनिकल, इंडिया टुडे, मंथन, पत्रिकाएँ तथा नईदुनिया, जनसत्ता, पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, रोजगार समाचार(दिल्ली), रोजगार निर्माण (भोपाल), कम्प्यूटर इंटरनेट पर उपलब्ध विषय से संबंधित शोध अध्ययन सामग्री।

****

भारत में पुस्तकालयों की प्रभावशीलता का विवेचनात्मक अध्ययन

प्रो. हेमन्त शर्मा * अरविन्द अतुलकर **

प्रस्तावना – मनुष्य ही एक ऐसा जीवन्त प्राणी है जो अपने ज्ञान का आदान-प्रदान करता है। अत: इस आदान-प्रदान को करने के लिऐ उसे ज्ञान का संग्रह केवल मानव मस्तिष्क में ही नहीं हो सकता है। बल्कि ज्ञान का संग्रह सबसे अधिक हमें पुस्तकों से ही प्राप्त होता है और मानव सभ्यता के विकास में सर्वांगीण भूमिका निभाता है। मानव ने प्राचीन समय से ही अपनी सभ्यता, संस्कृति, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक घटनाओं को संग्रहित करके रखा और प्राचीन समय में मिट्टी की पट्टियों, शिलालेखों, पेपीरोज, ताड़ के पत्ते, पेड़ों की छालों, भोजपत्रों आदि का मानव ने लिखने के लिए किया। इसके बाद जब मुद्रण कला का आविष्कार हुआ तब ये जानकारियाँ मानव के लिये मानव द्वारा कागजों की पुस्तकों पर उपलब्ध करवाई गई। मानव के विकास के लिए ज्ञान जगत के समस्त विषयों का मूल केन्द्र पुस्तकालय ही हुआ करते थे।[1] प्राचीन समय में शिक्षा, संस्कृति, धर्म, ज्योतिष, आयुर्वेद एवं विज्ञान आदि विषयों के समस्त गतिविधियों के केन्द्र विशाल पुस्तकालय ही हुआ करते थें। प्राचीन काल में पुस्तकालय सेवाओं का स्वरूप उतना उत्कृष्ट नहीं था जितना की वर्तमान समय में है लेकिन वर्तमान के पुस्तकालयों से कहीं ज्यादा अधिक गुणात्मक दृष्टि से बड़े एवं साहित्य सम्पन्न प्राचीन पुस्तकालय थे। जिनका लाभ उस समय के अध्ययनरत् छात्रों को प्राप्त हुआ करता था। इस काल के बाद नवीन मध्यप्रदेश राज्य का गठन मध्यभारत, विन्ध्यप्रदेश, भोपाल तथा महाकौशल क्षेत्रों को मिलाकर किया गया था। भारत में पुस्तकालय आन्दोलन का इतिहास सही अर्थो में स्वतंत्रता के पश्चात् प्रारम्भ हुआ किन्तु स्वतंत्र भारत में समय की गति के साथ पुस्तकालयों की व्यवस्था और स्वरूप में जो परिवर्तन हुए उनका व्यापक प्रभाव बाद में पुस्तकालय आन्दोलन पर पड़ा। 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक विज्ञान के वे आधारभूत सिद्धान्त जो इस समय पुस्तकालयाध्यक्षों का विश्व भर में मार्ग-दर्शन कर रहे है वे प्रकाश में ही नहीं आये थे। बदलते युग की माँग के अनुरूप पुस्तकालयों का स्वरूप भी बदला और वे नि:शुल्क सेवा प्रदान करने वाली सामाजिक संस्थाओं के रूप में परिवर्तित हो गये है।[2]

उद्देश्य– भारत में पुस्तकालय आन्दोलन के विकास का अध्ययन करने के लिए इसके विकास काल को दो काल-खण्डों में विभाजित किया गया है-

1. भारत में आजादी के पूर्व पुस्तकालयों का विकास।
2. भारत में आजादी के पश्चात् पुस्तकालयों का विकास।

आजादी के पूर्व में उक्त युग सम्मिलित किये गये है जो इस प्रकार है –

- प्राग्वैदिक युग – 5000 ई.पूर्व से 2500 ई.पूर्व
- वैदिक युग – 2500 ई.पूर्व से 500 ई.पूर्व
- बौद्ध युग – 500 ई. से 1200ई.
- मुस्लिम युग – 1200 ई. से 1700 ई.
- संधि युग – 1700 ई. से 1813 ई.
- ब्रिटिश युग – 1813 ई. से 1947 ई.

भारत में पुस्तकालयों के विकास के युगों को जानने के लिये हम 5000 ई.पूर्व से 1947 ई. तक पुस्तकालयों के इतिहास का अध्ययन में पुस्तकालयों के इतिहास एवं विकास को दर्शाया गया है। इस में यह बताया गया है कि प्राचीन काल से ही पुस्तकालय मानव के सर्वांगीण विकास की आधारशिला थे।

उपलब्ध साहित्य का पुनरावलोकन – किसी भी विषय पर शोध करने से पूर्व उस विषय से संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन करना अतिआवश्यक होता है। भारत में पुस्तकालयों की प्रभावशीलता का विवेचनात्मक अध्ययन के विभिन्न पक्षों पर कई अध्ययन सम्पन्न हुए है। इसमें कुछ प्रमुख अध्ययन निम्न प्रकार से है –

1. **अग्रवाल, श्यामसुन्दर (1983)** – 'भारत में महाविद्यालय ग्रंथालयों का विकास और उच्चशिक्षा में उनकी भूमिका' उपयुक्त लेख में महाविद्यालयीन ग्रंथालयों के विकास पर विस्तृत अध्ययन, विकास की विधियों, ग्रंथालयों के कार्य एवं ग्रंथालयों से संबंधित सुझाव के साथ-साथ शिक्षा में ग्रंथालयों की क्या भूमिका है का उल्लेख किया गया है।
2. **शर्मा, सी.डी. (1986-97) –** 'भारत में विश्वविद्यालय ग्रंथालय एवं उनकी समस्याएँ' प्रकाशित लेख विश्वविद्यालय ग्रंथालय के महत्व को दर्शाते हुए उसके उद्देश्यों की विवेचना की है। विश्वविद्यालय ग्रंथालयों के विभिन्न अव्यवों, पाठकों, पाठ्य-सामग्री और कर्मचारी वर्ग की समस्याओं का वर्णन किया है तथा उनके सुधार हेतु सुझाव दिये है।
3. **सोलंकी, एम.के. (2012) –** 'अनुसंधान विधियाँ' लेखक ने इस पुस्तक में अनुसंधान विधियों का सूक्ष्म अध्ययन बहुत ही सरलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उन्होंने अनुसंधान की प्रकृति एवं पृष्ठभूमि, शोध समस्याओं, उपकल्पना के प्रकार, सांख्यिकी के प्रकार, सार्थकता, महत्वशीलता एवं सैद्धांतिक समीक्षा का वर्णात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है।
4. **मिश्र, विवेक (2014)** – 'शोध प्रविधि' इस पुस्तक में लेखक ने विस्तार पूर्वक एवं विवेचनात्मक अध्ययन में सामाजिक शोध के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से शोध का महत्व, उद्देश्य में बताया कि शोध की मूल इकाई मानव है एवं सरकारी व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला और शोध डिजाईन, प्रतिचयन, अवलोकन, प्रश्नावली, साक्षात्कार, आँकडों का प्रबंधन, विश्लेषण का उल्लेख किया है और बताया कि उक्त के बिना शोध कार्य संभव नहीं हो सकता है। शोध के सभी पहलुओं का अध्ययन को सरलता पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तावित शोध के अंतर्गत भारत में पुस्तकालयों की प्रभावशीलता का विवेचनात्मक अध्ययन करने हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक तथ्यों का संकलन किया गया है। इसमें द्वितीय स्त्रोतों में पुस्तक, समाचार-पत्र, लेख, आलेख, पत्र-पत्रिकाऐं, इंटरनेट, वेबसाईड की सहायता से अध्ययन

* विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय विज्ञान अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)भारत
** शोधार्थी, पुस्तकालय विज्ञान अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)भारत

प्रस्तुत किया गया है।

1. भारत में आजादी के पूर्व पुस्तकालयों का विकास –

1. प्राग्वैदिक युग – इस युग का आधार सिंधु सभ्यता थी एवं हंटर तथा राधाकमल मुखर्जी के अनुसार सिंधु सभ्यता के निवासियों को ऐसी लिपि का ज्ञान था। जिसमें 400 अक्षर थे और वे इस लिपि को पढ़ व लिख सकने में सक्षम थे और भोजपत्रों एवं उनके द्वारा लिखे गये आलेख अब विलुप्त हो गये है। किन्तु इस युग में भोजपत्रों पर लिखा जाना संकेत करता है कि उस काल में ये पुस्तकालय जैसे स्थान हुआ करते थे जिनमें भोजपत्रों एवं आलेखों को सुरक्षित रखा जाता था।

2. वैदिक युग– इस युग में आर्यो का भारत में आगमन हुआ और वे संस्कृत भाषा बोलते थे व ब्राह्मी लिपि में लिखते थे साथ ही सुदूर ग्रामों मे बसे गुरूकुलों में वेद, इतिहास, व्याकरण, पुराण, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, शिल्प, संगीत एवं चिकित्सा विज्ञान की शिक्षा दी जाती थी और गुरूकुल में ग्रंथागार भी थे जिन्हें लघु पुस्तकालयों की संज्ञा दी जाती थी।

3. बौद्ध युग – 6वीं शताब्दी ई.पूर्व भारत में बौद्ध और जैन दो धर्मो का उदय हुआ। संघों और मठों की स्थापना हुई तथा मठों में ग्रंथ संचय करना एवं ग्रंथों की प्रतिलिपी करना इनका उद्देश्य माना जाता था और चीन व जापान आदि देशों से ज्ञान पिपासु आकर इन ग्रंथों से शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हुये एवं भारत में आये तत्कालीन यात्रियों ने स्वीकार किया कि नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय केन्द्रों में पुस्तकालय थे। जिनसे विश्व के अनेक देशों के विद्वानों ने अध्ययन कर माना कि भारत के पुस्तकालयों में ज्ञान का विशाल भण्डार उपलब्ध है। जो कि बुद्धों के प्रमुख शिक्षा के केन्द्र तक्षशिला, नालन्दा, बलभी एवं विक्रमशिला थे। ये सभी विश्वविद्यालय विशाल पुस्तकालयों से सुसज्जित थे। इस काल में दक्षिण भारत में भी पर्याप्त कार्य किया गया जिसे दक्षिण भारतवासी संगम युग के नाम से सम्बोधित किया करते थे एवं पुस्तकालय की परम्पराओं को विकसित किया।

4. मुस्लिम युग – बौद्ध धर्म के ह्रास के बाद भारत में मुस्लिम शासन का उदय हुआ। इस काल में शिक्षा अरबी भाषा के माध्यम से दी जाती थी। उच्चशिक्षा के अनेक केन्द्र बने। आगरा, दिल्ली, जौनपुर, गुजरात, मालवा, इलाहबाद, बीजापुर शिक्षा के केन्द्र थे। मुगल सम्राटों का पुस्तक प्रेम जगत् प्रसिद्ध था। नगरकोट का पुस्तकालय तथा बीदर में महमूद गवां द्वारा संस्थापित पुस्तकालय तत्कालीन पुस्तकालय थे। अकबर का पुस्तकालय विशेष रूप से प्रसिद्ध था जिसमें 25000 श्रेष्ठ ग्रंथ संचित थे। जहांगीर के काल में राज्य को प्राप्त होने वाली अघोषित सम्पत्ति को विद्यालय और पुस्तकालयों के विकास पर खर्च किया जाता था। इस काल में प्रत्येक शिक्षण संस्थान में अपना स्वतंत्र पुस्तकालय होता था।

5. संधि युग– मुगल शासन के पतन से लेकर अंग्रेजों के प्रभुत्व जमने तक का समय संधि युग के नाम से जाना जाता है। इस काल में पुस्तकालयों की स्थापना और प्रगति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य नहीं हुये। सन् 1812 में स्थापित मद्रास की मद्रास लिटरेरी सोसायटी लायब्रेरी देश का प्रमुख पुस्तकालय था। जिसे हम मद्रास गवर्नमेंट ओरियंटल मैनुस्क्रिप्ट लायब्रेरी के नाम से जाना जाता था इस पुस्तकालय में संस्कृत तथा दक्षिण भारतीय भाषाओं में विलुप्त तथा हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का बहुत बडा संग्रह था।

6. ब्रिटिश युग – अंग्रेजों के भारत में उदय होने से लेकर भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने तक का समय ब्रिटिश युग कहलाता है। 18वीं शताब्दी के अंत में बम्बई, कलकत्ता तथा मद्रास के स्थानों के ब्रिटिश निवासियों ने सशुल्क पुस्तकालयों की स्थापना की थी। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सशुल्क पुस्तकालय अन्य स्थानों में भी खोले गये। इस काल में सार्वजनिक राज्य, केन्द्रीय शोध, शैक्षणिक पुस्तकालयों की स्थापना की बहुतायात से हुई। सन् 1847 से सन् 1900 तक 12 तथा सन् 1901 से सन् 1947 तक 8 महत्वपूर्ण पुस्तकालयों की स्थापना हुई।[3]

उपरोक्त में स्वतंत्रता पूर्व भारत में पुस्तकालयों के विकास क्रम को छ: युगों में विभक्त निम्नानुसार किया है प्राग्वैदिक युग, वैदिक युग, बौद्ध युग, मुस्लिम युग, संधि युग, ब्रिटिश युग का उल्लेख कर यह बताया गया है कि आजादी से पूर्व पुस्तकालयों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किये गये। भारत देश प्राचीन काल से ही बौद्धिक ज्ञान के भण्डार के लिए विख्यात रहा है। जिसमें प्राचीन ग्रंथालयों जैसे– नालंदा, तक्षशिला, कौशाम्बी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनके अतिरिक्त प्राचीन भारत में बल्लभी, विक्रमशिला, मिथिला, उज्जैन तथा नादिया के ग्रंथालय भी महत्वपूर्ण थे। लेकिन आधुनिक काल में भारत ग्रंथालयों के क्षेत्र में पाश्चात्य देशों की अपेक्षा अत्यधिक पिछड़ा रहा है। भारत में आधुनिक काल में ग्रंथालयों की आवष्यकता सन् 1800 ई. के बाद ही बड़ी तीव्रता के साथ अनुभव की गई थी। भारत में सार्वजनिक ग्रंथालयों के क्षेत्र में सर्वप्रथम प्रयास कलकत्ता लाइब्रेरी सोसाइटी द्वारा एक सार्वजनिक ग्रंथालय की स्थापना कर किया गया। इसके बाद सन् 1830 में बम्बई में बाम्बे जनरल लाइब्रेरी तथा सन् 1835 में कलकत्ता में इम्पीरियल लाईब्रेरी की स्थापना की गई। सन् 1850 में ग्रेट ब्रिटेन में ग्रंथालय अधिनियम लागू हो जाने का कुछ प्रभाव भारत के बंगाल प्रांत विशेषकर कलकत्ते पर भी पड़ा जिसके परिणाम स्वरुप बंगाल के अन्य शहरों में भी ग्रंथालय स्थापित किये गए।[4] जैसे– मदनापुर में राजनारायण बसु मेमोरियल लाइब्रेरी सन् 1851 में हुबली में, सन् 1854 में कृष्णा नगर, सन् 1856 में, आरपाडा में सन् 1859 में, चन्द्रनगर में सन् 1870में, सोनपुर में सन् 1877 में दक्षिणेश्वर में रामकृष्ण लाइब्रेरी सन् 1879 में स्थापित की गई जो सार्वजनिक उपयोग हेतु स्थापित की गई थी, सन् 1902 में लार्ड कर्नल के प्रयासों से इम्पीरियल लाइब्रेरी तथा कलकत्ता पब्लिक लाइब्रेरी को मिला दिया गया तथा सन् 1903 में इस ग्रंथालय के द्वारा सर्वसाधारण के लिए खोल दिये गये। इस नवीन लाइब्रेरी के ग्रंथालयी ब्रिटिश म्यूजियम लन्दन के सहायक ग्रंथालयी श्री जॉन मैकफलैन नियुक्त किए गए थे। सन् 1933 में आसुदौला इसके ग्रंथालयी बनाये गए तथा सन् 1935 में इस ग्रंथालय में एकट्रेबिग कोर्स भी प्रारम्भ किया गया था तथा इसी वर्ष यहां पर अखिल भारतीय ग्रंथालय संघ की स्थापना की गई थी। बाद में ग्रंथालय का स्वरूप राष्ट्रीय ग्रंथालय का कर दिया गया था। आज यही ग्रंथालय हमारे देश का राष्ट्रीय ग्रंथालय है।

ग्रंथालय आन्दोलन का सार्थक प्रयास सन् 1910 में भारत की देशी रियासत बड़ौदा के तत्कालीन शासक सर श्री सयाजीराव गायकवाड़ (तृतीय) द्वारा अपने प्रान्त के ग्रंथालयों के संरक्षण एवं रख–रखाव हेतु एक स्वतंत्र विभाग खोलकर किया गया। सन् 1915 में प्रथम भारतीय ग्रंथालय विज्ञान पत्रिका लाइब्रेरी मिसलेनी यहां से ही प्रकाशित की गई। बोर्डन साहब के प्रयासों से बड़ौदा राज्य में ग्रंथालय का विकास एवं संख्या में वृद्धि तीव्रगति से होने लगी। सन् 1947 तक इस राज्य में 194 ग्रंथालयों को अपने निजी भवनों में स्थापित करा चुके थे।[5]

ग्रंथालयों संघों ने भी भारत में ग्रंथालय आन्दोलन की गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सन् 1920 में अखिल भारतीय सार्वजनिक ग्रंथालय संघ की स्थापना का प्रयास हुआ लेकिन विधिवत् रूप से इस संघ की स्थापना सन् 1933 में हो सकी। इस संघ का प्रमुख कार्य

ग्रंथालयियों हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था करना तथा उनकी स्थितियों में सुधार करना था।

2. भारत में आजादी के पश्चात् पुस्तकालयों का विकास – भारतीय ग्रंथालय संघ ने सन् 1946 से सन् 1953 तक एबजिला (ABGILA) नामक एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया। सन् 1955 में भारत में आईस्लिक (IASLIC) की स्थापना हुई। राष्ट्रीय स्तर के इन संघों के अतिरिक्त देश के विभिन्न प्रान्तों में ग्रंथालय आन्दोलन को गति प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय ग्रंथालय संघों की स्थापना हुई। जिससे पुस्तकालयों का नियोजित विकास हो पाया। 1 नवम्बर 1956 को नये मध्यप्रदेश राज्य का गठन किया गया था। इस राज्य की चार इकाईयों (मध्य भारत, विध्यप्रदेश, भोपाल तथा विदर्भ) को मिलाकर विशाल राज्य मध्यप्रदेश गठित हुआ। आजादी के पूर्व सन् 1946 को सागर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई इसके संस्थापक डॉ. सर हरीसिंह गौर ने जुलाई सन् 1946 में 20 लाख रूपये दान देकर सागर विश्वविद्यालय नाम से की और आजादी के पश्चात् मध्यप्रदेश राज्य में पहला विश्वविद्यालय सन् 1956 में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन बना इसके बाद राज्य स्तरीय ग्रंथालयों संघों की स्थापना मध्यप्रदेश सन् 1957 में की गई और भारत में प्रथम पुस्तकालय अधिनियम 1948 में पारित हुआ।[6]

देश में स्वतंत्रता के पूर्व पुस्तकालयों का समुचित नियोजित विकास नहीं हो पाया था। लेकिन स्वतंत्रता के बाद 15 अगस्त 1947, 26 जनवरी 1950 से वर्तमान तक पुस्तकालयों के क्षेत्र में बहुत ही उल्लेखनीय विकास हुआ। इसमें कम्प्यूटर की क्रांति का उद्भव होने के कारण पुस्तकालयों की पहुँच आम व्यक्तियों, शोधार्थीयों, कर्मचारियों, शिक्षकों तक आसानी से हो सकी है।

उपरोक्त में भारत के पुस्तकालयों की प्रभावशीलता का विवेचनात्मक उल्लेख प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पुस्तकालयों के दो काल का वर्णन किया जिसमें पहला स्वतंत्रता पूर्व देश में पुस्तकालयों के विकास को बताया कि देश में प्राचीन समय में शिक्षा, संस्कृति, धर्म, ज्योतिष, आयुर्वेद एवं विज्ञान आदि विषयों की गतिविधियों के केन्द्र पुस्तकालय हुआ करते थे और यह मनुष्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का स्वरूप उत्कृष्ट नहीं था, लेकिन वर्तमान के पुस्तकालयों से कहीं अधिक गुणात्मक दृष्टि से बडे एवं साहित्य सम्पन्न पुस्तकालय थे और मानव ने इनकी सहायता से अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को जाना और प्राग्वैदिक युग, वैदिक युग, बौद्ध युग, मुस्लिम युग, संधि युग एवं ब्रिटिश युगों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया गया है, इन युगों में पुस्तकालयों के विकास को बताया गया और दूसरा आजादी के बाद देश में पुस्तकालयों के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हुआ और इस दिशा में कम्प्यूटर के रूप में एक क्रांति हुई, जिसके द्वारा पुस्तकालयों को नया जीवन मिला और आज देश ही नहीं समस्त विश्व के पुस्तकालयों को कम्प्यूटर की सहायता से किसी भी समय पढ़ व देख सकते है। आजादी मिलने से लेकर आज तक देश में पुस्तकालयों के प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य हुऐ है। जो मानव के विकास में सर्वांगीण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शास्त्री, द्वारका प्रसाद : पुस्तकालय विज्ञान का परिचय, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स्, इलाहा बाद, 1971 पृ.क्र. 82-85
2. अग्रवाल, श्यामसुन्दर : ग्रंथालय तथा समाज, आर. बी. ए. पब्लिशर्स, जयपुर, 1994 पृ.क्र. 31-48
3. सक्सेना, एल.एस. : पुस्तकालय संगठन तथा व्यवस्थापन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2010 पृ.क्र. 156-160
4. (पूर्वोक्त) अग्रवाल, श्यामसुन्दर पृ.क्र. 44
5. गोपीनाथ, कालभोर : पुस्तकालय शिक्षा और समाज, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2001 पृ.क्र. 274-279
6. रंगनाथन, एस.आर. : भारत में ग्रंथालयों का विकास, ग्रंथालय विज्ञान खण्ड 1 पृ.क्र. 15-16
7. सोलंकी, एम.के. : अनुसंधान विधियाँ, माधव प्रकाशन आगरा, 2012.
8. मिश्र, विवेक : शोध प्रविधि, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2014
9. सिंह, सोनल : ज्ञान जगत स्वरूप संरचना एवं विकास, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 1998.
10. कपूर, श्यामनारायण : प्राचीन भारत के पुस्तकालय, हिंदुस्तानी, 4 (6) 1936 पृ. 451

****

पर्यावरण प्रदूषण और उसके नियन्त्रण

डॉ. जे. एल. हनोते *

प्रस्तावना – हमारे चारों ओर जो भी प्रकृति है एवं मनुष्य द्वारा निर्मित वातावरण है, ये सभी मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते है। जिस मिट्टी में पेड़–पौधे अंकुरित होकर बड़े होते है, जिस धरती पर हम रहते है, जो हम पीते है, जिस वायु में हम साँस लेते है, जिन वस्तुओं को हम खाकर अपनी भूख शान्त करते है, वे सभी वस्तुएं हमारे पर्यावरण का निर्माण करती है।

पर्यावरण प्रदूषण आज वर्तमान में भीषण समस्या है। आने वाले समय में जहरीले विषाक्त एवं दम घोटने वाले वातावरण की कल्पना से ही मानवता चीत्कार कर उठती है। वास्तविकता में यह प्रदूषण भी मानव की वैज्ञानिक तकनीक एवं शक्तियों का परिणाम है। 21वीं शताब्दी में जनसंख्या वृद्धि के कारण सम्पूर्ण मानवजाति के सामने प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर अस्तित्व कमजोर होने की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। यद्यपि पर्यावरण सन्तुलन की विशेष स्थिति प्राणियों में पायी जाती है, फिर भी पर्यावरण की अपनी एक सीमा है। इस सीमा से परे पर्यावरण अपने आप ही प्रदूषित हो जाता है।

जनसंख्या वृद्धि के कारण अनेक प्रकार से पर्यावरण प्रदूषित होता है। क्योंकि आज विश्व में दिन–प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषण की दर अत्यंत तीव्र होती जा रही है। आणविक विस्फोट, रासायनिक रिसाव, कीटनाशक दवाएं, रासायनिक खादे बढ़ता हुआ औद्योगीकरण आदि से भी पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि हो रही है।

वनों के विनाश का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव – वनों के विनाश का पर्यावरण पर तीव्र एवं प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जो निम्न प्रकार है :–

1. वनों के विनाश से मृदा अपर्दन तेजी से होता है जिसका पर्यावरण एवं मानव दोनों पर ही पड़ता है।
2. वनों के विनाश से जब प्रदूषण होता है क्योंकि वनों की कटाई से मृदा अपर्दन होता है। परिणाम स्वरूप मृदा वर्षा के जल के साथ बहकर नदियों के जल में एकत्रित हो जाती है जिससे नदियों का जल स्तर घट जाता है तथा प्रदूषण बढ़ जाता है।
3. वन विनाष के कारण तूफानों, बाढ़ों आदि के विनाशकारी बाढ़ वृद्धि होती है। जिसके परिणाम स्वरूप पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ जाता है।
4. वन विनाश के कारण कई उपयोगी पादप व जन्तु प्रजातियां नष्ट हो जाती है जिसके कारण जीवित कोषों एवं प्राकृतिक संसाधनों में कमी आती है।
5. वनों के विनाश के कारण हरित गृह प्रभाव पड़ता है जिससे भू–मण्डल का ताप बढ़ जाता है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में सहायक होता है।
6. वन आच्छादिन क्षेत्र मनोहारी दृश्य पैदा करते है, जिससे मन को शांति प्राप्त होती है, किन्तु वनों की कटाई से दृश्यों का विनाश हो जाता है।

भारत की स्थिति – भारत में इस दिशा में बहुत कम अनुसंधान हुये है। यहां कोयले और पेट्रोलियम के दहन और धातुओं के विघटन के परिणामस्वरूप निकली हुई सल्फरडाइ ऑक्साइड गैस ही अम्ल वर्षा का प्रमुख कारण है। जहां एक ओर मुम्बई, कोलकत्ता और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में सल्फरडाइ ऑक्साइड की सान्द्रता के अधिक होने के कारण स्थिति काफी गम्भीर हो चुकी है, वहीं अहमदाबाद, कानपुर और हैदराबाद जैसे औद्योगिक नगरों में भी खतरे की घंटी बज चुकी है। राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), कानपुर द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार मुम्बई में सबसे ज्यादा सल्फरडाइ ऑक्साइड गैस वातावरण में निर्मुक्त होती है। अम्लीय प्रदूषण का दूसरा बड़ा स्त्रोत धातुओं (ताँबा, सीसा और जस्ता) का विघटन है। ताँबे के विगठन से 11000 टन और जस्ते से 21000 टन सल्फरडाइ ऑक्साइड गैस निर्मुक्त होती है। साथ ही गंधक का तेजाब बनाने वाले संयंत्रों और कागज उद्योगों से ही सम्पूर्ण सल्फरडाइ ऑक्साइड का 4 प्रतिशत निकाला जाता है। इसके अतिरिक्त दूसरे उद्योगों और घरेलू कार्यो में ईधन के दहन से निकली सल्फरडाइ ऑक्साइड नाइट्रोजन ऑक्साइड और दूसरी गैसें भी पर्यावरण को निरन्तर प्रदूषित करती रहती है।

भारत में शाहजहाँ और मुमताज के अमर प्रेम का उज्जवल प्रतीक, विश्व पर्यटक का आकर्षक केन्द्र और संगमरमरी बदन वाला कला का अद्धितीय स्मारक ताजमहल भी अम्ल वर्षा की चपेट से मुक्त नहीं रह सका है। ताजमहल से 40 किलोमीटर दूर स्थित मथुरा तेलशोधक कारखाने से निकलने वाली गैस से ताजमहल के लिए दिन–प्रतिदिन खतरा बढ़ता जा रहा है। इस गैस के दुष्प्रभाव से श्वेत धवल संगमरमर पीला पड़ना प्रारंभ हो गया है। इस तेल शोधक कारखानें के अतिरिक्त ताज के चतुर्दिक 250 अन्य छोटे–बड़े उद्योगों और रेल्वे शंटिग यार्डो के विषैले धुएँ ने समस्या की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। मात्र तेल शोधक कारखाने से ही प्रतिदिन निकलने वाली अनुमानित सल्फरडाइ ऑक्साइड गैस 5 टन है। इसके कुप्रभाव का इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। दिल्ली स्थित लाल किले का सुर्ख रंग भी दो रेल्वे यार्डो से निकले धुएँ के कारण फीका पड़ने लगा है। कितने ही अन्य ऐतिहासिक स्मारक और कलात्मक भवन इस जहरीली वर्षा के कुप्रभाव से विनाश की ओर कदम बढ़ा रहे है। इनके सौन्दर्य के संरक्षण की ओर अभी तक कोई विशेष प्रयत्न नहीं किये गये है। यद्यपि इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है। संगमरमर और अन्य पत्थरों पर अम्ल वर्षा के प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए ही इसे स्टोन लेप्रसी या स्टोन कैन्सर का नाम दिया गया।

पर्यावरण प्रबन्ध/नियन्त्रण –

1. मानवीय कार्यो द्वारा प्रकृति के घटकों की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव न पड़े जिससे जल, मिट्टी, वायु तथा वनस्पति अपने प्राकृतिक रूप में उपयोग के बाद भी बनी रहे।
2. प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों का उपयोग अत्यन्त परिवकृत विधि द्वारा किया जायें, जिससे संसाधनों की पुनर्जनित प्रक्रिया प्रभावित न हो सकें।

* विभागाध्यक्ष (संस्कृत) राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

3. अनवीनीकरण संसाधन एवं ऐसे संसाधन जिनका पुनर्निर्माण दीर्घ अवधि में होता है अथवा पुन: होता ही नहीं है, अर्थात अनवीनीकृत संसाधनों का उपयोग इस प्रकार किया जाये कि आगे वाली पीढ़ी भी इनसे लाभान्वित हो सके।
4. मनुष्य के ऐसे बहुत से क्रिया–कलाप है जो आज के आर्थिक क्रिया–कलाप है जो आज के युग में प्रतिस्पर्धात्मक हो गये है। प्रतिस्पर्धा ने इन क्रियाओं को और भी अधिक तीव्र कर दिया है जिससे स्थानीय पर्यावरण का ह्रास और पर्यावरण प्रदूषण की समस्याएँ जन्म ले रही है। उत्पन्न समस्याओं पर अतिशीघ्र नियन्त्रण की आवश्यकता है।
5. प्रकृति में स्वत: ही शुद्धिकरण की क्षमता होती है। पारिस्थितिकी तन्त्र की स्थिरता एवं उत्पादक निरन्तर बनी रहे। यह पर्यावरण प्रबन्धन की मूल विचारधारा है।
6. पर्यावरण प्रबन्धन में संसाधनों के संरक्षण उनके दीर्घकालिक उपयोग और अधिकाधिक उपयोग की योजना समाहित होती है।
7. पर्यावरण प्रबन्धन क्षेत्रीय पर्यावरण समस्याओं का तत्काल किया गया समाधान है।
8. उत्पाद के साथ सह उत्पाद भी पर्यावरण प्रबन्धन का अंग है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि, यदि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या का तत्काल समाधान न ढूंढा गया तो हम अपनी अनमोल धरोहरों को तो खो ही बैठेंगे, मानव जीवन और स्वास्थ्य को होने वाली गंभीर हानि से स्वयं को तथा आने वाली पीढ़ियों को भी शक्तिहीन बना डालेंगे। वायु द्वारा प्रवाहित सल्फर प्रदूषणों के कारण अनेक श्वांस रोगों जैसे–दमा और ब्राकाइटिस का भय भी बना रहता है। अमेरिका के शोधकर्ता लियोनार्ड हैमिल्टन के अनुसार तो जीवाश्म ईधनों के दहन से निकले एसिड सल्फेट प्रतिवर्ष 7500 से लेकर 1,20,000 मौतों के उत्तरदायी है। उद्योगों और जीवाश्म ईधनों के दहन एवं धातुओं के विगठन से निकलने वाली विषैली गैसों के निपटान की समुचित व्यवस्था पर गंभीरता पूर्वक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

जनजातीय महिलाओं के विकास में स्वसहायता समूह की भूमिका (अलीराजपुर जिले के विशेष संदर्भ में)

दिलीप चौंगड *

प्रस्तावना – हमारा समाज पितृसत्तात्मक समाज है। आधुनिक काल तक के स्त्री विमर्श के अध्ययनों से ज्ञात होता है कि समाज में लिंग आधारित भेद सभी स्तरों पर मौजूद हैं। न सिर्फ भारतीय समाज में अपितु वैश्विक स्तर पर भी लिंग आधारित भेद स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। **O'Conell(1994)** के शब्दों में, 30 विकासशील देशों के आंकड़े बताते हैं कि 1–4 वर्ष की आयु में बालिका की मृत्यु दर बालक से कहीं ज्यादा है । बालक के शिक्षा व स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है, वहीं बालिकाओं को घरेलू कार्य व छोटे भाई–बहनों की जिम्मेदारी दे दी जाती है। **Moser (1993)** के अनुसार विकासशील देशों में महिलाएं तिहरी भूमिका का निर्वहन करती हैं।

1. प्रजनन कार्य – बच्चों का प्रजनन, पालन पोषण व विकास।
2. उत्पादक कार्य – घरेलू उत्पादन (कृषि कार्य)।
3. सामुदायिक प्रबंधन– जल प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा।

ये सभी कार्य स्वैच्छिक व अवैतनिक होते हैं। **Michel,A. (1991)** का मत है कि शुरूआती दौर से आज तक सभी समाजों में स्त्री के लिए विशिष्ट निर्धारित व्यवहार होते रहे हैं। समाजीकरण की प्रक्रिया में स्त्री को बचपन से लड़की की तरह बैठना, चलना, बोलना और व्यवहार सिखाया जाता है और लड़कों को सबल बनाया जाता है। ग्रामीण भारत में 90 प्रतिशत कार्यशील महिलाओं की आबादी लघु एवं कुटीर उद्योग में लगी है।

भारत में भी गरीबी की समस्या प्रबल है और गरीबी की मार स्पष्टतया महिलाओं पर अधिक प्रभावी होती है । संपन्नहीनता, निरक्षरता, शिक्षा, कला–कौशल, की कमी तथा तकनीकी कार्यकुशलता की कमी के चलते महिलाएं विकास से कोसों दूर होती है। **World Bank** के अनुसार कोई भी देश तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक की उसकी आधी आबादी (महिलाओं) को विकास के समान अवसर नहीं मिलते। अत: हम सभी को महिलाओं को विकास के समान स्तर तक लाने में सहायता देनी होगी हालांकि भारत के संविधान में महिला के लिए समान अधिकारों और अवसरों का प्रावधान किया गया। **Karat,Vranda** ने अपने अध्ययन में पाया है कि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका आदि के जरिए भी महिलाओं की प्रगति में बाधाएं खडी की जाती हैं। इस तरह हमारा समाज अपनी आधी शक्ति की योग्यता और उसकी क्षमता से वंचित है।

भारतीय समाज में अधिकांश महिलाएं कम आय वाले कार्यों में असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हैं। समान कार्य के लिए समान वेतन अधिनियम 1976 लागू होने के बाद भी स्त्री व पुरूष की मजदूरी में पर्याप्त अंतर पाया जाता है। ग्रामीण भारत में मजदूरी रिपोर्ट में स्त्री व पुरूष को मिलने वाली मजदूरी में 27.6 प्रतिशत अंतर पाया गया है। यदि महिलाओं के ऐसे सभी कार्यो की गणना की जाय तो गांव में 88 फीसदी व शहरों में 68 फीसदी महिलाएं आर्थिक दृष्टि से उत्पादक है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि महिलाओं का विशेषकर जमीनी स्तर की महिलाओं का जीवन आज भी कठिन व चुनौती भरा है। जनजातीय महिलाओं को रोजगार के अवसर कम प्राप्त होते हैं, तथा उनके जीवन स्तर में सुधार कम हो पा रहा हैं। इसका मुख्य कारण ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सीमित प्रभाव रहा है। इन कार्यक्रमों का लाभ ग्रामीण इलाकों में रहने वाली जनजातीय महिलाओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए सामान्य विकास कार्यक्रमों के साथ–साथ महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए जाए।

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सर्वप्रथम सन् 1954 में सरकार ने ग्रामीण विकास कार्यक्रम की शुरूआत की, लेकिन महिलाओं की वास्तविक भागीदारी का प्रारम्भ सन् 1974 में हुआ। महिलाओं की व्यवहारिकता और निपुणता को दिखाने के लिए गरीबी निवारण एवं विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्रामीण विकास के अन्तर्गत महिला रोजगार के प्रसार से महिलाओं की समाज के सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में उनका सहयोग लगातार बढ़ रहा है। जैसा कि सन् 1995 में मानव विकास रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला का कार्य सहभागिता की दर अधिक है। भारतीय श्रम में महिलाओं का योगदान एक तिहाई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 90 प्रतिशत व शहरी क्षेत्रों में 10 प्रतिशत महिलाएं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत् है। भारत सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिये प्रथम पंचवर्षीय योजना से लेकर बारहवीं पंचवर्षीय योजना में भरसक प्रयास किया गया है किन्तु विडम्बना यह है कि आज भी पुरूष प्रधान समाज होने से इसका लाभ महिलाओं को प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन के निम्न उद्देश्य निर्धारित किए गए है –

1. स्वसहायता समूह के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण को ज्ञात करना।
2. स्वसहायता समूह एवं जनजातीय महिलाओं में जागरूकता के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय – प्रस्तुत अध्ययन हेतु अलीराजपुर जिला चयन किया गया है। यह जिला 17 मई , 2007 को अस्तित्व में आया है। यह जिला पूर्व मे झाबुआ जिले में सम्मिलित था। यह जिला पहाड़ी, पठारी व रेगिस्तानी इलाका है जो पूर्व–पश्चिम में गुजरात के दाहोद और छोटा उदयपुर (गुजरात) जिले की सीमा को छुता है। दक्षिण में महाराष्ट्र की सीमा तथा पूवी–दक्षिण में धार और बड़वानी जिले की सीमा को छूता है। इस जिले में 85 प्रतिशत भील, भिलाला, बारेला और पटेलिया जनजाति के लोग निवास करते हैं।

समग्र एवं निदर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए अलीराजपुर जिले के सोण्डवा विकासखण्ड का चयन किया गया क्योंकि इस विकास खण्ड में

* शोधार्थी, शासकीय स्नातकोत्तर, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना (SGSY) और मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन तथा गैर सरकारी संगठन 'आशा और प्रयास' संस्थाओं द्वारा जनजातीय महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण के तहत बहुत उल्लेखनीय कार्य किये गये। अध्ययन में 50 महिलाओं के समूह में 500 महिलाएं सदस्य है इन्हें अध्ययन का समग्र माना गया है। अध्ययन के लिए दो स्तरों में निदर्श का चयन किया गया है जिसमें प्रथम स्वसहायता समूह का चयन (15) द्वितीय चयनित स्वसहायता के लाभार्थियों का चयन (150) उत्तरदाताओं का चयन दैव निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया।

आसा एवं प्रयास संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रम – आसा एवं प्रयास संस्था द्वारा अध्ययन क्षेत्र में कार्यक्रम/परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान मुख्य रूप से दो प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया जिनमें एक वे होती है, जिनमें किसी एक व्यक्ति को लाभ प्राप्त होता है एवं दूसरी वे जिनसे संपूर्ण गाँव को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होता है। स्वसहायता समूह द्वारा संपन्न की गई गतिविधियाँ जैसे –किराना दुकान, दोना पत्तल बनाना, गुड़िया एवं गलसन बनाना इत्यादि शामिल है जिनसे व्यक्तिगत लाभ प्राप्त होता है।

लाभार्थियों द्वारा चयनित कार्यक्रम

क्रं.	किया गया कार्य	आवृत्ति	प्रतिशत
1	शासकीय संस्थाओं द्वारा स्वंय सहायता समूह बनाना	30	20.00
2	शासकीय स्वसहायता समूह द्वारा आटा चक्की स्वरोजगार	12	08.00
3	दोना पत्तल बनाना	12	08.00
4	गुड़ियों को बनाना	20	13.33
5	महिलाओं के श्रृंगार गलसन बनाना	13	08.66
6	एनजीओ द्वारा स्वंय सहायता समूह बनाना	20	13.33
7	एनजीओ द्वारा स्वसहायता समूह से आटा चक्की स्वरोजगार	15	10.00
8	एनजीओ से दोना पत्तल बनाना	14	09.34
9	एनजीओ से गुड़ियों को बनाना	14	09.34
	योग	150	100

उक्त तालिका से ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र में चयनित सरकारी संगठन द्वारा की गई गतिविधियों में 20 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने शासकीय संस्थाओं द्वारा स्वसहायता समूह बनाये गये बताया जिसमें आटा चक्की, 8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दोना पत्तल उपलब्ध कराना 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं गुड़ियाँ बनाने 8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने महिला श्रृंगार गलसन बनाना हेतु बनाया गया तथा 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने एनजीओ द्वारा स्वसहायता समूह बनाये गये बताया जिसमें आटा चक्की, 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दोना पत्तल उपलब्ध कराना 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं गुड़ियाँ बनाने का कार्य किया गया।

निष्कर्ष – निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि स्वसहायता समूह से जुड़ने के पश्चात महिलाएँ निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्षम होती पायी गई।

1. स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियाँ व उसमें सहभागिता से संबंधित तथ्यों का विश्लेषण करने से स्पष्ट हुआ है कि सामाजिक गतिविधियाँ तथा, स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियाँ, वैधानिक अधिकार एवं योजनाओं से सम्बंधित गतिविधियों में उत्तरदाताओं द्वारा सहभागिता की जाती है।
2. स्वसहायता समूह व महिलाओं की मजबूत आर्थिक स्थिति से संबंधित तथ्यों का विश्लेषण करने से ज्ञात हुआ है कि सामाजिक स्तर को बढ़ाने तथा परिवार के पालन पोषण, घरेलू खर्चो की पूर्ति तथा बचत आदि में वृद्धि करने में स्वसहायता समूह सफल हुए हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. MYRADA(2002) 'Impact Of Self Help Groups (Group Processes) On The Social/Empowerment Status Of Women Members In Southern India.' Paper presented at the Seminar on SHG-bank Linkage Programme at New Delhi,pp.221-223
2. Shrivastav, Alka (2006) 'Women Self Help Groups in the Process of Rural Development.' Women in Rural Development.pp.81-100.
3. Ramchandran, S., Subbiah, A. and Ravishankar ,A.K. (2008. 'Self Help Groups and Rural Development in Tamilnadu: A Micro Level Examination. 'Women in Rural Development.pp. 101-122.
4. EDA Rural Systems (2010) ' Self Help Groups in India: A study of Lights and Shades'. Gurgaon, India: EDA Rural Systems. pp.1-4 Reddy, C.S. (2005)'Self-Help Groups: A keystone of Microfinance in India Women Empowerment and Social Security', APMAS, Hyderabad.pp1-19.
5. Sriraman, V.P. (2012) ' Microfinance, Self Help Groups and Women Empowerment – current issues and concerns'. pp.19-24
6. Dubey S.C. (1990) Tradition and Development, Vikas. Publication : New Delhi. pp.141-143
7. हाईडी हार्टमेन, (2001) मार्क्सवाद और नारीवाद के बीच अप्रिय विवाह, सन्धान, अप्रैल–जनू पृ.114
8. O `Connel, Helen. (1994) women and the family. london : Zed Books Ltd.P.34
9. Moser, caroline O.N.(1993) Gender planning and Development : Theory, practice and Trainning. London: Routledge P. 36.32
10. Michel, A., (1991) African women, development and the North sout relationship : In : M Dalla costa 8 G.Dalla costa (Eds) paying the price : Women and the politics of intermational economi stratery London: zed Books P. 123
11. Sen, Amarty, (1999) Development as Freedom. New York: Alfred A.knopf. P. 126.
12. World Bank, (2001) Engendering Development: through gender equality in rights, Resources, voices. New York: oxford university press. P. 323.
13. Reskin, Barbara, and Heidi Hartmann, eds. (1991) Women's work Men's Work: Sex Segregation on the Job. Washington, DC: National Academy Press. PP. 66.

14. Avirgan, T., Bivens, L. J., & Gammage, S. (Eds). (2005) Good jobs, bad jobs, no jobs: Labormarkets in Egypt, El Salvador, India, Russia, and South Africa. Washington, DC:Economic Policy Institute.pp.98
15. U.N.D.P. (1995), Human Development Report 1995, NewYork: Oxford University Press. P. 236.
16. World Bank (2006). Microfinance in South Asia: Towards financial inclusion for the poor. Washington, DC: World Bank. PP. 212-218
17. कारत, वृदां (2006), जीना है तो लडना होगा : सामायिक प्रकाशन नई दिल्ली।
18. Toward Equlity Report. (1974) Department of Social Welfare, Ministry Of Education and Social Welfare, New Delhi. PP. 62-66
19. National Commission on Self Employed Women and Women in informal Sector, 1988 Shram Shakti. Department of Women and Child Development, Indian Govertment: New Delhi. PP. 44-52
20. Fletschner, Diana. (2008) 'Rural Women's Access to Credit:Market Imperfections Intrahousehold Dynamics.' Elsevier Ltd. PP. 310-316.

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना –2014

डॉ. नीना गोयल *

प्रस्तावना – प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को अपने भाषण में कहा था कि उनका सपना है, कि देश के हर नागरिक का अपना एक बैंक बचत खाता होना चाहिए, जिससे उनका विकास होगा। इसी तारतम्य में उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना की घोषणा की, एवं यह योजना 28 अगस्त 2014 से लागु की गई। योजना गरीबो को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिससे उनमे बचत की आदत का विकास हो भविष्य की सुरक्षा का भाव जागे, आत्मविश्वास मे वृद्धि हो, तथा जीवनशैली में परिवर्तन हो, गरीब ग्रामीण एवं किसान नागरिकों एवं परिवारो को जागरूक एवं सुरक्षित करना योजना का अहम भाग है। यह योजना वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का एक राष्ट्रीय मिशन है। वित्तीय सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा में बैंकिंग हस्तातंरण क्रेडिट (ऋण) बीमा, पेंशन आदि शामिल है। योजना जिस भी देशवासी का एक भी बैंक खाता नहीं है। उनसे बचत खाता खोलने की एक अपील है। योजना लागु करने से पूर्व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बैंक में खाता खोलने संबंधी नियम बहुत सख्त थे कोई भी खाता खोलने के लिए न्यूनतम राशि एवं वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य था। जनधन योजना के अंतर्गत इस अनिवार्यता को समाप्त करके किसी भी भारतीय नागरिक/परिवार द्वारा किसी भी बैंक में शून्य बैलेंस से एवं बिना आई डी प्रूफ के खाता खोला जा सकता है। साथ ही बालक अथवा बालिका का 10 वर्ष की आयु में अभिभावक के साथ संयुक्त खाता खोला जा सकता है जिसे संबंधित 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर संचालित कर सकता है।

खाता खोलने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होती है–

1. आधार कार्ड
2. आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेन्स,पेन कार्ड ,पासपोर्ट ,मनरेगा कार्ड।
3. उपरोक्त कोई भी दस्तावेज नहीं होने पर उसका वेरिफिकिशन लोरिस्क केटेगरी के अंतर्गत करके खाता खोला जा सकता है। इस हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार ,बैंको अथवा अन्य सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र (आई सी) अथवा किसी गजेटेड ऑफिसर द्वारा अभिप्रमाणित फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य होगें।

योजना के लाभ/सुविधा – योजना केवल बैंक खाता खोलना ही नहीं है बल्कि इसके अन्य लाभ एवं सुविधाऍं है –

1. शून्य बेलेन्स एवं सरलता से बचत खाता खोला जाना । खाते पर न्यूनतम 30000 रू जीवन बीमा एवं 1लाख रू तक दुर्घटना बीमा की सुविधा यह सुविधा उन्हीं लोगों को दी जऐगी जिन्होंने 26 जनवरी 2015 से पहले खाते खोले है।
2. 6 माह तक संतोषजनक लेनदेन एवं संचालन होने पर ओवर ड्राफ्ट की सुविधा यह सुविधा औसत मासिक शेष का चार गुना एवं अधिकतम पाँच हजार रूपए होगी। परिवार के खाते की दशा मे सुविधा विशेष रूप से महिला सदस्य को दी जायेगी।
3. जमा राशि पर बचत खाता ब्याज दर से ब्याज प्राप्त होना।
4. भारत में धन हस्तांतरण की सुविधा ।
5. रूपै कार्ड की सुविधा जिसका उपयोग एटीएम कार्ड की तरह किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एक माह में चार बार नि:शुल्क किया जा सकता है।
6. 45 दिन में कम से कम एक बार रूपै डेबिट कार्ड उपयोग करने पर दुर्घटना बीमा सुरक्षा एक लाख रूपए तक ।
7. सरकारी स्कीमों का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांन्सफर सुविधा ।
8. पेंशन एवं बीमा पर लागू।
9. यदि किसी नागरिक का पहले से बैंक खाता है तो वह इस खाते को जनधन योजना खाते में स्थानांतरित करवा सकता है एवं सभी सुविधाएँ ले सकता है।
10. छोटा (स्माल) खाता खोलने की सुविधा जो बिना किसी वैध प्रमाण पत्र के स्वंय के घोषणा के आधार पर खोला जा सकता है एवं संतोषजनक लेनदेन होने पर खाताधारक को एक वर्ष की अवधि में उचित वैध दस्तावेज बैंक को जमा कराना होगा।

घोषणा के समय प्रारंभ में योजना में 7.5 करोड़ बैंक खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया था। एक वर्ष में 19.72 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। 16.8 करोड़ रूपे कार्ड जारी किए गए। खातो में लगभग 28699.65 करोड़ रूपए जमा किए गए। 125697 बैंक मित्रों को कार्य सौंपा गया जिन्होंने एक सप्ताह में सबसे अधिक 18096130 बैंक खाते खोलने का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। यद्यपि शून्य बेलेन्स से लाखों खाते खोलना लोगों की आदत में बदलाव लाना की वे बैंक खातो का उपयोग करें एक बड़ी चुनोती थी ,किन्तु बैंको का सकारात्मक सहयोग जनता एवं सरकारी मशीनरी की भागीदारी द्वारा इस विशाल कार्य को संभव करने का योगदान अनुकरणीय हैं। आज प्रत्येक खाता धारक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर योजनाओं का लाभ ले रहा है। वर्ष 2015 में लगभग 40 हजार करोड़ रूपया लाभार्थियों को सीधे हस्तांतरित किया गया। इस योजना ने लगभग 3.34 करोड़ निष्क्रिय एवं नकली खातो की पहचान कर उन्हें बन्द करने में मदद की। ताजे आंकड़ो के अनुसार 45 प्रतिशत जनधन योजना में खोले गए खातो में कोई लेनदेन नहीं हुआ है खाते शून्य बैंलेस पर ही बने हुए है संचालन नहीं होने के कारण खाताधारक योजना के लाभो से वंचित है। बैंको को ऐसे खातों में रखरखाव का खर्चा निकालना मुश्किल हो रहा है। एक बैंक खाते का परिचालन जारी रखने का खर्च 250 रू वार्षिक आता है।

आजादी के 67 वर्ष बाद भी भारत में बडी संख्या में ऐसी आबादी थी जिन्हें बैंकिग सेवाएं हासिल नहीं थी योजना ने इस बुनियादी समस्या का

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

समाधान कर धन का उपयोग अनुत्पादक कार्यो से उत्पादक कार्यो की और अग्रसर किया है।योजना के लागू होने से बिचोलियों का महत्व कम हुआ। भ्रष्टाचार में कमी आई किसानो को सीधा लाभ खातों में मिलने लगा। अनुदान की राशि इन्द्रा आवास योजना ,टायलेट बनाने का पैसा, गैस सब्सिडी की राशि खाद बीज आदि अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही को सीधे खातो में राशि जमा कर प्राप्त हो रहा है। निंरतर प्रचार–प्रसार एवं बैंकों के सकारात्मक सहयोग के कारण एक वर्ष बाद आज इस योजना ने लाखों भारतीयों के जीवन और भविष्य को बदल दिया है।प्रधानमंत्री जीवनज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,अटल पेन्शन योजना , विभिन्न ऋण योजनाओं ,शिशु ऋण,किशोर ऋण, तरूण ऋण आदि अनेक योजनाओं का लाभ जनधन योजना में खाता खुलवाकर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। खातो का संचालन संतोष जनक होने पर खाता धारक को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है। आम जनता के लिए बुनियादी बैंकिग सुविधा एवं सेवा उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व प्रयास सफलता की ओर अग्रसर हैं। योजना का अगला चरण 15 अगस्त 2015 से व 14 अगस्त 2018 रखा गया है। जिसका उद्देश्य माइक्रो बीमा एवं पेंशन उपलब्ध कराना है तथा खातो को स्वालंबन पेंशन योजना से जोड़ना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बैंकिग न्यूज
2. नई दुनिया, दैनिक जागरण, चेतना समाचार पत्र
3. www.pmjdy.govt.in

****

भारत में पर्यावरणीय समस्याएँ और सरकार की नीतियाँ

महेन्द्र सिंह चौहान *

प्रस्तावना – हमारे चारों ओर का वातावरण जो कि हमें व अन्य जीवधारियों को प्रभावित करता है, पर्यावरण कहलाता है। तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या व आर्थिक विकास के कारण भारत जैसे विकासशील देश में अनेक प्रकार की पर्यावरणीय समस्याऐं उत्पन्न हो रही है। इसके पीछे शहरीकरण व औद्योगिकीकरण में अनियंत्रित वृद्धि, बड़े पैमाने पर कृषि का विस्तार तथा तीव्रवृद्धि तथा जंगलों का नष्ट होना है। प्रमुखत: पर्यावरण मुद्दों में वन एवं कृषि, भूमिकरण संसाधन, रिक्तीकरण पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जैव विविधता में कमी, पारिस्थतिकी प्रणालियों में लचीलेपन की कमी, गरीबों के लिए आजीविका सुरक्षा शामिल है।

माना जा रहा है कि देश की जनसंख्या वर्ष 2016 तक 1.26 अरब तक बढ़ जाएगी। वह इस बात का संकेत है कि 2050 तक भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा और चीन का स्थान दूसरा होगा। दुनिया में कुल क्षेत्रफल का 24 प्रतिशत परन्तु विश्व की जनसंख्या का 18 प्रतिशत धारण कर भारत का अपने प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव काफी बढ गया है। कई क्षेत्रों पर पानी की कमी, मिट्टी का कटाव और कभी वनों की कटाई, वायु और जल प्रदूषण के कारण बुरा असर पड़ रहा है। नुकसान भूमिक्षरण, जैवविविधता के उपयोग के बदलते स्वरूप में ऊर्जा की बढ़ती माँग को प्रेरित किया है। अंतिम परिणाम वायु प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और जल प्रदूषण के रूप में दिखाई देर रहा है।

भारत की पर्यावरणीय समस्याओं में विभिन्न प्राकृतिक खतरे विशेष रूप से चक्रवात और वार्षिक मानसूनी बाढ़ें, बढ़ती हुई व्यक्तिगत खपत, औद्योगिकीकरण ढ़ाँचागत विकास, निम्नस्तरीय कृषि पद्धतियाँ और संसाधनों का असमान वितरण है और इनके कारण भारत में प्राकृतिक वातावरण में अत्यधिक परिवर्तन हो रहे हैं। एक अनुमान है कि खेती योग्य भूमि का 60 प्रतिशत 1) भूमि कटाव, 2) जल भराव और 3) लवणता से ग्रस्त है एवं मिट्टी की ऊपरी परत में से प्रति वर्ष 4.712 अरब टन मिट्टी कटाव के कारण खो रही है। सन् 1947 से 2002 के बीच पानी की औसत वार्षिक उपलब्धता प्रति व्यक्ति 70 प्रतिशत कम होकर 1822 घन मीटर रह गयी है और भू–गर्भ जल का अत्यधिक दोहन हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इसके भौगोलिक क्षेत्र का 18.84 प्रतिशत (637.000 वर्ग कि.मी.) है। देश भर में वनों के लगभग आधे मध्यप्रदेश 20.7 प्रतिशत और पूर्वोत्तर के सात प्रदेशों 25.7 प्रतिशत में पाए जाते हैं। इनमें से पूर्वोत्तर राज्यों के वन तेजी से नष्ट हो रहे हैं। वनों की कटाई ईंधन के लिए लकड़ी और कृषि भूमि के विस्तार के लिए हो रही है। वह प्रचलन औद्योगिक और मोटर वाहन प्रदूषण के साथ मिलकर वातावरण का तापमान बढ़ा रहा है जिसकी वजह से लवण का स्वरूप बदल जाता है और अकाल आने की आवृत्ति बढ़ जाती है।

भारत में 3119 शहरों व कस्बों में 209 में आंशिक रूप से तथा केवल 8 में मल जल की पूर्ण रूप से उपचारित करने की सुविधा है। डब्ल्यू एच.ओ. ने वर्ष–1992 की एक रिपोर्ट में बताया है कि भारत के अनेक शहरों में अनुपचारित नाली का पानी तथा दाह संस्कार के बाद अधजले शरीर सीधे ही गंगा नदी में बहा दिये जाते हैं। यहाँ तक कि भारत एम.आई.आर. और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए संयुक्त अध्ययन से पता चला कि दिल्ली के आसपास के जिलों में भूमिगत जल तथा जल के पानी में विस्ट सीमा एमपीएल से कहीं अधिक मात्रा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फ्लोराइड, मरकरी तथा बीटा एडसल्फान व हेप्टाफ्लोर जैसे कीटनाशक पाए गऐ। इसके अलावा पानी में सीओडी तथा बीओडी (रासायनिक व जैव रासायनिक ऑक्सीजन की मात्रा) अमोनिया, फॉस्टेट, क्लोराइड क्रोमियम तथा क्लेरपायरीफोस जैसे कीटनाशक भी अधिक मात्रा में थे। भूमिगत जल में भी निकल मेलेनियम पाए गए, और जल में पानी में सील, निकल और कैडमियम की उच्च सांद्रता मिली है।

भारतीय शहर वाहनों और उद्योगों के उत्सर्जन से प्रदूषित है। सडक पर वाहनों के कारण उड़ने वाली धूल भी वायू प्रदूषण में 33 प्रतिशत कण का योगदान करती है। भारत में वायू प्रदूषण का सबसे बडा कारण परिवहन की व्यवस्था है। 15 मार्च 2009 में पंजाब में यूरेनियम विकिरण का मामला प्रकाश में आया, इसका कारण ताप विद्युत ग्रहों द्वारा बनाई गई राख थी। इनमें पंजाब के फरीदकोट तथा भटिंडा जिलों में बच्चों में गंभीर जन्मजात विकार पाए गए।

भारत सरकार के पर्यावरण एवं मंत्रालय द्वारा समय पर पर्यावरण की सुरक्षा हेतु उचित कदम उठाए गए हैं। इसे लागू किया गया। यह 4 अध्याय 26 धाराओं में विभाजित किया गया है एवं प्रत्येक स्तर पर भारत सरकार द्वारा पर्यावरण सुरक्षा संबंधी कदम उठा गई है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत महत्वपूर्ण बिन्दु समाहित किए गए हैं –

जैसे –

1. पर्यावरण की गुणवत्ता के संरक्षण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाना।
2. पर्यावरण प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करना।
3. पर्यावरण की गुणवत्ता में मानक निर्धारित करना।
4. पर्यावरण सुरक्षा में संबंधित अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकारें, अधिकारियों और संबंधित के काम में समन्वय स्थापित करना।
5. ऐसे क्षेत्रों का परिसीमन करना जहाँ किसी भी उद्योग की स्थापना अथवा औद्योगिक गतिविधियाँ संचालित की जा सके। उक्त अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के लिए कठोर दण्ड का प्रावधान है।

* अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, भानपुरा, जिला – मंदसौर (म.प्र.) भारत

6. भारतीय संविधान के चतुर्थ अ भाग में पर्यावरण संरक्षण एवं विकास कर्तव्य माना गया है। जिला पर्यावरण समिति का प्रावधान है जिसका पदेन अध्यक्ष जिला कलेक्टर होता है। भारत सरकार हिमालय के पर्यावरण को बचाने की नीति बनाने की प्रक्रिया में भी है, इस संबंध में हिमालयी यंत्र के राज्यों के साथ परामर्श किये जा रह हैं। हिमालय सहित विकारों को पर्यावरणीय संरक्षण कार्यक्रम में प्राथमिकता पर रूक गया है।

अभी तक पर्यावरण संरक्षण के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों ने लगभग 30 कानून बनाए हैं। केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण की स्थापना 1995 में हुई। वन अनुसंधान संस्थान की स्थापना देहरादून में की गई है एवं केन्द्रीय पर्यावरण अनुसार 33 प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है। पर्यावरण से संबंधित चिपको आन्दोलन की शुरूआत की गई जिसका उद्देश्य था कि वनों की सुरक्षा, जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण-1974 में लागू हुआ। वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम-1981 में लागू किया गया। भारत सरकार द्वारा पर्यावरणीय विभाग की स्थापना 1980 में की गई थी। पर्यावरण एवं स्वास्थ्य मानव विकास की दिशा में 26 जनवरी 1997 से दिल्ली में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध किया गया है।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय समस्याऐं प्रमुख रूप से एक गंभीर विषय के रूप में उभर कर सामने आई है, जिसके कारण हमारा मानव जीवन प्रतिदिन तेजी से परिवर्तित हो रहा है जिसके लिए बदलाव के लिए हम स्वयं जिम्मेदार है। प्राकृतिक रूप से तो यह अन्य माध्यम से पर्यावरण को हानि तो पहुँचा रही है जिसके कारण गंभीर बीमारियाँ भी उत्पन्न हो रही हैं। जल की कमी स्वच्छ वायु के अभाव के साथ-साथ भूमि प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। सरकार द्वारा निश्चित रूप से कुछ महत्वपूर्ण नीतियाँ पर्यावरण में सुधार हेतु क्रियान्वित की गई है परन्तु यह भी सच है कि वास्तव में वे इतनी कारगर साबित नहीं हो पाई है। इस हेतु अधिक से अधिक उच्च श्रेणी की नीतियाँ बनाने की, इसमें अपनी सहभागिता देनी चाहिए, जिससे पर्यावरण संबंधी समस्याओं से निजात मिल सके।

शोध समाचार – भारत में पर्यावरणीय समस्याऐं आज एक प्रमुख मुद्दा बन कर उभरा है जिसके कारण जनजीवन पर अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन जो प्रभाव पड़ रहा है वह पूर्ण रूप से जीवन के प्रतिकूल ही नजर आता है। पर्यावरणीय समस्याऐं दिन-प्रतिदिन बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। जिसको रोकने के प्रयास काफी हद तक नाकाम ही साबित हो रहे हैं। सरकार के द्वारा भी कुछ कदम इस दिशा में उठाए गए हैं परन्तु ऐसा कोई भी स्तर नजर नहीं आ रहा है जिससे यह माना जा सके कि भारत में पर्यावरणीय समस्याऐं अब नियंत्रण में हैं और जीवन सुरक्षित है। इसे लिए पर्यावरण की विपरीत स्थिति में सुधार हेतु इस शोध पत्र के माध्यम से यह कोशिश की गई है कि इस विषय पर सरकार द्वारा और उचित प्रयासों की जरूरत है तथा सरकार के साथ-साथ देश में नागरिकों को भी इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। जो प्रयास नाकामी रहे हैं, उन पर विचार-विमर्श की गई आवश्यकता होगी एवं पर्यावरण की गिरती हुई स्थिति को सरकार नागरिकों को मिलकर ही एक साथ संभालना होगा। इस शोध पत्र के माध्यम से सरकार नागरिकों एवं व्यवसायियों को पुन: जागरूक करने का एक प्रयास कर रही है। पर्यावरण के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की भी आवश्यकता महसूस हो रही है। इस हेतु कार्यशाला आयोजित की जानी चाहिए। इस समस्या से निजात पाने के लिए हमें कुछ प्रयास स्वयं करने होंगे जैसा कि जनसंख्या नियंत्रण, वनों की कटाई पर रोक, जंगलों को नष्ट होने से रोकना, नदियाँ की सफाई आदि। भारत में पर्यावरणीय समस्याऐं और सरकार की नीतियां एक गंभीर विषय के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत है जिसमें और अधिक सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध सम्पूर्ण शोध की आवश्यकता महसूस हो रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चन्द्रप्पा, रमेश, रवि, जी.आर. : 'पर्यावरणीय समस्याऐं विधि और प्रौद्योगिकी एवं भारतीय परिप्रेक्ष्य' रिसर्च इंडिया प्रकाशन, दिल्ली, 2009
2. जनसंख्या संदर्भ, ब्यूरो, 2001
3. भारत का राजपत्र 'भाग II खण्ड, 3,342005 II' नई दिल्ली, जुलाई, 20, वर्ष-2011
4. सुमन, संजय : 'सामान्य ज्ञान डाइजेस्ट', उपकार प्रकाशन, आगरा, वर्ष-2011
5. Chaudhary, Amrita, 'Buddha Nallaha the Toxic Vein At Malwa' Indian Express, May, 21, Year-2008.
6. A special report in India : Creaking Gooding Infrastructure is India's Biggest Handicap' The Economist, December, 11, Year-2008.
7. www.himduonnet.com
8. Yadav, Priya, 'Uranium Deforms Kids in Faridkot' The Times of India, April, 2, Year-2009.

****

नारी सशक्तिकरण एवं वर्तमान परिवेश

डॉ. कविता चौकसे *

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी कथन चरितार्थ है – 'अगर अंहिसा हमारे अस्तित्व का नियम है तो हमारा भविष्य महिलाओं के हाथ में है।'
प्रसिद्ध फ्रांसीसी समाजशास्त्री चार्ल्स फेरियन ने ठीक ही कहा है –

'किसी राष्ट्र की सामाजिक व्यवस्था और राजनीति में स्त्रियो को जैसा स्थान प्राप्त हो उससे यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि राष्ट्र कितना सभ्य और सुसंस्कृत है।'

1985 में नेरोबी में सम्पन्न अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन मे सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण को परिभाषित किया गया। महिला सशक्तिकरण भौतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक, राजनीतिक सभी स्तरो पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया।

इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि वैदिक काल से ही महिलाओं को महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त थे, भारतीय पौराणिक साहित्य में नारी को अत्यंत उच्च सिंहासन पर विराजमान किया गया है। भारत में विद्या की देवी सरस्वती है, शांति की देवी पार्वती और धन की देवी लक्ष्मी। हमारे देश में गार्गी मैत्रियों आदि महान दार्शनिक महिलाऐं हुई है,जिसको सम्मानजनक स्थान प्राप्त थे।

किसी भी समाज की खुशहाली का आधार उस समाज में महिलाओं के स्तर व उन्हें प्राप्त सम्मान से आंका जा सकता है। जिस समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा प्राप्त है। वो विकास एवं प्रगति की दौड में समकालीनों से मीलो आगे रहे है नेपोलियन बोनापार्ट जैसे सेना नायक ने महिलाओं को शिशु व समाज दोनों की प्राथमिक पाठशाला स्वीकृत हुए आधुनिककालों में विभाजित किया जा सकता है।

प्राचीन काल में महिला सम्मान व सशक्तिकरण का स्वर्ण युग था। महिला सम्मान के पराभव का आरम्भ उत्तर स्मृतिकालीन युग से माना जा सकता है जब महिलाओं के जीवन का त्रिविमीय विभाजन कर उसे क्रमश: पिता, पति, पुत्र के अधीन कर दिया गया है मध्ययुग आते – आते महिलाओं की समाज में स्थिति व सम्मान पतन व भयावह स्थिति में पहुँच गया। महिला को समाज में उनका खोया सम्मान दिलाने के लिये सामाजिक विधिक दोनों ही स्तरो पर सारगर्भित प्रयास हुऐ। जिनके फलस्वरूप महिलाओं की सामाजिक स्थित में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। महिला सशक्तिकरण के तमात अभियानो और आन्दोलन का ही परिणाम था। कि 20 वी शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे सीरियाओ भंडार नायके,गोल्ड मायर, माग्रेट थ्रेचर, इन्दिरा गाँधी, बेनजीर भुट्टो जैसी वैश्विक विभूतियॉ देखी जिनकी अभूतपूर्व सफलताओं ने पूरे विश्व में महिलाओं को सम्मान बढाया, लेकिन आज महिलाओं को सम्मान तो मिल रहा है और महिलायें भी सशक्त हो रही है, पर फिर भी बहुत सी चुनौतियाँ महिलाओं के सामने है।ये चुनौतियाँ है – जिनमें अशिक्षा, राजनैतिक ढाचा एवं सामन्वादी सोच, लिंगीय भेदभाव, गरीबी, जातिवाद,असमानता और समग्र विकास का अभाव, कन्या भ्रुणहत्या,बाल विवाह, दहेज, शोषण, पुरातन सोच आदि।

महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और अन्याय को देखते हुए कहा जा सकता है महिलाओं कि स्थिति प्राचीनकाल से ही अधिक चिन्ताजनक है आज महिलाऐ, बालिकाऐ अकेले घर से निकलने ये असुरक्षा महसूस कर रही है।

राष्ट्रीय महिला अयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश प्रत्येक 54 मिनिट मे एक बलात्कार प्रत्येक 26 मिनिट में एक छेड़छाड़, प्रत्येक 43 मिनिट मे अपहरण और 102 मिनिट मे एक दहेज हत्या/आत्महत्या का अपराध घटित हो रहा है। दिनांक 16दिसम्बर 2012 निर्भया ज्योतिसिंह काण्ड के बाद महिलाओं के विरूद्ध यौन हिंसा की रोकथाम के लिये बनाए गये कडे क़ानून के बाबजूद भी इन घटनाओं में कोई कमी नही आ रही है। बल्कि सामूहिक बलात्कार की बहुत सारी घटनाऐं सामने आ रही ,दिल्ली रेल्वे स्टेशन के पास डेनमार्क की महिला के साथ बलात्कार, म.प्र.में स्विटजरलैड की महिला के साथ बलात्कार राजधानी दिल्ली मे दिसम्बर 2012 को पेरामेडिकल की छात्रा के साथ चलती बस मे सामूहिक बलात्कार इन्दौर में तो हद ही हो गई गोदली मासूम बालिका के साथ कई दिनो तक बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी। इन्दौर का बहुचर्चित कविता रैना की हत्या कारण संबंध बनाने से इन्कार किया तो कविता रैना के 6 टुकडे कर दिये, धर्म का चोला पहनने वाले बापू आशाराम पर शौषण का आरोप लगा जिसने धार्मिक भावना पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया गये। ऐसी घटनाए है, जिससे पूरे समाज के लिए कलंक है पूरे देश को शर्मनाक कर दिया। इन घटनाओं ने कानून व्यवस्था और प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

संवैधानिक व्यवस्थाऐं (प्रावधान) – इस समस्या के समाधान हेतु महिलाओं के सामाजिक सुधार की आवश्यकता जोर पकडने लगी जिसका प्रतिफल आज महिलाओं कि सुरक्षा एवं उनके सामाजिक उत्थान के लिए सती प्रथा अधिनियम 1929, हिन्दु विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856, शारदा एक्ट 1924,हिन्दु स्त्री सम्पति का अधिकार(अधिनियम)1937, विवाह विच्छेद अधिनियम 1959, हिन्दु उत्तराधिकारी 1956 एंव दहेज निरोधक अधिनियम 1986, स्त्रियों और कन्याओं का अनैतिक व्यापार निरोधक अधिनियम 1956, श्रमिक महिलाओ के हक में कारखाना अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम ए 2013,महिला संरक्षण अधिनियम 2005। महिलाओं का उत्पीडन की शिकायत के लिए दो धाराऐं भारतीय दण्ड सहिता की धारा 354 या 509 इसके पश्चात अनुच्छेद 142, आदि। इस सभी अधिनियमों से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में

* राजनीति शास्त्र, शासकीय महाविद्यालय, मनावर (म.प्र.) भारत

निश्चित ही सुधार हुआ है।

निर्भया ज्योतिसिह काण्ड के बाद यौन हिंसा की रोकथाम के लिये अत्यंत कडे क़ानून बनाये गये दाण्डिक विधि (संशोधन अधिनियम 2013) द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 और 354 मे संशोधन कर बलात्कार यौन हिंसा की परिभाषा को और व्यापक बनाया गया है उसमे नई धाराएँ जोडकर घूरना, पीछा करना, छूना, जैसे कृत्यो को दण्ड़नीय अपराध की परिभाषा मे शामिल किया गया है साथ ही दण्ड की मात्रा भी बढाई गयी है।

महिलाओ पर होने वाले अत्याचारो को समाप्त करने के लिए विश्वस्तर पर सम्मेलन आयोजित हुए निम्न मुख्य है –

1. प्रथम विश्व महिला सम्मेलन – मेक्सिको सिटी 1975
2. द्वितीय विश्वमहिला सम्मेलन – कोपन हेगन 1980
3. तृतीय विश्व महिला सम्मेलन – नेरोबी 1985
4. चर्तुथ विश्व महिला सम्मेलन – पेइचिग 1995
   20साल बाद 5 वॉ सम्मेलन
5. पंचम विश्व महिला सम्मेलन बीजिगं 20 फरवरी 2015

महिलाओं को भी स्वंय पर हो रहे अत्याचार के आगे नहीं झुकना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति दृढ़ रहकर जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखते हुए समाज में अपनी नयी भूमिका के लिये स्वंय को तैयार करना चाहिए। निर्भया काण्ड के बाद आयी जाग्रति ने महिलाओं के साथ बलात्कार होने के बाद बलात्कारियों के विरूद्ध खुलकर बोलने का साहस पैदा किया जो पहले बदनामी के डर से चुप और सहमी, डरी रहती थी।

देश के इतिहास में पहली बार शक्ति मिल गैंगरेप मामले में आरोपियो को फॉसी की सजा धारा 376 (ई.) भारतीय दण्ड संहिता के अर्न्तगत दी गई यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि फोटो पत्रकार केसाथ बलात्कार के बाद एक टेलीफोन आपरेटर ने इन्ही व्यक्तियों द्वारा किये गये बलात्कार की शिकायत करने का साहस दिखया। लेकिन आज भी इस प्रकार की घटनाओं को उजागर करने वाली महिलाओं की संख्या बहुत कम है महिलाओं को अपने प्रति हो रहे शौषण के विरूद्ध आवाज उठानी होगी तभी सशक्तिकरण साकार होगा अन्यथा नहीं।

संदर्भ ग्रथं सुची :-

1. हंस – 30 मार्च 2001
2. नीति मार्ग – 30 मार्च 2010
3. पत्रिका – 2 जनवरी 2014
4. पत्रिका – 10 दिसम्बर 2015
5. महिला सशक्तिकरण – निधि भारद्धाज।
6. महिला के प्रति अपराध – प्रज्ञा शर्मा।
7. भारतीय राजनीति – सुषमा यादव।
8. स्वयं के विचार।

****

Effect of some selected Agrochemicals on stomatal behaviour of *Cyamopsis tetragonoloba* (Linn) Taub.

Dr. Indu Bala Soni*

Abstract - The paper reports the effect of eight selected agrochemicals (2, 4-D, McPA, TCA, Dalapon, Tribunil, $NaClO_3$ NaF and Lasso)on stomatal behaviour(stomatal index and stomatal opening) of a vegetable crop *Cyamopsis tetragonoloba (Linn.) Moench.* Maximum stomatal index at 500 ppm concentration of agrochemicals for the upper epidermis was found with 2, 4-D and minimum with Tribunil treated leaves. Maximum stomatal index for the lower epidermis was found with $NaClO_3$ and minimum with Tribunil treated leaves.

Effect of different agrochemicals on stomatal opening in light incubated (for 24 hours) isolated epidermal peeling of *C. tetragonoloba* was found maximum stomatal opening at 50 ppm concentration with Tribunil and minimum stomatal opening with Lasso.

Introduction - An herbicide is a pesticide used to kill unwanted plants. The Herbicides causes the anatomical changes in plants. Plant biochemical and physiological processes are effected by herbicides (Yang *et al*, 2006; Jung *et al*, 2004; Ha *et al*, 2003; Warabi*et al*, 2001) causing morphological and anatomical modifications (Kamble, 2007; Guh and Kuk, 1997).

Herbicide application in plants caused considerable changes in the leaf anatomy. Stomatal length, width number of stomata mm^2 and stomatal index greatly effected by application of Isoxaflutole, Imazamox, Flurochloridone and Alachlor herbicides (Prakash *et al*, 1978; Anastasav, 2010 and Semerdjieva*et al*, 2015). Herbicide like 2,4-D also caused anatomical variations in leaf, stem, root and petiole of *Cassia tora* (Kamble, 2013). Herbicides like 2, 4, 5-T, 2,4-D and McPA in Stachytarpheta found to decrease the potassium accumulation in guard cells and also stopped wide opening of stomata (Pemadasa and Jeyaseelan 1976).No information has been available on the effect of eight different herbicides 2,4-D, McPA, TCA, Dalapon, Tribunil, Sodium fluoride, Sodium chlorate and Lasso on stomatal characteristic of the crop *C. tetragonoloba*.

Material And Methods: The experiment was conducted in a split plot design (RCBD) with three replicate using *Cyanopsis tetragonoloba* (Linn.) Taub. Variety Pusa Nav Bahar, treated with three different concentrations (100 ppm, 500 ppm and 1000 ppm) of eight agrochemicals 2,4-D, McPA, TCA, Dalapon, Tribunil, Sodium fluoride, Sodium chlorate and Lasso. The agrochemicals were applied by foliar spray using manual pump. For analysis of stomatal characteristics fully developed leaves of guar were collected at milking (Zadoks scale 70) stage (Zadoks*et al*, 1974). Stomatal characteristics of leaves were determined by following the method of Rajendra*et al.* (1977). The epidermis of leaf was peeled off and transferred into slide along with cover slip. The number of stomata and the number of other epidermal cells were counted at 100X magnification (10 x objective and 10 x ocular) from whole field of view. The stomatal density was calculated as the number of stomata per square millimeter (Stace, 1965). Stomatal index was calculated which relates the number of stomata per unit area (S) to the number of epidermal cells per unit area (E) (Salisbury, 1927).

Stomatal index (SI) = [S / (E + S)] x 100

Stomatal opening (size) were measured using an ocular micrometer under microscope (10 x objective and 10 x ocular). The stomatal size was converted to micrometer and then average was taken. The data were subjected to analysis of variance (Steel *et al*, 1997).

Results And Discussion: From the observations on the effect of various agrochemicals on the stomatal index presented in Table-1 reveal that all the substances tried promote stomatal index for the upper epidermis upto a certain concentration, which being 100 ppm for Tribunil; 250 ppm for TCA; 500 ppm for 2,4-D, McPA and Lasso; 1000 ppm for Dalapon and Sodium fluoride and 2000 ppm for Sodium chlorate. A comparative effect of various agrochemicals at their concentration of 500 ppm reveal that Tribunil is most inhibitory and the trend in this respect is as follows:

* Associate Professor (Botany) Govt. Meera Girls College, Udaipur (Raj.) INDIA

Agrochemical	Tribunil>	TCA>	Lasso>	McPA>
Stomatal Index%	15.83	18.13	18.88	20.17
Upper epidermis	Dalapon>	$NaClO_3$>	NaF >	2,4-D
	20.63	22.24	22.73	24.23

The stomatal index for the lower epidermis was also observed to show a promotory effect by all the agrochemicals tried the concentration for McPA, Lasso, Dalapon, Sodium fluoride and Sodium chlorate promoting the stomatal index remained the same as that for upper epidermics, while Tribunil, TCA and 2,4-D remained promontory upto a slightly higher concentration i.e. upto 250 ppm (Tribunil), or 1000 ppm (TCA) and (2,4-D).

The values for stomatal index of lower epidermis as observed for various agrochemicals at a concentration of 500 ppm were found to be in the following order:-

Agrochemical	Tribunil>	TCA>	Lasso>	NaF>
Stomatal Index%	18.36	19.84	22.42	24.36
Lower epidermis	McPA>	2,4-D >	Dalapon>	$NaClO_3$
	25.46	25.57	28.56	29.81

The observations when subjected to analysis of variance showed that all the data are significant at 1% level. Observations on the effect of various agrochemicals on stomatal opening presented in Table 2 suggest that the stomatal opening in *C. tetragonoloba* is inhibited by all the agrochemicals tried and the inhibition was concentration dependent.

The stomatal opening in response to 50 ppm concentration of various such substances used reveal a following trend:-

Agrochemical	Lasso>	2,4-D>	$NaClO_3$>	NaF>
Stomatal	2.4	2.5	2.8	3.0
Opening(μ)				
	McPA>	TCA>	Dalapon>	Tribunil
	3.1	3.3	3.5	3.8

The variation in stomatal index as observed may be ascribed to the change in the environmental conditions pertaining to water relations and nutritional conditions (Salisbury, 1927). Fluctuation in stomatal opening provide the mechanism for the regulation of transpiration. Many agrochemicals affect water and carbondioxide exchange of plants and it affects the photosynthesis. Considerable work is available concerning the mode of action of herbicides (Audus, 1976), the reports of effect of herbicides on stomatal regulation are scanty.

Table–1. Effect of different Agrochemicals on stomatal opening in light incubated (for 24 hours) isolated epidermal peelings of *C. tetragonoloba*.

Treatment(Conc. in ppm)		μ
	Control	4.5
2,4-D	10	3.6
	50	2.5
	100	1.8
McPA	10	3.5
	50	3.1
	100	2.5
TCA	10	3.6
	50	3.3
	100	2.1
Dalapon	10	3.8
	50	3.5
	100	2.5
Tribunil	10	4.1
	50	3.8
	100	3.0
Sodium Fluoride	10	3.5
	50	3.0
	100	2.6
Sodium chlorate	10	3.6
	50	2.8
	100	2.5
Lasso	10	3.1
	50	2.4
	100	1.8

Table–2 (see in next page)

References:-

1. Anastasov, H. 2010. Influence of Oxyfluorfen on some anatomic induces in the leaves of Virginia tobacco plant (*Nicotianatabacum* L.) Biotechnol. Biotech. Eq., 24: 33-35.
2. Audus, L.J. 1976. Herbicides. Academic Press, London.
3. Guh, J.O. and Y.I. Kuk, 1997. Difference in absorption and anatomical response to protoporphyrinogen oxidase inhibiting herbicides in wheat and barley. Korean J. Crop Sci., 42: 68-78.
4. Ha *et al*, 2003. Transgenic rice plants expressing Bacillus protoporphyrinogen oxidase gene show low herbicide oxyfluorfen resistance. Biol. Plant, 47: 277-280.
5. Jung *et al*, 2004. Dual targeting of *Myxococ cusxanthus* protoporphyrinogen oxidase into chloroplast and mitochondria and high level oxy fluorfen resistance. Plant Cell Environ., 27: 1436-46.
6. Kamble, S.I. 2007. Effect of spray application of oxyfluorfen anatomical characters of *Hibiscus cannabinus* Linn. Bio Sci. Biotech. Res. Asia. 4: 671-674.
7. Kamble, S.I. 2013. Effect of agrochemical (2, 4-D) on anatomical aspects of *Cassia tora* Linn. Biosci. Biotech. Res. Asia, 10(2) : 885-89.
8. Pemadasa, M.A. and K. Jeyaseelan, 1976. Some effect of three herbicidal auxins on stomatal movement. New Phytol., 77: 569-573.
9. Prakash *et al*, 1978. Effect of some herbicides on the epidermis of *Vicia sativa* L. Weed Res., 18: 379-380.
10. Rajendra*et al*, 1977. A modified technique for stomatal study of the leaf epidermis in Triticeae. Stain Technol., 52(1): 9-12.
11. Salisbury, E.J. 1927. On the causes and ecological significance of stomatal frequency, with special

reference to the woodland flora. Philos. Trans. Royl Soc., 216: 1-65.
12. Semardjieva*et al*, 2015. Anatomical changes in tobacco leaf after treatment with isoxaflutole. Intr. J. Curr. Res. Biosci. Plant Biol., 2(7): 51-56.
13. Slace, C.A. 1965. Cuticular studies as an aid to plant taxonomy. Bull. British Museum (NaF. Hist.) Bot., 4: 1-78.
14. Steel *et al*, 1997. Principles and Producers of Statistics. 3rd Ed. McGraw Hill, New York.
15. Warbi*et al*, 2001. Resistance of a Soyabean cell line to oxyfluorfen by overproduction of mitochondrial protoporphyrinogen oxidase. Pestic. Manage Sci., 57: 743-748.
16. Yang, K., S. Jung, Y. Lee and K. Back 2006. Modifying *Myxococcusxanthus* proto porphyrinogen oxidase to plant codon usage and high level of oxyfluorfen resistance in transgenic rice. Pestic. Biochem. Physiol; 86: 186-194.
17. Zadoks*et al*, 1974. A decimal code for growth stages of cereals. Weed. Res., 14: 415-421.

Table–2. Effect of foliar spray (Agrochemicals) on stomatal index of *C. tetragonoloba.*

Treatment (Conc. in ppm)		Stomatal index (%)	
		Upper epidermis	Lower epidermis
Control		18.33	18.38
2,4-D	100	24.74	26.19
	500	24.23	25.57
	1000	17.77	23.83
McPA	100	23.55	25.97
	500	20.17	25.46
	1000	-	-
TCA	250	19.09	23.46
	500	18.13	19.84
	1000	16.88	18.99
Dalapon	250	23.90	29.56
	500	20.83	24.07
	1000	18.91	23.38
Tribunil	100	18.86	21.37
	250	16.25	18.46
	500	15.83	19.36
Sodium Fluoride	100	24.25	24.99
	500	22.73	24.36
	1000	21.10	23.63
Sodium chlorate	500	22.24	29.81
	1000	19.95	19.96
	2000	18.64	19.79
Lasso	100	23.44	24.42
	500	18.88	22.42
	1000	-	-
S.Em ±		1.0644	0.7564
C.D. at 5%		3.02	2.15
C.D. at 1%		4.03	2.86

Analysis of variance

Source of variation	df	Upper epidermis				Lower epidermis		
		SS	MS	F		SS	MS	F
Within 2,4-D	2	1.2659	0.6329	<1		132.1208	66.0604	19.44**
Within MCPA	2	972.8558	486.4279	283.36**		1322.9126	661.4563	194.61**
Within TCA	2	8.8322	4.4161	2.57*		33.8078	16.9039	4.97*
Within Dalapon	2	41.4176	20.7088	12.06**		51.4824	25.7412	7.57**
Within Tribunil	2	13.9834	6.9967	4.08*		17.5382	8.7691	2.58*
Within Sodium Fluoride	2	15.2430	7.6215	4.44*		2.7794	1.3897	<1
Within Sodium chlorate	2	11.2298	5.6149	3.27*		223.7046	111.8523	32.91**
Within Lasso	2	1102.9928	551.4964	321.26		926.6816	463.3408	136.32**
Between agrochemicals	7	784.3989	109.1981	63.61**		912.4426	130.3489	38.35**
Control vs treated	1	2.3581	2.3581	1.37*		17.7370	17.7370	5.22*
Error	50	85.8325	1.7166			169.9428	3.3989	
Total	74	3020.4079				3811.1498		

* Significant at 5% level.
** Significant at 1% level.

****

महावीरचरित का रस-विवेचन

डॉ. कौशल्या शर्मा *

प्रस्तावना – महाकवि भवभूति की प्रथम कृति महावीरचरित सप्त अंकात्मक नाटक है, जिसमें श्रीराम चन्द्र के पूर्वचरित का रोचक वर्णन हैं। राम सीता विवाह से लेकर राम-रावण युद्ध के बाद राम राज्याभिषेक तक की घटनाओं का इसमें विस्तारपूर्वक वर्णन हैं।

महावीर चरित में प्रमुख रस वीर है, रौद्र बीभत्स एवं अद्‌भुत इसके अंग रस है। सभी रसों के स्थायी भाव के अनुरूप विभाव, अनुभाव एवं व्याभिचारी भावों के संयोग से रस निष्पत्ति सम्पूर्ण नाटक में परिलक्षित होती हैं। नाटक के नायक राम के उत्साह की अभिव्यक्ति प्रथम अंक में ही हो जाती है। महर्षि ने आदेश दिया, तब राम ने कहा 'भगवन्! स्त्री खल्वियम्।' यह उचित भी है, स्त्री पर प्रहार करना वीर का लक्षण नहीं है। विश्वामित्र ने जब यह कहा कि यह दया करने योग्य स्त्री नहीं है, अपितु ब्राह्म्ण समूह की मृत्यु स्वरूप है, तब राम ने ताटका का वध कर दिया। यहाँ पर राम वीर रस के स्थायी यउत्साह' के आश्रय है, ताटका आलम्बन विभाव, विश्वामित्र का कथन उद्दीपन विभाव, ताटका की ओर राम का जाना एवं तीव्र बाणों का प्रहार अनुभाव हैं, राम की 'धृति' व्याभिचारी भाव है।

द्धितीय अंक में क्षत्रिय संहारी परशुराम के आने की नेपथ्य में घोषणा होने पर राम उनसे मिलने के लिये शीघ्रता करते हैं। सखियाँ कुमार, अलं तावत्त्वरया कहकर रोकने का प्रयास करती हैं, तब राम का 'नोत्सवा: परावधीरणावैरस्यमर्हन्ति कथन उनके अदम्य उत्साह की अभिव्यंजना करता है।

आत्मविश्वासी राम परशुराम के शान्त एवं उग्र दोनों रूपों की[1] सेवा करने में समर्थ हैं, उनका हाथ एक और तपस्वी मुनि के चरण स्पर्श करने के लिये आगे बढना चाहता है, दूसरी ओर नवशिक्षित धनुर्विद्या के उपयुक्त कार्य को करने के लिये चलना चाहता है।[2] यह अवसर शिष्टाचार पालन के अनुपयुक्त है, अतएव वे अयमहं मो:! इत इतो भवान्। कहते हैं। परशुराम भी राम के सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाते हैं, किन्तु वीरव्रत का पालन करने के लिये विवश हैं। अद्‌भुत वीर को प्राप्त कर उनका वक्ष:स्थल रोमांचित हो उठता है और अपने हृदय से लगाने की इच्छा व्यक्त करते हैं। राम 'भगवन् परिरम्मणं प्रस्तुतप्रतीपमेतत' कहकर आत्म गौरव को व्यक्त करते हैं। परशुराम राम के शोभा, सत्त्वगुण से ज्वलित तेज धर्म, मान, विजय और पराक्रम से युक्त शरीर को देखकर अनेक कल्पनाएँ करते हैं, जो राम के 'महावीरत्व' को अभिव्यक्त करती हैं।[3]

'राम का वध करना पड़ेगा' इस बात का परशुराम को 'खेद' होता है और उनके नयन सजल हो जाते हैं, किन्तु राम के 'भार्गव ! ज्ञायते मामनुकम्पसे इति 'एवं 'आ:। सत्यमेव करूणया परिक्षिप्तोऽसि'[4] साहसपूर्ण व्यंग्य जहाँ एक ओर धैर्य को व्यक्त करते है, वहीं दूसरी ओर परशुराम को उत्तेजित कर देते हैं। परशुराम अपनी प्रशंसा करते है,[5] जिसे राम नृशंसता की संज्ञा देते हैं, इस पर परशुराम उन्हीं के शब्दों में गर्व को व्यक्त करते हैं।[6]

जनक और शतानन्द की निषेधाज्ञा के कारण राम को धनुष उठाने का अवसर नहीं मिल पाता है और कंकण मोचनार्थ अन्त: पुर में बुलाये जाते हैं। अन्त: पुर का कार्य पूर्ण करने के पश्चात् तृतीय अंक में राम गुरुजनों को नमस्कार करते हुए घोषणा करते है-

'पौलस्त्यविजयोद्दामकार्तवीर्यार्जुनद्धिषम्।
जेतारं क्षत्रवीर्यस्य विजयेयनमोऽस्तु व:।।[7]

राम की इस घोषणा में 'गर्व' व्याभिचारी भाव अभिव्यक्त हुआ है।

पंचम अंक में राम और बाली के संवादों में वीर रस का प्रस्फुटन हुआ है। बाली को हर्ष है कि परशुराम को पराजित करने वाले राम से मिलकर उसकी रणलिप्सा की पूर्ति हो जायेगी। राम से मिलने पर उन्हें धनुष ग्रहण करने के लिये कहता है, तब राम 'किं त्वशस्त्रेषु युष्मासु कथं रामोऽस्तु सायुध:' कहते हैं, यह सुनकर बाली हँसते हुए यगर्व' व्यक्त करता है- 'हे महाक्षत्रिय। हम लोग दया के पात्र नहीं है, जो आप इस प्रकार दया दिखा रहे हैं। मेरा पराक्रम विश्वविख्यात है, वचनों से क्या प्रकट किया जाये ? युद्ध के लिये तैयार हो जाओ, तुम सत्यप्रिय तथा सच्चे मनुष्य हो। शस्त्रों का नहीं होना मेरी विजय में बाधक नहीं है और यदि तुम शस्त्र के लिये आग्रह करो तो यह पहाड़ तो हैं ही, वानर इन्हें ही शस्त्र मानते हैं।[8]

षष्ठ अंक में मन्दोदरी रावण के 'उत्साह' को उद्दीप्त करना चाहती हैं, किन्तु अहंकारी रावण के सामने उसके समस्त उद्दीपन निष्फल हो जाते हैं। रावण उसकी बातों का उपहास करता है और अपने 'गर्व' की श्लाघा करता है।[9] संदेशवाहक अंगद की कटूक्तियाँ सुनकर तथा यह ज्ञात होने पर कि राक्षसों का संहार हो रहा है और शिलाघात से पुरद्धार तोड़ा जा रहा है, रावण उद्दीप्त होता है। इन्द्र आदि देवों का राम के प्रति पक्षपात भी रावण के 'क्रोध' को बढाने में सहायक होता है और वह वीरोचित संकल्प करता है[10] और युद्धार्थ भयंकर गति से प्रस्थान करता है। उसके अनुभाव का वर्णन सौन्दर्य से परिपूर्ण है।[11]

युद्ध के लिये सन्नद्ध शत्रु को देखकर भी रामचन्द्र अडिग हैं। 'साहस' और धैर्य की यह उत्कृष्ट स्थिति है। मेघनाद के वध हेतु धनुष चढ़ाने में तत्पर श्रद्धानत लक्ष्मण को छोड़कर युद्धवीर रावण को लक्ष्य करके रामचन्द्र द्धारा अपने धनुष की प्रत्यंचा को स्पर्श करना अनुभाव है। राम की सेना (वानरों) का 'उत्साह' भी चित्ररथ के (ये वानर भी लड़ाई में अपना ही नाम ऊँचा करना चाहते हैं, राम के पास तो केवल पाँच-छ: ही है।) 'अहा ! कथमेते

* व्याख्याता (संस्कृत) से.मु.मा. राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

वनौकसोऽपि महति सपत्नसंगरे स्वाभिधानयोगमेव ख्यापयन्त: पंचषा: केवल रामभद्रपादमूलमासेवन्ते।'[12] कथन से अभिव्यक्त होता है। लक्ष्मण के साथ हनुमान् का धैर्यपूर्ण साहस उनके युद्धोत्साह को अभिव्यक्त कर रहा है। संजीवनौषधि हेतु पूरा पर्वत ही लाने में हनुमान् के द्वारा दिखाये गये पराक्रम का वर्णन करते समय रोमांचित होना, प्रलयकाल के समान धूलवृष्टि गिरना, टेढ़ी, पूँछ से टकरा जाने के कारण नक्षत्र मण्डल का झटकना आदि अनुभावों की अभिव्यक्ति हुई है। दोनों ओर की सेवा के अग्रभाव में स्थित वानरों और राक्षसों के परस्पर युद्ध के वर्णन में भी वीर रस के स्थायी भाव 'उत्साह' की अभिव्यक्ति हुई है।

रौद्र रस – महावीरचरित के तृतीय अंक में रौद्र रस की प्रधानता है। वसिष्ठ और विश्वामित्र परशुराम को शान्त करने का प्रयत्न करते हैं, किन्तु विफल रहते हैं तथा परशुराम को राम का अनिष्ट करने के लिये दृढसंकल्प जानकार शतानन्द क्रुद्ध होकर परशुराम को कहते हैं –'आ: शक्तिरस्ति कस्य वा विदेहराजन्यस्य राजर्षेर्याज्यस्य मे प्रेयसश्छायामप्यवस्कन्दितुम्, किं पुनर्जामातरम्।' इसके पश्चात् परशुराम के उत्तर से शतानन्द का एवं शतानन्द के प्रत्युत्तर से परशुराम का 'क्रोध' उद्दीप्त हो जाता है। परशुराम पृथ्वी को राम, जनक और दशरथ से रहित कर देने की घोषणा करते हैं, जिससे जनक का 'क्रोध' भी उद्दीप्त हो जाता है और उनका निवृत्त क्षात्र–तेज प्रदीप्त होकर धनुष का प्रयोग करने हेतु तत्पर हो जाता है। दशरथ जनक को तो शान्त करते हैं, किन्तु परशुराम के 'त्वमप्यपर: प्रभविष्णुरिव मामवस्कन्दयसि।—'[13] कथन को सुनकर दशरथ उत्तेजित हो जाते हैं तथा अपने कर्तव्य (दुर्दान्तों का दमन करने) की याद दिलाते हैं, जिसका विश्वामित्र समर्थन करते हैं। परशुराम और भी क्रुद्ध होकर महर्षि वसिष्ट को भी अपने से कम तपस्वी एवं ज्ञानी बताते हैं, इस आक्षेप से विश्वामित्र, दशरथ और जनक क्रुद्ध होकर एक साथ जामदग्न्य की भर्त्सना करते हैं, तब परशुराम इस अपमान को सहन नहीं कर पाते हैं और पृथ्वी को बाईसवीं बार क्षत्रियरहित रहने की प्रतिज्ञा कर लेते हैं।

परशुराम की उक्त प्रतिज्ञा विश्वामित्र के 'क्रोध' को और भी उद्दीप्त कर देती है, जिनकी अभिव्यक्ति उनके दक्षिणहस्त द्वारा शापोदक एवं वामहस्त द्वारा धनुष खोजने से होती है। परशुराम अपने तप एवं कुठार से दोनों को शान्त करने की बात कहते हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण अंक में परस्पर रोष–सम्भाषणों द्वारा 'क्रोध' स्थायी भाव के उद्दीप्त होने से रौद्र रस की निष्पत्ति होती है।

श्रृंगार – प्रथम अंक में राम और लक्ष्मण द्वारा सीता और ऊर्मिला को देखने से अनुराग उत्पन्न होता है। द्वितीय अंक में परशुराम की ओर उन्मुख राम को रोकने के प्रयत्न में मुग्धा सीता का स्नेह, जो अभी तक आभिजात्य के कारण गूढ था, अभिव्यक्त हो जाता है, परशुराम के मुख से 'भो भो: परिष्कन्दा:। क्व रामो दाशरथि:' सुनकर सीता की आशंका बढ़ जाती है और वह अन्य कोई उपाय न देखकर राम का धनुष पकड़कर कहती हैं – 'आर्यपुत्र ! न तावद्युष्माभिर्गन्तव्यं यावत्ततो नागच्छति।' राम धनुष छोड़कर जाना चाहते हैं, तब सीता स्वयं राम को बलपूर्वक पकड़ लेती है। राम और जामदग्न्य के उत्तेजनापूर्ण वार्तालाप के समय सीता कभी आँखों में आँसू, कभी सन्तोष की साँस लेकर और कभी संग्राम–श्री को हाथ जोड़कर अपना प्रेम व्यक्त करती है।

सीता–हरण के पश्चात् विप्रलम्भ श्रृंगार का पंचम अंक में कतिपय स्थलों पर चित्रण हुआ है। सीता के लिये करूणा मर्मच्छेद कर रही है। वे सीता को मधुर वाणी सुनाने के लिये कहते हैं –

प्रिये हा हा क्वासि प्रकिर मधुरां वाचमथवा
पराभूतैरित्थं विलपनविनोदोऽप्यसुलभ:।[14]

रावण द्वारा हरकर ले जाते समय सीता की अनसूया नामांकित चादर गिर गयी थी यह बात श्रमणा के मुख से सुनकर राम की 'रति' उद्दीप्त हो जाती है, वे मूर्च्छित हो जाते हैं। तदनन्तर सीता के अभिज्ञान–दर्शनार्थ वे ऋष्यमूक पर चले जाते हैं। इस प्रकार वीर रस प्रधान होने पर भी नाटक में श्रृंगार के दोनों पक्ष संयोग एवं वियोग का चित्रण यत्र–तत्र हुआ है।

बीभत्स – प्रथम अंक में ताटका के स्वरूप वर्णन[15] एवं उसकी मृत्यु के दृश्य में तथा पंचम अंक में श्मशानानल से कबन्ध के दिव्य पुरूष के रूप में प्रकट होने के वर्णन में जुगुप्सा स्थायी भाव की प्रधानता होने के कारण बीभत्स रस है।

अद्भुत – राम के कर–स्पर्श से खण्डित धर्नुदण्ड की टंकार ध्वनि, जृम्भकास्त्रों के वर्णन[16] एवं हनुमान द्वारा संजीवनौषधि हेतु पूरा पर्वत उठा लाने में 'अद्भूत' रस का संचार हुआ है।

करुण – बाली का वध होने पर नील आदि के विलाप,[17] विभीषण के अतिरिक्त रावण के वंश के समूल नष्ट होने के कारण लंका के विलाप में करुण रस की व्यंजना हुई है।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि भवभूति की प्रसिद्धि के आधारभूत ग्रंथ उत्तरामचरित के आधार महावीरचरित में वीररस प्रधान है, जिसका स्थायी भाव 'उत्साह' है, परन्तु प्रसंगवश अन्य भावों के साथ यथोचित संयोजन से रसानुभूति हृदयग्राहिका है। वैसेही जैसे लालवर्ण के पुष्पों की माला बीच–बीच में हरे, पीले और श्वेतवर्णी पुष्पों से आकर्षिका एवं मनमोहिका हो जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भवभूति– महावीरचरित 2/26
2. वही, 2/30
3. वही, 2/41
4. वही, 2/पृष्ठ 98, 99
5. वही, 2/48
6. वही, 2/49
7. वही, 345
8. वही, 5/51
9. वही, 2/14
10. वही, 6/25
11. वही, 6/27,30
12. वही, 6/278
13. वही, 3/पृष्ठ 130
14. वही, 5/28
15. वही, 1/35
16. वही, 1/46
17. वही, 6/9

****